वीरसेवामन्दिर-ग्रन्थमालाका चतुर्थ पुष्प

श्रीमदभिनव-धर्मभूषण-यति-विरचिता

न्याय-दीपिका

[पण्डित दरबारीलाललिखितप्रकाशाख्यटिप्पणादिसहिता]

सम्पादक और अनुवादक
शास्त्राचार्य पण्डित दरबारीलाल जैन "कोठिया"
न्यायाचार्य, एम० ए०

[सम्पादक-अनुवादक—आप्तपरीक्षा, स्याद्वादसिद्धि, प्रमाण-प्रमेयकलिका, अध्यात्मकमलमार्त्तण्ड आदि]

अध्यापक—जैन दर्शन, काशी हिन्दू विश्व विद्यालय,
वाराणसी ।

प्रकाशक
वीर-सेवा-मन्दिर
२१, दरियागंज, दिल्ली ।

पुस्तक प्राप्ति स्थान :
गोपी राम महावीर प्रसाद जैन
93, नया बांस, दिल्ली-6

संकेत-सूची[1]

—::०::—

अकलंकग्र० अकलंक०	अकलंकग्रन्थत्रय	(सिंघी ग्रन्थमाला, कलकत्ता)
अध्यात्मक०	अध्यात्मकमलमार्त्तण्ड	(वीरसेवामन्दिर, सरसावा)
अमरको०	अमरकोष	(निर्णयसागर, बम्बई)
अष्टश०	अष्टशती	,,
अष्टस०	अष्टसहस्री	,,
आ० प०	आराप्रति पत्र	(जैनसिद्धान्त भवन, आरा)
आप्तप० आप्तपरी०	आप्तपरीक्षा	(जैनसिद्धान्त० कलकत्ता)
आप्तमी०	आप्तमीमांसा	,,
आप्तमी० वृ०	आप्तमीमांसावृत्ति	,,
काव्यमी०	काव्यमीमांसा	,,
चरकसं०	चरकसंहिता	(निर्णयसागर, बम्बई)
जैनतर्कभा०	जैनतर्कभाषा	(सिंघी ग्रन्थमाला, कलकत्ता)
जैनशिलालेखसं०	जैनशिलालेखसंग्रह	(मा० ग्रन्थमाला, बम्बई)
जैमिनि०	जैमिनिसूत्र	(निर्णयसागर, बम्बई)
जैनेन्द्रव्या०	जैनेन्द्रव्याकरण	(
तर्कदी०	तर्कदीपिका	(छन्नूलाल ज्ञानचन्द, बनारस)
तर्कसं०	तर्कसंग्रह	,,
तर्कसंग्रहपदकृ०	तर्कसंग्रहपदकृत्य	,,
तत्त्ववैशा०	तत्त्ववैशारदी	(चौखम्बा, काशी)
तत्त्वसं०	तत्त्वसंग्रह	(गायकवाड, बड़ोदा)

---

१ जिन ग्रन्थों या पत्रादिकोंके प्रस्तावनादिमें पूरे नाम दे दिये गये हैं उनको यहाँ संकेतसूचीमें छोड़ दिया है। —सम्पादक

तत्त्वार्थवा०	तत्त्वार्थवार्त्तिक	(जैनसिद्धान्त०, कलकत्ता)
तत्त्वार्थवृ०श्रु०	तत्त्वार्थवृत्ति श्रुतसागरी	(लिखित, वीरसेवामन्दिर)
तत्त्वार्थश्लो० तत्त्वार्थश्लोकवा० त० श्लो	तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिक	(निर्णयसागर, बम्बई)
तत्त्वार्थश्लो० भा०	तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिकभाष्य	,,
तत्त्वार्थसू० त० सू०	तत्त्वार्थसूत्र	(प्रथमगुच्छक, काशी)
तत्त्वार्थाधि० भा०	तत्त्वार्थाधिगमभाष्य	(अर्हतप्रभाकर, पूना)
तात्पर्यपरिशु०	तात्पर्यपरिशुद्धि	...
तिलो० प०	तिलोयपण्णत्ति	(जीवराजग्रन्थ०, शोलापुर)
दिनकरी	सिद्धान्तमुक्तावलीटीका	(निर्णयसागर, बम्बई)
द्रव्यसं०	द्रव्यसंग्रह	...
न्यायकलि०	न्यायकलिका	(गङ्गानाथ झा)
न्यायकु० न्यायकुमु०	न्यायकुमुदचन्द्र	(माणिकचन्द्रग्रन्थमाला, बम्बई)
न्यायकुसु० न्याकु०	न्यायकुसुमाञ्जलि	(चौखम्बा, काशी)
न्यायकुसु. प्रकाश०	न्यायकुसुमाञ्जलिप्र० टीका	,,
न्यायदी०	न्यायदीपिका	(प्रस्तुत संस्करण)
न्यायप्र०	न्यायप्रवेश	(गायकवाड़, बड़ौदा)
न्याबि०	न्यायबिन्दु	(चौखम्बा काशी)
न्याबि०टी०	न्यायबिन्दु टीका	,,
न्यायमं०	न्यायमंजरी	,,
न्यायवा०	न्यायवार्त्तिक	,,
न्यायवा०तात्प० न्यायवा.तात्प. टी. न्यायवा० ता०	न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका	,,

न्यायवि०	न्यायविनिश्चय	(अकलङ्कग्रन्थत्रय)
न्यायवि. वि. लि. न्यायवि. वि. सि.	न्यायविनिश्चयविवरण लिखित	(वीरसेवामन्दिर, सरसावा)
न्यायसू०	न्यायसूत्र	(चौखम्बा, काशी)
न्यायाव०टी०टि०	न्यायावतारटीकाटिप्पणी	(श्वेताम्बरकान्फ्रेंस, बम्बई)
पत्रपरी०	पत्रपरीक्षा	(जैनसिद्धान्त०, कलकत्ता)
परीक्षामु०	परीक्षामु०	(पं० घनश्यामदासजी का)
पात० महाभा०	पातञ्जलिमहाभाष्य	(चौखम्बा, काशी)
प्रमाणनय०	प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार	(यशोविजयग्र०, काशी)
प्रमाणनि०	प्रमाणनिर्णय	(माणिक्यचन्द ग्रन्थ०, बम्बई)
प्रमाणमी०	प्रमाणमीमांसा	(सिंघीग्रन्थमाला, कलकत्ता)
प्रमाणमी० भा०	प्रमाणमीमांसाभाषाटिप्पण	"
प्रमाणसं०	प्रमाणसंग्रह	(अकलङ्कग्रन्थत्रय)
प्रमाणसं० स्वो०	प्रमाणसंग्रह स्वोपज्ञवृत्ति	"
प्रमाल० प्रमालक्ष०	प्रमालक्षण	
प्रमेयक०	प्रमेयकमलमार्त्तण्ड	(पं० महेन्द्रकुमारजी, काशी)
प्रमेयर०	प्रमेयरत्नमाला	(पं० फूलचन्दजी, काशी)
प्रवचनसा०	प्रवचनसार	(रायचन्द्रशास्त्रमाला, बम्बई)
प्रशस्तपादभा०	प्रशस्तपादभाष्य	(चौखम्बा, काशी)
प्रकरणपं० प्रकरणपञ्जि०	प्रकरणपञ्जिका	(चौखम्बा, काशी)
प्रमाणप० प्रमाणपरी० प्र० प०	प्रमाणपरीक्षा	(जैनसिद्धान्तप्र०, कलकत्ता)
प्रमाणमं०	प्रमाणमंजरी	
प्रमाणवा०	प्रमाणवार्त्तिक	(राहुलजी सम्पादित)

प्रमाणसं०	प्रमाणसमुच्चय	(मैसूर यूनिवर्सिटी)
मनोरथन०	मनोरथनन्दिनी	(प्रमाणमीमांसामें उपयुक्त)
मी० श्लो०	मीमांसाश्लोकवार्तिक	(चौखम्बा, काशी)
युक्त्यनुशा० टी०	युक्त्यनुशासनटीका	(मा० ग्रन्थमाला, बम्बई)
योगसू०	योगसूत्र	(चौखम्बा, काशी)
राजवा०	राजवार्तिक	(जैनसिद्धान्त०, कलकत्ता)
लघीय० / लघी०	लघीयस्त्रय	(अकलंकग्रन्थत्रय)
लघीय० तात्पर्य०	लघीयस्त्रयतात्पर्यवृत्ति	(मा० ग्रन्थमाला, बम्बई)
लघी०स्वो. वि.	लघीयस्त्रय स्वोपज्ञविवृति	(अकलंकग्रन्थत्रय)
लघुसर्वज्ञ०	लघुसर्वज्ञसिद्धि	(मा० ग्रन्थमाला, बम्बई)
वाक्यप०	वाक्यपदीय	(चौखम्बा, काशी)
वैशेषिक. सूत्रोप. / वैशेषि. उप. / वैशे. सूत्रोप.	वैशेषिक सूत्रोपस्कार	,,
वैशेषिकसू०	वैशेषिकसूत्र	,,
शब्दश०	शब्दशक्तिप्रकाशिका	
शाबरभा०	शाबरभाष्य	(आनन्दाश्रम, पूना)
शास्त्रदी०	शास्त्रदीपिका	(विद्याविलास प्रेस, काशी)
षड्दर्श०	षड्दर्शनसमुच्चय	(चौखम्बा, काशी)
सर्वदर्श०	सर्वदर्शनसंग्रह	(भाण्डारकर०, पूना)
सर्वार्थ० / सर्वार्थसि०	सर्वार्थसिद्धि	(सोलापुर)
साहि०द०	साहित्यदर्पण	
सांख्य. माठरवृ.	सांख्यकारिका माठरवृत्ति	(चौखम्बा, काशी)
सिद्धिविनि. टी.	सिद्धिविनिश्चयटीका	(सरसावा)
सिद्धान्तमु० / सि० मु०	सिद्धान्तमुक्तावली	(निर्णयसागर, बम्बई)

स्याद्वादर० स्या. रत्ना.	स्याद्वादरत्नाकर		(आर्हतप्रभाकर., पूना)
स्वयम्भू०	स्वयम्भूस्तोत्र		(प्रथमगुच्छक, काशी)
हेतुबि०	हेतुबिन्दु		(बड़ौदा संस्करण)
आ. A	आरा	पं०	पंक्ति
का.	कारिका	प्र०	प्रति
गा.	गाथा	प्र० प्र०	प्रथमभाग प्रस्तावना
दे.	देहली	प्रस्ता०	प्रस्ताक्ना
टि.	टिप्पण	B	बनारस
प.	पत्र	सि०	सिलालेख
पृ.	पृष्ठ	सम्पा०	सम्पादक

अपनी ओर से निक्षिप्त पाठ—

पृ. १२० पं० १० [यथा], पृ. ९७ पं. ५ [सिद्धपा]

प्राक्-कथन

व्याकरणके अनुसार दर्शन शब्द 'दृश्यतेऽनेनेति निर्णीयते वस्तुतत्त्वमनेनेति दर्शनम्' अथवा 'दृश्यते निर्णयेत इवं वस्तुतत्त्वमिति दर्शनम्' इन दोनों व्युत्पत्तियोंके आधारपर दृश् धातुसे निष्पन्न होता है। पहली व्युत्पत्तिके आधारपर दर्शन शब्द तर्क-वितर्क, मन्थन या परीक्षास्वरूप उस विचारधाराका नाम है जो तत्त्वोंके निर्णयमें प्रयोजक हुआ करती है। दूसरी व्युत्पत्तिके आधारपर दर्शन शब्दका अर्थ उल्लिखित विचारधाराके द्वारा निर्णीत तत्त्वोंकी स्वीकारता होता है। इस प्रकार दर्शन शब्द दार्शनिक जगत्में इन दोनों प्रकारके अर्थोंमें व्यवहृत हुआ है अर्थात् भिन्न-भिन्न मतोंकी जो तत्त्वसम्बन्धी मान्यताएँ हैं उनको और जिन तार्किक मुद्दोंके आधारपर उन मान्यताओंका समर्थन होता है उन तार्किक मुद्दोंको दर्शनशास्त्रके अन्तर्गत स्वीकार किया गया है।

सबसे पहिले दर्शनोंको दो भागोंमें विभक्त किया जा सकता है—भारतीय दर्शन और अभारतीय (पाश्चात्य) दर्शन। जिनका प्रादुर्भाव भारतवर्षमें हुआ है वे भारतीय और जिनका प्रादुर्भाव भारतवर्षके बाहर पाश्चात्य देशोंमें हुआ है वे अभारतीय (पाश्चात्य) दर्शन माने गये हैं। भारतीय दर्शन भी दो भागोंमें विभक्त हो जाते हैं—वैदिक दर्शन और अवैदिक दर्शन। वैदिक परम्पराके अन्दर जिनका प्रादुर्भाव हुआ है तथा जो वेदपरम्पराके पोषक दर्शन हैं वे वैदिक दर्शन माने जाते हैं और वैदिक परम्परासे भिन्न जिनकी स्वतन्त्र परम्परा है तथा जो वैदिक परम्पराके विरोधी दर्शन हैं उनका समावेश अवैदिक दर्शनोंमें होता है। इस सामान्य नियमके आधारपर वैदिक दर्शनोंमें मुख्यतः सांख्य, वेदान्त, मीमांसा, योग, न्याय तथा वैशेषिक दर्शन आते हैं और जैन, बौद्ध तथा चार्वाक दर्शन, अवैदिक दर्शन ठहरते हैं।

वैदिक और अवैदिक दर्शनोंको दार्शनिक मध्यकालीन युगमें क्रमसे आस्तिक और नास्तिक नामोंसे भी पुकारा जाने लगा था, परन्तु मालूम पड़ता है कि इनका यह नामकरण साम्प्रदायिक व्यामोहके कारण वेद-परम्पराके समर्थन और विरोधके आधारपर प्रशंसा और निन्दाके रूपमें किया गया है। कारण, यदि प्राणियोंके जन्मान्तररूप परलोक, स्वर्ग और नरक तथा मुक्तिके न माननेरूप अर्थमें नास्तिक शब्दका प्रयोग किया जाय तो जैन और बौद्ध दोनों अवैदिक दर्शन नास्तिक दर्शनोंकी कोटिसे निकल कर आस्तिक दर्शनोंकी कोटिमें आ जायेंगे क्योंकि ये दोनों दर्शन परलोक, स्वर्ग और नरक तथा मुक्तिकी सत्यताको स्वीकार करते हैं। और यदि जगत्का कर्ता अनादिनिधन ईश्वरको न माननेरूप अर्थमें नास्तिक शब्दका प्रयोग किया जाय तो सांख्य और मीमांसा दर्शनोंको भी आस्तिक दर्शनोंकी कोटिसे निकालकर नास्तिक दर्शनोंकी कोटिमें पटक देना पड़ेगा; क्योंकि ये दोनों दर्शन अनादिनिधन ईश्वरको जगत्का कर्ता माननेसे इन्कार करते हैं। 'नास्तिको वेदनिन्दकः' इत्यादि वाक्य भी हमें यह बतलाते हैं कि वेदपरम्पराको न माननेवालों या उसका विरोध करने-वालोंके बारेमें ही नास्तिक शब्दका प्रयोग किया गया है। प्रायः सभी सम्प्रदायोंमें अपनी परम्पराके माननेवालोंको आस्तिक और अपनेसे भिन्न दूसरे सम्प्रदायकी परम्पराके माननेवालोंको नास्तिक कहा गया है। जैनसम्प्रदायमें जैनपरम्पराके माननेवालोंको सम्यग्दृष्टि और जैनेतर परम्पराके माननेवालोंको मिथ्यादृष्टि कहनेका रिवाज प्रचलित है। इस कथनका तात्पर्य यह है कि भारतीय दर्शनोंका जो आस्तिक और नास्तिक दर्शनोंके रूपमें विभाग किया जाता है वह निरर्थक एवं अनुचित है।

उल्लिखित सभी भारतीय दर्शनोंमेंसे एक दो दर्शनोंको छोड़कर प्रायः सभी दर्शनोंका साहित्य काफी विशालताको लिये हुए पाया जाता है। जैनदर्शनका साहित्य भी काफी विशाल और महान है। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों दर्शनकारोंने समानरूपसे जैनदर्शनके साहित्यकी समृद्धिमें

काफी हाथ बढ़ाया है। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायोंमें परस्पर जो मतभेद पाया जाता है वह दार्शनिक नहीं, आगमिक है। इसलिये इन दोनोंके दर्शन साहित्यकी समृद्धिके धारावाहिक प्रयासमें कोई अन्तर नहीं आया है।

दर्शनशास्त्रका मुख्य उद्देश्य वस्तु-स्वरूप व्यवस्थापन ही माना गया है। जैनदर्शनमें वस्तुका स्वरूप अनेकान्तात्मक (अनेकधर्मात्मक) निर्णीत किया गया है। इसलिये जैनदर्शनका मुख्य सिद्धान्त अनेकान्तवाद (अनेकान्तकी मान्यता) है। अनेकान्तका अर्थ है—परस्पर विरोधी दो तत्त्वोंका एकत्र समन्वय। तात्पर्य यह है कि जहाँ दूसरे दर्शनोंमें वस्तुको सिर्फ सत् या असत्, सिर्फ सामान्य या विशेष, सिर्फ नित्य या अनित्य, सिर्फ एक या अनेक और सिर्फ भिन्न या अभिन्न स्वीकार किया गया है वहाँ जैन दर्शनमें वस्तुको सत् और असत, सामान्य और विशेष, नित्य और अनित्य, एक और अनेक तथा भिन्न और अभिन्न स्वीकार किया गया है और जैनदर्शनकी यह सत्-असत्, सामान्य विशेष, नित्य-अनित्य, एक-अनेक और भिन्न-अभिन्नरूप वस्तुविषयक मान्यता परस्पर विरोधी दो तत्त्वोंका एकत्र समन्वय को सूचित करती है।

वस्तुकी इस अनेक धर्मात्मकताके निर्णयमें साधक प्रमाण होता है। इसलिये दूसरे दर्शनोंकी तरह जैनदर्शनमें भी प्रमाण-मान्यताको स्थान दिया गया है। लेकिन दूसरे दर्शनोंमें जहाँ कारकसाकल्यादिको प्रमाण माना गया है वहाँ जैनदर्शनमें सम्यग्ज्ञान (अपने और अपूर्व अर्थके निर्णायक ज्ञान) को ही प्रमाण माना गया है क्योंकि ज्ञप्ति-क्रियाके प्रति जो करण हो उसीका जैनदर्शनमें प्रमाण नामसे उल्लेख किया गया है। ज्ञप्तिक्रियाके प्रति करण उक्त प्रकारका ज्ञान ही हो सकता है, कारकसाकल्यादि नहीं, कारण कि क्रियाके प्रति अत्यन्त अर्थात् अव्यवहितरूपसे साधक कारणको ही व्याकरणशास्त्रमें करणसंज्ञा दी गयी है[1] और

१ 'साधकतमं करणम्।'—जैनेन्द्रव्याकरण १।२।११३।

अव्यवहितरूपमें अप्तिक्रियाका साधक उक्त प्रकारका ज्ञान ही है। कारक-साकल्यादि अप्तिक्रियाके साधक होते हुए भी उसके अव्यवहितरूपसे साधक नहीं हैं इसलिए उन्हें प्रमाण कहना अनुचित है।

प्रमाण-मान्यताको स्थान देनेवाले दर्शनोंमें कोई दर्शन सिर्फ प्रत्यक्ष-प्रमाणको, कोई प्रत्यक्ष और अनुमान दो प्रमाणोंको, कोई प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम इन तीन प्रमाणोंको, कोई प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम और उपमान चार प्रमाणोंको, कोई प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम, उपमान और अर्थापत्ति पाँच प्रमाणोंको और कोई प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम, उपमान, अर्थापत्ति और अभाव इन छह प्रमाणोंको मानते हैं। कोई दर्शन एक सम्भव नामके प्रमाणको भी अपनी प्रमाणमान्यतामें स्थान देते हैं। परन्तु जैनदर्शनमें प्रमाणकी इन भिन्न-भिन्न संख्याओंको यथायोग्य निरर्थक, पुनरुक्त और अपूर्ण बतलाते हुए मूलमें प्रत्यक्ष और परोक्ष ये दो ही भेद प्रमाणके स्वीकार किये गये हैं। प्रत्यक्षके अतीन्द्रिय और इन्द्रिय-जन्य ये दो भेद मानकर अतीन्द्रिय प्रत्यक्षमें अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञानका समावेश किया गया है तथा इन्द्रियजन्य प्रत्यक्षसे स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण इन पाँच इन्द्रियों और मनका साहाय्य होनेके कारण स्पर्शनेन्द्रिय-प्रत्यक्ष, रसनेन्द्रिय-प्रत्यक्ष, घ्राणेन्द्रिय-प्रत्यक्ष, चक्षुरिन्द्रिय-प्रत्यक्ष, कर्णेन्द्रिय-प्रत्यक्ष और मानस प्रत्यक्ष ये छह भेद स्वीकार किये गये हैं। अतीन्द्रिय प्रत्यक्षके भेद अवधिज्ञान और मनःपर्यय-ज्ञानको जैनदर्शनमें देशप्रत्यक्ष कहा गया है। कारण कि इन दोनों ज्ञानोंका विषय सीमित माना गया है और केवलज्ञानको सकलप्रत्यक्ष नाम दिया गया है क्योंकि इसका विषय असीमित माना गया है अर्थात् जगत्के सम्पूर्ण पदार्थ अपने अपने त्रिकालवर्ती विवर्तों सहित इसकी विषयकोटिमें एक साथ समा जाते हैं। सर्वज्ञमें केवलज्ञान नामक इसी सकलप्रत्यक्षका सद्भाव स्वीकार किया गया है। अतीन्द्रिय प्रत्यक्षको परमार्थ-प्रत्यक्ष और इन्द्रियजन्य प्रत्यक्षको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष भी कहा

जाता है। इसका सबब यह है कि सभी प्रत्यक्ष और परोक्ष ज्ञान यद्यपि आत्मोत्थ हैं क्योंकि ज्ञानको आत्माका स्वभाव वा गुण माना गया है। परन्तु अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष इन्द्रियोंकी सहायताके बिना ही स्वतन्त्ररूपसे आत्मामें उद्भूत हुआ करते हैं इसलिये इन्हें परमार्थ संज्ञा दी गई है और इन्द्रियजन्य प्रत्यक्ष आत्मोत्थ होते हुए भी उत्पत्तिमें इन्द्रियाधीन हैं इसलिये वास्तवमें इन्हें प्रत्यक्ष कहना अनुचित ही है। अतः लोकव्यवहारकी दृष्टिसे ही इनको प्रत्यक्ष कहा जाता है। वास्तवमें तो इन्द्रियजन्य प्रत्यक्षोंको भी परोक्ष ही कहना उचित है। फिर जब कि ये प्रत्यक्ष पराधीन हैं तो इन्हें परोक्ष प्रमाणोंमें ही अन्तर्भूत क्यों नहीं किया गया है? इस प्रश्नका उत्तर यह है कि जिस ज्ञानमें ज्ञेय पदार्थका इन्द्रियोंके साथ साक्षात् सम्बन्ध विद्यमान हो उस ज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्षमें अन्तर्भूत किया गया है और जिस ज्ञानमें ज्ञेय पदार्थका इन्द्रियोंके साथ साक्षात् सम्बन्ध विद्यमान न हो। परम्परया सम्बन्ध कायम होता हो उस ज्ञानको परोक्ष प्रमाणमें अन्तर्भूत किया गया है। उक्त छहों इन्द्रियजन्य प्रत्यक्षों (सांव्यवहारिक प्रत्यक्षों) में प्रत्येककी अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा ये चार-चार अवस्थाएँ स्वीकार की गयी हैं। अवग्रह—ज्ञानकी उस दुर्बल अवस्थाका नाम है जो अनन्तरकालमें निमित्त मिलनेपर विरुद्ध नानाकोटि विषयक संशयका रूप धारण कर लेती है और जिसमें एक अवग्रहज्ञानकी विषयभूत कोटि भी शामिल रहती है। संशयके बाद अवग्रहज्ञानकी विषयभूत कोटि विषयक अनिर्णीत भावनारूप ज्ञानका नाम ईहा माना गया है। और ईहाके बाद अवग्रहज्ञानकी विषयभूत कोटि विषयक निर्णीत ज्ञानका नाम अवाय है। यही ज्ञान यदि कालान्तरमें होनेवाली स्मृतिका कारण बन जाता है तो इसे धारणा नाम दे दिया जाता है। जैसे कहीं जाते हुए हमारा दूर स्थित पुरुषको सामने पाकर उसके बारेमें "यह पुरुष है" इस प्रकारका ज्ञान अवग्रह है। इस ज्ञानकी दुर्बलता इसीसे जानी जा सकती है कि यही ज्ञान अनन्तरकालमें निमित्त मिल जानेपर

वह पुरुष है या ढूंठ" इस प्रकारके संशयका रूप धारण कर लिया करता है। यह संशय अपने अनन्तरकालमें निमित्त विशेषके आधारपर 'मालूम पड़ता है कि वह पुरुष ही है' अथवा 'उसे पुरुष ही होना चाहिये' इत्यादि प्रकारसे ईहा ज्ञानका रूप धारण कर लिया करता है और वह ईहाज्ञान ही अपने अनन्तर समयमें निमित्तविशेषके बलपर 'वह पुरुष ही है' इस प्रकारके अवायज्ञानरूप परिणत हो जाया करता है। यही ज्ञान नष्ट होनेसे पहले कालान्तरमें होनेवाली 'अमुक समय स्थानपर मैंने पुरुषको देखा था' इस प्रकारकी स्मृतिमें कारणभूत जो अपना संस्कार मस्तिष्कपर छोड़ जाता है उसीका नाम धारणाज्ञान जैनदर्शनमें माना गया है। इस प्रकार एक ही इन्द्रियजन्य प्रत्यक्ष (सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष) भिन्न २ समयमें भिन्न २ निमित्तोंके आधारपर अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा इन चार रूपोंको धारण कर लिया करता है और ये चार रूप प्रत्येक इन्द्रिय और मनसे होनेवाले प्रत्यक्षज्ञानमें सम्भव हुआ करते हैं। जैनदर्शनमें प्रत्यक्ष प्रमाणका स्पष्टीकरण इसी ढंगसे किया गया है।

जैनदर्शनमें परोक्षप्रमाणके पांच भेद स्वीकार किये गये हैं—स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम। इनमेंसे धारणामूलक स्वतन्त्र ज्ञानविशेषका नाम स्मृति है। स्मृति और प्रत्यक्षमूलक वर्तमान और भूत पदार्थोंके एकत्व अथवा सादृश्यको ग्रहण करनेवाला प्रत्यभिज्ञान कहलाता है, प्रत्यभिज्ञानमूलक दो पदार्थोंके अविनाभाव सम्बन्धरूप व्याप्तिका ग्राहक तर्क होता है और तर्कमूलक साधनसे साध्यका ज्ञान अनुमान माना गया है। इसी तरह आगमज्ञान भी अनुमानमूलक ही होता है अर्थात् 'अमुक शब्दका अमुक अर्थ होता है' ऐसा निर्णय हो जानेके बाद ही श्रोता किसी शब्दको सुनकर उसके अर्थका ज्ञान कर सकता है। इस कथनसे यह निष्कर्ष निकला कि सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष इन्द्रियजन्य है और परोक्ष प्रमाण सांव्यवहारिक प्रत्यक्षजन्य है। बस, सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाणमें इतना ही अन्तर है।

जैनदर्शनमें शब्दजन्य अर्थज्ञानको आगम प्रमाण माननेके साथ-साथ उस शब्दको भी आगम प्रमाणमें संग्रहीत किया गया है और इस प्रकार जैनदर्शनमें आगम प्रमाणके दो भेद मान लिये गये हैं। एक स्वार्थप्रमाण और दूसरा परार्थप्रमाण। पूर्वोक्त सभी प्रमाण ज्ञानरूप होनेके कारण स्वार्थप्रमाणरूप ही हैं। परन्तु एक आगम प्रमाण ही ऐसा है जिसे स्वार्थ-प्रमाण और परार्थप्रमाण उभयरूप स्वीकार किया गया है। शब्दजन्य अर्थज्ञान ज्ञानरूप होनेके कारण स्वार्थप्रमाणरूप है। लेकिन शब्दमें चूंकि ज्ञानरूपताका अभाव है इसलिये वह परार्थप्रमाणरूप माना गया है।

यह परार्थप्रमाणरूप शब्द वाक्य और महावाक्यके भेदसे दो प्रकार-का है। इनमेंसे दो या दोसे अधिक पदोंके समूहको वाक्य कहते हैं और दो या दो से अधिक वाक्योंके समूहको महावाक्य कहते हैं, दो या दो से अधिक महावाक्योंके समूहको भी महावाक्यके ही अन्तर्गत समझना चाहिये। इससे यह सिद्ध होता है कि परार्थप्रमाण एक सकलादेश वस्तु है और वाक्य तथा महावाक्यरूप परार्थप्रमाणके जो खण्ड हैं उन्हें जैन-दर्शनमें नयसंज्ञा प्रदान की गई है। इस प्रकार जैनदर्शनमें वस्तुस्वरूपके व्यवस्थापनमें प्रमाणकी तरह नयोंको भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। परार्थप्रमाण और उसके अंशभूत नयोंका लक्षण निम्न प्रकार समझना चाहिए—

"वक्ताके उद्दिष्ट अर्थका पूर्णरूपेण प्रतिपादक वाक्य और महावाक्य प्रमाण कहा जाता है और वक्ताके उद्दिष्ट अर्थके अंशका प्रतिपादक पद, वाक्य और महावाक्यको नयसंज्ञा दी गयी है।"

इस प्रकार ये दोनों परार्थप्रमाण और उसके अंशभूत नय वचनरूप हैं और चूंकि वस्तुनिष्ठ सत्व और असत्व, सामान्य और विशेष, नित्यत्व और अनित्यत्व, एकत्व और अनेकत्व, भिन्नत्व और अभिन्नत्व इत्यादि परस्पर विरोधी दो तत्त्व अथवा तद्विशिष्ट वस्तु ही इनका वाक्य है इस-लिए इसके आधारपर जैन दर्शनका सप्तभंगीवाद कायम होता है। अर्थात्

उक्त सत्व और असत्व, सामान्य और विशेष, नित्यत्व और अनित्यत्व, एकत्व और अनेकत्व, भिन्नत्व और अभिन्नत्व इत्यादि युगलधर्मों और एतद्धर्मविशिष्ट वस्तुके प्रतिपादनमें उक्त परार्थप्रमाण और उसके अंगभूत नय सातरूप धारण कर लिया करते हैं।

प्रमाणवचनके सातरूप निम्न प्रकार हैं—सत्व और असत्व इन दो धर्मोंमेंसे सत्वमुखेन वस्तुका प्रतिपादन करना प्रमाणवचनका पहला-रूप है। असत्वमुखेन वस्तुका प्रतिपादन करना प्रमाणवचनका दूसरा रूप है। सत्व और असत्व उभयधर्ममुखेन क्रमशः वस्तुका प्रतिपादन करना प्रमाणवचनका तीसरा रूप है। सत्व और असत्व उभयधर्ममुखेन युगपत् (एकसाथ) वस्तुका प्रतिपादन करना असम्भव है इसलिये अवक्तव्य नामका चौथा रूप प्रमाणवचनका निष्पन्न होता है। उभयधर्ममुखेन युगपत् वस्तुके प्रतिपादनकी असम्भवताके साथ-साथ सत्वमुखेन वस्तुका प्रतिपादन हो सकता है इस तरहसे प्रमाणवचनका पाँचवाँ रूप निष्पन्न होता है। इसीप्रकार उभयधर्ममुखेन युगपत् वस्तुके प्रतिपादनकी असम्भवताके साथ-साथ असत्वमुखेन भी वस्तुका प्रतिपादन हो सकता है इस तरहसे प्रमाणवचनका छठा रूप बन जाता है। और उभयधर्म-मुखेन युगपत् वस्तुके प्रतिपादनकी असम्भवताके साथ-साथ उभयधर्म-मुखेन क्रमशः वस्तुका प्रतिपादन हो सकता है इस तरहसे प्रमाणवचनका सातवाँ रूप बन जाता है। जैनदर्शनमें इसको प्रमाणसप्तभंगी नाम दिया गया है।

नयवचनके सात रूप निम्न प्रकार हैं—वस्तुके सत्व और असत्व इन दो धर्मोंमेंसे सत्व धर्मका प्रतिपादन करना नयवचनका पहला रूप है। असत्व धर्मका प्रतिपादन करना नयवचनका दूसरा रूप है। उभय धर्मोंका क्रमशः प्रतिपादन करना नयवचनका तीसरा रूप है और चूंकि उभयधर्मोंका युगपत् प्रतिपादन करना असम्भव है इसलिये इस तरहसे अवक्तव्य नामका चौथा रूप नयवचनका निष्पन्न होता है। नयवचनके पांचवें, छठे और सातवें रूपोंको प्रमाणवचनके पांचवें, छठे और सातवें

रूपोंके समान समझ लेना चाहिए। जैनदर्शनमें नयवचनके इन सात रूपोंको नयसप्तभंगी नाम दिया गया है।

इन दोनों प्रकारकी सप्तभंगियोंमें इतना ध्यान रखनेकी जरूरत है कि जब सत्व—धर्ममुखेन वस्तुका अथवा वस्तुके सत्वधर्मका प्रतिपादन किया जाता है तो उस समय वस्तुकी असत्वधर्मविशिष्टताको अथवा वस्तुके असत्वधर्मको अविवक्षित मान लिया जाता है और यही बात असत्वधर्ममुखेन वस्तुका अथवा वस्तु के असत्वधर्मका प्रतिपादन करते समय वस्तुकी सत्वधर्मविशिष्टता अथवा वस्तुके सत्वधर्मके बारेमें समझना चाहिए। इस प्रकार उभयधर्मोंकी विवक्षा (मुख्यता) और अविवक्षा (गौणता)के स्पष्टीकरणके लिए स्याद्वाद अर्थात् स्यात्की मान्यताको भी जैनदर्शनमें स्थान दिया गया है। स्याद्वादका अर्थ है—किसी भी धर्मके द्वारा वस्तुका अथवा वस्तुके किसीभी धर्मका प्रतिपादन करते वक्त उसके अनुकूल किसीभी निमित्त, किसीभी दृष्टिकोण या किसी भी उद्देश्य को लक्ष्य में रखना। और इस तरह से वस्तुकी विरुद्धधर्मविशिष्टता अथवा वस्तुमें विरुद्ध धर्मका अस्तित्व अक्षुण्य रक्खा जा सकता है। यदि उक्त प्रकारके स्याद्वादको नहीं अपनाया जायगा तो वस्तुकी विरुद्धधर्मविशिष्टताका अथवा वस्तुमें विरोधी धर्मका अभाव मानना अनिवार्य हो जायगा और इस तरहसे अनेकान्तवादका भी जीवन समाप्त हो जायगा।

इस प्रकार अनेकान्तवाद, प्रमाणवाद, नयवाद, सप्तभंगीवाद और स्याद्वाद ये जैनदर्शनके अनूठे सिद्धान्त हैं। इनमेंसे एक प्रमाणवादको छोड़कर बाकीके चार सिद्धान्तोंको तो जैनदर्शनकी अपनी ही निधि कहा जा सकता है और ये चारों सिद्धान्त जैनदर्शनकी अपूर्वता एवं महत्ताके अतीव परिचायक हैं। प्रमाणवादको यद्यपि दूसरे दर्शनोंमें स्थान प्राप्त है परन्तु जिस व्यवस्थित ढंग और पूर्णताके साथ जैनदर्शनमें प्रमाणका विवेचन पाया जाता है वह दूसरे दर्शनोंमें नहीं मिल सकता है। मेरे इस कथनकी स्वाभाविकताको जैनदर्शनके प्रमाणविवेचनके साथ दूसरे दर्शनों-

के प्रमाणविवेचनका तुलनात्मक अध्ययन करनेवाले विद्वान् सहज ही में समझ सकते हैं।

एक बात जो जैनदर्शनकी यहाँ पर कहनेके लिए रह गई है वह है सर्वज्ञतावादकी, अर्थात् जैनदर्शनमें सर्वज्ञतावादको भी स्थान दिया गया है और इसका सबब यह है कि आगमप्रमाणका भेद जो परार्थप्रमाण अर्थात् वचन है उसकी प्रमाणता बिना सर्वज्ञताके संभव नहीं है। कारण कि प्रत्येक दर्शनमें आप्तका वचन ही प्रमाण माना गया है तथा आप्त अवंचक पुरुष ही हो सकता है और पूर्ण अवंचकताकी प्राप्तिके लिए व्यक्तिमें सर्वज्ञताका सद्भाव अत्यन्त आवश्यक माना गया है।

जैनदर्शनमें इन अनेकान्त, प्रमाण, नय, सप्तभंगी, स्याद् और सर्वज्ञताकी मान्यताओंको गंभीर और विस्तृत विवेचनके द्वारा एक निष्कर्ष-पर पहुँचा दिया गया है। न्यायदीपिकामें श्रीमदभिनव धर्मभूषणयतिने इन्हीं विषयोंका सरल और संक्षिप्त ढंगसे विवेचन किया है और श्री प० दरबारीलाल कोठिया ने इसे टिप्पणी और हिन्दी अनुवादसे सुसंस्कृत बनाकर सर्वसाधारणके लिए उपादेय बना दिया है। प्रस्तावना, परिशिष्ट आदि प्रकरणों द्वारा इसकी उपादेयता और भी बढ़ गई है। आपने न्यायदीपिका के कठिन स्थलों का भी परिश्रमके साथ स्पष्टीकरण किया है। हम आशा करते हैं कि श्री पं० दरबारीलाल कोठिया की इस कृति का विद्वत्समाजमें समादर होगा। इत्यलम्।

ता० ३१-३-४५
वीरा-इटावा

वंशीधर जैन
(व्याकरणाचार्य, न्यायतीर्थ, न्यायशास्त्री साहित्यशास्त्री)

सम्पादकीय

सम्पादन का विचार और प्रवृत्ति—

सन् १९३७की बात है। मैं उस समय वीरविद्यालय पपौरा (टीकमगढ़ C.I.) में अध्यापनकार्य में प्रवृत्त हुआ था। वहाँ मुझे न्यायदीपिका को अपनी दृष्टिसे पढ़ानेका प्रथम अवसर मिला। जो छात्र उसे पढ़ चुके थे उन्होंने भी पुनः पढ़ी। यद्यपि मैं न्यायदीपिका की सरलता, विशदता आदि विशेषताओं से पहलेसे ही प्रभावित एवं आकृष्ट था। इसीसे मैंने एक बार उसके एक प्रधान विषय 'असाधारणधर्मवचन' लक्षण पर 'लक्षण का लक्षण' शीर्षक के साथ 'जैनदर्शन' में लेख लिखा था। पर पपौरा में उसका सूक्ष्मता से पठन-पाठनका विशेष अवसर मिलनेसे मेरी इच्छा उसे शुद्ध और हल्के-फुल्के ही बनाने की ओर भी बढ़ी। पढ़ाते समय ऐसी सुन्दर कृतिमें अशुद्धियां बहुत खटकती थीं। मैंने उस समय उन्हें यथासम्भव दूर करनेका प्रयत्न किया। साथ में अपने विद्यार्थियोंके लिए न्यायदीपिका की एक 'प्रश्नोत्तरावली' भी तैयार की।

जब मैं सन् १९४० के जुलाईमें वहाँ से ऋषभब्रह्मचर्याश्रम चौरासी मथुरा में आया और वहाँ दो वर्ष रहा उस समय भी मेरी न्यायदीपिका विषयक प्रवृत्ति कुछ चलती रही। यहाँ मुझे आश्रमके सरस्वती भवनमें एक लिखित प्रतिभी मिल गई जो मेरी प्रवृत्तिमें सहायक हुई। मैंने सोचा कि न्यायदीपिका का संशोधन तो अपेक्षित है ही, साथ में तर्कसंग्रह पर न्यायबोधिनी या तर्कदीपिका जैसी व्याख्या-संस्कृतका टिप्पण और हिन्दी अनुवाद भी कई दृष्टियोंसे अपेक्षित है। इस विचारके अनुसार उसका संस्कृत टिप्पण और अनुवाद लिखना आरम्भ किया और कुछ लिखा भी गया। किन्तु संशोधनमें सहायक अनेक प्रतियोंका होना आदि साधनाभावसे वह कार्य आगे नहीं बढ़ सका। और अबतक बन्द पड़ा रहा।

इधर जब मैं सन् १९४३ के अप्रेलमें वीरसेवामन्दिरमें आया तो दूसरे साहित्यिक कार्योंमें प्रवृत्त रहनेसे एक वर्ष तक तो उसमें कुछ भी योग नहीं दे पाया। इसके बाद उसे पुनः प्रारम्भ किया और संस्थाके कार्योंसे बचे समयमें उसे बढ़ाता गया। मान्यवर मुख्तार सा० ने इसे मालूम करके प्रसन्नता प्रकट करते हुए उसे वीरसेवामन्दिर ग्रन्थमालासे प्रकाशित करनेका विचार प्रदर्शित किया। मैंने उन्हें अपनी सहमति दे दी। और तबसे (लगभग ८, ९ माहसे) अधिकांशतः इसीमें अपना पूरा योग दिया। कई रात्रियोंके तो एक-एक दो-दो भी बज गये। इस तरह जिस महत्त्वपूर्ण एवं सुन्दर कृति के प्रति मेरा प्रारम्भसे सहज अनुराग और आकर्षण रहा है उसे उसके अनुरूपमें प्रस्तुत करते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता होती है।

संशोधन की कठिनाइयाँ—

साहित्यिक एवं शास्त्रज्ञ स्वयंके जानते हैं कि मुद्रित और अमुद्रित दोनों ही तरहकी प्रतियोंमें कैसी और कितनी अशुद्धियाँ रहती हैं। और उनके संशोधनमें उन्हें कितना श्रम और शक्ति लगानी पड़ती है। कितने ही ऐसे स्थल आते हैं जहाँ पाठ त्रुटित रहते हैं और जिनके मिलानेमें दिमाग थककर हैरान हो जाता है। इसी बातका कुछ अनुभव मुझे भी प्रस्तुत न्यायदीपिकाके सम्पादनमें हुआ है। यद्यपि न्यायदीपिकाके अनेक संस्करण हो चुके और एक लम्बे अरसेसे उसका पठन-पाठन है पर उसमें जो त्रुटित पाठ और अशुद्धियाँ चली आ रही हैं उनका सुधार नहीं हो सका। यहाँ मैं सिर्फ कुछ त्रुटित पाठों को बता देना चाहता हूँ जिससे पाठकोंको मेरा कथन असत्य प्रतीत नहीं होगा—

मुद्रित प्रतियों के छूटे हुए पाठ

पृ० ३६ पं० ४ 'सर्वतो वैशद्यात्पारमार्थिकं प्रत्यक्षं' (का०प्र०)
पृ० ६३ पं० ४ अन्यभावे च धूमानुपलम्भे' (सभी प्रतियोंमें)
पृ० ६४ पं० ५ 'सर्वोपसंहारवतीमपि' ,,

पृ० ७० पं० १ 'अनभिप्रेतस्य ग्राह्यत्वेनाप्रसङ्गात्' (सभी प्रतियोंमें)
पृ० १०८ पं० ७ 'अदृष्टान्तवचनं तु' "

अमुद्रित प्रतियों के छूटे हुए पाठ

आरा प्र० प० १४ 'अनिश्चितप्रामाण्याप्रामाण्यप्रत्ययगोचरत्वं विकल्पप्रसिद्धत्वं । तद्द्वयविषयत्वं प्रमाणविकल्पप्रसिद्धत्वम् ।'

प० प्रति प० ६ 'सहकृताज्जातं रूपिद्रव्यमात्रविषयमवधिज्ञानं । मनःपर्ययज्ञानावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमः ॥'

स्थूल एवं सूक्ष्म अशुद्धियाँ तो बहुत हैं जो दूसरे संस्करणोंको प्रस्तुत संस्करणके साथ मिलाकर पढ़नेसे ज्ञात हो सकती हैं। हमने इन अशुद्धियोंको दूर करने तथा छूटे हुए पाठों को दूसरी ज्यादा शुद्ध प्रतियोंके आधार से संयोजित करनेका यथासाध्य पूरा यत्न किया है। फिर भी सम्भव है कि दृष्टिदोष या प्रमादजन्य कुछ अशुद्धियाँ अभी भी रही हों।

संशोधनमें उपयुक्त प्रतियों का परिचय—

प्रस्तुत संस्करणमें हमने जिन मुद्रित और अमुद्रित प्रतियोंका उपयोग किया है उनका यहाँ क्रमशः परिचय दिया जाता है :—

प्रथम संस्करण—आजसे कोई ४६ वर्ष पूर्व सन् १८९९ में कलापा भरमापा निटवेने मुद्रित कराया था। यह संस्करण अब प्रायः अलभ्य है। इसकी एक प्रति मुख्तारसाहबके पुस्तकभण्डारमें सुरक्षित है। दूसरे मुद्रितोंकी अपेक्षा यह शुद्ध है।

द्वितीय संस्करण—वीर निर्वाण सं. २४३९ में पं. खूबचन्दजी शास्त्री द्वारा सम्पादित और उनकी हिन्दीटीका सहित जैनग्रन्थरत्नाकरकार्यालय द्वारा बम्बईमें प्रकट हुआ है। इसके मूल और टीका दोनोंमें स्खलन है।

तृतीय संस्करण—वीर निर्वाण सं० २४४१, ई० सन् १९५५ में भारतीय जैनसिद्धान्तप्रकाशनी संस्था काशीकी सनातनी जैनग्रन्थमालाकी ओरसे प्रकाशित हुआ है। इसमें भी अशुद्धियाँ पाई जाती हैं।

चतुर्थ संस्करण—वीर निर्वाण सं० २४६४, ई० सन् १९३८ में श्रीकुंथुबाई पाठ्य-पुस्तकमाला कारंजाकी ओरसे मुद्रित हुआ। इसमें अशुद्धियाँ कुछ ज्यादा पाई जाती हैं।

यही चार संस्करण अब तक मुद्रित हुए हैं। इनकी मुद्रितार्थ मु संज्ञा रक्खी है। शेष अमुद्रित—हस्तलिखित-प्रतियोंका परिचय इस प्रकार है—

ब—यह देहलीके नये मन्दिरकी प्रति है। इसमें २३ पत्र हैं और प्रत्येक पत्रमें प्रायः २६-२६ पंक्ति हैं। उपयुक्त प्रतियोंमें सबसे अधिक प्राचीन और शुद्ध प्रति यही है। यह वि० सं० १७४६ के आश्विनमासके कृष्णपक्षकी नवमी तिथिमें पं० जीतसागरके द्वारा लिखी गई है[1]। इस प्रतिमें वह अन्तिम श्लोकभी है। जो आरा प्रतिके अलावा दूसरी प्रतियोंमें नहीं पाया जाता है। ग्रन्थकी श्लोकसंख्या सूचक 'ग्रंथसं० १०००हजार१' यह शब्दभी लिखे हैं। इस प्रतिको हमने देहली अर्थसूचक ब संज्ञा रक्खी है। यह प्रति हमें बाबू [illegible] द्वारा प्राप्त हुई।

आ—यह आराके जैनसिद्धांत भवनकी प्रति है जो वहाँ नं० २२/२ पर दर्ज है। इसमें २७॥ पत्र हैं। प्रतिमें लेखनादिका काल नहीं है। 'अवगुरो' इत्यादि अन्तिम श्लोकभी इस प्रतिमें मौजूद हैं। पृ० २ और पृ० २ पर कुछ टिप्पणके वाक्य भी दिये हुए हैं। यह प्रति मित्रवर पं० नेमीचन्द्रजी शास्त्री ज्योतिषाचार्य द्वारा प्राप्त हुई। इसकी आरा अर्थ-सूचक आ संज्ञा रक्खी है।

म—यह मथुराके ऋषभब्रह्मचर्याश्रम चौरासीकी प्रति है। इसमें १३॥ पत्र हैं। वि० सं० १९५२ में जयपुर निवासी मुन्नालाल अग्रवाल के द्वारा लिखी गई है। इसमें प्रारम्भके दो तीन पत्रोंपर कुछ टिप्पण भी हैं। आगे नहीं हैं। यह प्रति मेरे मित्र पं० राजवरलालजी व्याकरणाचार्य द्वारा प्राप्त हुई। इस प्रतिका नाम मथुराबोधक म रक्खा है।

---

१ 'संवत् १७४६ वर्षे आश्विनमासे कृष्णपक्षे नवम्यां तिथौ बुधवासरे लिखितं श्रीकुसुमपुरे पं० श्री जीतसागरेण।'—पत्र २३।

प—यह पं. परमानन्दजीकी प्रति है। जो १६॥ पत्रों में समाप्त है। वि. सं. १९५७ में सीताराम शास्त्रीकी लिखी हुई है। इसकी प संज्ञा रक्खी है।

ये चारों प्रतियाँ प्रायः पुष्ट कागजपर हैं और अच्छी दशामें है।

प्रस्तुत संस्करणकी आवश्यकता और विशेषताएं

पहिले संस्करण अधिकांश स्खलित और अशुद्ध थे तथा न्यायदीपिका की सोलापुरसे [illegible] प्रति का [illegible] थी। बंगाल संस्कृत एसोसिएशन कलकत्ताकी जैनन्यायप्रभा परीक्षामें वह बहुत समयसे निहित है। इधर माणिकचन्द परीक्षालय और महासभाके परीक्षालयमें भी विशारदपरीक्षा में सन्निविष्ट है। ऐसी हालतमें न्यायदीपिका जैसी सुन्दर रचनाके अनुरूप उसका शुद्ध एवं सर्वोपयोगी संस्करण निकालनेकी अतीव आवश्यकता थी। उसीकी पूर्तिका यह प्रस्तुत प्रयत्न है। मैं नहीं कह सकता कि कहाँ तक इसमें सफल हुआ हूँ फिर भी मुझे इतना विश्वास है कि इसमें अनेकोंको लाभ पहुँचेगा और जैन पाठशालाओंके अध्यापकोंके लिये बड़ी सहायक होगी। क्योंकि इसमें कई विशेषताएँ हैं।

पहली विशेषता तो यह है कि मूलग्रन्थको शुद्ध किया गया है। प्राप्त सभी प्रतियोंके आधारसे अशुद्धियोंको दूर करके सबसे अधिक शुद्ध पाठको मूलमें रखा है और दूसरी प्रतियों के पाठान्तरोंको नीचे द्वितीय फुटनोटमें जहाँ आवश्यक मालूम हुआ दे दिया है। जिससे पाठकोंको शुद्धि अशुद्धि ज्ञात हो सके। देहलीकी प्रतिको हमने सबसे ज्यादा प्रमाणभूत और शुद्ध समझा है। इसलिये उसे आदर्श मानकर मुख्यतया उसके ही पाठोंको प्रथम स्थान दिया है। इसलिये मूलग्रन्थको अधिकसे अधिक शुद्ध बनाने-का यथेष्ट प्रयत्न किया गया है। अवतरणवाक्योंके स्थानको भी ढूंढ़कर [ ] ऐसे ब्रैकेटमें दे दिया है अथवा खाली छोड़ दिया है।

दूसरी विशेषता यह है कि न्यायदीपिकाके कठिन स्थलोंका खुलासा करनेवाले विवरणात्मक एवं संकलनात्मक 'प्रकाशाख्य' संस्कृतटिप्पणीको साथमें योजना की गई है जो विद्वानों और छात्रों के लिये खास उपयोगी सिद्ध होगा :

तीसरी विशेषता अनुवादकी है। अनुवाद को मूलानुगामी और सुन्दर बनानेकी पूरी चेष्टा की है। इससे न्यायदीपिकाके विषयको हिन्दीभाषा-भाषी भी समझ सकेंगे और उससे यथेष्ट लाभ उठा सकेंगे।

चौथी विशेषता परिशिष्टोंकी है जो तुलनात्मक अध्ययन करनेवालों के लिये और सबके लिये उपयोगी है। सब कुल परिशिष्ट ८ हैं जिनमें न्याय-दीपिकागत अवतरणवाक्यों, ग्रन्थों, ग्रन्थकारों आदिका संकलन किया गया है।

पाँचवीं विशेशता प्रस्तावना की है जो इस संस्करणकी महत्वपूर्ण और सबसे बड़ी विशेषता कही जा सकती है। इसमें ग्रन्थकार २२ विषयोंका तुलनात्मक एवं विकासक्रमसे विवेचन करने तथा फुटनोटोंमें ग्रन्थान्तरोंके प्रमाणोंको देनेके साथ ग्रन्थमें उल्लिखित ग्रन्थों और ग्रन्थकारों तथा अभिनव धर्मभूषणका ऐतिहासिक एवं प्रामाणिक परिचय विस्तृतरूपसे कराया गया है। जो सभी के लिये विशेष उपयोगी है। प्राक्कथन आदि की भी इसमें सुन्दर योजना हो गई है। इस तरह यह संस्करण कई विशेषताओंसे पूर्ण हुआ है।

आभार—

अन्तमें मुझे अपने विशिष्ट कर्त्तव्यका पालन करना और शेष है। वह है आभार प्रकाशनका। मुझे इसमें जिन महानुभावोंसे कुछ भी सहायता मिली है मैं कृतज्ञतापूर्वक उन सबका नामोल्लेख सहित आभार प्रकट करता हूँ—

गुरुवर्य्य श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीने मेरे पत्रादिका उत्तर देकर पाठान्तर लेने आदिके विषयमें अपना मूल्यवान् परामर्श दिया। गुरुवर्य्य और सहाध्यायी माननीय पं० महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्य-ने प्रश्नोंका उत्तर देकर मुझे अनुगृहीत किया। गुरुवर्य्य श्रद्धेय पं० सुख-लालजी प्रज्ञानयनका मैं पहलेसे ही अनुगृहीत था और अब उनकी सम्पादनदिशा तथा विचारणा से मैंने बहुत लाभ लिया। माननीय पं०

कैलाशचन्द्रजी व्याकरणाचार्यने संस्कृत टिप्पणको सुनकर आवश्यक सुझाव देने तथा मेरी प्रार्थना एवं लगातार प्रेरणासे प्राक्कथन लिख देनेकी कृपा की और जिन अनेकान्तादि विषयोंपर मैं प्रकाश डालनेसे रह गया था उनपर आपने संक्षेपमें प्रकाश डालकर मुझे सहायता पहुँचाई है। माननीय मुख्तारसा० की वीर प्रेरणा और सत्परामर्श तो मुझे मिलते ही रहे। प्रियमित्र पं० अमृतलालजी जैनदर्शनाचार्यने भी मुझे सुझाव दिये। सहयोगी मित्र पं० परमानन्दजी शास्त्रीने अभिनवों और धर्मभूषणोंका संकलन करके मुझे दिया। बा० पन्नालालजी अग्रवालने हिन्दीकी विषय-सूची बनानेमें सहायता की बा० मोतीलालजी और सा० जुगलकिशोरजीने 'मिडियावल जैनिज्म'के अंग्रेजी लेखका हिन्दीभाव समझाया। उपान्तमें मैं अपनी पत्नी सौ० चमेलीदेवीका भी नामोल्लेख कर देना उचित समझता हूँ जिसने आरम्भमें ही परिशिष्टादि तैयार करके मुझे सहायता की। मैं इन सभी सहायकों तथा पूर्वोल्लिखित प्रतिदाताओंका आभार मानता हूँ। यदि इनकी मूल्यवान् सहायताएँ न मिली होतीं तो प्रस्तुत संस्करणमें जो विशेषताएँ आई हैं वे शायद न आ पातीं। भविष्य में भी उनसे इसी प्रकारकी सहायता देते रहनेकी आशा करता हूँ।

अन्तमें जिन अपने सहायकोंका नाम भूल रहा हूँ उनका और जिन ग्रंथकारों, सम्पादकों, लेखकों आदिके ग्रंथों आदिसे सहायता ली गई है, उनका भी आभार प्रकाशित करता हूँ। इति शम्।

ता० ६-४-४५
वीर सेवामन्दिर, सरसावा
हाल देहली।

सम्पादक
दरबारीलाल जैन, कोठिया
न्यायाचार्य, न्यायतीर्थ, जैनदर्शनशास्त्री

सम्पादकीय

(द्वितीय संस्करण)

सन् १९४५ में वीर सेवामन्दिर में न्यायदीपिका का प्रथम संस्करण प्रकाशित हुआ था और अब तेईस वर्ष बाद उसका दूसरा संस्करण उसके द्वारा ही प्रकट हो रहा है, यह प्रसन्नता की बात है प्रथम संस्करण कई वर्ष पूर्व ही अप्राप्य हो गया था और उसके पुनः प्रकाशन की प्रेरणा हो रही थी। अतः इस द्वितीयसंस्करण के प्रकाशन से अभ्यासियों और जिज्ञासुओं की ग्रन्थ की अनुपलब्धि के कारण उत्पन्न कठिनाई एवं ज्ञान-बाधा निश्चय ही दूर हो जायेगी।

वीर सेवामन्दिर का यह प्रकाशन अधिक लोकप्रिय क्यों हुआ, यह तो इस ग्रन्थ के अध्येता स्वयं जान सकते हैं। किन्तु यहाँ जो उल्लेखनीय है वह यह कि इसकी प्रस्तावना, संशोधन, टिप्पण और परिशिष्टों से उन्हें भी लाभ हुआ है जो कालेजों और विश्वविद्यालयों में दर्शन-विभाग के अध्यक्ष या प्राध्यापक हैं और जिन्हें जैन तर्कशास्त्र पर लेक्चर (व्याख्यान) देने पड़ते हैं। जयपुर में सन् १९३५ में अखिल भारतीय दर्शन परिषद् का अधिवेशन हुआ था। इसमें मैं भी हिन्दू-विश्वविद्यालय की ओर से सम्मिलित हुआ था। एक गोष्ठी के अध्यक्ष थे डा० राजेन्द्रप्रसाद कानपुर। सभी के परिचय के साथ मेरा भी परिचय दिया गया। गोष्ठी के बाद डा० राजेन्द्रप्रसाद बोले—'न्याय-दीपिका का सम्पादन आपने ही किया है?' मेरे 'हाँ' कहने पर उसकी प्रशंसा करने लगे और सम्पादन के सम्बन्ध में जो कल्पनाएं कर रखी थीं उन्हें भी प्रकट किया। इस उल्लेख से इतना ही अभिप्रेय है कि वीरसेवामन्दिर का यह संस्करण जैनाभ्यासियों के अतिरिक्त जैनेतर

अध्येताओं को भी उपयोगी और लाभप्रद सिद्ध हुआ है। इस दृष्टि से ग्रन्थ का द्वितीय संस्करण आवश्यक था।

इसके पुनः प्रकाशन से पूर्व वीरसेवामन्दिर के विद्वान् पण्डित परमानन्द जी शास्त्री ने इसे मेरे पास पुनरावलोकन के लिए भेज दिया था, पर मैं अपने शोध-कार्यमें व्यस्त रहनेसे उसे आपाततः न देख सका। परन्तु हाँ, वीरसेवामन्दिर के ही वरिष्ठ विद्वान् पण्डित बालचन्द जी सिद्धान्त शास्त्री ने अवश्य उसे परिश्रम पूर्वक देखा है और मूल तथा अनुवाद के प्रूफ-शोधन भी करने की कृपा की है। इसके लिए मैं उनका आभारी हूँ। साथ ही वीरसेवामन्दिर के संचालकों तथा पण्डित परमानन्द जी शास्त्री का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने इसका पुनः प्रकाशन करके और प्रस्तावना आदि का प्रूफरीडिंग करके अध्येताओं को लाभान्वित किया है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी
२६ जून १९६८.

दरबारीलाल जैन, कोठिया
(न्यायाचार्य, शास्त्राचार्य एम. ए.)

प्रस्तावना

—: ❀ :—

न्यायदीपिका और अभिनव धर्मभूषण

किसी ग्रन्थ की प्रस्तावना या भूमिका लिखनेका उद्देश्य यह होता है कि उस ग्रन्थ और ग्रन्थकार एवं प्रासङ्गिक अन्याय विषयोंके सम्बन्धमें ज्ञातव्य बातों पर प्रकाश डाला जाय, जिससे दूसरे अनेक सम्भ्रान्त पाठकों को उस विषय की यथेष्ट जानकारी सहजमें प्राप्त हो सके।

आज हम जिस ग्रन्थरत्नकी प्रस्तावना प्रस्तुत कर रहे हैं वह 'न्याय-दीपिका' है। यद्यपि न्यायदीपिका के कई संस्करण निकल चुके हैं और प्रायः सभी जैन शिक्षा-संस्थाओं में उसका अरसे से पठन-पाठन के रूपमें विशेष समादर है। किन्तु अभी तक हम ग्रन्थ और ग्रन्थकार के नामादि सामान्य परिचय के अतिरिक्त कुछ भी नहीं जानते हैं—उनका ऐतिहासिक एवं प्रामाणिक अविकल परिचय अब तक सुप्राप्त नहीं है। अतः न्यायदीपिका और अभिनव धर्मभूषणका यथासम्भव सप्रमाण पूरा परिचय कराना ही प्रस्तुत प्रस्तावनाका मुख्य लक्ष्य है। पहले न्यायदीपिका के विषयमें विचार किया जाता है।

१. न्याय-दीपिका

(क) जैन न्यायसाहित्य में न्यायदीपिका का स्थान और महत्त्व—

श्री अभिनव धर्मभूषण यतिकी प्रस्तुत 'न्यायदीपिका' संक्षिप्त एवं अत्यन्त सुविशद और महत्त्वपूर्ण कृति है। इसे जैनन्यायकी प्रथमकोटिकी भी रचना कही जाय तो अनुपयुक्त न होगा; क्योंकि जैनन्यायके अभ्या-

सियोंके लिए संस्कृत भाषामें निबद्ध सुबोध और सम्बद्ध न्यायतत्त्वका सरलता से विशद विवेचन करनेवाली प्रायः यह अकेली रचना है, जो पाठकके हृदयपर अपना सहज प्रभाव अङ्कित करती है। ईसाकी सतरहवीं शताब्दिमें हुए और 'जैनतर्कभाषा' आदि प्रौढ रचनाओंके रचयिता श्वेताम्बरीय विद्वान् उपाध्याय यशोविजय जैसे बहुश्रुत भी इसके प्रभावसे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने अपनी दार्शनिक रचना जैनतर्कभाषामें न्यायदीपिकाके अनेक स्थलोंको ज्योंका त्यों आनुपूर्वीके साथ अपना लिया है[1]। वस्तुतः न्यायदीपिकामें जिस खूबी के साथ संक्षेपमें प्रमाण और नयका सुस्पष्ट वर्णन किया गया है वह अपनी खास विशेषता रखता है। और इसलिए यह संक्षिप्त कृति भी न्यायस्वरूप जिज्ञासुओंके लिये बड़े महत्त्व और आकर्षणकी प्रिय वस्तु बन गई है। अतः न्यायदीपिकाके सम्बन्धमें इतना ही कहना पर्याप्त है कि वह जैनन्यायके प्रथमश्रेणीमें रखे जानेवाले ग्रन्थोंमें स्थान पाने के सर्वथा योग्य है।

(ख) नामकरण—

उपलब्ध ऐतिह्यसामग्री और चिन्तनपरसे मालूम होता है कि दर्शनशास्त्रके रचनायुगमें दार्शनिक ग्रन्थ, चाहे वे जैनेतर हों या जैन हों, प्रायः 'न्याय' शब्दके साथ रचे जाते थे। जैसे न्यायदर्शनमें न्यायसूत्र न्यायवार्तिक, न्यायमंजरी, न्यायकलिका, न्यायसार, न्यायकुसुमाञ्जलि और न्यायलीलावती आदि, बौद्धदर्शनमें न्याय-प्रवेश, न्याय-मुख, न्याय-बिन्दु आदि और जैनदर्शनमें न्यायावतार, न्यायविनिश्चय, न्यायकुमुदचन्द्र आदि पाये जाते हैं। पार्थसारथिकी शास्त्रदीपिका जैसे दीपिकान्त ग्रन्थोंके भी रचे जानेकी उस समय पद्धति रही है। सम्भवतः अभिनव धर्मभूषणने इन ग्रन्थोंको दृष्टिमें रखकर ही अपनी प्रस्तुत कृतिका नाम 'न्यायदीपिका' रक्खा

---

१ देखो, जैनतर्कभाषा पृ० १३, १४-१६, १७।

जान पड़ता है। और यह अन्वर्थ भी है, क्योंकि इसमें प्रमाणनयात्मक न्याय का प्रकाशन किया गया है। अतः न्यायदीपिकाका नामकरण भी अपना वैशिष्ठ्य स्थापित करता है और वह उसके अनुरूप है।

(ग) भाषा—

यद्यपि न्यायग्रन्थोंकी भाषा अधिकांशतः दुरूह और गम्भीर होती है, जटिलताके कारण उनमें साधारणबुद्धियोंका प्रवेश सम्भव नहीं होता। पर न्यायदीपिकाकारकी यह कृति न दुरूह है और न गम्भीर एवं जटिल है। प्रत्युत इसकी भाषा अत्यन्त प्रसन्न, सरल और बिना किसी कठिनाई के अर्थबोध करानेवाली है। यह बात भी नहीं कि ग्रन्थकार वैसी रचना कर नहीं सकते थे, किन्तु उनका विशुद्ध लक्ष्य अकलङ्कादि रक्षित उन गम्भीर और दुरवगाह न्यायविनिश्चय आदि न्याय-ग्रन्थोंमें मन्दबुद्धियोंको भी प्रवेश करानेका था। इस बातको स्वयं धर्मभूषणजीने ही बड़े स्पष्ट और प्राञ्जल शब्दोंमें—मङ्गलाचरण पद्य तथा प्रकरणारम्भके प्रस्तावना वाक्यों में कहा है[1]। भाषाके सौष्ठवसे समूचे ग्रन्थकी रचना भी प्रशस्त एवं हृद्य हो गई है।

(घ) रचना-शैली—

भारतीय न्याय-ग्रन्थोंकी ओर जब हम दृष्टिपात करते हैं तो उनकी रचना हमें तीन प्रकारकी उपलब्ध होती है:—१सूत्रात्मक, २व्याख्यात्मक और ३ प्रकरणात्मक। जो ग्रन्थ संक्षेपमें गूढ़ अल्पाक्षर और सिद्धान्ततः मूलके प्रतिपादक हैं वे सूत्रात्मक हैं। जैसे—वैशेषिकदर्शनसूत्र, न्यायसूत्र, परीक्षा-मुखसूत्र आदि। और जो किसी गद्य पद्य या दोनोंरूप मूलका व्याख्यान (विवरण, टीका, वृत्ति) रूप हैं वे व्याख्यात्मक ग्रन्थ हैं। जैसे—प्रशस्त-

---

१ देखो, न्यायदीपिका पृ० १, ४, ५।

पादभाष्य, न्यायभाष्य,प्रमेयकमलमार्तण्ड आदि। तथा जो किसी मूलके व्याख्या-ग्रन्थ न होकर अपने स्वीकृत प्रतिपाद्य विषय का स्वतन्त्रभावसे वर्णन करते हैं और प्रसङ्गानुसार दूसरे विषयों का भी कथन करते हैं वे प्रकरणात्मक ग्रन्थ हैं। जैसे—प्रमाण-समुच्चय, न्यायबिन्दु, प्रमाणसंग्रह, आप्तपरीक्षा आदि। ईश्वरकृष्णकी सांख्यकारिका और विश्वनाथ पञ्चानन की कारिकावली आदि कारिकात्मक ग्रन्थ भी दिग्नाग के प्रमाणसमुच्चय, सिद्धसेनके न्यायावतार और अकलङ्कदेवके लघीयस्त्रय आदिकी तरह प्रायः प्रकरण ग्रन्थ ही हैं, क्योंकि वे भी अपने स्वीकृत प्रतिपाद्य विषयका स्वतंत्रभावसे वर्णन करते हैं और प्रसङ्गोपात्त दूसरे विषयोंका भी कथन करते हैं। अभिनव धर्मभूषणकी प्रस्तुत न्यायदीपिका' प्रकरणात्मक रचना है। इसमें ग्रन्थकर्त्ता ने अपने अंगीकृत वर्णनीय विषय प्रमाण और नयका स्वतन्त्रतासे वर्णन किया है, वह किसी गद्य या पद्यरूप मूलकी व्याख्या नहीं है। ग्रन्थकार ने इसे स्वयं भी प्रकरणात्मक ग्रन्थ माना है[1]। इस प्रकार के ग्रन्थ रचनेकी प्रेरणा उन्हें विद्यानन्दकी 'प्रमाण-परीक्षा', वादिराजके 'प्रमाण-निर्णय' आदि प्रकरण-ग्रन्थोंसे मिली जान पड़ती है।

ग्रन्थके प्रमाण-लक्षण-प्रकाश, प्रत्यक्ष-प्रकाश और परोक्ष-प्रकाश ये तीन प्रकाश करके उनमें विषय-विभाजन उसी प्रकारका किया गया है जिस प्रकार प्रमाण-निर्णयके तीन निर्णयों (प्रमाण-लक्षण-निर्णय, प्रत्यक्ष-निर्णय और परोक्ष-निर्णय) में है। प्रमाणनिर्णयसे प्रस्तुत ग्रन्थ में इतनी विशेषता है कि आगमके विवेचन का इसमें अलग प्रकाश नहीं रक्खा गया है जब कि प्रमाणनिर्णयमें आगमनिर्णय भी है। इसका कारण यह है कि वादिराजाचार्यने परोक्षके अनुमान और आगम ये दो भेद किये हैं तथा अनुमानके भी गौण और मुख्य अनुमान ये दो भेद करके स्मृति,प्रत्यभिज्ञान एवं तर्कको गौण अनुमान प्रतिपादित किया है और इन तीनों के वर्णन को तो

१ 'प्रकरणमिदमारभ्यते'—न्यायदी० पृ० ५।

परोक्ष-निर्णय तथा परोक्षके ही दूसरे भेद आगमके वर्णन को आगमनिर्णय नाम दिया है[1]। आ० धर्मभूषणने आगम जब परोक्ष है तब उसे परोक्ष-प्रकाश में ही सम्मिलित कर लिया है—उसके वर्णन को उन्होंने स्वतन्त्र प्रकाश का रूप नहीं दिया। तीनों प्रकाशोंमें स्थूलरूपसे विषय-वर्णन इस प्रकार है:—

पहले प्रमाणसामान्यलक्षण-प्रकाशमें, प्रथमतः उद्देशादि तीनके द्वारा ग्रन्थ-प्रवृत्तिका निर्देश, उन तीनों के लक्षण, प्रमाणसामान्य का लक्षण, संशय, विपर्यय, अनध्यवसायका लक्षण, इन्द्रियादिकों को प्रमाण न हो सकनेका वर्णन, स्वतः परतः प्रामाण्यका निरूपण और बौद्ध,भाट्ट, प्राभाकर तथा नैयायिकोंके प्रमाण सामान्यलक्षणोंकी आलोचना करके जैनमत-सम्मत सविकल्पक अगृहीतग्राही 'सम्यग्ज्ञानत्व' को ही प्रमाणसामान्य का निर्दोष लक्षण स्थिर किया गया है।

दूसरे प्रत्यक्ष-प्रकाशमें स्वकीय प्रत्यक्षकालक्षण, बौद्ध और नैयायिकों-के निर्विकल्पक तथा सन्निकर्ष प्रत्यक्षलक्षणों की समालोचना, अर्थ और आलोकमें ज्ञानके प्रति कारणताका निराश,विषयकी प्रतिनियामिका योग्य-ताका उपादान, तदुत्पत्ति और तदाकारता का निराकरण, प्रत्यक्षके भेद-प्रभेदोंका निरूपण, अतीन्द्रिय प्रत्यक्षका समर्थन और सर्वज्ञसिद्धि आदि-का विवेचन किया गया है।

तीसरे परोक्ष-प्रकाशमें, परोक्षका लक्षण, उसके स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम इन पाँच भेदोंका विशद वर्णन, प्रत्यभिज्ञानके एकत्वप्रत्यभिज्ञान, सादृश्यप्रत्यभिज्ञान आदिका प्रमाणान्तररूपसे उपपादन करके उनका प्रत्यभिज्ञानमें ही अन्तर्भाव होनेका सयुक्तिक समर्थन, साध्य-का लक्षण, साधनका'अन्यथानुपपन्नत्व' लक्षण,त्रैरूप्य और पाञ्चरूप्यका निराकरण, अनुमानके स्वार्थ और परार्थ दो भेदोंका कथन, हेतु-भेदों के

---

१ देखो प्रमाणनिर्णय पृ० ३३ ।

उदाहरण, हेत्वाभासोंका वर्णन, उदाहरण,उदाहरणाभास,उपनय, उपनयाभास, निगमन, निगमनाभास आदि अनुमान के परिवार का अच्छा कथन किया गया है। अन्तमें आगम और नयका वर्णन करते हुए अनेकान्त तथा सप्तभंगीका भी संक्षेप में प्रतिपादन किया गया है। इस तरह यह न्यायदीपिकामें वर्णित विषयोंका स्थूल एवं बाह्य परिचय है। अब उसके आभ्यन्तर प्रमेय-भागपर भी थोड़ासा तुलनात्मक विवेचन कर देना हम उपयुक्त समझते हैं। ताकि न्यायदीपिका के पाठकों के लिए उसमें चर्चित ज्ञातव्य विषयों का एकत्र यथासम्भव परिचय मिल सके।

(घ) विषय-परिचय—

१ मङ्गलाचरण—

मंगलाचरणके सम्बन्ध में कुछ वक्तव्य अंश तो हिन्दी अनुवाद के प्रारम्भ में कहा जा चुका है। यहाँ उसके शेष भाग पर कुछ विचार किया जाता है।

यद्यपि भारतीय वाङ्मयमें प्रायः सभी दर्शनकारोंने मंगलाचरणको अपनाया है और अपने अपने दृष्टिकोणसे उसका प्रयोजन एवं हेतु बताते हुए समर्थन किया है। पर जैनदर्शनमें जितना विस्तृत, विशद और सूक्ष्म चिन्तन किया गया है उतना प्रायः अन्यत्र नहीं मिलता। तिलोयपण्णत्ति' में[1] यतिवृषभाचार्यने और 'धवला' में[2] श्री वीरसेनस्वामी ने मंगलका बहुत ही सांगोपांग और व्यापक वर्णन किया है। उन्होंने धातु, विशेष, नय, एकार्थ, निरुक्ति और अनुयोग के द्वारा मंगल का निरूपण करनेका निर्देश करके उक्त छहों के द्वारा उसका व्याख्यान किया है। 'मगि' धातुसे 'अलच्' प्रत्यय करनेपर मंगल शब्द निष्पन्न होता है। निक्षेपकी अपेक्षा कथन करते हुए लिखा है कि तद्व्यतिरिक्त द्रव्य मंगलके दो

१ तिलो० प० गा० १–८ से १–३१, २ धवला १–१।

भेद हैं—कर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल और नोकर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल। उनमें पुण्यप्रकृति-तीर्थंकर नामकर्म कर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल है; क्योंकि वह लोककल्याणरूप माङ्गल्यका कारण है। नोकर्मतद्व्यतिरिक्त द्रव्यमङ्गल-के दो भेद हैं—लौकिक और लोकोत्तर। उनमें लौकिक—लोक प्रसिद्ध मङ्गल तीन प्रकारका है:—सचित्त, अचित्त और मिश्र। इनमें सिद्धार्थ[1] अर्थात् पीले सरसों, जलसे भरा हुआ पूर्ण कलश, वन्दन-माला, छत्र, श्वेतवर्ण और दर्पण आदि अचित्त मङ्गल हैं। और वाग्-कन्या तथा श्रेष्ठ जातिका घोड़ा आदि सचित्त मङ्गल हैं। अलङ्कार सहित कन्या आदि मिश्र मङ्गल हैं। लोकोत्तर-अलौकिक मङ्गलके भी तीन भेद हैं:—सचित्त, अचित्त और मिश्र। अरहन्त आदिका अनादि अनन्त स्वरूप जीव-द्रव्य सचित्त लोकोत्तर मङ्गल है। कृत्रिम, अकृत्रिम चैत्यालय आदि अचित्त लोकोत्तर मङ्गल हैं। उक्त दोनों सचित्त और अचित्त मंगलोंको मिश्र मङ्गल कहा है। आगे मङ्गलके प्रतिबोधक पर्यायनामोंको[2] बतलाकर मङ्गलकी निरुक्ति[3] बताई गई है। जो पापरूप मलको गलावे—विनाश करे और पुण्य-सुखको लावे प्राप्त करावे उसे मङ्गल कहते हैं। आगे चलकर मङ्गलका प्रयोजन बतलाते हुए कहा

१ सिद्धत्थ-पुण्ण-कुंभो वंदणमाला य मंगलं छत्तं।
सेदो वण्णो आदंसणो य कण्णा य जच्चस्सो ॥—धवला १-१-१पृ.२७

२ देखो धवला १-१-१, पृ. ३१। तिलो० प० गा० १–८।

३ 'मलं गालयति विनाशयति दहति हन्ति विशोधयति विध्वंसयति इति मंगलम्।'.....'अथवा, मगं सुखं तल्लाति आदत्त इति वा मङ्गलम्।' धवला० १-१-१, पृ० ३२-३३।

'गालयदि विणासयदे घादेदि दहेहि हंति सोधयदे।
विद्धंसेदि मलाइं जम्हा तम्हा य मंगलं भणिदं ॥'—तिलो०प० १-९।

'अहवा मगं सोक्खं लादि हु गेण्हेदि मंगलं तम्हा।
एदेण कज्जसिद्धिं मंगइ गच्छेदि गंथकत्तारो ॥—तिलो० प० १-१५।

गया है[1] कि शास्त्रके आदि, मध्य और अन्तमें जिनेन्द्रका गुणस्तवनरूप मङ्गलका कथन करनेसे समस्त विघ्न उसी प्रकार नष्ट हो जाते हैं जिस प्रकार सूर्योदयसे समस्त अन्धकार। इसके साथ ही तीनों स्थानोंमें मङ्गल करनेका पृथक् पृथक् फल भी निर्दिष्ट किया है और लिखा है[2] कि शास्त्र के आदिमें मङ्गल करनेसे शिष्य सरलतासे शास्त्रके पारगामी बनते हैं। मध्यमें मङ्गल करनेसे निर्विघ्न विद्या प्राप्ति होती है और अन्तमें मङ्गल करनेसे विद्या-फलकी प्राप्ति होती है। इस प्रकार जैनपरम्पराके दिगम्बर साहित्यमें[3] शास्त्रमें मङ्गल करनेका सुस्पष्ट उपदेश मिलता है। श्वेताम्बर आगम साहित्यमें भी मङ्गलका विधान पाया जाता है। दशवैकालिक-निर्युक्ति (गा० २) में त्रिविध मंगल करनेका निर्देश है। विशेषावश्यकभाष्य (गा० १२–१४) में मंगलके प्रयोजनोंमें विघ्नविनाश और महाविद्याकी प्राप्तको बतलाते हुए आदि मंगलका निर्विघ्नरूपसे शास्त्रका पारगत होना, मध्यमंगलका निर्विघ्नतया शास्त्र-समाप्ति की कामना और अन्त्यमंगलका शिष्य-प्रशिष्यों-में शास्त्र-परम्पराका चालू रहना प्रयोजन बतलाया गया है। बृहत्कल्प-भाष्य (गा० २०) में मंगलके विघ्नविनाशके साथ शिष्यमें शास्त्रके प्रति श्रद्धाका होना आदि अनेक प्रयोजन गिनाये गये हैं। हिन्दी अनुवादके प्रारम्भमें यह कहा ही

---

१ 'सत्थादि-मज्झ अवसाणएसु जिणतोत्तमंगलुच्चारो।
णासइ णिस्सेसाइं विग्घाइं रवि व्व तिमिराइं ॥'—ति०प० १-३१।,

२ 'पढमे मंगलवयणे सिस्सा सत्थस्स पारगा होंति।
मज्झिमए णीविग्घं विज्जा विज्जा फलं चरिमे ॥
—तिलो० प० १-२६। धवला १-१-१, पृ० ४०।

३ यद्यपि 'कषायपाहुड' और 'चूर्णिसूत्र' के प्रारम्भमें मंगल नहीं किया है तथापि वहाँ मंगल न करने का कारण यह है कि उन्हें स्वयं मंगल रूप मान लिया गया है।

जा चुका है कि हरिभद्र और विद्यानन्द आदि तार्किकोंने अपने तर्क-ग्रन्थों में भी मंगल करने का समर्थन और उसके विविध प्रयोजन बतलाये हैं।

उपर्युक्त यह मंगल मानसिक, वाचिक और कायिकके भेद से तीन प्रकार का है। वाचिक मंगल भी निबद्ध और अनिबद्धरूप से दो तरह का है[1]। जो ग्रन्थके आदिमें ग्रन्थकारके द्वारा श्लोकादिककी रचनारूपसे इष्ट-देवता-नमस्कार निबद्ध कर दिया जाता है वह वाचिक निबद्ध मंगल है और जो श्लोकादिककी रचना के बिना ही जिनेन्द्र-गुण-स्तवन किया जाता है वह अनिबद्ध मंगल है।

प्रकृत न्यायदीपिकामें अभिनव धर्मभूषणने भी अपनी पूर्व परम्पराका अनुसरण किया है और मंगलाचरणको निबद्ध किया है।

२. शास्त्रकी त्रिविध-प्रवृत्ति—

शास्त्रकी त्रिविध (उद्देश, लक्षण-निर्देश और परीक्षारूप)प्रवृत्ति-का कथन सबसे पहले वात्स्यायनके 'न्याय भाष्य' में दृष्टिगोचर होता है[2]। प्रशस्तपादभाष्यकी टीका 'कन्दली' में श्रीधरने उस त्रिविध प्रवृत्तिमें उद्देश और लक्षणरूप द्विविध प्रवृत्तिको माना है और परीक्षाको अनियत कहकर निकाल दिया है[2]। इसका कारण यह है कि श्रीधरने जिस प्रशस्तपाद भाष्यपर अपनी कंदली टीका लिखी है वह भाष्य और उस भाष्यका आधारभूत वैशेषिकदर्शनसूत्र पदार्थों के उद्देश और लक्षणरूप हैं, उनमें परीक्षा नहीं है। पर वात्स्यायनने जिस न्यायसूत्रपर अपना न्यायभाष्य लिखा है उसके सभी सूत्र उद्देश, लक्षण और परीक्षात्मक हैं। इसलिये वात्स्या-

---

१ देखो, धवला १-१-१, पृ० ४१ और आप्तपरीक्षा पृ० ३।

२ न्यायभाष्य पृ० १७, न्यायदीपिका परिशिष्ट पृ० २३६। 'पदार्थव्युत्पादनप्रवृत्तस्य शास्त्रस्य उभयथा प्रवृत्तिः—उद्देशो लक्षणञ्च। परीक्षायास्तु न नियमः।—कन्दली पृ० २६।

यनने त्रिविध प्रवृत्ति और श्रीधर ने द्विविध प्रवृत्ति को स्थान दिया है। शास्त्र-प्रवृत्तिके चौथे भेदरूपसे विभाग को भी माननेका एक पक्ष रहा है जिसका उल्लेख सर्वप्रथम उद्योतकर[1] और जयन्तभट्टने[2] किया है और उसे उद्देशमें ही शामिल कर लेनेका विधान किया है। आ० प्रभाचन्द्र[3] और हेमचन्द्र[4] भी यही कहते हैं। इस तरह वात्स्यायनके द्वारा प्रदर्शित त्रिविध प्रवृत्तिका ही पक्ष स्थिर रहता है। न्यायदीपिकामें प्रभाचन्द्र और हेमचन्द्र के द्वारा अनुसृत यही त्रिविध प्रवृत्तिका पक्ष स्वीकार किया गया है।

३. लक्षणका लक्षण—

दार्शनिक परम्परामें सर्वप्रथम स्पष्ट तौरपर वात्स्यायनने लक्षणका लक्षण निर्दिष्ट किया है और कहा है कि जो वस्तु का स्वरूप-व्यवच्छेदक धर्म है वह लक्षण है[5]। न्यायवार्तिकके कर्त्ता उद्योतकरका भी यही मत है[6]। न्यायमंजरीकार जयन्तभट्ट सिर्फ 'व्यवच्छेदक' के स्थान में 'व्यवस्था-

---

१ 'उद्दिष्टविभागवच्च न त्रिविधायां शास्त्रप्रवृत्तावन्तर्भवतीति। तस्मादुद्दिष्टविभागो युक्तः; न; उद्दिष्टविभागस्योद्देश एवान्तर्भावात्।' न्यायवा० पृ० २७, २८। २ ननु च विभागलक्षणा चतुर्थ्यपि प्रवृत्तिरस्त्येव··· उद्देशरूपानपायात्तु उद्देश एव असौ। सामान्यसंज्ञया कीर्त्तनमुद्देशः, प्रकारभेदसंज्ञया कीर्त्तनं विभाग इति'—न्यायमं० पृ० १२। ३ देखो, न्यायकुमुद पृ. २१। ४ प्रमाणमी० पृ. २। ५ 'उद्दिष्टस्य तत्त्वव्यवच्छेदको धर्मो लक्षणम्—न्यायभा० पृ. १७। ६ लक्षणस्येतरव्यवच्छेदहेतुत्वात्। लक्षणं खलु लक्ष्यं समानासमानजातीयेभ्यो व्यवच्छिनत्ति'—न्यायवा० पृ० २८, 'पर्यायशब्दाः कथं लक्षणम्? व्यवच्छेदहेतुत्वात्। सर्वं हि लक्षणमितरव्यवच्छेदकमेतैश्च पर्यायशब्दैर्नान्यः पदार्थोऽभिधीयत इत्यसाधारणत्वाल्लक्षणम्—न्यायवा० पृ० ७९, 'इतरेतरविशेषकं लक्षणमुच्यते'—न्यायवा० पृ० १०८।

पक' शब्दको रखकर वात्स्यायनका ही अनुसरण करते हैं[1]। कन्दलीकार श्रीधर भी वात्स्यायनके 'तत्त्व' शब्दके स्थानमें 'स्वपरजातीय' और 'व्यवच्छेदक' की जगह 'व्यावर्त्तक' शब्दका प्रयोग करके करीब करीब उन्हींके लक्षणके लक्षणको मान्य रखते हैं[2]। तर्कदीपिकाकार उक्त कथनोंसे फलित हुये असाधारण धर्मके लक्षणका लक्षण मानते हैं[3] अकलङ्कदेव स्वतन्त्र ही लक्षणका लक्षण प्रणयन करते हैं और वे उसमें 'धर्म' या 'असाधारण धर्म' शब्दका निवेश नहीं करते। पर व्यावृत्तिपरक लक्षण मानना उन्हें इष्ट है[4]। इससे लक्षणके लक्षणकी मान्यतायें दो फलित होती हैं। एक तो लक्षणके लक्षणमें असाधारण धर्म का प्रवेश स्वीकार करनेवाली और दूसरी स्वीकार न करनेवाली। पहली मान्यता मुख्यतया न्याय वैशेषिकोंकी है और जिसे जैन-परम्परामें भी क्वचित्[5] स्वीकार किया गया है। दूसरी मान्यता अकलङ्क-प्रतिष्ठित है और उसे आचार्य विद्यानन्द[6] तथा न्यायदीपिकाकार आदिने अपनाई है। न्यायदीपिकाकारने तो सप्रमाण इसे ही पुष्ट किया है और पहली मान्यताकी आलोचना करके उसमें दूषण भी दिखाये हैं। ग्रन्थकारका कहना है कि यद्यपि किसी वस्तुका असाधारण—विशेष धर्म उस वस्तुका इतर पदार्थोंसे व्यावर्त्तक होता है, परन्तु उसे लक्षणकोटिमें प्रविष्ट नहीं किया जा सकता; क्योंकि दण्डादि जो कि असाधारणधर्म नहीं हैं फिर भी पुरुष के व्यावर्त्तक होते हैं और 'शाबलेयत्व' आदि गवादिकों के असाधारणधर्म तो हैं, पर व्यावर्त्तक नहीं

---

१ 'उद्दिष्टस्य तत्त्वव्यवस्थापको धर्मो लक्षणम्'—न्यायसं० पृ० ११ २ 'उद्दिष्टस्य स्वपरजातीयव्यावर्त्तको धर्मो लक्षणम्'—कन्दली० पृ० २६। ३ 'एतद्दूषणत्रयरहितो धर्मो लक्षणम्। यथा गो. सास्नादिमत्त्वम्। स एवासाधारणधर्म इत्युच्यते'—तर्कदीपिका पृ० १४। ४ 'परस्परव्यतिकरे ति येनान्यत्वं लक्ष्यते तल्लक्षणम्'—तत्त्वार्थश्लो० पृ० ५२। ५ देखो, परिशिष्ट पृ० २४०। ६ देखो, परिशिष्ट पृ० २४०।

हैं। इसलिए इतना मात्रही लक्षण करना ठीक है कि जो व्यावर्तक है—मिली हुई वस्तुओंमेंसे किसी एकको जुदा कराता है वह लक्षण है। चाहे वह साधारण धर्म हो या चाहे असाधारण धर्म हो या धर्म भी न हो। यदि वह लक्ष्यको लक्ष्यतरोंसे व्यावृत्ति कराता है तो लक्षण है और यदि नहीं कराता है तो वह लक्षण नहीं है इस तरह अकलङ्क-प्रतिष्ठित लक्षण-के लक्षण को ही न्यायदीपिका में अनुप्राणित किया गया है।

प्रमाणका सामान्यलक्षण—

दार्शनिक परम्परामें सर्वप्रथम कणादने प्रमाणका सामान्य लक्षण निर्दिष्ट किया है। उन्होंने निर्दोष ज्ञानको विद्या—प्रमाण कहा है[1]। न्याय-दर्शनके प्रवर्तक गौतमके न्यायसूत्रमें तो प्रमाणसामान्यका लक्षण उपलब्ध नहीं होता। पर उनके टीकाकार वात्स्यायनने अवश्य 'प्रमाण' शब्दसे फलित होनेवाले उपलब्धिसाधन (प्रमाकरण)को प्रमाणसामान्यका लक्षण सूचित किया है[2]। उद्योतकर[3], जयन्तभट्ट[4] आदि नैयायिकों ने वात्स्यायन के द्वारा सूचित किये इस उपलब्धिसाधनरूप प्रमाकरणको ही प्रमाण का सामान्य लक्षण स्वीकृत किया है। यद्यपि न्यायकुसुमाञ्जलिकार[5] उदयनने यथार्थानुभवको प्रमाण कहा है तथापि वह उन्हें प्रमाकरणरूपही इष्ट है। इतना जरूर जान पड़ता है कि उनपर अनुभूतिको प्रमाण माननेवाले प्रभाकर और उनके अनुयायी विद्वानोंका प्रभाव है। क्योंकि उदयनके

---

१ 'अदुष्टं विद्या' वैशेषिकसू० ९-२-१२। २ 'उपलब्धिसाधनानि प्रमाणानि समाख्यानिर्वचनसामर्थ्यात् बोधव्यम्। प्रमीयतेऽनेनेति करणार्थाभिधानो हि प्रमाणशब्दः।' न्यायभा० पृ० १८। ३ 'उपलब्धिहेतुः प्रमाणं·····यदुपलब्धिनिमित्तं तत्प्रमाणं।'—न्यायवा० पृ० ५। ४ 'प्रमीयते येन तत्प्रमाणमिति करणार्थाभिधायिनः प्रमाणशब्दात् प्रमाकरणं प्रमाणमवगम्यते। न्यायमं० पृ० २५। ५ 'यथार्थानुभवो मानमनपेक्षतयेष्यते।'—न्यायकु० ४-१।

पहले न्याय वैशेषिक परम्परामें प्रमाणसामान्यलक्षणमें 'अनुभव पदका प्रवेश प्रायः उपलब्ध नहीं होता। उनके बादमें तो अनेक नैयायिकोंने[1] अनुभव ही प्रमाणसामान्यका लक्षण बतलाया है।

मीमांसक परम्परामें मुख्यतया दो सम्प्रदाय पाये जाते है—१ भाट्ट और २ प्रभाकर। कुमारिल भट्टके अनुगामी भाट्ट और प्रभाकर गुरुके मतका अनुसरण करनेवाले प्राभाकर कहे जाते हैं। कुमारिलने प्रमाणके सामान्यलक्षणमें पाँच विशेषण दिये है। १ अपूर्वार्थविषयत्व २ निश्चितत्व ३ बाधवर्जितत्व ४ अदुष्टकारणारब्धत्व और ५ लोकसम्मतत्व। कुमारिल का वह लक्षण इस प्रकार है :—

तत्रापूर्वार्थविज्ञानं निश्चितं बाधवर्जितम्।
अदुष्टकारणारब्धं प्रमाणं लोकसम्मतम्॥

पिछले सभी भाट्टमीमांसकोंने इसी कुमारिल कर्तृक लक्षणको माना है और उसका समर्थन किया है। दूसरे दार्शनिकोंकी आलोचनाका विषय भी यही लक्षण हुआ है। प्रभाकरने[2] अनुभूति, को प्रमाण सामान्यका लक्षण कहा है।

सांख्यदर्शनमें श्रोत्रादि-इन्द्रियोंकी वृत्ति (व्यापार) को प्रमाणका सामान्य लक्षण बतलाया गया है।

बौद्धदर्शनमें[3] अज्ञातार्थके प्रकाशक ज्ञानको प्रमाणका सामान्य लक्षण बतलाया है। दिग्नागने विषयाकार अर्थनिश्चय और स्वसंवित्तिको प्रमाण-

---

१ 'बुद्धिस्तु द्विविधा मता अनुभूतिः स्मृतिश्च स्यादनुभूतिश्चतुर्विधा।'
—सिद्धान्तमु० का० ५१।
'तद्वति तत्प्रकारकोऽनुभवोयथार्थः।...संवप्रभा।' तर्कसं०पृ० ६८,६९
२ 'अनुभूतिश्च नः प्रमाणम्।' बृहती १-१-५।
३ 'अज्ञातार्थप्रकाशकं प्रमाणमिति प्रमाणसामान्यलक्षणम्।'
—प्रमाणसमु० टी० पृ० ११

का फल कह कर उन्हें ही प्रमाण माना है[1]। क्योंकि बौद्धदर्शनमें प्रमाण और फल भी भिन्न नहीं हैं और जो अज्ञातार्थप्रकाश रूप ही हैं। धर्मकीर्त्तिने[2] अविसंवादि' पद और लगाकर दिग्नाग के ही लक्षण को प्रायः परिष्कृत किया है। तत्त्वसंग्रहकार शान्तरक्षितने[3] सारूप्य और योग्यताको प्रमाण वर्णित किया है[4] जो एक प्रकारसे दिग्नाग और धर्मकीर्तिके प्रमाणसामान्यलक्षणका ही पर्यवसितार्थ है। इस तरह बौद्धोंके यहाँ स्वसंवेदी अज्ञातार्थज्ञापक अविसंवादि ज्ञानको प्रमाण कहा गया है।

जैन परम्परामें सर्व प्रथम स्वामी समन्तभद्र[5] और आ० सिद्धसेनने प्रमाणका सामान्यलक्षण निर्दिष्ट किया है और उसमें स्वपरावभासक, ज्ञान तथा बाधविवर्जित ये तीन विशेषण दिये हैं। भारतीय दार्शनिकोंमें समन्तभद्र ही प्रथम दार्शनिक हैं जिन्होंने स्पष्टतया प्रमाणके सामान्यलक्षणमें 'स्वपरावभासक' पद रखा है[6] और परोक्षज्ञानवादी बौद्धोंके भी ज्ञानको 'स्वरूपस्य स्वतो गतेः' कहकर स्वसंवेदी प्रकट किया है परन्तु तार्किक रूप देकर विशेषरूपसे प्रमाणके लक्षणमें 'स्व' पदका निवेश समन्तभद्रका ही स्वोपज्ञ जान पड़ता है। क्योंकि उनके पहले वैसा प्रमाणलक्षण देखनेमें नहीं आता। समन्तभद्रने प्रमाणसामान्यका लक्षण 'युगपत्सर्वभासि-तत्त्वज्ञान' भी किया है जो उपर्युक्त लक्षणमें ही पर्यवसित है दर्शनशास्त्रोंके अध्ययनसे ऐसा मालूम होता है 'प्रमीयते येन तत्प्रमाणम्' अर्थात् जिसके द्वारा प्रमिति (परिच्छित्तिविशेष) हो वह प्रमाण है' इस अर्थमें

---

१ "स्वसंवित्तिः फल चात्र तद्रूपादर्थनिश्चयः। विषयाकार एवास्य प्रमाण तेन मीयते॥"—प्रमाणसमु० १-१०। २ "प्रमाणमविसंवादि ज्ञानम्···"प्रमाणवा० २-१। ३ "विषयाधिगतिश्चात्र प्रमाणफलमिष्यते। स्वविन्तिर्वा प्रमाणं तु सारूप्यं योग्यतापि वा॥"—तत्त्वसं० का १३४४। ४ "स्वपरावभासकं यथा प्रमाणं भुवि बुद्धिलक्षणम्"—स्वयम्भू० का० ६३। ५ प्रमाणं स्वपराभासि ज्ञानं बाधविवर्जितम्।"—न्यायावा० का० १

प्रायः सभी दर्शनकारोंने प्रमाणको स्वीकार किया है। परन्तु वह प्रमिति किसके द्वारा होती है अर्थात् प्रमितिका करण कौन है ? इसे सबने अलग अलग बतलाया है। नैयायिक और वैशेषिकोंका कहना है कि अर्थज्ञप्ति इन्द्रिय और अर्थके सन्निकर्षसे होती है इसलिए सन्निकर्ष प्रमितिका करण है। मीमांसक सामान्यतया इन्द्रियको,सांख्य इन्द्रियवृत्तिको और बौद्ध सारूप्य एवं योग्यताको प्रमितिकरण बतलाते हैं। समन्तभद्र ने 'स्वपरावभासक' ज्ञानको प्रमितिका अव्यवहितकरण प्रतिपादन किया है। समन्तभद्र के उत्तरवर्ती पूज्यपादने भी स्वपरावभासक ज्ञानको ही प्रमितिकरण (प्रमाण) होनेका समर्थन किया है और सन्निकर्ष,इन्द्रिय तथा मात्र ज्ञानको प्रमिति करण (प्रमाण) माननेमें दोषोद्भावन भी किया है[1]। वास्तवमें प्रमिति—प्रमाणफल जब अज्ञाननिवृत्ति है तब उसका करण अज्ञानविरोधी स्व और परका अवभास करनेवाला ज्ञान ही होना चाहिए। समन्तभद्रके द्वारा प्रतिष्ठित इस प्रमाणलक्षण 'स्वपरावभासक' को आंशिकरूपसे अपनाते हुए भी शाब्दिकरूपसे अकलङ्कदेवने अपना आत्मार्थग्राहक व्यवसायात्मक ज्ञानको प्रमाणलक्षण निर्मित किया है[2]। तात्पर्य यह कि समन्तभद्र के 'स्व' पदकी जगह 'आत्मा' और 'पर' पदके स्थान में 'अर्थ' पद एवं 'अवभासक' पदकी जगह 'व्यवसायात्मक' पदको निविष्ट किया है। तथा 'अर्थ' के विशेषणरूपसे कहीं "अनधिगत' कहीं 'अनिश्चित और कहीं 'अनिर्णीत"[3] पदको दिया है। कहीं ज्ञान के विशेषणरूप से

१ देखो, सर्वार्थसि० १–१०।

२ "व्यवसायात्मकं ज्ञानमात्मार्थग्राहकं मतम्।"—लघीय० का० ६०

३ "प्रमाणमविसंवादि ज्ञानं अनधिगतार्थाधिगमलक्षणत्वात्।"

—अष्टश० का० ३६।

४ 'लिंगलिङ्गिसम्बन्धज्ञानं प्रमाणं अनिश्चितनिश्चयात्।' अष्टश० १०१

५ "प्रकृतस्यापि न वै प्रामाण्यं प्रतिषेध्यं—अनिर्णीतिनिर्णायकत्वात्।" अष्टश० का० १०१।

'अविसंवादि'[1] पदको भी रखा है। ये पद कुमारिल तथा धर्मकीर्ति से आये हुए मालूम होते हैं; क्योंकि उनके प्रमाणलक्षणोंमें वे पहलेसे ही विहित हैं। अकलङ्कदेवके उत्तरवर्ती माणिक्यनन्दिने अकलङ्कदेवके 'अनधिगत' पदके स्थानमें कुमारिलोक्त 'अपूर्वार्थ' और 'आत्मा' पदके स्थानमें समन्तभद्रोक्त 'स्व' पदका निवेश करके 'स्वापूर्वार्थ' जैसा एक पद बना लिया है और 'व्यवसायात्मक' पदको ज्योंका त्यों अपनाकर 'स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं' यह प्रमाणसामान्यका लक्षण प्रकट किया है[2]। विद्यानन्दने यद्यपि संक्षेपमें 'सम्यग्ज्ञान' को प्रमाण कहा है[3] और पीछे उसे 'स्वार्थव्यवसायात्मक' सिद्ध किया है[4], अकलङ्क तथा माणिक्यनन्दिकी तरह स्पष्ट तौर पर 'अनधिगत' या 'अपूर्व' विशेषण उन्होंने नहीं दिया, तथापि सम्यग्ज्ञानको अनधिगतार्थविषयक या अपूर्वार्थविषयक मानना उन्हें अनिष्ट नहीं है उन्होंने जो अपूर्वार्थका खण्डन किया है[5] वह कुमारिलके सर्वथा 'अपूर्वार्थ' का खण्डन है। कथंचिद् अपूर्वार्थ तो उन्हें अभिप्रेत है[6]। अकलङ्कदेवकी तरह स्मृत्यादि प्रमाणोंमें अपूर्वार्थता

---

१ "प्रमाणमविसंवादिज्ञानम्" अष्टश० का० ३६। २ "स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम्।"—परीक्षामु० १-१। ३ "सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्"—प्रमाणपरी० पृष्ट ५१। ४ "किं पुनः सम्यग्ज्ञानं ? अभिधीयते—स्वार्थव्यवसायात्मकं सम्यग्ज्ञानं सम्यग्ज्ञानत्वात्..."—प्रमाणप० पृ० ५३। ५ "तत्स्वार्थव्यवसायात्मकज्ञानं मानमितीयता लक्षणेन गतार्थत्वात् व्यर्थमन्यद्विशेषणम्॥"—तत्त्वार्थश्लो० पृ० १७४।

६ "सकलदेशकालव्याप्तसाध्यसाधनसम्बन्धोहापोहलक्षणो हि तर्कः प्रमाणयितव्यः, तस्य कथञ्चिदपूर्वार्थत्वात्।" "नचैतद् गृहीतग्रहणादप्रमाणमिति शङ्कनीयम्, तस्य कथञ्चिदपूर्वार्थत्वात्। न हि तद्विषयभूतमेकं द्रव्यं स्मृतिप्रत्यक्षग्राह्यं येन तत्र प्रवर्त्तमानं प्रत्यभिज्ञानं गृहीतग्राहि मन्येत तद्गृहीतातीतवर्तमानविवर्त्ततादात्म्यात् द्रव्यस्य कथञ्चिदपूर्वार्थ-

का उन्होंने स्पष्टतया समर्थन किया है। सामान्यतया प्रमाणलक्षण में अपूर्व पदको न रखनेका तात्पर्य यह है कि प्रत्यक्ष तो अपूर्वार्थग्राही होता ही है और अनुमानादि प्रत्यक्ष से अगृहीत धर्मांशोंमें प्रवृत्त होनेसे अपूर्वार्थग्राहक सिद्ध हो जाते हैं। यदि विद्यानन्द को स्मृत्यादिक अपूर्वार्थविषयक इष्ट न होते तो उनकी प्रमाणता में प्रयोजक अपूर्वार्थताको वे कदापि न बतलाते। इससे स्पष्ट है कि विद्यानन्द भी प्रमाणको अपूर्वार्थग्राही मानते हैं। इस तरह समन्तभद्र और अकलङ्कदेव का प्रमाणसामान्यलक्षण ही उत्तरवर्ती जैन तार्किकोंके लिए आधार हुआ है। आ० धर्मभूषणने न्यायदीपिकामें विद्यानन्दके द्वारा स्वीकृत 'सम्यग्ज्ञानत्व' रूप प्रमाणके सामान्यलक्षणको ही अपनाया है और उसे अपनी पूर्वपरम्परानुसार सविकल्पक अगृहीतग्राही एवं स्वार्थव्यवसायात्मक सिद्ध किया है तथा धर्मकीर्ति प्रभाकर, भाट्ट और नैयायिकोंके प्रमाणसामान्यलक्षणों की आलोचना की है।

५. धारावाहिक ज्ञान—

दार्शनिक ग्रन्थोंमें धारावाहिक ज्ञानोंके प्रामाण्य और अप्रमाण्यकी विस्तृत चर्चा पायी जाती है। न्याय-वैशेषिक और मीमांसक उन्हें प्रमाण मानते हैं। पर उनकी प्रमाणताका समर्थन वे अलग-अलग ढंगसे करते हैं। न्याय-वैशेषिकोंका[1] कहना है कि उनसे परिच्छित्ति होती है और लोकमें वे प्रमाण भी माने जाते हैं। अतः वे गृहीतग्राही होने पर भी

त्वेऽपि प्रत्यभिज्ञातस्य तद्विषयस्य नाप्रमाणत्वं लैंगिकादेरप्यप्रमाणत्वप्रसंगात्। तस्यापि सर्वथैवापूर्वार्थत्वासिद्धेः।"—प्रमाणप० पृ० ७०। "स्मृतिः प्रमाणान्तरमुक्तं···नचासावप्रमाणमेव संवादकत्वात् कथञ्चिदपूर्वार्थग्राहित्वात्···"—प्रमाणप० पृ० ६७। "गृहीतग्रहणात्तर्कोऽप्रमाणमिति चेन्न वै। तस्यापूर्वार्थवेदिकादुपयोगविशेषतः॥"—तत्त्वार्थश्लो० पृ० १९५।

१ "अनधिगतार्थगन्तृत्वं च धारावाहिकज्ञानानामधिगतगोचराणां

प्रमाण ही हैं। भाट्टोंका[1] मत है कि उनमें सूक्ष्म काल-भेद है। अतएव वे अनधिगत सूक्ष्म काल-भेदको ग्रहण करनेसे प्रमाण हैं। प्रभाकर मत-वाले[2] कहते हैं कि कालभेदका भान होना तो शक्य नहीं है क्योंकि वह अत्यन्त सूक्ष्म है। परन्तु हाँ, पूर्वज्ञान से उत्तरज्ञानों में कुछ अतिशय (वैशिष्ट्य) देखनेमें नहीं आता। जिस प्रकार पहले ज्ञानका अनुभव होता है उसी प्रकार उत्तर ज्ञानोंका भी अनुभव होता है। इसलिए धारा-वाहिक ज्ञानोंमें प्रथम ज्ञानसे न तो उत्पत्तिकी अपेक्षा कोई विशेषता है और न प्रतीतिकी अपेक्षासे है। अतः वे भी प्रथम ज्ञानकी ही तरह प्रमाण हैं।

बौद्धदर्शनमें यद्यपि अनधिगतार्थक ज्ञानको ही प्रमाण माना है और इसलिए अधिगतार्थक धारावाहिक ज्ञानोंमें स्वतः अप्रामाण्य व्यापित हो जाता है तथापि धर्मकीर्तिके टीकाकार अर्चटने[3] पुरुषभेदकी अपेक्षासे

लोकसिद्धप्रमाणभावानां प्रामाण्यं विहन्तीति नाद्रियामहे।.....तस्मादर्थ-प्रदर्शनमात्रव्यापारमेव ज्ञानं प्रवर्तकं प्रापकं च। प्रदर्शनं च पूर्ववदुत्तरेषामपि विज्ञानानामभिन्नमिति कथं पूर्वमेव प्रमाणं नोत्तराण्यपि।"—न्यायबि० तात्पर्य० पृ० २१।

१ "धारावाहिकेष्वप्युत्तरोत्तरेषां कालान्तरसम्बन्धस्यागृहीतस्य ग्रहणाद् युक्तं प्रामाण्यम्।...तस्मादस्ति कालभेदस्य परामर्शः। तदाधिक्याच्च सिद्धमुत्तरेषां प्रामाण्यम्।"—शास्त्रवी० पृ० १२४-१२६।
२ "सन्नपि कालभेदोऽतिसूक्ष्मत्वान्न परामृश्यत इति चेत्; अहो सूक्ष्मदर्शी देवानांप्रियः!"—(शास्त्रवी० पृ० १२५) [अत्र पूर्वपक्षेणोल्लेखः] "व्याप्रियमाणे हि पूर्वविज्ञानकारणकलापे उत्तरेषामप्युत्पत्तिरिति न प्रतीतितः उत्पत्तितो वा धारावाहिकविज्ञानानि परस्परस्यातिशेरते इति युक्ता सर्वेषामपि प्रमाणता।"—प्रकरणपं० पृ० ४३। ३ "यदैकस्मिन्नेव नीलादिवस्तुनि धारावाहीनीन्द्रियज्ञानान्युत्पद्यन्ते तदा पूर्वेणाभिन्नयोग-क्षेमत्वात् उत्तरेषामिन्द्रियज्ञानानामप्रामाण्यप्रसङ्गः। न चैवम् अतोऽनेकान्त

उनमें प्रामाण्य और अप्रामाण्य दोनों स्वीकार किया है। क्षणभेददृष्टा (योगी) की अपेक्षासे प्रमाणता और क्षणभेद अदृष्टा व्यावहारिक पुरुषों की अपेक्षासे अप्रमाणता वर्णित की है।

जैनपरम्पराके श्वेताम्बर तार्किकोंने धारावाहिक ज्ञानोंको प्रायः प्रमाण ही माना है—उन्हें अप्रमाण नहीं कहा है। किन्तु अकलङ्क और उनके उत्तरवर्ती सभी दिगम्बर आचार्योंने अप्रमाण बतलाया है। और इसीलिए प्रमाणके लक्षणमें अनधिगत या अपूर्वार्थ विशेषण दिया है। विद्यानन्दका कुछ झुकाव अवश्य उन्हें प्रमाण कहनेका प्रतीत होता है[1]। परन्तु जब वे सर्वथा अपूर्वार्थित्वका विरोध करके कथंचित् अपूर्वार्थ स्वीकार कर लेते हैं तब यही मालूम होता है कि उन्हेंभी धारावाहिक ज्ञानोंमें अप्रामाण्य इष्ट है। दूसरे, उन्होंने परिच्छित्तिविशेषके अभावमें जिस प्रकार प्रमाण-सम्प्लव स्वीकार नहीं किया है[2] उसी प्रकार प्रमितिविशेषके अभावमें धारावाहिक ज्ञानोंको अप्रमाण माननेकाभी उनका अभिप्राय स्पष्ट मालूम होता है। अतः धारावाहिक ज्ञानोंसे यदि प्रमितिविशेष उत्पन्न नहीं होती है

इति प्रमाणसंप्लववादी दर्शयन्नाह पूर्वप्रत्यक्षेण इत्यादि। एतत् परिहरति —तद् यदि प्रतिक्षणं क्षणविवेकदर्शिनोऽधिकृत्योच्यते तदा भिन्नोपयोगितया पृथक् प्रामाण्यात् नानेकान्तः। अथ सर्वपदार्थेष्वेकस्वाध्यवसायिनः सांव्यवहारिकान् पुरुषानभिप्रेत्योच्यते तदा सकलमेव नीलसन्तानमेकमर्थं स्थिररूपं तत्साध्यां चार्थक्रियामेकात्मिकामध्यवस्यन्तीति प्रामाण्यमप्युत्तरेषामनिष्टमेवेति कुतोऽनेकान्तः ?"—**हेतुबिन्दुटी०** लि० पृ० ३१ B।

१ "गृहीतमगृहीतं वा स्वार्थं यदि व्यवस्यति। तत्र लोके न शास्त्रेषु विजहाति प्रमाणताम्॥"—**तत्त्वार्थश्लो०** पृ० १७४। २ "उपयोगविशेषस्याभावे प्रमाणसम्प्लवस्यानभ्युपगमात्। सति हि प्रतिपत्तुरुपयोगविशेषे देशादिविशेषसमवधानादागमात्प्रतिपन्नमपि हिरण्यरेतसं स पुनरनुमानात्प्रतिपित्सते।"—**अष्टस०** पृ० ४।

तो उन्हें अप्रमाण (प्रमाण नहीं) कहना अयुक्त नहीं है। न्यायदीपिकाकारने भी प्रथम घटादिज्ञानके अलावा उत्तरवर्ती अवशिष्ट घटादिज्ञानोंको अज्ञाननिवृत्तिरूप प्रमितिको उत्पन्न न करनेके कारण अप्रमाण ही स्पष्टतया प्रतिपादन किया है और इस तरह उन्होंने अकलङ्कमार्गका ही समर्थन किया है।

६. प्रामाण्यविचार—

ऐसा कोईभी तर्क ग्रन्थ न होगा जिसमें प्रमाणके प्रामाण्याप्रामाण्यका विचार प्रस्फुटित न हुआ हो। ऐसा मालूम होता है कि प्रारम्भमें प्रामाण्यका विचार वेदोंकी प्रामाणता स्थापित करनेके लिए हुआ था[1]। जब उसका तर्कके क्षेत्रमें प्रवेशमें हुआ तब प्रत्यक्षादि ज्ञानोंकी प्रामाणता और अप्रमाणताका विचार होने लगा। प्रत्येक दार्शनिकोंको अपने तर्क ग्रन्थमें प्रामाण्य और अप्रमाण्य तथा उसके स्वतः और परतः होनेका कथन करना अनिवार्य सा हो गया[2] और यही कारण है कि प्रायः छोटेसे छोटे तर्कग्रन्थमें भी वह चर्चा आज देखने को मिलती है।

---

१ "प्रत्यक्षादिषु दृष्टार्थेषु प्रमाणेषु प्रामाण्यनिश्चयमन्तरेणैव व्यवहारसिद्धेस्तत्र किं स्वतः प्रामाण्यमुत परत इति विचारेण नः प्रयोजनम्, अनिर्णय एव तत्र श्रेयान्, अदृष्टे तु विषये वैदिकेष्वगणितद्रविणवितरणादिक्लेशसाध्येषु कर्मसु तत्प्रामाण्यावधारणमन्तरेण प्रेक्षावतां प्रवर्त्तनमनुचितमिति तस्य प्रामाण्यनिश्चयोऽवश्यकर्त्तव्यः, तत्र परत एव वेदस्य प्रामाण्यमिति वक्ष्यामः।"—न्यायमं० पृ० १५५। २ "सर्वविज्ञानविषयमिदं तावत्प्रतीक्ष्यताम्। प्रमाणत्वाप्रमाणत्वे स्वतः किं परतोऽथवा॥"—मी० श्लो० चो० श्लो० ३३। "प्रामाण्यमप्रामाण्यं वा सर्वविज्ञानगोचरम्। स्वतो वा परतो वेति प्रथमं प्रविविच्यताम्।"—न्यायमं० पृ० १४६।

न्याय-वैशेषिक[1] दोनोंको परतः, सांख्य[2] दोनोंको स्वतः, मीमांसक[3] प्रामाण्यको तो स्वतः और अप्रामाण्यको परतः तथा बौद्ध[4] दोनोंको किंचित् स्वतः और दोनोंको ही किंचित् परतः वर्णित करते हैं। जैन-दर्शनमें[5] अभ्यास और अनभ्यासदशामें उत्पत्ति तो दोनोंकी परतः और ज्ञप्ति अभ्यासदशामें स्वतः तथा अनभ्यासदशामें परतः मानी गई है। धर्मभूषणने भी प्रमाणताकी उत्पत्ति परसे ही और निश्चय (ज्ञप्ति) अभ्यस्तविषयमें स्वतः एवं अनभ्यस्त विषयमें परतः बतलाया है।

७. प्रमाणके भेद—

दार्शनिकरूपसे प्रमाणके भेदोंको गिनानेवाली सबसे पुरानी परम्परा कौन है ? और किसकी है ? इसका स्पष्ट निर्देश तो उपलब्ध दार्शनिक साहित्यमें नहीं मिलता है; किन्तु इतना जरूर कहा जा सकता है कि प्रमाण के स्पष्टतया चार भेद गिनानेवाले न्यायसूत्रकार गौतमसे[6] भी पहले प्रमाणके अनेक भेदोंकी मान्यता रही है; क्योंकि उन्होंने ऐतिह्य, अर्था-पत्ति, सम्भव और अभाव इन चारका स्पष्टतया उल्लेख करके उनकी अतिरिक्त प्रमाणताका निरसन किया है तथा शब्दमें ऐतिह्यका और

---

१ "द्वयमपि परत इत्येष एव पक्षः श्रेयान्"—न्यायमं० पृ० १६०। कन्दली० पृ० २२०। २ "प्रमाणत्वाप्रमाणत्वे स्वतः सांख्याः समाश्रिताः।"—सर्वदर्श० पृ० २७६। ३ "स्वतः सर्वप्रमाणानां प्रामाण्यमिति गम्यताम्। न हि स्वतोऽसती शक्तिः कर्तुमन्येन पार्यते॥"—मी० श्लो० सू० २ श्लो० ४७। ४ "उभयमपि एतत् किञ्चित् स्वतः किञ्चित् परत इति···"—तत्त्वसं० पं० का० ३१२३। ५ 'तत्प्रामाण्यं स्वतः परतश्च"—परी-क्षामु० १-१३। "प्रामाण्यं तु स्वतः सिद्धमभ्यासात् परतोऽन्यथा॥"—प्रमाणप० पृ० ६३। ६ "प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि।"—न्यायसू० १-१-३।

अनुमानमें शेष तीनका अन्तर्भाव हो जानेका कथन किया है[1]। प्रशस्तपादने[2] भी अपने वैशेषिकदर्शनानुसार प्रत्यक्ष और अनुमान इन दो ही प्रमाणोंका समर्थन करते हुए उल्लिखित प्रमाणोंका इन्हींमें अन्तर्भाव प्रदर्शित किया है। प्रसिद्धिके आधार पर इतना और कहा जा सकता है कि आठ प्रमाणवादी मुख्यतः तार्किकतः दार्शनिकोंमें हैं। कुछ भी हो, प्रमाणको अनेकभेदरूप प्रारम्भसे ही माना जा रहा है और प्रत्येक दर्शनकारने कमसे कम प्रमाण माननेका प्रयत्न किया है तथा शेष प्रमाणोंको उसी अपनी स्वीकृत प्रमाणसंख्यामें ही अन्तर्भाव करनेका समर्थन किया है। यही कारण है कि सात, छह, पांच, चार, तीन, दो और एक प्रमाणवादी दार्शनिक जगतमें आविर्भूत हुए हैं। एक ऐसाभी मत रहा जो सात प्रमाण मानता था। छह प्रमाण माननेवाले जैमिनी अथवा भाट्ट, पांच प्रमाण माननेवाले प्राभाकर, चार प्रमाण कहनेवाले नैयायिक, तीन प्रमाण माननेवाले सांख्य, दो प्रमाण स्वीकृत करनेवाले वैशेषिक और बौद्ध तथा एक प्रमाण माननेवाले चार्वाक तो आज भी दर्शन शास्त्रकी चर्चाके विषय बने हुए हैं।

जैनदर्शनके सामने भी यह प्रश्न था कि वह कितने प्रमाण मानता है? यद्यपि मत्यादि पांच ज्ञानोंको सम्यग्ज्ञान या प्रमाण माननेकी परंपरा अति सुप्राचीनकालसे ही आगमोंमें निबद्ध और मौखिक रूपसे सुरक्षित चली आ रही थी, पर जैनेतरोंके लिए वह अलौकिक जैसी प्रतीत होती थी—उसका दर्शनान्तरीय प्रमाणनिरूपणसे मेल नहीं खाता था। इस

---

१ "न चतुष्ट्वमैतिह्यार्थापत्तिसम्भवाभावप्रामाण्यात्।"—न्यायसू० २-२-१। "शब्द ऐतिह्यानर्थान्तरभावादनुमानेऽर्थापत्तिसम्भवाभावानर्थान्तरभावाच्चाप्रतिषेधः।"—न्यायसू० २-२-२। २ देखो, प्रशस्तपादभाष्य पृ० १०६-१११।

प्रश्न का उत्तर सर्वप्रथम[1] दार्शनिकरूपसे सम्भवतः प्रथम शताब्दिमें हुए तत्त्वार्थसूत्रकार आ० उमास्वातिने[2] दिया है। उन्होंने कहा कि सम्यग्ज्ञान प्रमाण है और वह मूलमें दो ही भेदरूप है :—१ प्रत्यक्ष और २ परोक्ष। आ० उमास्वातिका यह मौलिक प्रमाणद्वयविभाग इतना सुविचारपूर्वक और कौशल्यपूर्ण हुआ है कि प्रमाणोंका आनन्त्य भी इन्हीं दोमें समा जाता है। इनसे अतिरिक्त पृथक् तृतीय प्रमाण माननेकी बिल्कुल आवश्यकता नहीं रहती है। जबकि वैशेषिक और बौद्धोंके प्रत्यक्ष तथा अनुमानरूप द्विविध प्रमाणविभागमें अनेक कठिनाइयाँ आती हैं। उन्होंने अतिसंक्षेपमें, मति, स्मृति, संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान), चिन्ता (तर्क) और अभिनिबोध (अनुमान) इनको भी प्रमाणान्तर होनेका संकेत करके और उन्हें मतिज्ञान कह कर 'आद्ये परोक्षम्' सूत्रके द्वारा परोक्षप्रमाणमें ही अन्तर्भूत कर लिया है[3]। आ० उमास्वातिने इस प्रकार प्रमाणद्वयका विभाग करके उत्तरवर्ती जैनतार्किकोंके लिए प्रशस्त और

---

१ यद्यपि श्वेताम्बरीय स्थानाङ्ग और भगवतीमें भी प्रत्यक्ष-परोक्षरूप प्रमाणद्वयका विभाग निर्दिष्ट है, पर उसे श्रद्धेय पं० सुखलालजी निर्युक्तिकार भद्रबाहुके बादका मानते हैं, जिनका समय विक्रमकी छठी शताब्दि है। देखो, **प्रमाणमी०** भा० टि० पृ० २०। और भद्रबाहुके समयके लिये देखो, श्वे० मुनि विद्वान् श्रीचतुरविजयजीका 'श्रीभद्रबाहु' शीर्षक लेख **'अनेकान्त'** वर्ष ३ कि० १२ तथा 'क्या निर्युक्तिकार भद्रबाहु और स्वामी समन्तभद्र एक हैं?' शीर्षक मेरा लेख, **'अनेकान्त'** वर्ष ६ कि० १०-११ पृ० ३३८। २ "तत्प्रमाणे" "आद्ये परोक्षम्"—"प्रत्यक्षमन्यत्" —**तत्त्वार्थसू०** १-१०, ११, १२। ३ "मतिः स्मृतिः संज्ञाचिन्ताभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्"—**तत्त्वार्थसू०** १-१४।

सरल मार्ग बना दिया। दर्शनान्तरोंमें प्रसिद्ध उपमानादिकको भी परोक्षमें ही अन्तर्भाव होनेका स्पष्ट निर्देश उनके बादमें होनेवाले पूज्यपादने कर दिया[1]। अकलंकदेवने उसी मार्गपर चलकर परोक्ष-प्रमाणके भेदोंकी स्पष्ट संख्या बतलाते हुए उनकी सयुक्तिक सिद्धि की और प्रत्येकका लक्षण प्रणयन किया[2]। आगे तो परोक्षप्रमाणोंके सम्बन्धमें उमास्वाति और अकलङ्कने जो दिशा निर्धारित की उसीपर सब जैनतार्किक अविरुद्ध-रूपसे चले हैं। अकलङ्कदेवके सामने भी एक प्रश्न उपस्थित हुआ। वह यह कि लोकमें तो इन्द्रियाश्रित ज्ञानको प्रत्यक्ष माना जाता है पर जैन-दर्शन उसे परोक्ष कहता है, यह लोकविरोध कैसा? इसका समाधान उन्होंने बड़े स्पष्ट और प्राञ्जल शब्दोंमें दिया है। वे कहते हैं[3]—प्रत्यक्ष दो प्रकारका है—१ सांव्यवहारिक और २ मुख्य। लोकमें जिस इन्द्रिय-जन्य प्रत्यक्षको प्रत्यक्ष कहा जाता है वह व्यवहारसे तथा देशतः वैशद्य होनेसे सांव्यवहारिक प्रत्यक्षके रूपमें जैनोंको इष्ट है। अतः कोई लोक-विरोध नहीं है। अकलङ्कके इस बहुमुखी प्रतिभाके समाधानने सबको चकित किया। फिर तो जैन तर्कग्रंथकारोंने इसे बड़े आदरके साथ एक स्वरसे स्वीकार किया और अपने अपने ग्रन्थोंमें अपनाया। इस तरह सूत्र-कार उमास्वातिने जो प्रमाणके प्रत्यक्ष और परोक्ष ये दो भेद निर्धारित किये थे उन्हें ही जैनतार्किकोंने परिपुष्ट और समर्थित किया है। यहाँ यह

---

१ "उपमानार्थापत्त्यादीनामत्रैवान्तर्भावात्।" "अत्र उपमानागमा-दीनामत्रैवान्तर्भावः"—सर्वार्थसिद्धि पृ० ६४।

२ "ज्ञानमाद्यं मतिः संज्ञा चिन्ता चाभिनिबोधिकम्।
प्राङ्नामयोजनात् शेषं श्रुतं शब्दानुयोजनात्॥"—लघीय०का० ११।
"परोक्षं शेषविज्ञानं प्रमाणे इति संग्रहः"—लघीय० का० ३।

३ "प्रत्यक्षं विशदं ज्ञानं मुख्यसंव्यवहारतः"—लघीय० का० ३।

भी कह देना आवश्यक है कि समन्तभद्रस्वामीने[1], जो उमास्वातिके उत्तरवर्ती और पूज्यपादके पूर्ववर्ती हैं, प्रमाणके अन्य प्रकारसे भी दो भेद किये हैं—१ अक्रमभावि और २ क्रमभावि। केवलज्ञान अक्रमभावि है और शेष मत्यादि चार ज्ञान क्रमभावि हैं। पर यह प्रमाणद्वयका विभाग उपयोगके क्रमाक्रमकी अपेक्षासे है। समन्तभद्रके लिये आप्तमीमांसामें आप्त विवेचनीय विषय है। अतः आप्तके ज्ञानको उन्होंने अक्रमभावि और आप्त भिन्न अनाप्त (छद्मस्थ) जीवोंके प्रमाणज्ञानको क्रमभावि बतलाया है इसलिये उपयोगभेद या व्यक्तिभेदकी दृष्टिसे किया गया यह प्रमाणद्वयका विभाग है। आ० वसुभूषणने सूत्रकार उमास्वाति निर्दिष्ट प्रत्यक्ष और परोक्षरूप ही प्रमाणके दो भेद प्रदर्शित किये हैं और उनके उत्तरभेदोंकी पूर्व परम्परानुसार परिगणना की है। जैनदर्शनमें प्रमाणके जो भेद-प्रभेद किये गये हैं वे इस प्रकार हैं[2]:—

---

१ "तत्त्वज्ञानं प्रमाणं ते युगपत् सर्वभासनम्।
क्रमभावि च यज्ज्ञानं स्याद्वादनयसंस्कृतम्॥"
—आप्तमी० का० १०१।

२ "स्पर्शनादीन्द्रियनिमित्तस्य बह्वादिविषयस्यानिसृतानुक्तध्रुवेषु तदितरेष्वर्थेषु वर्तमानस्य प्रतीन्द्रियमष्टचत्वारिंशद्भेदस्य व्यञ्जनावग्रहभेदैरष्टचत्वारिंशता सहितस्य संख्याष्टाशीत्युत्तरद्विशती प्रतिपत्तव्या। तथा अतीन्द्रियप्रत्यक्षं बह्वादिद्वादशप्रकारार्थविषयमवग्रहादिविकल्पमष्टचत्वारिंशत्संख्यं प्रतिपत्तव्यम्।"—प्रमाणप० पृ० ६५।


प्रमाण
१ २
प्रत्यक्ष परोक्ष
१ २ १ २ ३ ४ ५
सांव्यवहारिक पारमार्थिक स्मृति प्रत्यभि. तर्क अनुमान आगम
१ २ १ २ १ २ ३ २ १
इन्द्रियप्रत्यक्ष अनिन्द्रियप्रत्यक्ष सकल विकल एक. सादृ. वैसादृ.आदि अगबा. अंगप्र.
१ २ ३ ४ ५ १ १ १ २ १ २
स्प. रास. घ्रा. चा.श्रा. अवग्र४ केवल अवधि मनःपर्यय स्वार्थ परार्थ
अ.४ अ.४ अ.४ अ.४अ.४ बहु.१२
४×१२=४८
ब.१२ब.१२ब.१२ब.१२ब.१२
४८+४८+४८+४८+४८
=२४०+४८ (व्यंजनावग्रहके)=२८८ इन्द्रियप्र०
४८ अनि० प्र०
३३६

न्याय-दीपिका

८. प्रत्यक्ष का लक्षण—

दार्शनिक जगतमें प्रत्यक्षका लक्षण अनेक प्रकारका उपलब्ध होता है। नैयायिक और वैशेषिक सामान्यतया इन्द्रिय और अर्थके सन्निकर्षको प्रत्यक्ष कहते हैं[1]। सांख्य श्रोत्रादि इन्द्रियोंकी वृत्तिको और मीमांसक[2] इन्द्रियोंका आत्माके साथ सम्बन्ध होनेपर उत्पन्न होनेवाली बुद्धि (ज्ञान) को प्रत्यक्ष मानते हैं। बौद्धदर्शनमें तीन मान्यतायें हैं :—१ वसुबन्धुकी, २ दिग्नागकी और ३ धर्मकीर्त्तिकी। वसुबन्धुने[3] अर्थजन्य निर्विकल्पक ज्ञानको, दिग्नागने[4] नामजात्यादिरूप कल्पनासे रहित निर्विकल्प ज्ञानको और धर्मकीर्त्तिने[5] निर्विकल्पक तथा अभ्रान्त ज्ञानको प्रत्यक्ष कहा है। सामान्यतया निर्विकल्पकको सभी बौद्ध तार्किकोंने प्रत्यक्ष स्वीकार किया है। दर्शनान्तरोंमें और भी कितने ही प्रत्यक्ष-लक्षण किये गये हैं। पर वे सब इस संक्षिप्त स्थानपर प्रस्तुत नहीं किये जा सकते हैं।

जैनदर्शनमें सबसे पहले सिद्धसेन[6] (न्यायावतारकार) ने प्रत्यक्ष-का लक्षण किया है। उन्होंने अपरोक्षरूपसे अर्थको ग्रहण करनेवाले ज्ञानको प्रत्यक्ष कहा है। इस लक्षणमें अन्योन्याश्रय नामका दोष होता है। क्योंकि प्रत्यक्ष का लक्षण परोक्षघटित है और परोक्षका लक्षण

---

१ "इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नमव्यपदेश्यमव्यभिचारि व्यवसायात्मकं प्रत्यक्षम्"—न्यायसूत्र० १-१-४। २ "तत्सम्प्रयोगे पुरुषस्येन्द्रियाणां बुद्धिजन्म तत् प्रत्यक्षम्"—जैमिनि० १-१-४। ३ "अर्थादिज्ञानं प्रत्यक्षम्"—प्रमाणस० पृ० ३२। ४ "प्रत्यक्षं कल्पनापोढं नामजात्यादियोजनया। असंयुक्तम्।" प्रमाणसमु० १—३। ५ "कल्पनापोढमभ्रान्तं प्रत्यक्षम्" —न्यायबिन्दु० पृ० ११।

६ "अपरोक्षतयार्थस्य ग्राहकं ज्ञानमीदृशम्। प्रत्यक्षमितरद् ज्ञेयं परोक्षं गृहणेक्षया।" न्यायाव० का० ४।

(प्रत्यक्षाभिन्नत्व) प्रत्यक्षघटित है। अकलङ्कदेवने[1] प्रत्यक्षका ऐसा लक्षण बनाया जिससे वह दोष नहीं रहा। उन्होंने कहा कि ज्ञान विशद है—स्पष्ट है वह प्रत्यक्ष है। यह लक्षण अपने आपमें स्पष्ट तो है ही, साथमें बहुत ही संक्षिप्त और अव्याप्ति, अतिव्याप्ति आदि दोषोंसे पूर्णतः रहित भी है। सूक्ष्मप्रज्ञ अकलङ्कका यह अकलङ्क लक्षण जैनपरम्परामें इतना प्रतिष्ठित और व्यापक हुआ कि दोनों ही सम्प्रदायोंके श्वेताम्बर और दिगम्बर विद्वानोंने बड़े आदरभावसे अपनाया है। जहाँ तक मालूम है फिर दूसरे किसी जैनतार्किकको प्रत्यक्षका अन्य लक्षण बनाना आवश्यक नहीं हुआ और यदि किसीने बनाया भी हो तो उसको उतनी न तो प्रतिष्ठा हुई है और न उसे उतना अपनाया ही गया है। अकलङ्कदेवने अपने प्रत्यक्ष लक्षणमें उपात्त वैशद्यका[2] भी खुलासा कर दिया है। उन्होंने अनुमानादिककी अपेक्षा विशेष प्रतिभास होनेको वैशद्य कहा है। आ० धर्मभूषणने भी अकलङ्कप्रतिष्ठित इन प्रत्यक्ष और वैशद्यके लक्षणोंको अपनाया है और उनके सूत्रात्मक कथनको और अधिक स्फुटित किया है।

६. अर्थ और आलोककी कारणता—

बौद्ध ज्ञानके प्रति अर्थ और आलोकको कारण मानते हैं। उन्होंने चार प्रत्ययों (कारणों)से सम्पूर्ण ज्ञानों (स्वसंवेदनादि) की उत्पत्ति वर्णित की है। वे प्रत्यय ये हैं :—१ समनन्तरप्रत्यय, २ आधिपत्यप्रत्यय, ३ आलम्बनप्रत्यय और ४ सहकारिप्रत्यय। पूर्वज्ञान उत्तरज्ञानको

---

१ "प्रत्यक्षं विशदं ज्ञानम्"—लघीय० का० ३। प्रत्यक्षलक्षणं प्राहुः स्पष्टं साकारमञ्जसा।"—न्यायवि० का० ३।

२ "अनुमानाद्यतिरेकेण विशेषप्रतिभासनम्।
तद्वैशद्यं मतं बुद्धेरवैशद्यमतः परम्॥"—लघीय० का० ४।

उत्पत्तिमें कारण होता है इसलिए वह समनन्तर प्रत्यय कहलाता है। चक्षुरादिक इन्द्रियां आधिपत्य प्रत्यय कही जाती हैं। अर्थ (विषय) आलम्बन प्रत्यय कहा जाता है और आलोक आदि सहकारि प्रत्यय हैं। इस तरह बौद्धोंने इन्द्रियोंके अलावा अर्थ और आलोकको भी कारण स्वीकार किया है। अर्थकी कारणता पर तो यहाँ तक जोर दिया है कि ज्ञान यदि अर्थसे उत्पन्न न हो तो वह अर्थको विषयभी नहीं कर सकता है[1]। यद्यपि नैयायिक आदिने भी अर्थको ज्ञानका कारण माना है पर उन्होंने उतना जोर नहीं दिया। इसका कारण यह है कि नैयायिक आदि ज्ञानके प्रति सीधा कारण सन्निकर्षको मानते हैं। अर्थ तो सन्निकर्ष द्वारा कारण होता है। अतएव जैन तार्किकोंने नैयायिक आदिके अर्थकारणतावाद पर उतना विचार नहीं किया जितना कि बौद्धोंके अर्थालोककारणतावाद पर किया है। एक बात और है, बौद्धोंने अर्थजन्यत्व, अर्थाकारता और अर्थाध्यवसाय इन तीनको ज्ञानप्रामाण्यके प्रति प्रयोजक बतलाया है और प्रतिकर्मव्यवस्था भी ज्ञानके अर्थजन्य होनेमें ही की है। अतः आवरणक्षयोपशमको ही प्रत्येक ज्ञानके प्रति कारण मानने वाले जैनोंके लिए यह उचित और आवश्यक था कि वे बौद्धोंके इस मन्तव्य पर पूर्ण विचार करें और उनके अर्थालोककारणत्वपर सबलताके साथ चर्चा चलाएं तथा जैनदृष्टिसे विषय-विषयीके प्रतिनियमनकी व्यवस्थाका प्रयोजक कारण स्थिर करें। कहा जा सकता है कि इस सम्बन्धमें सर्वप्रथम सूक्ष्म दृष्टि अकलङ्कदेवने अपनी सफल लेखनी चलाई है और अर्थालोककारणताका सयुक्तिक निरसन किया है। तथा स्वावरणक्षयोपशमको विषय-विषयीका प्रतिनियामक बता कर ज्ञानप्रामाण्यका प्रयोजक संवाद (अर्थक्रियाभिचार) को बताया है। उन्होंने

---

१ "नाकरणं विषयः" इति वचनात्।

संक्षेपमें कह दिया' कि 'ज्ञान अर्थसे उत्पन्न नहीं होता; क्योंकि ज्ञान तो 'यह अर्थ है' यही जानता है 'अर्थसे मैं उत्पन्न हुआ' इस बातको वह नहीं जानता। यदि जानता होता तो किसीको विवाद नहीं होना चाहिए था। जैसे घट और कुम्हारको कार्यकारणभावमें किसीको विवाद नहीं है। दूसरी बात यह है कि अर्थ तो विषय (ज्ञेय) है वह कारण कैसे हो सकता है? कारण तो इन्द्रिय और मन हैं। तीसरे, अर्थके रहने पर भी विपरीत ज्ञान देखा जाता है और अर्थाभावमें भी केशोण्डुकादि ज्ञान हो जाता है। इसी प्रकार आलोकभी ज्ञानके प्रति कारण नहीं है, क्योंकि आलोकाभावमें उल्लू आदिको ज्ञान होता है और आलोकसद्भावमें संशयादि ज्ञान देखे जाते हैं। अतः अर्थादिक ज्ञानके कारण नहीं हैं। किन्तु आवरणक्षयोपशमापेक्ष इन्द्रिय और मन ही ज्ञानके कारण है।' इसके साथ ही उन्होंने अर्थजन्यत्व आदिको ज्ञानकी प्रमाणतामें अप्रयोजक बतलाते हुए कहा है[2] कि 'तदुत्पत्ति, तादृप्य और

---

१ "अयमर्थ इति ज्ञानं विद्यादक्षोत्पत्तिमर्थतः।
अन्यथा न विवादः स्यात् कुलालादिघटादिवत्॥"—लघी० ५३।

"अर्थस्य तदकारणत्वात्। तस्य इन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तत्वात् अर्थस्य विषयत्वात्।"—लघी० स्वो० का० ५२।

"यद्यास्वं कर्मक्षयोपशमापेक्षिणी करणमनसी निमित्तं विज्ञानस्य न बहिरर्थादयः। नाननुद्भूतान्वयव्यतिरेकं कारणं नाकारणं विषयः' इति बालिशगीतम् तामसखगकुलानां तमसि सति रूपदर्शनभावरणविच्छेदात्, तदविच्छेदात् आलोके सत्यपि संशयादिज्ञानसम्भवात्। काचाद्युपहतेन्द्रियाणां शंखादौ पीताद्याकारज्ञानोत्पत्तेः मुमूर्षाणां यथासम्भवमर्थे सत्यपि विपरीतप्रतिपत्तिसद्भावात् नार्थादयः कारणं ज्ञानस्येति।"—लघी० ५७।

२ "न तज्जन्म न तादृप्यं न तद्व्यवसितिः सह।
प्रत्येकं वा भजन्तीह प्रामाण्यं प्रति हेतुताम्॥
नार्थः कारणं विज्ञानस्य कार्यकालमप्राप्य निवृत्तेः अतीततमवत्; न ज्ञान

तदध्यवसाय ये तीनों मिलकर अथवा प्रत्येक भी प्रमाणतामें कारण नहीं हैं। क्योंकि अर्थ ज्ञानक्षणको प्राप्त न होकर पहले ही नष्ट हो जाता है और ज्ञान अर्थके अभावमें ही होता है, उसके रहते हुए नहीं होता, इसलिए तदुत्पत्ति ज्ञान-प्रामाण्यमें प्रयोजक नहीं है। ज्ञान अमूर्त है, इसलिए उसमें आकार सम्भव नहीं है। मूर्तिक दर्पणादिमें ही आकार देखा जाता है। अतः तदाकारता भी नहीं बनती है। ज्ञानमें अर्थ नहीं और न अर्थ ज्ञानात्मक है जिससे ज्ञानके प्रतिभासमान होने पर अर्थका भी प्रतिभास हो जाय। अतः तदध्यवसाय भी उत्पन्न नहीं होता। जब ये तीनों बनते ही नहीं तब वे प्रामाण्यके प्रति कारण कैसे हो सकते हैं? अर्थात् नहीं हो सकते हैं। अतएव जिस प्रकार अर्थ अपने कारणोंसे होता है उसी प्रकार ज्ञान भी अपने (इन्द्रिय-क्षयोपशमादि) कारणों से होता है[1]। इसलिए संवाद (अर्थव्यभिचार)को ही ज्ञानप्रामाण्यका कारण मानना सङ्गत और उचित है।' अकलङ्कदेवका यह सयुक्तिक निरूपण ही उत्तरवर्ती माणिक्यनन्दि, विद्यानन्द, प्रभाचन्द आदि सभी जैन नैयायिकोंके लिए आधार हुआ है। धर्मभूषणने भी इसी पूर्वपरम्पराका अनुसरण करके बौद्धोंके अर्थालोककारणवादकी सुन्दर समालोचना की है।

तत्कार्यं तदभाव एव भावात्, तद्भावे चाऽभावात् भविष्य नार्थसारूप्य-मुद्विज्ञानम्, अमूर्तत्वात्। मूर्ता एव हि दर्पणादयः मूर्तमुखादिप्रतिबिम्बधारिणो दृष्टाः, नामूर्तं मूर्तप्रतिबिम्बभृत्, अमूर्तं च ज्ञानम्, मूर्तिधर्माभावात्। न हि ज्ञानेऽर्थोऽस्ति तदात्मको वा येन तस्मिन् प्रतिभासमाने प्रतिभासेत शब्दवत्। ततः तदध्यवसायो न स्यात्। कथमेतदविद्यमानं त्रितयं ज्ञानप्रामाण्यं प्रत्युपकारकं स्यात् अनक्षणत्वेन?" लघीय० स्वो० का० ५८।

१ "स्वहेतुजनितोऽप्यर्थः परिच्छेद्यः स्वतो यथा।
तथा ज्ञानं स्वहेतूत्थं परिच्छेदात्मकं स्वतः॥—लघीय०का० ५९।

१०. सन्निकर्ष—

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि नैयायिक और वैशेषिक सन्निकर्षको प्रत्यक्षका स्वरूप मानते हैं। पर वह निर्दोष नहीं है। प्रथम तो, वह अज्ञानरूप है और इसलिए वह अज्ञाननिवृत्तिरूप प्रमिति के प्रति करण-प्रमाण ही नहीं बन सकता है तब वह प्रत्यक्षका स्वरूप कैसे हो सकता है? दूसरे, सन्निकर्षको प्रत्यक्षका लक्षण माननेमें अव्याप्ति नामका दोष आता है; क्योंकि चक्षुरिन्द्रिय बिना सन्निकर्षके ही रूपादिका ज्ञान कराती है। यहाँ यह कहना भी ठीक नहीं है कि चक्षुरिन्द्रिय अर्थको प्राप्त करके रूपज्ञान कराती है। कारण, चक्षुरिन्द्रिय दूर स्थित होकर ही पदार्थज्ञान कराती हुई प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे प्रतीत होती है। तीसरे आप्तमें प्रत्यक्ष-ज्ञानके अभावका प्रसङ्ग आता है, क्योंकि आप्तके इन्द्रिय या इन्द्रियार्थ-सन्निकर्षपूर्वक ज्ञान नहीं होता। अन्यथा सर्वज्ञता नहीं बन सकती है। कारण, सूक्ष्मादि पदार्थोंमें इन्द्रियार्थसन्निकर्ष सम्भव नहीं है[1]। अतः सन्निकर्ष अव्याप्त होने तथा अज्ञानात्मक होनेसे प्रत्यक्षका लक्षण नहीं हो सकता है।

११. सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष—

इन्द्रिय और अनिन्द्रिय जन्य ज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष माना गया है। [2]सांव्यवहारिक उसे इसलिए कहते हैं कि लोकमें दूसरे दर्शनकार इन्द्रिय और मन सापेक्ष ज्ञानको प्रत्यक्ष कहते हैं। वास्तवमें तो जो ज्ञान परनिरपेक्ष एवं आत्ममात्र सापेक्ष तथा पूर्ण निर्मल है वही ज्ञान प्रत्यक्ष है। अतः लोकव्यवहारको समन्वय करनेकी दृष्टिसे अक्षजन्य ज्ञानको भी प्रत्यक्ष कहनेमें कोई अनौचित्य नहीं है। सिद्धान्तकी भाषामें तो उसे

---

१ सर्वार्थसि० १-१२। तथा न्यायविनिश्चय का० १६७।

२ "सांव्यवहारिकं इन्द्रियानिन्द्रियप्रत्यक्षम्—लघी० स्वो०का० ४।

परोक्ष ही कहा गया है। जैनदर्शनमें संव्याहारिक प्रत्यक्षके जो मतिज्ञान-रूप है, भेद और प्रभेद सब मिलकर ३३६ बताये गए हैं। जिन्हें एक नक्शेके द्वारा पहले बता दिया गया है।

१२. मुख्य प्रत्यक्ष—

दार्शनिक जगतमें प्रायः सभीने एक ऐसे प्रत्यक्षको स्वीकार किया है, जो लौकिक प्रत्यक्षसे भिन्न है और जिसे अलौकिक प्रत्यक्ष[1], योगि-प्रत्यक्ष[2] या योगिज्ञानके नामसे कहा गया है। यद्यपि किसी किसीने इस प्रत्यक्षमें मनकी अपेक्षा भी वर्णित की है तथापि योगजधर्मका प्राबल्य होनेके कारण उसे अलौकिक ही कहा गया है। कुछ हो हो, यह अवश्य है कि आत्मामें एक अतीन्द्रिय ज्ञान भी सम्भव है। जैनदर्शनमें ऐसे ही आत्ममात्र सापेक्ष साक्षात्मक अतीन्द्रिय ज्ञानको मुख्य प्रत्यक्ष या पारमार्थिक प्रत्यक्ष माना गया है और जिस प्रकार दूसरे दर्शनोंमें अलौकिक प्रत्यक्षके भी परिनिष्ठज्ञान, तारक, कैवल्य या मुक्त, युञ्जान आदिरूपसे भेद पाये जाते हैं उसी प्रकार जैनदर्शनमें भी विकल, सकल अथवा अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान रूपसे मुख्यप्रत्यक्षके भी भेद वर्णित किये गये हैं। विशेष यह कि नैयायिक और वैशेषिक प्रत्यक्षज्ञानको अतीन्द्रिय मानकर भी उसका अस्तित्व केवल नित्य-ज्ञानाधिकरण ईश्वरमें ही बतलाते हैं। पर जैनदर्शन प्रत्येक आत्मामें उसका सम्भव प्रतिपादन करता है और उसे विशिष्ट आत्मशुद्धिसे पैदा होनेवाला बतलाता है। आ० धर्मभूषणने भी अनेक युक्तियोंके साथ ऐसे ज्ञानका उपपादन एवं समर्थन किया है।

१२. सर्वज्ञता—

भारतीय दर्शनशास्त्रोंमें सर्वज्ञतापर बहुत ही व्यापक और विस्तृत

---

१ "एवं प्रत्यक्षं लौकिकालौकिकभेदेन द्विविधम्।"—सिद्धान्तमु० पृ० ४७।
२ "भूतार्थभावनाप्रकर्षपर्यन्तजं योगिप्रत्यक्षम्।"—न्यायबिन्दु पृ० २०।

विचार किया गया है। चार्वाक और मीमांसक ये दो ही दर्शन ऐसे हैं जो सर्वज्ञता का निषेध करते हैं। शेष सभी न्याय-वैशेषिक, योग-सांख्य, वेदान्त, बौद्ध और जैन दर्शन सर्वज्ञताका स्पष्ट विधान करते हैं। चार्वाक इन्द्रियगोचर, भौतिक पदार्थोंका ही अस्तित्व स्वीकार करते हैं, उनके मतमें परलोक, पुण्यपाप आदि अतीन्द्रिय पदार्थ नहीं हैं। भूतचैतन्यके अलावा कोई नित्य अतीन्द्रिय आत्मा भी नहीं है। अतः चार्वाक दर्शनमें अतीन्द्रियार्थदर्शी सर्वज्ञ आत्माका सम्भव नहीं है। मीमांसक परलोक, पुण्य-पाप, नित्य आत्मा आदि अतीन्द्रिय पदार्थोंको मानते अवश्य हैं पर उनका कहना है कि धर्माधर्मादि अतीन्द्रिय पदार्थों का ज्ञान वेदके द्वारा ही हो सकता है[1]। पुरुष तो रागादिदोषोंसे युक्त हैं। चूँकि रागादिदोष स्वाभाविक हैं और इसलिए वे आत्मा से कभी नहीं छूट सकते हैं। अतएव रागादि दोषोंके सर्वदा बने रहनेके कारण प्रत्यक्षसे धर्माधर्मादि अतीन्द्रिय पदार्थोंका यथार्थ ज्ञान होना सर्वथा असम्भव है। न्याय-वैशेषिक ईश्वरमें सर्वज्ञत्व माननेके अतिरिक्त दूसरे योगी आत्माओंमें भी स्वीकार करते हैं[2]। परन्तु उनका वह सर्वज्ञत्व मोक्ष-प्राप्तिके बाद नष्ट हो जाता है। क्योंकि वह योगजन्य होनेसे अनित्य है। हाँ, ईश्वरका सर्वज्ञत्व नित्य एवं शाश्वत है। प्रायः यही मान्यता सांख्य, योग और वेदान्तकी है। इतनी विशेषता है कि वे आत्मामें सर्वज्ञत्व न मानकर बुद्धितत्त्वमें ही सर्वज्ञत्व मानते हैं जो मुक्त अवस्था में छूट जाता है।

---

१ "चोदना हि भूतं भवन्तं भविष्यन्तं सूक्ष्मं व्यवहितं विप्रकृष्टमित्येवं जातीयकमर्थमवगमयितुमलम्, नान्यत् किञ्चनेन्द्रियम्।"—शाबरभा० १–१–२। २ "अस्मद्विशिष्टानां तु योगिनां युक्तानां योगजधर्मानुगृहीतेन मनसा स्वात्मान्तराकाशदिक्कालपरमाण्वायुमनस्सु तत्समवेतगुणकर्मसामान्यविशेषेषु समवाये चावितथं स्वरूपदर्शनमुत्पद्यते। वियुक्तानां पुनः···।"—प्रशस्तपा० भा० पृ० १८७।

मीमांसक दर्शन[1] जहाँ केवल धर्मज्ञताका निषेध करता है और सर्वज्ञताके मानमें इष्टापत्ति प्रकट करता है वहाँ बौद्धदर्शनमें[2] सर्वज्ञताको अनुपयोगी बतलाकर धर्मज्ञता को प्रश्रय दिया गया है। यद्यपि शान्तरक्षित[3] प्रभृति बौद्ध तार्किकों ने सर्वज्ञताका भी साधन किया है। पर वह गौण है[4]। मुख्यतया बौद्धदर्शन धर्मज्ञवादी ही प्रतीत होता है।

जैनदर्शनमें आगमग्रन्थों और तर्कग्रन्थोंमें सर्वत्र धर्मज्ञ और सर्वज्ञ दोनोंका ही प्रारम्भसे प्रतिपादन एवं प्रबल समर्थन किया गया है[5]। षट्खण्डागमसूत्रोंमें[6] सर्वज्ञत्व और धर्मज्ञत्वका स्पष्टतः समर्थन मिलता है। आ० कुन्दकुन्दने[7] प्रवचनसारमें विस्तृतरूपसे सर्वज्ञताकी सिद्धि की है। उत्तरवर्ती समन्तभद्र, सिद्धसेन, अकलङ्क, हरिभद्र, विद्यानन्द प्रभृति जैन तार्किकोंने धर्मज्ञत्वको सर्वज्ञत्वके भीतरही गर्भित करके सर्वज्ञत्व पर महत्त्वपूर्ण प्रकरण लिखे हैं। समन्तभद्रकी आप्तमीमांसाको तो अकलङ्कदेवने[8] 'सर्वज्ञविशेषपरीक्षा' कहा है। कुछ भी हो, सर्वज्ञताके

---

१ "धर्मज्ञत्वनिषेधस्तु केवलोऽत्रोपयुज्यते सर्वमन्यद्विजानंस्तु पुरुषः केन वार्यते ॥"—तत्त्वसं० का० ३१२८। तत्त्वसंग्रहमें यह श्लोक कुमारिलके नामसे उद्धृत हुआ है। २ "तस्मादनुष्ठानगतं ज्ञानमस्य विचार्यताम्। कीटसंख्यापरिज्ञाने तस्य नः क्वोपयुज्यते ॥ हेयोपादेयतत्त्वस्य साभ्युपायस्य वेदकः। यः प्रमाणमसाविष्टो न तु सर्वस्य वेदकः ॥"—प्रमाणवा० २–३१, ३२। ३ "स्वर्गापवर्गसम्प्राप्तिहेतुर्ज्ञोऽस्तीति गम्यते। साक्षात्र केवलं किन्तु सर्वज्ञोऽपि प्रतीयते।"—तत्त्वसं० का ३३०९। ४ "मुख्यं हि तावत् स्वर्गमोक्षसम्प्रापकहेतुज्ञत्वसाधनं भगवतोऽस्माभिः क्रियते। यत्पुनः अशेषार्थपरिज्ञातृत्वसाधनमस्य तत् प्रासङ्गिकम्।"—तत्त्वसं० पं० पृ० ८३३। ५ "सव्वलोए सव्वजीवे सव्वभावे सव्वं समं जाणदि पस्सदि···"—खट्खं० पयडिअणु० सू० ७८। ६ देखो, प्रवचनसार, ज्ञानमीमांसा। ७ देखो, अष्टश० का० ११४।

सम्बन्धमें जितना अधिक विस्तार जैनदर्शनने किया है और भारतीयदर्शन-शास्त्रको तत्सम्बन्धी विपुल साहित्यसे समृद्ध बनाया है उतना अन्य दूसरे दर्शनने शायद ही किया हो।

अकलङ्कदेवने[1] सर्वज्ञत्वके साधनमें अनेक युक्तियोंके साथ एक युक्ति बड़े मार्केकी कही है वह यह कि सर्वज्ञके सद्भावमें कोई बाधक प्रमाण नहीं है इसलिए उसका अस्तित्व होना ही चाहिए। उन्होंने जो भी बाधक हो सकते हैं उन सबका सुन्दर ढङ्गसे निराकरण भी किया है। एक दूसरी महत्त्वपूर्ण युक्ति उन्होंने यह दी है[2] कि 'आत्मा 'ज्ञ'—ज्ञाता है और उसके ज्ञानस्वभावको ढकनेवाले आवरण दूर होते हैं। अतः आवरणोंके विच्छिन्न हो जानेपर ज्ञस्वभाव आत्माके लिए फिर ज्ञेय—जानने योग्य क्या रह जाता है? अर्थात् कुछभी नहीं। अप्राप्यकारी ज्ञानसे सकलार्थपरिज्ञान होना अवश्यम्भावी है? इन्द्रियाँ और मन सकलार्थपरिज्ञानमें साधक न होकर बाधक हैं वे जहाँ नहीं हैं और आवरणोंका पूर्णतः अभाव है वहाँ त्रैकालिक और त्रिलोकवर्ती यावत् पदार्थोंका साक्षात् ज्ञान होनेमें कोई बाधा नहीं है। वीरसेनस्वामी[3] और आचार्य विद्यानन्दने[4] भी इसी आशयके एक महत्त्वपूर्ण श्लोकको[5] उद्धृत करके ज्ञस्वभाव आत्मामें सर्वज्ञताका उपपादन किया है जो वस्तुतः अकेला ही सर्वज्ञताको सिद्ध करनेमें समर्थ एवं पर्याप्त है। इस तरह हम देखते हैं कि जैनपरम्परामें

---

१ देखो, अष्टश० का० ३।

२ "ज्ञस्यावरणविच्छेदे ज्ञेयं किमवशिष्यते।
अप्राप्यकारिणस्तस्मात् सर्वार्थावलोकनम्॥"—न्यायवि० का० ४६५। तथा देखो, का० ३६१, ३६२। ३ देखो, जयधवला प्र० भा० पृ० ६६। ४ देखो, अष्टस० पृ० ५०।

५ 'ज्ञो ज्ञेये कथमज्ञः स्यादसति प्रतिबन्धने।
दाह्येऽग्निर्दाहको न स्यादसति प्रतिबन्धने॥"

मुख्य और निरुपाधिक एवं निरवधि सर्वज्ञता मानी गई है। वह सांख्य-योगादिकी तरह जीवन्मुक्त अवस्था तक ही सीमित नहीं रहती, मुक्त अवस्थामें भी अन्तकाल तक बनी रहती है। क्योंकि ज्ञान आत्माका मूलभूत निजी स्वभाव है और सर्वज्ञता आवरणाभावमें उसीका विकसित पूर्णरूप है। इतरदर्शनोंकी तरह वह न तो मात्र आत्ममनः संयोगादि जन्य है और न योगजविभूति ही है। आ० धर्मभूषणने स्वामी समन्तभद्रकी सरणिसे सर्वज्ञताका साधन किया है और उन्हींकी सर्वज्ञत्वसाधिका कारिकाओंका स्फुट विवरण किया है। प्रथम तो सामान्य सर्वज्ञका समर्थन किया है। पीछे 'निर्दोषत्व' हेतुके द्वारा अरहन्त जिनको ही सर्वज्ञ सिद्ध किया है।

१४. परोक्ष--

जैनदर्शनमें प्रमाणका दूसरा भेद परोक्ष है। यद्यपि बौद्धोंने[1] परोक्ष शब्दका प्रयोग अनुमानके विषयभूत अर्थमें किया है। क्योंकि उन्होंने दो प्रकारका अर्थ माना है—१ प्रत्यक्ष और परोक्ष। प्रत्यक्ष तो साक्षात्क्रियमाण है और परोक्ष उससे भिन्न है तथापि जैन परम्परामें[2] 'परोक्ष' शब्दका प्रयोग प्राचीन समयसे परोक्ष ज्ञानमें ही होता चला आ रहा है। दूसरे प्रत्यक्षता और परोक्षता वस्तुतः ज्ञाननिष्ठ धर्म है। ज्ञानको प्रत्यक्ष एवं परोक्ष होने से अर्थभी उपचारसे प्रत्यक्ष और परोक्ष कहा जाता है। यह अवश्य है कि जैन दर्शनके इस 'परोक्ष' शब्द का व्यवहार और उसकी परिभाषा दूसरों को कुछ विलक्षण-सी मालूम होगी परन्तु

---

१ "द्विविधो अर्थः प्रत्यक्षः परोक्षश्च। तत्र प्रत्यक्षविषयः साक्षात्क्रियमाणः प्रत्यक्षः। परोक्षः पुनरसाक्षात्परिच्छिद्यमानोऽनुमेयत्वादनुमानविषयः।"—**प्रमाणप०** पृ० ६५। **न्यायबि० तात्प०** पृ० १५८।

२ "जं परदो विण्णाणं तं तु परोक्खं त्ति भणिदमत्थेसु।
जदि केवलेण णादं हवदि हि जीवेण पच्चक्खं॥"—**प्रवचनसा०गा०** ५८।

वह इतनी सुनिश्चित और वस्तुस्पर्शी है कि शब्द को तोड़े मरोड़े बिना ही सहजमें आर्थिक बोध हो जाता है। परोक्षकी जैनदर्शनसम्मत परिभाषा विलक्षण इसलिए मालूम होगी कि लोकमें इन्द्रियव्यापार रहित ज्ञानको परोक्ष कहा गया है[1]। जबकि जैनदर्शनमें इन्द्रियादि परकी अपेक्षासे होने वाले ज्ञानको परोक्ष कहा है[2]। वास्तवमें 'परोक्ष' शब्दसे भी यही अर्थ ध्वनित होता है। इस परिभाषाको ही केन्द्र बनाकर अकलङ्कदेवने परोक्ष की एक दूसरी परिभाषा रची है। उन्होंने अविशद ज्ञानको परोक्ष कहा है[3]। जान पड़ता है कि अकलङ्कदेवका यह प्रयत्न सिद्धान्त मतका लोकके साथ समन्वय करनेकी दृष्टिसे हुआ है। बादमें तो अकलङ्कदेवकृत यह परोक्ष-लक्षण जैनपरम्परामें इतना प्रतिष्ठित हुआ है कि उत्तरवर्ती सभी जैन तार्किकोंने[4] उसे अपनाया है। यद्यपि सबकी दृष्टि परोक्षको परापेक्ष माननेकी ही रही है।

आ. कुन्दकुन्दने[5] परोक्षका लक्षण तो कर दिया था, परन्तु उसके भेदोंका कोई निर्देश नहीं किया था। उनके पश्चाद्वर्ती आ० उमास्वातिने परोक्षके भेदोंको भी स्पष्टतया सूचित कर दिया और मतिज्ञान तथा श्रुत-ज्ञान ये दो भेद बतलाये। मतिज्ञानके भी मति, स्मृति, संज्ञा, चिन्ता और अभिनिबोध ये पर्याय नाम कहे। चूंकि मति मतिज्ञान सामान्यरूप है। अतः मतिज्ञानके चार भेद हैं। इनमें श्रुतको और मिला देनेपर परोक्षके फलतः उन्होंने पाँचभी भेद सूचित कर दिए और पूज्यपादने उपमानादिक के प्रमाणान्तरत्वका निराकरण करते हुए उन्हें परोक्षमें ही अन्तर्भाव हो जानेका संकेत कर दिया। लेकिन परोक्षके पाँच भेदोंकी सिलसिलेवार

---

१ देखो, सर्वार्थसि० १–१२। २ सर्वार्थसि० १–११। ३ "ज्ञान-स्यैव विशदनिर्भासिनः प्रत्यक्षत्वम्, इतरस्य परोक्षता।"—लघीय० स्वो० का० ३। ४ परीक्षामु० २–१, प्रमाणपरी० पृ० ६६। ५ प्रवचन-सा० १-५८।

व्यवस्था सर्वप्रथम अकलङ्कदेवने की है[1]। इसके बाद माणिक्यनन्दि आदि ने परोक्षके पाँच ही भेद गणित किये हैं। हाँ, आचार्य वादिराजने[2] अवश्य परोक्षके अनुमान और आगम ये दो भेद बतलाये हैं। पर इन दो भेदोंकी परम्परा उन्हीं तक सीमित रही है, आगे नहीं चली, क्योंकि उत्तरकालीन किसीभी ग्रन्थकारने उसे नहीं अपनाया। कुछ भी हो, स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम इन्हें सभीने निर्विवाद परोक्ष-प्रमाण स्वीकार किया है। अभिनव धर्मभूषणने भी इन्हीं पाँच भेदोंका कथन किया है।

१५. स्मृति—

यद्यपि अनुभूतार्थविषयक ज्ञानके रूपमें स्मृतिको सभी दर्शनोंने स्वीकार किया है। पर जैनदर्शनके सिवाय उसे प्रमाण कोई नहीं मानते हैं। साधारणतया सबका कहना यही है कि स्मृति अनुभव के द्वारा गृहीत विषयमें ही प्रवृत्त होती है, इसलिए गृहीतग्राही होनेसे वह प्रमाण नहीं है[3]। न्याय-वैशेषिक, मीमांसक और बौद्ध सबका प्रायः यही अभिप्राय है। जैनदार्शनिकोंका कहना है कि प्रामाण्यमें प्रयोजक अविसंवाद है। जिस प्रकार प्रत्यक्षसे जाने हुए अर्थमें विसंवाद न होनेसे वह प्रमाण माना जाता है उसी प्रकार स्मृति से जाने हुए अर्थमें भी कोई विसंवाद नहीं होता और जहां होता है वह स्मृत्याभास है[4]। अतः स्मृति प्रमाणही होना

---

१ लघीय० का० १० और प्रमाणसं० का २। २ "तच्च (परोक्षं) द्विविधमनुमानमागमश्चेति। अनुमानमपि द्विविधं गौणमुख्यविकल्पात्। तत्र गौणमनुमानं त्रिविधम्, स्मरणम्, प्रत्यभिज्ञा, तर्कश्चेति.....।"—प्रमाणनि० पृ० ३३। ३ "सर्वे प्रमाणादयोऽनधिगतमर्थं समान्यतः प्रकारतो वाऽधिगमयन्ति, स्मृतिः पुनर्न पूर्वानुभवमर्यादामतिक्रामति, तद्विषया तदूनविषया वा न तु तदधिकविषया, सोऽयं वृत्त्यन्तराद्विशेषः स्मृतेरिति विभृशति।"—तत्त्वसंग्रा० १–११। ४ देखो, प्रमाणपरीक्षा पृ० ६६।

चाहिए। दूसरे, विस्मरणादिरूप समारोपका वह व्यवच्छेद करती है इसलिए भी वह प्रमाण है। तीसरे अनुभव तो वर्तमान अर्थको ही विषय करता है और स्मृति अतीत अर्थको विषय करती है। अतः स्मृति कथंचिद् अगृहीतग्राही होनेसे प्रमाण ही है।

१६. प्रत्यभिज्ञान—

पूर्वोत्तरविवर्तवर्ती वस्तुको विषय करनेवाले प्रत्ययको प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। प्रत्यवमर्श, संज्ञा और प्रत्यभिज्ञा ये उसीके पर्याय नाम हैं। बौद्ध चूंकि क्षणिकवादी हैं इसलिए वे उसे प्रमाण नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि पूर्व और उत्तर अवस्थाओंमें रहनेवाला जब कोई एकत्व है नहीं तब उसको विषय करनेवाला एक ज्ञान कैसे हो सकता है? अतः 'यह वही है' यह ज्ञान सादृश्यविषयक है। अथवा प्रत्यक्ष और स्मरणरूप दो ज्ञानोंका समुच्चय है[1]। 'यह' अंशको विषय करनेवाला ज्ञान तो प्रत्यक्ष है और 'वह' अंशको ग्रहण करनेवाला ज्ञानस्मरण है, इस तरह वे दो ज्ञान हैं। अतएव यदि एकत्वविषयक ज्ञान हो भी तो वह भ्रान्त है—अप्रमाण है। इसके विपरीत न्याय-वैशेषिक और मीमांसक जो कि स्थिरवादी हैं, एकत्व विषयक ज्ञानको प्रत्यभिज्ञानात्मक प्रमाण तो मानते हैं। पर वे उस ज्ञानको स्वतंत्र प्रमाण न मानकर प्रत्यक्ष प्रमाण स्वीकार करते हैं[2]। जैनदर्शनका मन्तव्य है[3] कि प्रत्यभिज्ञान न तो बौद्धोंकी तरह अप्रमाण

---

१ "ननु च तदेवेत्यतीतप्रतिभासस्य स्मरणरूपत्वात्, इदमिति संवेदनस्य प्रत्यक्षरूपत्वात् संवेदनद्वितयमेवैतत् तादृशमेवेदमिति स्मरणप्रत्यक्षसंवेदनद्वितयवत्। ततो नैकंज्ञानं प्रत्यभिज्ञाख्यं प्रतिपद्यमानं सम्भवति।" —प्रमाणप० पृ० ६६। २ देखो, न्यायदी० पृ० ५८का फुटनोट। ३ "स्मरणप्रत्यक्षजन्यस्य पूर्वोत्तरविवर्तवर्त्येकद्रव्यविषयस्य प्रत्यभिज्ञानस्यैकस्य सुप्रतीतत्वात्। न हि तदिति स्मरणं तथाविधद्रव्यव्यवसायात्मकं तस्यातीत

है और न न्याय-वैशेषिक आदिकी तरह प्रत्यक्ष प्रमाण ही है। किन्तु वह प्रत्यक्ष और स्मरणके अनन्तर उत्पन्न होनेवाला और पूर्व तथा उत्तर पर्यायोंमें रहनेवाले वास्तविक एकत्व, सादृश्य आदिको विषय करनेवाला स्वतन्त्र ही परोक्ष-प्रमाणविशेष है। प्रत्यक्ष तो मात्र वर्त्तमान पर्यायको ही विषय करता है और स्मरण अतीत पर्यायको ग्रहण करता है। अतः उभयपर्यायवर्ती एकत्वादिकको जाननेवाला संकलनात्मक (जोड़रूप) प्रत्यभिज्ञान नामका जुदा ही प्रमाण है। यदि पूर्वोत्तरपर्यायव्यापी एकत्वका अपलाप किया जावेगा तो कहीं भी एकत्वका प्रत्यय न होनेसे एक सन्तानकी भी सिद्धि नहीं हो सकेगी। अतः प्रत्यभिज्ञानका विषय एकत्वादिक वास्तविक होनेसे वह प्रमाण ही है—अप्रमाण नहीं। और विशद् प्रतिभास न होनेसे उसे प्रत्यक्ष प्रमाण भी नहीं कहा जासकता है। किन्तु स्पष्ट प्रतीति होनेसे वह परोक्ष प्रमाणका प्रत्यभिज्ञान नामक भेद-विशेष है। इसके एकत्वप्रत्यभिज्ञान, सादृश्यप्रत्यभिज्ञान, वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान आदि अनेक भेद जैनदर्शनमें माने गये हैं। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि आचार्य विद्यानन्दने[1] प्रत्यभिज्ञानके एकत्वप्रत्यभिज्ञान और सादृश्यप्रत्यभिज्ञान ये दो ही भेद बतलाये हैं। लेकिन दूसरे सभी जैनतार्किकोंने उल्लिखित अनेक—तीन अधिक भेद गिनाये हैं। इसे एक मान्यताभेद ही कहा जासकता है। धर्मभूषणने एकत्व, सादृश्य और वैसादृश्य विषयक तीन प्रत्यभिज्ञानोंको उदाहरणद्वारा कण्ठोक्त कहा है

विवर्त्तमात्रगोचरत्वात्। नापीदमिति संवेदनं तस्य वर्त्तमानविवर्त्तमात्रविषयत्वात्। साम्यामुपजन्यं तु संकलनज्ञानं तदनुवादपुरस्सरं द्रव्यं प्रत्यवमृशत् ततोऽन्यदेव प्रत्यभिज्ञानमेकत्वविषयं तदपह्नवे क्वचिदेकान्वयाव्यवस्थानात् सन्तानैकत्वसिद्धिरपि न स्यात्।"—**प्रमाणप०** पृ० ६९, ७०।

१ देखो, **तत्त्वार्थश्लो०** पृ० १९०, **अष्टस०** पृ० २७९, **प्रमाणपरी०** पृ० ६९।

और यथाप्रतीति अन्य प्रत्यभिज्ञानोंको भी स्वयं जाननेकी सूचना की है। इससे यह मालूम होता है कि प्रत्यभिज्ञानोंकी दो या तीन आदि कोई निश्चित संख्या नहीं है। अकलङ्कदेव[1], माणिक्यनन्दि[2] और लघु अनन्तवीर्यने[3] प्रत्यभिज्ञानके बहुभेदोंकी ओर स्पष्टतया संकेत भी किया है। इस उपर्युक्त विवेचनसे यही फलित होता है कि दर्शन और स्मरणसे उत्पन्न होनेवाले जितने भी संकलनात्मक ज्ञान हों वे सब प्रत्यभिज्ञान प्रमाण समझना चाहिए। भले ही वे एकसे अधिक क्यों न हों, उन सबका प्रत्यभिज्ञानमें ही अन्तर्भाव हो जाता है। यही कारण है कि नैयायिक जिस सादृश्यविषयक ज्ञानको उपमान नामका अलग प्रमाण मानता है वह जैनदर्शनमें सादृश्यप्रत्यभिज्ञान है। उपमानको पृथक् प्रमाण माननेकी हालतमें वैसादृश्य, प्रतियोगित्व, दूरत्व आदि विषयक ज्ञानों को भी उसे पृथक् प्रमाण माननेका आपादन किया गया है[4]। परन्तु जैनदर्शनमें इन सबको संकलनात्मक होनेसे प्रत्यभिज्ञानमें ही अन्तर्भाव कर लिया है।

१७. तर्क—

सामान्यतया विचारविशेषका नाम तर्क है। उसे चिन्ता, ऊहा, ऊहापोह आदि भी कहते हैं। इसे प्रायः सभी दर्शनकारोंने माना है। न्यायदर्शनमें[5] वह एक पदार्थान्तररूपसे स्वीकृत किया गया है। तर्कके प्रामाण्य और अप्रामाण्यके सम्बन्धमें न्यायदर्शनका[6] अभिमत है कि तर्क न तो प्रमाणचतु-

---

१ देखो, लघीय० का २१। २ परीक्षामु० ३-५-१०।

३ प्रमेयर० ३-१०।

४ "उपमानं प्रसिद्धार्थसाधर्म्यात् साध्यसाधनम्।
यदि किञ्चविशेषेण प्रमाणान्तरमिष्यते॥
प्रमितोऽर्थः प्रमाणानां बहुभेदः प्रसज्यते।"—न्यायवि० का० ४७२। तथा का० १९,२०। ५ देखो न्यायसूत्र १-१-१। ६ "तर्को न प्रमाणसंग्रहीतो न प्रमाणान्तरमपरिच्छेदकत्वात्·····प्रमाणविषयविभागात्तु

टयके अन्तर्गत कोई प्रमाण है और न प्रमाणान्तर है क्योंकि वह अपरिच्छेदक है। किन्तु परिच्छेदकप्रमाणोंके विषयका विभाजक—युक्तायुक्त विचारक होनेसे उनका यह अनुग्राहक—सहकारी है। तात्पर्य यह कि प्रमाणसे जाना हुआ पदार्थ तर्कके द्वारा पुष्ट होता है। प्रमाण जहाँ पदार्थोंको जानते हैं वहाँ तर्क उनका पोषण करके उनकी प्रमाणताके स्थितीकारणमें सहायता पहुँचाता है[1]। हम देखते हैं कि न्यायदर्शनमें तर्कको प्रारम्भमें सभी प्रमाणोंके सहायकरूपसे माना गया है। किन्तु पीछे उदयनाचार्य[2] वर्द्धमानोपाध्याय[3] आदि पिछले नैयायिकोंने विशेषतः अनुमान प्रमाणमें ही व्यभिचारशङ्काके निवर्तक और परम्परया व्याप्ति-

---

प्रमाणानामनुग्राहकः। यः प्रमाणानां विषयस्तं विभजते। कः पुनर्विभागः? युक्तायुक्तविचारः। इदं युक्तमिदमयुक्तमिति। यत्तत्र युक्तं भवति तदनुजानाति नत्ववधारयति। अनवधारणात् प्रमाणान्तरं न भवति।"—न्यायवा० पृ० १७।

१ "तर्कः प्रमाणसहायो न प्रमाणमिति प्रत्यक्षसिद्धत्वात्।"—न्यायवा० ता० परिशु०पृ० ३२७। "तथापि तर्कस्यारोपिताव्यवस्थितसत्त्वौपाधिकसत्त्वविषयत्वेनानिश्चायकतया प्रमारूपत्वाभावात्। तथा च संशयात्प्रच्युतो निर्णयं चाप्राप्तः तर्कं इत्याहुः अन्यत्राचार्याः। संशयो हि दोलायितानेककोटिकः। तर्कस्तु नियतां कोटिमालम्बते।"—तात्पर्यपरिशु० पृ० ३२६। २ "अनभिमतकोटावनिष्टप्रसंगेनानियतकोटिसंशयादिनिवृत्तिरूपोऽनुमितिविषयविभागस्तर्केण क्रियते।"—तात्पर्यपरिशु० पृ० ३२५। "तर्कः शङ्कावधिर्मतः।...यावदाशङ्कं तर्कप्रवृत्तेः। तेन हि वर्त्तमानेसोपाधिकोटौ तदायत्तव्यभिचारकोटौ वाऽनिष्टमुपनयतेच्छा विच्छिद्यते। विच्छिन्नविपक्षेच्छश्च प्रमाता भूयोदर्शनोपलब्धसाहचर्य लिङ्गमनाकुलोऽधितिष्ठति।"—न्यायकु० ३-७। ३ "तर्कसहकृतभूयोदर्शनजसंस्कारसचिवप्रमाणेन व्याप्तिर्गृह्यते।"—न्यायकुसु० प्रकाश० ३-७।

ग्राहकरूपसे तर्कको स्वीकार किया है। तथा व्याप्तिमें ही तर्कका उपयोग बतलाया है[1]। विश्वनाथ पञ्चाननका कहना है[2] कि हेतुमें अप्रयोजकत्वादिकी शङ्काकी निवृत्तिके लिए तर्क अपेक्षित होता है। जहाँ हेतुमें अप्रयोजकत्वादिकी शङ्का नहीं होती है वहाँ तर्क अपेक्षित भी नहीं होता है। तर्कसंग्रहकार अन्नम्भट्ट[3] तो तर्कको अयथार्थानुभव (अप्रमाण) ही बतलाया है। इस तरह न्यायदर्शनमें तर्कको मान्यता अनेक तरह की है पर उसे प्रमाणरूपमें किसीने भी स्वीकार नहीं किया। बौद्ध तर्कको व्याप्तिग्राहक मानते तो हैं पर उसे प्रत्यक्षपृष्ठभावी विकल्प कहकर अप्रमाण स्वीकार करते हैं। मीमांसक[4] ऊहके नामसे तर्कको प्रमाण मानते हैं।

है[1]। श्रीमान् पं० नाथूरामजी प्रेमीके शब्दोंमें यह 'पहला जैन व्याकरण' है। इस ग्रंथकी जैनपरम्परामें बहुत प्रतिष्ठा रही है। भट्टाकलङ्कदेव आदि अनेक बड़े बड़े आचार्योंने अपने ग्रन्थोंमें इसके सूत्रोंका बहुत उपयोग किया है। महाकवि धनञ्जय (नाममालाके कर्ता) ने तो इसे 'अपश्चिम रत्न' (बेजोड़ रत्न) कहा है[2]। इस ग्रन्थपर अनेक टीकाएँ लिखी गई हैं। इस समय केवल निम्न चार टीकाएँ उपलब्ध हैं :—१ अभयनन्दिकृत महावृत्ति, २ प्रभाचन्द्रकृत शब्दाम्भोजभास्कर, ३ आर्य श्रुतिकीर्तिकृत पंचवस्तु प्रक्रिया और ४ पं० महाचन्द्रकृत लघुजैनेन्द्र। इस ग्रंथ के कर्ता आ० पूज्यपादका समय ईसाकी पाँचवी और विक्रमकी छठी शताब्दी माना जाता है। जैनेन्द्रव्याकरणके अतिरिक्त इनकी रची हुई—१ तत्त्वार्थवृत्ति (सर्वार्थसिद्धि), २ समाधितन्त्र, ३ इष्टोपदेश, ४ और दशभक्ति (संस्कृत) ये कृतियाँ उपलब्ध हैं। सारसंग्रह, शब्दावतारन्यास, जैनेन्द्रन्यास और वैद्यकका कोई ग्रंथ ये अनुपलब्ध रचनाएँ, है जिनके ग्रन्थों, शिलालेखों आदिमें उल्लेख मिलते हैं। अभिनव धर्मभूषणने न्यायदीपिका पृ० ११ पर इस ग्रंथके नामोल्लेखके विना और पृ० १३ पर नामोल्लेख करके दो सूत्र उद्धृत किये हैं।

आप्तमीमांसाविवरण—ग्रंथकारने न्यायदीपिका पृ० ११५ पर इस का नामोल्लेख किया है और उसे श्रीमदाचार्यपादका बतलाकर उसमें कपिलादिकोंकी आप्ताभासताको विस्तारसे जाननेकी प्रेरणा की है। यह आप्तमीमांसाविवरण आप्तमीमांसापर लिखीगई अकलङ्कदेवकी 'अष्टशती' नामक विवृत्ति और आचार्य विद्यानन्दरचित आप्तमीमांसालंकृति—'अष्ट-

---

२ इस ग्रन्थ और ग्रन्थकारके विशेष परिचयके लिये 'जैन साहित्य और इतिहासके देवनन्दि और उनका जैनेन्द्रव्याकरण' निबन्ध और सम्पादित जैनेन्द्रकी प्रस्तावना देखें। ३ "प्रमाणमकलङ्कस्य पूज्यपादस्य लक्षणं। धनञ्जयकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम्।"—नाममाला।

यह प्रत्येक विषयकी अन्तिम व्यवस्था अनेकान्तका आश्रय लेकर करताहै। तत्त्वार्थसूत्रकी समस्त टीकाओंमें राजवार्त्तिक प्रधान टीका है। या श्रीमान् पं० सुखलालजीके शब्दोंमें यों कह सकते हैं कि "राजवार्तिक गद्य, सरल और विस्तृत होनेसे तत्त्वार्थके संपूर्ण टीका ग्रन्थोंकी गरज अकेला ही पूरी करता है।" वस्तुतः जैनदर्शनका बहुविध एवं प्रामाणिक अभ्यास करनेके लिए केवल राजवार्त्तिकका अध्ययन पर्याप्त है। न्यायदीपिकाकारने न्या० दी० पृ० ३१ और ३५ पर राजवार्त्तिकका तथा पृ० ६ और ३२ पर उनके भाष्यका जुदा जुदा नामोल्लेख करके कुछ वाक्य उद्धृत किये हैं।

न्यायविनिश्चय—यह अकलङ्कदेवकी उपलब्ध दार्शनिक कृतियोंमें अन्यतम कृति है। इसमें तीन प्रस्ताव (परिच्छेद) है और तीनों प्रस्तावोंको मिलाकर कुल ४८० कारिकाएँ हैं। पहला प्रत्यक्ष प्रस्ताव है जिसमें दर्शनान्तरीय प्रत्यक्षलक्षणोंकी आलोचनाके साथ जैनसम्मत प्रत्यक्ष-लक्षणका निरूपण किया गया है और प्रासंगिक कतिपय दूसरे विषयोंका भी विवेचन किया गया है। दूसरे अनुमान प्रस्तावमें अनुमानका सप्रपंच साधन, साधनाभास, साध्य, साध्याभास आदि अनुमानके परिकरका विवेचन है और तीसरे प्रस्तावमें प्रवचनका स्वरूप आदिका विशिष्ट निश्चय किया गया है। इस तरह इस न्यायविनिश्चयमें जैन-न्यायकी रूपरेखा बांधकर उसकी प्रस्थापना की गई है। यह ग्रन्थ भी अकलङ्कदेवके दूसरे ग्रंथोंकीही तरह दुर्बोध और गम्भीर है। इसपर आ० स्याद्वादविद्यापति वादिराजसूरिकी न्यायविनिश्चयविवरण अथवा न्याय-विनिश्चयालंकार नामकी वैदुष्यपूर्ण विशाल टीका है। अकलङ्कदेवकी भी इसपर स्वोपज्ञ विवृत्ति होनेकी सम्भावना की जाती है, क्योंकि लघीयस्त्रय और प्रमाणसंग्रहपर भी उनकी स्वोपज्ञ विवृतियाँ है। तथा कतिपय वैसे उल्लेख भी मिलते है। न्यायविनिश्चय मूल अकलङ्कग्रन्थत्रयमें मुद्रित हो चुका है। वादिराज सूरिकृत टीका अभी अमुद्रित है। आ० धर्मभूषणने इस ग्रन्थके नामोल्लेखके साथ न्यायदीपिका पृ० २४ पर

इसकी अर्थकारिका और पृष्ठ ७० एक पूरी कारिका उद्धृत की है।

परीक्षामुख—यह आचार्य माणिक्यनन्दिकी असाधारण और अपूर्व कृति है। तथा जैनन्यायका प्रथम सूत्रग्रन्थ है। यद्यपि अकलङ्कदेव जैन-न्यायकी प्रस्थापना कर चुके थे और अनेक महत्त्वपूर्ण स्फुट प्रकरण भी लिख चुके थे। परंतु गौतमके न्यायसूत्र, दिग्नागके न्यायप्रवेश, न्यायमुख आदिकी तरह जैनन्यायको सूत्रबद्ध करनेवाला 'न्यायसूत्र' ग्रन्थ जैन-परम्परामें अब तक नहीं बन पाया था। इस कमीकी पूर्तिको सर्वप्रथम आ०माणिक्यनन्दिने प्रस्तुत 'परीक्षामुख' लिखकर किया। माणिक्यनन्दि-की यह अकेली एक ही अमर रचना है, जो भारतीय न्यायसूत्रग्रन्थोंमें अपना विशिष्ट स्थान रखती है। यह अपूर्व ग्रन्थ संस्कृत भाषामें निबद्ध है। छह परिच्छेदोंमें विभक्त है और इसकी सूत्रसंख्या सब मिलाकर २०७ है। सूत्र बड़े सरल, सरस तथा नपे तुले हैं। साथमें गम्भीर, तलस्पर्शी और अर्थगौरवको लिए हुए हैं। आदि और अन्तमें दो पद्य हैं। अक-लंकदेवके द्वारा प्रस्थापित जैनन्यायको इसमें बहुत ही सुन्दर ढंगसे ग्रथित किया गया है। लघु अनन्तवीर्यने तो इसे अकलंकके वचनरूप समुद्र-को[1] मथकर निकाला गया 'न्यायविद्यामृत—न्यायविद्याका अमृत बतलाया है[2]'। इस ग्रन्थरत्नका महत्त्व इसीसे व्यापित हो जाता है कि इसपर अनेक महत्त्वपूर्ण टीकाएँ लिखी गई हैं। आ० प्रभाचन्द्रने १२ हजार श्लोकप्रमाण 'प्रमेयकमलमार्तण्ड' नामकी विशालकाय टीका

---

१ अकलङ्कके वचनोंसे 'परीक्षामुख' कैसे उद्धृत हुआ है, इसके लिए मेरा 'परीक्षामुखसूत्र और उसका उद्गम' शीर्षक लेख देखें। 'अनेकान्त' वर्ष ५ किरण ३-४ पृ० ११९-१२८।

२ "अकलङ्कवचोऽम्भोधेरुद्दध्रे येन धीमता।
न्यायविद्यामृतं तस्मै नमो माणिक्यनन्दिने॥" प्रमेयर० पृ० २।

लिखी है। इनके पीछे १२ वीं शताब्दीके विद्वान् लघु अनन्तवीर्यने प्रसन्न रचनाशैलीवाली 'प्रमेयरत्नमाला' टीका लिखी है। यह टीका है तो छोटी, पर इतनी विशद है कि पाठकको बिना कठिनाईके सहजमें ही अर्थबोध हो जाता है। इसकी शब्दरचनासे हेमचन्द्राचार्य भी प्रभावित हुए हैं और उन्होंने अपनी प्रमाणमीमांसामें शब्दशः तथा अर्थशः उसका अनुसरण किया है। न्यायदीपिकाकारने परीक्षामुखके अनेक सूत्रोंको नामनिर्देश और बिना नामनिर्देशके उद्धृत किया है। वस्तुतः आ० धर्मभूषणने इस सूत्र-ग्रन्थका खूब ही उपयोग किया है। न्यायदीपिकाके आधारभूत ग्रन्थोंमें परीक्षामुखका नाम लिया जा सकता है।

तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक और भाष्य—आ० उमास्वातिके तत्त्वार्थ-सूत्रपर कुमारिलके 'मीमांसाश्लोकवार्तिक' और धर्मकीर्तिके 'प्रमाण-वार्तिक' की तरह पद्यात्मक विद्यानन्दने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक रचा है और उसके पद्यवार्तिकोंपर उन्होंने स्वयं गद्यमें भाष्य लिखा है जो तत्त्वार्थश्लो-कवार्तिकभाष्य' और 'श्लोकवार्तिकभाष्य' इन नामोंसे कथित होता है। आचार्यप्रवर विद्यानन्दने इसमें अपनी दार्शनिक विद्याका पूरा ह० खजाना खोलकर रख दिया है और प्रत्येकको उसका आनन्दरसास्वाद लेने-के लिये निःस्वार्थ आमंत्रण दे रखा है श्लोकवार्तिकके एक सिरेसे दूसरे सिरे तक चले जाइये, सर्वत्र तार्किकता और गहन विचारणा समव्याप्त है। कहीं मीमांसादर्शनके नियोग भावनादिपर उनके सूक्ष्म एवं विशाल पाण्डि-त्यकी प्रखर किरणें अपना तीक्ष्ण प्रकाश डाल रही हैं तो कहीं न्यायदर्शन-के निग्रहस्थानादिरूप प्रगाढ तमको निष्कासित कर रही हैं और कहीं जै दर्शनकी हिममय चट्टानोंको पिघला पिघला कर दूर कर रही है। तरह श्लोकवार्तिकमें हमें विद्यानन्दके अनेकमुख पाण्डित्य और प्रज्ञताके दर्शन होते हैं। यही कारण है कि जैनतार्किकोंमें आचार्य नन्दका उन्नत स्थान है। श्लोकवार्तिक के अलावा विद्यानन्दमहोदय, अष्ट-सहस्री, प्रमाणपरीक्षा, पत्रपरीक्षा, आप्तपरीक्षा, सत्यशासनपरीक्षा और

युक्त्यनुशासनालङ्कार आदि दार्शनिक रचनाएँ उनकी बनाई हुई है। इनमें विद्यानन्दमहोदय, जो श्लोकवार्तिककी रचनासे भी पहलेकी[1] विशिष्ट रचना है और जिसके उल्लेख तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (पृ० २७२, ३८५) तथा अष्टसहस्री (पृ० २८९, २९०) में पाये जाते हैं, अनुपलब्ध है। शेषकी रचनाएँ उपलब्ध हैं और सत्यशासनपरीक्षाको छोड़कर मुद्रित भी हो चुकी हैं। आ० विद्यानन्द अकलङ्कदेवके उत्तरकालीन और प्रभाचन्द्राचार्यके पूर्ववर्ती है। अतः इनका अस्तित्व-समय नवमी शताब्दी माना जाता है[2]। अभिनव धर्मभूषणने न्यायदीपिकामें इनके श्लोकवार्तिक और भाष्यका कई जगह नामोल्लेख करके उनके वाक्योंको उद्धृत किया है।

प्रमाणपरीक्षा—विद्यानन्दकी ही यह अन्यतम कृति है। यह अकलङ्कदेवके प्रमाणसंग्रहादि प्रमाणविषयक प्रकरणोंका आश्रय लेकर रची गई है। यद्यपि इसमें परिच्छेद-भेद नहीं है तथापि प्रमाणमात्रको अपना प्रतिपाद्य विषय बनाकर उसका अच्छा निरूपण किया गया है। प्रमाणका सम्यग्ज्ञानत्व लक्षण करके उसके भेद, प्रभेदों, प्रमाणका विषय तथा फल और हेतुओंकी इसमें सुन्दर एवं विस्तृत चर्चा की गई है। हेतु-भेदोंके निदर्शक कुछ संग्रहश्लोकोंको तो उद्धृत भी किया है। जो पूर्ववर्ती किन्हीं जैनाचार्योंके ही प्रतीत होते हैं। विद्यानन्दने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक[3] और अष्टसहस्री[4] की तरह यहाँ[5] भी प्रत्यभिज्ञानके दो ही भेद गिनाये हैं। जबकि अक-

---

१ पूर्ववर्तित्वके लिए 'तत्त्वार्थसूत्रका मंगलाचरण' शीर्षक मेरा द्वितीय लेख देखें, अनेकान्त वर्ष ५ किरण १०-११ पृ ३८०। देखो, न्यायकुमुद द्वि० भा० की प्रस्तावना पृ० ३० और स्वामी समन्तभद्र पृ० ४८। २ 'तद्विधैकत्वसादृश्यगोचरत्वेन निश्चतम्'—त० श्लो० पृ० १९०। ४ 'तदेवेदं तत्सदृशमेवेदमित्येकत्वसादृश्यविषयस्य द्विविधप्रत्यभिज्ञानस्य ...'—अष्टस० पृ० २७९। ५ 'द्विविधं हि प्रत्यभिज्ञानं ...' प्रमाणप० पृ० ६९।

लङ्क[1] और माणिक्यनन्दिने[2] दोसे ज्यादा कहे हैं और यही मान्यता जैन-परम्परामें प्रायः सर्वत्र प्रतिष्ठित हुई है इससे मालूम होता है कि प्रत्यभिज्ञानके दो भेदोंकी मान्यता विद्यानन्दकी अपनी है। आ० धर्मभूषणने पृ० १७ पर इस ग्रन्थकी नामोल्लेखके साथ एक कारिका उद्धृत की है।

पत्रपरीक्षा—यह भी आचार्य विद्यानन्दकी रचना है। इसमें दर्शनान्तरीय पत्रलक्षणोंकी आलोचनापूर्वक जैनदृष्टिसे पत्रका बहुत सुन्दर लक्षण किया है तथा प्रतिज्ञा और हेतु इन दो अवयवोंको ही अनुमानाङ्ग बतलाया है। न्यायदीपिका पृ० ८१ पर इसग्रन्थका नामोल्लेख हुआ है और उसमें अवयवोंके विचारको विस्तारसे जाननेकी सूचना की है।

प्रमेयकमलमार्त्तण्ड—यह आ० माणिक्यनन्दिके 'परीक्षामुख' सूत्र-ग्रन्थपर रचा गया प्रभाचन्द्राचार्यका बृहत्काय टीकाग्रंथ है। इसे पिछले लघु अनन्तवीर्य (प्रमेयरत्नमालाकार) ने 'उदारचन्द्रिका' की उपमा दी और अपनी कृति—प्रमेयरत्नमालाको उसके सामने जुगनूके सदृश बतलाया है इससे प्रमेयकमलमार्त्तण्डका महत्त्व स्थापित हो जाता है। निःसन्देह मार्त्तण्डके प्रदीप्त प्रकाशमें दर्शनान्तरीय प्रमेय स्फुटतया भासमान होते हैं। स्वतत्त्व, परतत्त्व और यथार्थता, अयथार्थताका निर्णय करनेमें कठिनाई नहीं मालूम होती। इस ग्रन्थके रचयिता आ० प्रभाचन्द्र ईसाकी १० वीं और ११वीं शताब्दी (९८०से१०६५ ई०) के विद्वान् माने जाते हैं[3]। इन्होंने प्रमेयकमलमार्त्तण्डके अलावा न्यायकुमुदचन्द्र, तत्त्वार्थवृत्तिपदविवरण, शाकटायनन्यास, शब्दाम्भोजभास्कर, प्रवचनसारसरोजभास्कर, गद्यकथाकोश, रत्नकरण्डश्रावकाचारटीका और समाधितंत्रटीका आदि ग्रन्थोंकी रचना की है। इनमें गद्यकथाकोश स्वतन्त्र कृति है और शेष

---

१ देखो, लघीय०का० २१। २ देखो, परीक्षामु० ३-५ से ३-१०। ३ देखो, न्यायकुमुद द्वि० भा० प्र० पृ० ५८ तथा प्रमेयकमलमार्त्तण्ड प्रस्ता० पृ० ६७।

टीका कृतियाँ हैं। धर्मभूषणने न्यायदीपिका पृ० ३० पर तो इस ग्रंथका केवल नामोल्लेख और ५४ पर नामोल्लेखके साथ एक वाक्यको भी उद्धृत किया है।

प्रमाण-निर्णय—न्यायविनिश्चयविवरणटीकाके कर्त्ता श्री० वादिराजसूरिका यह स्वतन्त्र तार्किक प्रकरण ग्रंथ है। इसमें प्रमाणलक्षण-निर्णय, प्रत्यक्षनिर्णय, परोक्षनिर्णय और आगमनिर्णय ये चार निर्णय (परिच्छेद) हैं, जिनके नामोंसे ही ग्रन्थका प्रतिपाद्य विषय स्पष्ट मालूम हो जाता है। न्या० दी० पृ० ११ पर इस ग्रन्थके नामोल्लेखके साथ एक वाक्यको उद्धृत किया है।

कारुण्यकलिका—यह सन्दिग्ध ग्रन्थ है। न्यायदीपिकाकारने पृ० १११ पर इस ग्रन्थका निम्न प्रकारसे उल्लेख किया है—

'अपञ्चितमेतदुपाधिनिराकरणं कारुण्यकलिकायामिति विरम्यते'

परन्तु बहुत प्रयत्न करनेपर भी हम यह निर्णय नहीं कर सके कि यह ग्रन्थ जैनरचना है या जैनेतर। अथवा स्वयं ग्रन्थकारकी ही न्यायदीपिकाके अलावा यह अन्य दूसरी रचना है। क्योंकि अब तकके मुद्रित जैन और जैनेतर ग्रन्थोंकी प्राप्त सूचियोंमें भी यह ग्रन्थ उपलब्ध नहीं होता। अतः ऐसा मालूम होता है कि यह या तो नष्ट हो चुका है या किसी लायब्रेरीमें असुरक्षित रूपमें पड़ा है। यदि नष्ट नहीं हुआ और किसी लायब्रेरीमें है तो इसकी खोज होकर प्रकाशमें आना चाहिए। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और अच्छा ग्रन्थ मालूम होता है। न्यायदीपिकाकारके उल्लेखसे विदित होता है कि उसमें विस्तारसे उपाधिका निराकरण किया गया है। सम्भव है गदाधरके 'उपाधिवाद' ग्रन्थका भी इसमें खण्डन हो।

स्वामीसमन्तभद्र—ये वीरशासनके प्रभावक, सम्प्रसारक और खास युगके प्रवर्तक महान् आचार्य हुये हैं सुप्रसिद्ध तार्किक भट्टाकलङ्कदेवने इन्हें कलिकालमें स्याद्वादरूपी पुण्योदधिके तीर्थका प्रभावक बतलाया

है[1]। आचार्य जिनसेनने इनके वचनोंको भ० वीरके वचनतुल्य प्रकट किया है[2] और एक शिलालेखमें[3] तो भ० वीरके तीर्थकी हजारगुणी वृद्धि करनेवाला भी कहा है। आ० हरिभद्र और विद्यानन्द जैसे बड़े बड़े आचार्योंने उन्हें 'वादिमुख्य' 'आद्यस्तुतिकार' 'स्याद्वादन्यायमार्गका' प्रकाशक' आदि विशेषणों द्वारा स्मृत किया है इसमें सन्देह नहीं कि उत्तरवर्ती आचार्योंने जितना गुणगान स्वामी समन्तभद्रका किया है उतना दूसरे आचार्यका नहीं किया। वास्तवमें स्वामी समन्तभद्रने वीरशासनकी जो महान् सेवा की है वह जैनवाङ्मयके इतिहासमें सदा स्मरणीय एवं अमर रहेगी। आप्तमीमांसा (देवागमस्तोत्र), युक्त्यनुशासन, स्वयम्भूस्तोत्र रत्नकरण्डश्रावकाचार और जिनशतक (जिनस्तुतिशतक) ये पांच उपलब्ध कृतियाँ इनकी प्रसिद्ध हैं। तत्त्वानुशासन, जीवसिद्धि, प्रमाणपदार्थ, कर्मप्राभृतटीका और गन्धहस्तिमहाभाष्य इन ५ ग्रन्थोंके भी इनके द्वारा रचे जानेके उल्लेख ग्रन्थान्तरोंमें मिलते हैं[4]। परन्तु अभी तक कोई उपलब्ध नहीं हुआ। गन्धहस्तिमहाभाष्य (महाभाष्य) के सम्बन्धमें मैं पहिले विचार कर आया हूँ। स्वामीसमन्तभद्र बौद्ध विद्वान् नागार्जुन (१८१ई०) के समकालीन या कुछ ही समय बादके और दिग्नाग (३४५-४२५ई०) के पूर्ववर्ती विद्वान् हैं[5]। अर्थात् इनका अस्तित्व-समय प्रायः ईसाकी दूसरी और तीसरी शताब्दी है कुछ विद्वान् इन्हें दिग्नाग (४२५ई० और धर्मकीर्ति (६२५ई०) के उत्तरकालीन अनुमानित करते हैं[6]।

---

१ देखो, अष्टशती पृ० २। २ देखो, हरिवंशपुराण १-३०। ३ देखो, वेलूर ताल्लुकेका शिलालेख नं० १७। ४ इन ग्रन्थोंके परिचयके लिये मुख्तार सा० का 'स्वामीसमन्तभद्र' ग्रन्थ देखें। ५ देखो, 'नागार्जुन और स्वामीसमन्तभद्र' तथा 'स्वामीसमन्तभद्र और दिग्नागमें पूर्ववर्ती कौन' शीर्षक दो मेरे निबन्ध 'अनेकान्त' वर्ष ७ किरण १-२ और वर्ष ५ कि० १२। ६ देखो, न्यायकुमुद द्वि० भा० का प्राक्कथन और प्रस्तावना।

अर्थात् ५वीं और सातवीं शताब्दी बतलाते हैं। इस सम्बन्धमें जो उनकी दलीलें हैं उनका युक्तिपूर्ण विचार अन्यत्र[1] किया है। अतः इस संक्षिप्त स्थानपर पुनः विचार करना शक्य नहीं है। न्यायदीपिकाकारने न्याय-दीपिकामें अनेक जगह स्वामी समन्तभद्रका नामोल्लेख किया है और उनके प्रसिद्ध दो स्तोत्रों—देवागमस्तोत्र (आप्तमीमांसा) और स्वयम्भूस्तोत्र-से अनेक कारिकाओं को उद्धृत किया है।

भट्टाकलङ्कदेव—ये 'जैनन्यायके प्रस्थापक' के रूपमें स्मृत किये जाते हैं जैनपम्पराके सभी दिगम्बर और श्वेताम्बर तार्किक इनके द्वारा प्रतिष्ठित 'न्यायमार्ग' पर ही चले हैं। आगे जाकर तो इनका वह 'न्यायमार्ग' 'अकलङ्कन्याय'के नामसे प्रसिद्ध हो गया। तत्त्वार्थवार्तिक, अष्टशती, न्यायविनिश्चय, लघीयस्त्रय और प्रमाणसंग्रह आदि इनकी महत्त्वपूर्ण रचनाएँ हैं। ये प्रायः सभी दार्शनिक कृतियाँ हैं और तत्त्वार्थ-वार्तिकभाष्यको छोड़कर सभी गूढ एवं दुरवगाह हैं। अनन्तवीर्यादि टीका-कारोंने इनके पदोंकी व्याख्या करनेमें अपनेको असमर्थ बतलाया है। वस्तुतः अकलङ्कदेवका वाङ्मय अपनी स्वाभाविक जटिलताके कारण विद्वानोंके लिए आज भी दुर्गम और दुर्बोध बना हुआ है। जबकि उन-पर टीकाएँ भी उपलब्ध हैं। जैन साहित्यमें ही नहीं, बल्कि भारतीय दर्शनसाहित्यमें अकलङ्कदेवकी सर्व कृतियाँ अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं। इनकी कतिपय कृतियोंका कुछ परिचय पहले करा आये हैं। श्रीमान् पं० महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्यने इनका अस्तित्वकाल अन्तःपरीक्षा आदि प्रमाणोंके आधारपर ईसाकी आठवीं शताब्दी (७२०से७८० ई०) निर्धारित किया है[2]। न्यायदीपिकामें धर्मभूषणजीने कई जगह इनके नाम-

---

१ देखो, 'क्या स्वामीसमन्तभद्र धर्मकीर्तिके उत्तरकालीन हैं?' नामक मेरा लेख, जैनसिद्धान्तभास्कर भा० ११ किरण १। २ देखो, अकलङ्कग्रन्थत्रयकी प्रस्तावना पृ० ३२।

का उल्लेख किया है और तत्त्वार्थवार्तिक तथा न्यायविनिश्चयसे कुछ वाक्योंको उद्धृत किया है।

कुमारनन्दि भट्टारक—यद्यपि इनकी कोई रचना इस समय उपलब्ध नहीं है, इससे इनका विशेष परिचय कराना अशक्य है फिर भी इतना जरूर कहा जा सकता है कि ये आ० विद्यानन्दके पूर्ववर्ती विद्वान् हैं और अच्छे जैनतार्किक हुए हैं। विद्यानन्दस्वामीने अपने प्रमाणपरीक्षा, पत्रपरीक्षा और तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकमें इनका और इनके 'वादन्याय'का नामोल्लेख किया है तथा उसकी कुछ कारिकाएँ भी उद्धृत की हैं। इससे इनकी उत्तरावधि तो विद्यानन्दका समय है अर्थात् ९वीं शताब्दी है। और अकलङ्कदेवके उत्तरकालीन मालूम होते हैं; क्योंकि अकलङ्कदेवके समकालीनका अस्तित्व परिचायक इनका अब तक कोई उल्लेख प्राप्त नहीं है। अतः अकलङ्कदेवका समय (८वीं शताब्दी) इनकी पूर्वावधि है। इस तरह ये ८वीं, ९वीं सदीके मध्यवर्ती विद्वान् जान पड़ते हैं। चन्द्रगिरि पर्वतपर उत्कीर्ण शिलालेख नं० २२७ (१३६) में इनका उल्लेख है जो ९ वीं शताब्दीका अनुमानित किया जाता है[1]। इनका महत्त्वका 'वादन्याय' नामका तर्कग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं है जिसके केवल उल्लेख मिलते हैं। आ० धर्मभूषणने न्यायदी० पृ० ६९ और ८२ पर 'तदुक्तं कुमारनन्दिभट्टारकैः' कहकर इनके वादन्यायकी एक कारिकाके पूर्वार्द्ध और उत्तरार्धको अलग अलग उद्धृत किया है।

माणिक्यनन्दि—ये कुमारनन्दि भट्टारककी तरह नन्दिसंघके प्रमुख आचार्योंमें हैं। इनकी एकमात्र कृति परीक्षमुख है। जिसके सम्बन्धमें हम पहले प्रकाश डाल आए हैं। इनका समय १०वीं शताब्दीके लगभग माना जाता है। ग्रन्थकारने न्यायदीपिकामें कई जगह इनका नामोल्लेख किया है। एक स्थान (पृ० १२०) पर तो 'भगवान' और

---

१ देखो, जैनशिलालेखसं० पृ० १५२, ३२१।

'भट्टारक' जैसे महनीय विशेषणों सहित इनके नामका उल्लेख करके परीक्षामुखके सूत्रको उद्धृत किया है।

स्याद्वादविद्यापति—यह आचार्य वादिराजसूरिकी विशिष्ट उपाधि थी जो उनके स्याद्वादविद्याके अधिपतित्व—अगाध पाण्डित्यको प्रकट करती है। आ० वादिराज अपनी इस उपाधिसे इतने अभिन्न एवं तदात्म जान पड़ते हैं कि उनकी इस उपाधिसे ही पाठक वादिराजसूरिको जान लेते हैं। यही कारण है कि न्यायविनिश्चयविवरणके सन्धिवाक्योंमें 'स्याद्वादविद्यापति' उपाधिके द्वारा ही वे अभिहित हुए हैं[1]। न्यायदीपिकाकारने भी न्यायदीपिका पृ० २४ और ७० पर इसी उपाधिसे उनका उल्लेख किया है और पृ० २४ पर तो इसी नामके साथ एक वाक्यको भी उद्धृत किया है। मालूम होता है कि 'न्यायविनिश्चय' जैसे दुरूह तर्कग्रंथपर अपना बृहत्काय विवरण लिखनेके उपलक्षमें ही इन्हें गुरुजनों अथवा विद्वानों द्वारा उक्त गौरवपूर्ण स्याद्वादविद्याके धनीरूप उच्च पदवीसे सम्मानित किया होगा। वादिराजसूरि केवल अपने समयके महान तार्किक ही नहीं थे, बल्कि वे सच्चे अर्हद्भक्त एवं आज्ञाप्रधानी, वैयाकरण और अद्वितीय उच्च कवि भी थे[2]। न्यायविनिश्चयविवरण, पार्श्वनाथचरित, यशोधरचरित, प्रमाणनिर्णय और एकीभावस्तोत्र आदि इनकी कृतियां हैं। इन्होंने अपना पार्श्वनाथचरित शकसंवत् ९४७ (१०२५ ई०) में समाप्त किया है। अतः ये ईसाकी ११वीं सदीके पूर्वार्द्धके विद्वान हैं।

---

१ इसका एक नमूना इस प्रकार है—इत्याचार्यस्याद्वादविद्यापतिविरचिते न्यायविनिश्चयकारिकाविवरणे प्रत्यक्षप्रस्तावः प्रथमः।'—लि० पत्र ३०६।

२ 'वादिराजमनु शाब्दिकलोको वादिराजमनु तार्किकसिंहः।
वादिराजमनु काव्यकृतस्ते वादिराजमनु भव्यसहायः॥'

—एकीभावस्तोत्र २६।

२. अभिनव धर्मभूषण

प्रासंगिक—

जैनसमाजने अपने प्रतिष्ठित महान् पुरुषों—तीर्थंकरों, राजाओं, आचार्यों, श्रेष्ठिवरों, विद्वानों तथा तीर्थक्षेत्रों, मन्दिरों और ग्रंथागारों आदिके इतिवृत्तको संकलन करनेकी प्रवृत्तिकी ओर बहुत कुछ उपेक्षा एवं उदासीनता रखी है। इसीसे आज सब कुछ होते हुए भी इस विषयमें हम दुनियां की नजरोंमें अकिञ्चन समझे जाते हैं। यद्यपि यह प्रकट है कि जैन इतिहासकी सामग्री विपुलरूपमें भारतके कोने-कोनेमें सर्वत्र विद्यमान है पर वह बिखरी हुई असम्बद्धरूपमें पड़ी हुई है। यही कारण है कि जैन इतिहासको जाननेके लिए या उसे सम्बद्ध करनेके लिए अपरिमित कठिनाइयां आती हैं और अन्धेरे में टटोलना पड़ता है। प्रसन्नताकी बात है कि कुछ दूरदर्शी श्रीमान् विद्वान् वर्गका अब इस ओर ध्यान गया। और उन्होंने इतिहास तथा साहित्यके संकलन, अन्वेषण आदिका क्रियात्मक प्रयत्न आरम्भ कर दिया है।

आज हम अपने जिन ग्रन्थकार श्री अभिनव धर्मभूषण का परिचय देना चाहते हैं उनको जाननेके लिये जो कुछ साधन प्राप्त हैं वे यद्यपि पूरे पर्याप्त नहीं हैं। उनके माता-पितादिका क्या नाम था? जन्म और स्वर्गवास कब, कहाँ हुआ? आदिका उनसे कोई पता नहीं चलता है। फिर भी सौभाग्य और सन्तोषकी बात यही है कि उपलब्ध साधनोंसे उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व, गुरुपरम्परा, और समयका कुछ प्रामाणिक परिचय मिल जाता है। अतः हम उन्हीं शिलालेख, ग्रन्थोल्लेख आदि साधनोंपरसे ग्रन्थकारके सम्बन्धमें कुछ कहनेके लिये प्रस्तुत हुए हैं।

ग्रन्थकार और उनके अभिनव तथा यति विशेषण—

इस ग्रन्थके कर्ता अभिनव **धर्मभूषण** यति हैं। न्यायदीपिकाके पहले और दूसरे प्रकाशके पुष्पिकावाक्योंमें **'यति'** विशेषण तथा तीसरे

प्रकाशके पुष्पिकावाक्योंमें 'अभिनव' विशेषण उनके नामके साथ पाये जाते हैं। जिससे मालूम होता है कि न्यायदीपिकाके रचयिता धर्मभूषण अभिनव और यति दोनों कहलाते थे। लग पड़ता है कि अपने पूर्ववर्ती धर्मभूषणोंसे अपनेको व्यावृत्त करनेके लिये 'अभिनव' विशेषण लगाया है। क्योंकि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि एक नामके अनेक व्यक्तियोंमें अपने को जुदा करने के लिये कोई उपनाम रख लिया जाता है। अतः 'अभिनव' न्यायदीपिकाकारका एक व्यावर्तक विशेषण या उपनाम समझना चाहिए। जैनसाहित्यमें ऐसे और भी कई आचार्य हुए हैं जो अपने नामके साथ अभिनव विशेषण लगाते हुए पाये जाते हैं। जैसे अभिनव पण्डिताचार्य[1] (शक० १२३३) अभिनव श्रुतमुनि[2] अभिनव गुणभद्र[3] और अभिनव पण्डितदेव[4] आदि। अतः पूर्ववर्ती अपने नामवालोंसे व्यावृत्तिके लिये 'अभिनव' विशेषण यह एक परिपाटी है। 'यति' विशेषण तो स्पष्ट ही है क्योंकि वह मुनिके लिये प्रयुक्त किया जाता है। अभिनव धर्मभूषण अपने गुरु श्रीवर्द्धमान भट्टारकके पट्टके उत्तराधिकारी हुए थे और वे कुन्दकुन्दाचार्यकी आम्नायमें हुए हैं। इसलिये इस विशेषणके द्वारा यह भी निर्भ्रान्त ज्ञात हो जाता है कि ग्रन्थकार दिगम्बर जैन मुनि थे और भट्टारक नामसे लोकविश्रुत थे"।

---

१ देखो, शिलालेख० नं० ४२१। २ देखो, जैनशिलालेखसं० पृ० २०१, शिलालेख० १०५ (२४५)। ३ देखो, 'सी. पी एण्ड बरार कैटलाग' रा० ब० हीरालालद्वारा सम्पादित। ४ देखो, जैनशिलालेख सं० पृ० ६४५ शिलालेख नं० ३६२ (२५७)।

५ "शिष्यस्तस्य गुरोरासीद्धर्मभूषणदेशिकः।
भट्टारकमुनिः श्रीमान् सत्यत्रयविराजितः॥"

—विजयनगरशिला० नं० २।

धर्मभूषण नाम के दूसरे विद्वान्—

ऊपर कहा गया है कि ग्रन्थकारने दूसरे पूर्ववर्ती धर्मभूषणोंसे भिन्नत्व ख्यापित करनेके लिए अपने नामके साथ 'अभिनव' विशेषण लगाया है। अतः यहाँ यह बता देना आवश्यक प्रतीत होता है कि जैन-परम्परामें धर्मभूषण नामके अनेक विद्वान् हो गये हैं। एक **धर्मभूषण** वे हैं जो भट्टारक धर्मचन्द्र के पट्टपर बैठे थे और जिनका उल्लेख बरार-प्रान्तके मूर्तिलेखोंमें बहुलतया पाया जाता है[1]। ये मूर्तिलेख शकसम्वत् १५२२, १५३५, १५७२ और १५७७ के उत्कीर्ण हुए हैं। परन्तु ये **धर्मभूषण** न्यायदीपिकाकारके उत्तरकालीन हैं। दूसरे **धर्मभूषण** वे हैं जिनके आदेशानुसार केशववर्णीने अपनी गोम्मटसारकी जीवतत्त्वप्रदीपिका नामक टीका शकसम्वत् १२८१ (१३५९ ई०) में बनाई है[2]। तीसरे **धर्मभूषण** वे हैं जो अमरकीर्तिके गुरु थे तथा विजयनगरके शिलालेख नं० २ में उल्लिखित तीन धर्मभूषणोंमें पहले नम्बरपर जिनका उल्लेख है और जो ही सम्भवतः विन्ध्यगिरि पर्वतके शिलालेख नं० १११ (२७४)में भी अमरकीर्तिके गुरुरूपसे उल्लिखित हैं। वहाँ उन्हें 'कलि-कालसर्वज्ञ' भी कहा गया है। चौथे **धर्मभूषण** वे हैं जो अमरकीर्तिके शिष्य और विजयनगर शिलालेख नं० २ गत पहले धर्मभूषणके प्रशिष्य हैं एवं सिंहनन्दीव्रतीके सधर्मा हैं तथा विजयनगरके शिलालेख नं० २ के ११वें पद्यमें दूसरे नं० के धर्मभूषणके रूपमें उल्लिखित हैं।

---

१ 'सहस्रनामाराधना' के कर्ता देवेन्द्रकीर्तिने भी 'सहस्रनामाराधना' में इन दोनों विद्वानोंका अपने गुरु और प्रगुरुरूपमें उल्लेख किया है। देखो, जैनसिद्धान्तभवन आरासे प्रकाशित **प्रशस्ति** सं० पृ० ९४।

२ देखो, डा० ए० एन० उपाध्येका '**गोम्मटसारकी जीवतत्त्व-प्रदीपिका टीका**' शीर्षक लेख '**अनेकान्त**' वर्ष ४ किरण १ पृ० ११८।

ग्रन्थकार धर्मभूषण और उनकी परम्परा—

प्रस्तुत ग्रन्थके कर्ता **धर्मभूषण** उपर्युक्त धर्मभूषणों से भिन्न हैं और जिनका उल्लेख उसी विजयनगरके शिलालेख नं० २ में तीसरे नम्बरके धर्मभूषणके स्थान पर है तथा जिन्हें स्पष्टतया श्रीवर्द्धमान भट्टारक शिष्य बतलाया है। न्यायदीपिकाकारने स्वयं न्यायदीपिकाके अन्तिम पद्य[1] और अन्तिम (तीसरे प्रकाशगत) पुष्पिकावाक्यमें[2] अपने गुरुका नाम श्रीवर्द्धमान भट्टारक प्रकट किया है। मेरा अनुमान है कि मङ्गलाचरण पद्यमें भी उन्होंने 'श्रीवर्द्धमान' पदके प्रयोग द्वारा वर्द्धमान तीर्थंकर और अपने गुरु वर्द्धमान भट्टारक दोनोंको स्मरण किया है; क्योंकि अपने परापरगुरुका स्मरण करना सर्वथा उचित ही है। श्रीधर्मभूषण अपने गुरुके अत्यन्त अनन्य भक्त थे। वे न्यायदीपिका के उसी अन्तिम पद्य[1] और पुष्पिकावाक्यमें[2] कहते हैं कि उन्हें अपने उक्त गुरुकी कृपासे ही सरस्वतीका प्रकर्ष (सारस्वतोदय) प्राप्त हुआ था और उनके चरणोंकी स्नेहमयी भक्ति-सेवासे न्यायदीपिका की पूर्णता हुई है। अतः मङ्गलाचरणपद्यमें अपने गुरु वर्द्धमान भट्टारकका भी उनके द्वारा स्मरण किया जाना सर्वथा-सम्भव एवं सङ्गत है।

विजयनगरके उस शिलालेखमें जो शकसम्वत् १३०७ (१३८५ ई०) में उत्कीर्ण हुआ है, ग्रन्थकार की जो गुरु परम्परा दी गई है उसके सूचक शिलालेखगत प्रकृतके उपयोगी कुछ पद्योंको यहां दिया जाता है :—

"यत्पादपङ्कजरजो रजो हरति मानसं।
स जिनः श्रेयसे भूयाद् भूयसे करुणालयः ॥१॥
श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम्।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥२॥

१-२ देखो, पृ० १३२।

श्रीमूलसंघेऽजनि नन्दिसंघस्तस्मिन् बलात्कारगणेतिसंज्ञः ।
तत्रापि सारस्वतनाम्नि गच्छे स्वच्छाशयोऽभूदिह पद्मनन्दी ॥३॥
आद्याभिधः कुन्दकुन्दाख्यो वक्रग्रीवो महामुनिः ।
एलाचार्यो गृद्धपिच्छ इति तन्नाम पञ्चधा ॥४॥
केचित्तदन्वये चारुमुनयः सनयो गिराम् ।
जलधाविव रत्नानि बभूवुर्दिव्यतेजसः ॥५॥
तथासीच्चारुचारित्ररत्नरत्नाङ्कुरो गुरुः ।
धर्मभूषणयोगीन्द्रो भट्टारकपदांचितः ॥६॥
भाति भट्टारको धर्मभूषणो गुणभूषणः ।
यद्यशः कुसुमामोदे गमनं भ्रमरायते ॥७॥
शिष्यस्तस्य गुरोरासीदनर्गलगुणोदधिः ।
श्रीमानमरकीर्त्यार्यो देशिकाग्रेसरः शमी ॥८॥
निजपक्षपुटक्षोटं घटयित्वाऽनिलनिरोधितो हृदये ।
अविचलितबोधदीपं तममरकीर्त्ति भजे तमोहरणम् ॥९॥
केऽपि स्वोदरपूरणे परिणता विद्याविहीनान्तराः ।
योगीशा भुवि सम्भवन्तु बहवः किं तैरनन्तैरिह ॥
धीरः स्फूर्जति दुर्जयानुमदध्वंसी गुणैरुज्जिन-
राचार्योऽमरकीर्त्ति शिष्यगणभृच्छ्रीसिंहनन्दीव्रती ॥१०॥
श्रीधर्मभूषोऽजनि तस्य पट्टे श्रीसिंहनन्द्यार्यगुरोस्सधर्मा ।
भट्टारकः श्रीजिनधर्महर्म्यस्तम्भायमानः कुमुदेन्दुकीर्तिः ॥११॥
पट्टे तस्य मुनेरासीद्वर्द्धमानमुनीश्वरः ।
श्रीसिंहनन्दियोगिन्द्रचरणाम्भोजषट्पदः ॥१२॥
शिष्यस्तस्य गुरोरासीद्धर्मभूषणदेशिकः ।
भट्टारकमुनिः श्रीमान् शल्यत्रयविवर्जितः[1] ॥१३॥"

इन पद्योंमें अभिनव धर्मभूषणकी इस प्रकार गुरुपरम्परा बतलाई गई है—

१ इसके आगेके लेखमें १५ पद्य और हैं जिनमें राजवंशका ही वर्णन है।

मूलसङ्घ, नन्दिसङ्घ—बलात्कारगणके सारस्वतगच्छमें

पद्मनन्दी (कुन्दकुन्दाचार्य)

धर्मभूषण भट्टारक।

अमरकीर्ति-आचार्य (जिनके शिष्योंके शिक्षक-दीक्षक सिंहनन्दी व्रती थे)

श्रीधर्मभूषण भट्टारक II (सिंहनन्दीव्रतीके सधर्मा)

वर्द्धमानमुनीश्वरः (सिंहनन्दीव्रतीके चरणसेवक)

धर्मभूषण यति III (ग्रन्थकार)

यह शिलालेख शकसम्वत् १३०७ में उत्कीर्ण हुआ है। इसी प्रकार का एक शिलालेख[1] नं० २१३ (२७०) का है जो विन्ध्यगिरि पर्वतके अखण्ड बागिलुके पूर्वकी ओर स्थित चट्टान पर खुदा हुआ है और जो शक सं० १२९५ में उत्कीर्ण हुआ है। उसमें इस प्रकार परम्परा दी गई है :—

---

१ "श्रीमत्परमगम्भीर-स्याद्वादामोघ-लाञ्छनं।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिन-शासनं ॥१॥

श्रीमूल-सङ्घपयः पयोधिपरिवर्द्धनसुधाकराः श्रीबलात्कारगणकमल-कलिका-कलाप-विकचन दिवाकराः···वनवा···तकीर्तिदेवतत्शिष्याः राय-भुज-सुवाम·····आचार्य्य महा वादिवादीश्वर राय-वादि-पितामह सकल-विद्वज्जन-चक्रवर्त्ति देवेन्द्रविशाल-कीर्ति-देवा तत्शिष्याः भट्टारक-श्रीशुभकीर्तिदेवास्तत्शिष्याः कलिकाल-सर्व्वज्ञ-भट्टारक-धर्म्मभूषणदेवाः तत्शिष्याः श्रीअमरकीर्त्याचार्य्याः तत्शिष्याः मालिवा···ति-नृपाणां प्रथ-मानल·····रमित····नृप-पा·····यमुल्लासक·····देमक···चार्यपदुविपुलायाचना·····करण-मार्तण्डमण्डलानां भट्टारक-

मूलसंघ—बलात्कारगण

कीर्ति (वनवासिके)

देवेन्द्र विशालकीर्ति

शुभकीर्तिदेव भट्टारक

धर्मभूषणदेव I

अमरकीर्ति आचार्य

धर्मभूषणदेव[1] II

वर्द्धमानस्वामी

इस दोनों लेखोंको मिलाकर ध्यानसे पढ़नेसे विदित होता है कि प्रथम धर्मभूषण, अमरकीर्ति आचार्य धर्मभूषण द्वितीय और वर्द्धमान ये चार विद्वान् सम्भवतः दोनोंके एक ही हैं। यदि मेरी यह सम्भावना ठीक है तो यहाँ एक बात ध्यान देने योग्य है वह यह कि विन्ध्यगिरिके लेख (शक १२९५)में वर्द्धमानका तो उल्लेख है पर उनके शिष्य(पट्टके उत्तराधिकारी) तृतीय धर्मभूषणका उल्लेख नहीं है। जिससे जान पड़ता है कि उस समय तक तृतीय धर्मभूषण वर्द्धमानके पट्टाधिकारी नहीं बन सके होंगे और इसलिये उक्त शिलालेखमें उनका उल्लेख नहीं आया।

धर्मभूषण-देवानां·····तत्त्वार्थ-वार्द्धिवर्द्धमान-हिमांशुना·····वर्द्धमान-स्वामिना कारितोऽहं [यं] आचार्यणां ··· स्वस्तिश्रीशक-वर्ष १२९५ परिधावि संवत्सर वैशाख-शुद्ध ३ बुधवारे।"—उद्धृत जैनशि०सं०२२३ से।

१ प्रो० हीरालालजीने इनकी निषद्या बनवाई जानेका समय शक सम्वत् १२९५ दिया है। देखो, शिलालेखसं० पृ० १३६।

किन्तु इस शिलालेखके कोई १२ वर्ष बाद शक सं० १३०७ (१३८५ ई०) में उत्कीर्ण हुए विजयनगरके उल्लिखित शिलालेख नं० २ में उनका (तृतीय धर्मभूषणका) स्पष्टतया नामोल्लेख है। अतः यह सहजमें अनुमान हो सकता है कि वे अपने गुरु वर्द्धमानके पट्टाधिकारी शक सम्वत् १२९५से१३०७ में किसी समय बन चुके थे। इस तरह अभिनव धर्मभूषणके साक्षात् गुरु श्रीवर्द्धमानमुनीश्वर और प्रगुरु द्वितीय धर्मभूषण थे। अमरकीर्ति दादागुरु और प्रथमधर्मभूषण परदादा गुरु थे। और इसीसे मेरेख्यालमें उन्होंने अपने इन पूर्ववर्ती गुरु प्रगुरु (द्वितीय धर्मभूषण) तथा परदादागुरु (प्रथमधर्मभूषण) से पश्चाद्वर्ती एवं नया बतलानेके लिये अपनेको अभिनव विशेषणसे विशेषित किया जान पड़ता है जो कुछ हो, यह आवश्य है कि वे अपने गुरुके प्रभावशाली और मुख्य शिष्य थे।

समय-विचार—

यद्यपि अभिनव धर्मभूषणकी निश्चित तिथि बतलाना कठिन है तथापि जो आधार प्राप्त हैं उनपरसे उनके समयका लगभग निश्चय होजाता है। अतः यहाँ उनके समयका विचार किया जाता है।

विन्ध्यगिरिका जो शिलालेख प्राप्त है वह शक सम्वत् १२९५ का उत्कीर्ण किया हुआ है। मैं पहले बतला आया हूँ कि इसमें प्रथम और द्वितीय इन दो ही धर्मभूषणोंका उल्लेख है और द्वितीय धर्मभूषणके शिष्य वर्द्धमानका अस्तित्वरूपसे उल्लेख है। तृतीय धर्मभूषणका उल्लेख उसमें नहीं पाया जाता। प्रो० हीरालालजी एम. ए. के उल्लेखानुसार द्वितीय धर्मभूषणकी निषद्या (निसही) शक सं० १२९५में बनवाई गई है। अतः द्वितीय धर्मभूषणका अस्तित्वसमय शक सं०१२९५तक ही समझना चाहिए। मेरा अनुमान है कि केशववर्णीको अपनी गोम्मटसार की जीव-तत्त्वप्रदीपिका टीका बनानेकी प्रेरणा एवं आदेश जिन धर्मभूषणसे मिला वे धर्मभूषण भी यही द्वितीय धर्मभूषण होना चाहिये। क्योंकि इनके

पट्टका समय यदि २५ वर्ष भी हो तो इनका पट्टपर बैठने का समय शक सं० १२७० के लगभग पहुँच जाता है उस समय या उसके उपरान्त केशववर्णी को उपर्युक्त टीकाके लिखने में उनसे आदेश एवं प्रेरणा मिलना असम्भव नहीं है। चूंकि केशववर्णीने अपनी उक्त टीका शकसं० १२८१ में पूर्ण की है। अतः उस जैसी विशाल टीकाके लिखनेके लिए ११ वर्ष जितना समय का लगना भी आवश्यक एवं संगत है। प्रथम व तृतीय धर्मभूषण केशववर्णीके टीकाप्रेरक प्रतीत नहीं होते। क्योंकि तृतीय धर्मभूषण जीवतत्त्वप्रदीपिकाके समाप्ति काल (शक० १२८१) से करीब १६ वर्ष बाद गुरुपट्ट के अधिकारी हुए जान पड़ते हैं और उस समय वे प्रायः २० वर्ष के होंगे अतः गो० त० प्र० के रचनारम्भसमय-में तो उनका अस्तित्व ही नहीं होगा तब वे केशववर्णीके टीका-प्रेरक कैसे हो सकते ? और प्रथम धर्मभूषण भी उनके टीकाप्रेरक सम्भव प्रतीत नहीं होते। कारण, उनके पट्टपर अमरकीर्ति और अमरकीर्तिके पट्टपर द्वितीय धर्मभूषण (शक १२७०–१२९५) बैठे हैं। अतः अमर-कीर्तिका पट्टसमय अनुमानतः शकसं० १२४५–१२७० और प्रथम धर्मभूषणका शकसं० १२२०–१२४५ होता है। ऐसी हालतमें यह सम्भव नहीं है कि प्रथम धर्मभूषण शकसं. १२२०–१२४५ में केशववर्णीको जीवतत्त्वप्रदीपिकाके लिखने का आदेश दें और वे ६१ या ३६ वर्षों जैसे इतने बड़े लम्बे समय में उसे पूर्ण करें। अतएव यही प्रतीत होता है कि द्वितीय धर्मभूषण (शक० १२७०–१२९५)ही केशववर्णी (शक० १२८१) के उक्त टीकाके लिखनेमें प्रेरक रहे हैं। अस्तु।

पीछे मैं यह निर्देश कर आया हूँ कि तृतीय धर्मभूषण (ग्रन्थकार) शकसं० १२९५ में और शकसं०१३०७के मध्यमें किसी समय अपने वर्द्ध-मानगुरुके पट्टपर आसीन हुए हैं। अतः यदि वे पट्टपर बैठने के समय (करीब शक १३०० में) २० वर्ष के हों, जैसा कि सम्भव है तो उनका जन्मसमय शकसं० १२८०(१३५८ ई०)के करीब होना चाहिए। विजय-

नगर साम्राज्यके स्वामी प्रथम देवराय और उनकी रानी भीमादेवी। जिन पद्मनन्दिगुरुके शिष्य धर्मभूषणके परम भक्त थे और जिन्हें अपना गुरु मानते थे तथा जिनसे प्रभावित होकर जैनधर्मकी अतिशय प्रभावनामें प्रवृत्त रहते थे वे यही तृतीय धर्मभूषण न्यायदीपिकाकार है। पद्मावती-पत्तनके एक लेखसे ज्ञात होता है कि 'राजाधिराजपरमेश्वर देवराय प्रथम वर्द्धमानमुनिके शिष्य धर्मभूषण गुरुके, जो बड़े विद्वान् थे, चरणों में नमस्कार किया करते थे।' इसी बातका समर्थन शक सं० १३९० में आदि पुराण-वादिमहाराजोंके गर्वको समाप्त करनेवाले कवि वर्द्धमानमुनीन्द्रके इसी ग्रन्थगत निम्न श्लोकसे भी होता है:—

"राजाधिराजपरमेश्वरदेवरायभूपालमौलिलसदंघ्रिसरोजयुग्मः।
श्रीवर्द्धमानमुनिवल्लभमौक्तिकस्य श्रीधर्मभूषणगुरुर्जयति क्षमाढ्यः॥"

यह प्रसिद्ध है कि विजयनगरनरेश प्रथम देवराय ही 'राजाधिराजपरमेश्वर' की उपाधि से भूषित थे[1]। इनका राज्य समय सम्भवतः १४१८ ई० तक रहा है क्योंकि द्वितीय देवराय ई० १४१९ से १४४६ तक माने जाते हैं। यह इन उल्लेखों से भी स्पष्ट है कि वर्द्धमानके शिष्य धर्मभूषण तृतीय (ग्रन्थकार) ही देवराय प्रथमके द्वारा सम्मानित थे, प्रथम अथवा द्वितीय धर्मभूषण नहीं, क्योंकि वे वर्द्धमानके शिष्य

---

१ प्रशस्तिसं० पृ० १२५ से उद्धृत। २-३ देखो, डा० भास्कर आनन्द सालेतोरका 'Mediaeval Jainism' P. 300-301। मालूम नहीं डा० सा० ने द्वितीय देवराय (१४१९–१४४६ ई०) की तरह प्रथम देवरायके समय का निर्देश क्यों नहीं किया? ४ डा० सालेतोर दो ही धर्मभूषण मानते हैं और उनमें प्रथम का समय १३७८ ई० और दूसरे का ई० १४०३ बतलाते हैं तथा वे इस झमेले में पड़ गए हैं कि कौन से धर्मभूषण का सम्मान देवराय प्रथमके द्वारा हुआ था? (देखो, मिडियावल जैनिज्म पृ० ३००)। मालूम होता है कि उन्हें विजयनगर का

नहीं थे। प्रथम धर्मभूषणका गुरुकीर्तिके और द्वितीय धर्मभूषण अमर-कीर्तिके शिष्य थे। अतएव यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि अभिनव धर्मभूषण देवरायप्रथमके समकालीन हैं। अर्थात् ग्रन्थकारका अन्तिम-काल ई० १४१८ होना चाहिये। यदि यह मान लिया जाय तो उनका जीवनकाल ई० १३५८से१४१८ ई० तक समझना चाहिये। अभिनव धर्मभूषण जैसे प्रभावशाली विद्वान् जैन साधुके लिये ६० वर्ष की उम्र मान्य कोई ज्यादा नहीं है। हमारी सम्भावना यह भी है कि ये देवराय द्वितीय[1] (१४१९-१४४६ ई०) और उनके शैव्य सकाशके द्वारा भी प्रणुत रहे हैं[2]। हो सकता है कि ये अन्य धर्मभूषण हों, जो हों, इतना अवश्य है कि वे देवराय प्रथमके समकालिक निश्चितरूपसे हैं।

ग्रंथकारने न्यायदीपिका (पृ० २१) में 'बार्लिशाः' शब्दोंके साथ सायण-के सर्वदर्शनसंग्रहसे एक पंक्ति उद्धृत की है। सायणका समय शा.सं० की १३वीं शताब्दी का उत्तरार्ध माना जाता है। क्योंकि शकसं० १२९२-का उनका एक दानपत्र मिला है जिससे वे इसी समयके विद्वान् ठहरते हैं। न्यायदीपिकाकारका 'बार्लिशाः' पदका प्रयोग उन्हें सायणके समकालीन होनेकी ओर संकेत करता है। साथ ही दोनों विद्वान् नजदीक ही नहीं, एक ही जगह—विजयनगरके रहनेवाले, भी थे इसलिए यह पूर्ण सम्भव है कि धर्मभूषण और सायण समसामयिक होंगे। या १०-५ वर्षका पौर्वापर्य होवे। अतः न्यायदीपिकाके इस उल्लेखसे भी पूर्वोक्त निर्णीत शकसं० १२८०से१३४० या १३५८से१४१८ समय ही सिद्ध पूर्वोक्त

शिलालेख नं० २ आदि प्राप्त नहीं हो सका। अन्यथा वे इस निष्कर्ष पर न पहुँचते।

प्रशस्तिसं०पृ० १४५में इनका समय ई० १४२९-१४५१ दिया है २ इसके लिये जैनसिद्धान्तभवन आरासे प्रकाशित **प्रशस्ति सं०** में परिचय कराये गये वर्द्धमान मुनीन्द्र 'दशभक्त्यादिमहाशास्त्र' देखना चाहिये। ३ देखो, **सर्वदर्शनसंग्रहकी प्रस्तावना** पृ० ३२।

होता है। अर्थात् ये ईसाकी १४ वीं सदीके उत्तरार्ध और १५वीं सदीके प्रथम पादके विद्वान् हैं।

डा० के० बी० पाठक और मुख्तार सा० इन्हें शकसं० १३०७ (ई० १३८५)का विद्वान् बतलाते हैं[1] जो विजयनगरके पूर्वोक्त शिलालेख नं० २ के अनुसार सामान्यता ठीक है। परन्तु उपर्युक्त विशेष विचारसे ई० १४१८ तक इनकी उत्तरावधि निश्चित होती है। डा० सतीशचन्द्र विद्या भूषण 'हिस्टरी आफ दि मिडियावल स्कूल ऑफ इंडियन लॉजिक' में इन्हें १६०० A. D. का विद्वान् सूचित करते है। पर वह ठीक नहीं है। जैसा कि उपर्युक्त विवेचनसे प्रकट है। मुख्तारसा० ने भी उनके इस समयको ग़लत ठहराया है[2]।

आचार्य धर्मभूषणके प्रभाव एवं व्यक्तित्वसूचक जो उल्लेख मिलते हैं, उनसे मालूम होता है कि वे अपने समय के सबसे बड़े प्रभावक और व्यक्तित्वशाली जैनगुरु थे। प्रथम देवराय, जिन्हें राजाधिराजपरमेश्वरकी उपाधि थी, धर्मभूषणके चरणोंमें मस्तक झुकाया करते थे[3]। पद्मावतीअम्मा के शासनलेखमें उन्हें बड़ा विद्वान् एवं वक्ता प्रकट किया गया है : साथ में मुनियों और राजाओंसे पूजित बतलाया है[4]। इन्होंने विजयनगरके राजघरानेमें जैनधर्मकी अतिशय प्रभावनाकी है। मैं तो समझता हूँ कि इस राजघराने में जैनधर्मकी महती प्रतिष्ठा हुई उसका विशेष श्रेय इन्हीं अभिनव धर्मभूषणजीको है जिनकी विद्वत्ता और प्रभावके सब कायल थे। इससे स्पष्ट है कि ग्रंथकार असाधारण प्रभावशाली व्यक्ति थे।

जैनधर्मकी प्रभावना करना उनके जीवनका व्रत था ही, किन्तु ग्रंथ-रचनाकार्य भी उन्होंने अपनी अनोखी शक्ति और विद्वत्ताका बहुत ही सुन्दर उपयोग किया है। आज हमें उनकी एक ही अमर रचना प्राप्त है और वह अकेली यही प्रस्तुत न्यायदीपिका है। जो जैनन्यायके वाङ्मयमें अपना विशिष्ट स्थान रखे हुए है और ग्रन्थकारकी धवलकीर्तिको अक्षुण्ण

१-२ स्वामी समन्तभद्र पृ. १२६। ३-४देखो 'मिडियावल जैनिज्म' पृ २६६।

बनाये हुए है। उनकी विद्वत्ताका प्रतिबिम्ब उसमें स्पष्टतया आलोकित हो रहा है। इसके सिवाय उन्होंने और भी कोई रचना की या नहीं इसका कुछ भी पता नहीं चलता है। पर मैं एक सम्भावना पहिले कर आया हूं कि इस ग्रन्थका इस प्रकारसे उल्लेख किया है कि जिससे लगता है कि ग्रन्थकार अपनी ही दूसरी रचनाकी ओरइशारा कर रहे हैं। यदि सचमुचमें यह ग्रन्थ ग्रन्थकारकी रचना है तो मालूम होता है कि वह न्याय-दीपिकासे भी अधिक विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण ग्रन्थ होगा। अन्वेषकोंको इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थका अवश्य ही पता चलना चाहिए।

ग्रन्थकारके प्रभाव और कार्यक्षेत्रसे यह भी प्रायः मालूम होता है कि उन्होंने कर्णाटकदेशके उपर्युक्त विजयनगरको ही अपनी जन्म-भूमि बनायी होगी और वहीं उनका शरीर त्याग एवं समाधि हुई होगी। क्योंकि वे गुरु परम्परासे चले आ रहे विजयनगरके भट्टारकोंकी गद्दीपर आसीन हुए थे। यदि यह ठीक है तो कहना होगा कि उनके जन्म और समाधिका स्थान भी विजयनगर है।

उपसंहार

इस प्रकार ग्रन्थकार अभिनव धर्मभूषण और उनकी प्रस्तुत प्रमाण कृतिके सम्बन्धमें ऐतिहासिक दृष्टिसे दो शब्द लिखनेका प्रयत्न साहस किया। इतिहास एक ऐसा विषय है जिसमें चिन्तनकी आवश्यकता हमेशा बनी रहती है और इसीलिये सच्चा ऐतिहासिक अपने कथन एवं विचारको अन्तिम नहीं मानता। इसलिये सम्भव है कि धर्मभूषणजीके ऐतिहासिक जीवनपरिचयमें अभी परिपूर्णता न आ पाई हो। फिर भी उपलब्ध साधनोंपरसे जो निष्कर्ष निकाले जा सके हैं उन्हें विद्वानोंके समक्ष विशेष विचारके लिये प्रस्तुत किया है। इत्यलम्।

चैत्र कृष्ण १० वि० २००२
ता० ७-४-४५, देहली

दरबारीलाल जैन, कोठिया

सानुवादन्यायदीपिकाकी

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ संस्कृत	हिन्दी
१. प्रथम-प्रकाश		
१. मंगलाचरण और ग्रन्थप्रतिज्ञा	१	१३५
२. प्रमाण और नयके विवेचन की भूमिका	४	१३८
३. उद्देशादिरूपसे ग्रन्थकी प्रवृत्तिका कथन	५	१३९
४. प्रमाणके सामान्यलक्षणका कथन	६	१४४
५. प्रमाणके प्रामाण्यका कथन	१४	१४९
६. बौद्धके प्रमाण-लक्षण की परीक्षा	१८	१५३
७. भाट्टोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा	१८	१५३
८. प्राभाकरोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा	१९	१५४
९. नैयायिकोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा	२०	१५४
२. द्वितीय-प्रकाश		
१०. प्रमाणके भेद और प्रत्यक्षका लक्षण	२३	१५६
११. बौद्धोंके प्रत्यक्ष-लक्षणका निराकरण	२५	१५७
१२. यौगाभिमत सन्निकर्षका निराकरण	२९	१६०
१३. प्रत्यक्षके दो भेद करके सांव्यवहारिक प्रत्यक्षका लक्षण और उसके भेदों का निरूपण	३१	१६२
१४. पारमार्थिक प्रत्यक्षका लक्षण और उसके भेदोंका कथन	३४	१६४
१५. अवधि आदि तीनों ज्ञानोंको अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष न हो सकनेकी शङ्का और समाधान	३७	१६६

विषय		पृष्ठ
१६. प्रसङ्गवश शङ्का-समाधानपूर्वक सर्वज्ञकी सिद्धि	४१	१६८
१७. सामान्यसे सर्वज्ञको सिद्ध करके अर्हन्तमें सर्वज्ञताकी सिद्धि	४४	१७०
३. तृतीय-प्रकाश		
१८. परोक्ष प्रमाणका लक्षण	५१	१७३
१९. परोक्ष प्रमाणके भेद और उनमें ज्ञानान्तर की सापेक्षता का कथन	५३	१७४
२०. प्रथमतः उद्दिष्ट स्मृतिका निरूपण	५३	१७४
२१. प्रत्यभिज्ञानका लक्षण और उसके भेदोंका निरूपण	५६	१७६
२२. तर्क प्रमाणका निरूपण	६२	१७९
२३. अनुमान प्रमाण का निरूपण	६५	१८२
२४. साधनका लक्षण	६९	१८४
२५. साध्यका लक्षण	६९	१८४
२६. अनुमानके दो भेद और स्वार्थानुमानका निरूपण	७१	१८६
२७. स्वार्थानुमानके अङ्गोंका कथन	७२	१८६
२८. धर्मीकी तीन प्रकारसे प्रसिद्धिका निरूपण	७३	१८७
२९. परार्थानुमानका निरूपण	७५	१८९
३०. परार्थानुमानकी अङ्गसम्पत्ति और उसके अवयवोंका प्रतिपादन	७६	१९०
३१. नैयायिकाभिमत पाँच अवयवोंका निराकरण	७७	१९०
३२. विजिगीषुकथामें प्रतिज्ञा और हेतुरूप दो ही अवयवोंकी सार्थकताका कथन	७९	१९२

विषय		पृष्ठ
३३. वीतरागकथामें अधिक अवयवोंके बोले जानेके औचित्यका समर्थन	८२	१९४
३४. बौद्धोंके त्रैरूप्य हेतुका निराकरण	८३	१९४
३५. नैयायिकसम्मत पाँचरूप्य हेतुका कथन और उसका निराकरण	८४	१९६
३६. अन्यथानुपपत्तिको ही हेतु-लक्षण होनेकी सिद्धि	९४	२०४
३७. हेतुके भेदों और उपभेदों का कथन	९५	२०५
३८. हेत्वाभासका लक्षण और उनके भेद	९९	२०९
३९. उदाहरणका निरूपण	१०३	२१२
४०. उदाहरणके प्रसङ्गमे उदाहरणाभासका कथन	१०५	२१३
४१. उपनय, निगमन और उपनयाभास तथा निगमनाभासके लक्षण	१११	२१७
४२. आगम प्रमाणका लक्षण	११२	२१७
४३. आप्तका लक्षण	११३	२१८
४४. अर्थका लक्षण और उसका विशेष कथन	११६	२२०
४५. सत्त्वके दो भेद और दोनोंमें अनेकान्तात्मकताका कथन	१२२	२२३
४६. नयका लक्षण, उसके भेद और सप्तभङ्गी का प्रतिपादन	१२५	२२५
४७. ग्रन्थकार का अन्तिम निवेदन	१३२	२३०

श्रीसमन्तभद्राय नमः

श्रीमदभिनव-धर्मभूषण-यति-विरचिता

न्याय-दीपिका

[प्रकाशाख्यटिप्पणोपेता]

१. प्रमाणसामान्यप्रकाशः

'श्रीवर्द्धमानमर्हन्तं नत्वा बाल-प्रबुद्धये ।
विरच्यते मित-स्पष्ट-सन्दर्भ-न्यायदीपिका ॥१॥

❀ प्रकाशाख्य-टिप्पणम् ❀

महावीरं जिनं नत्वा बालानां सुख-बुद्धये ।
'दीपिकाया' विशेषार्थः 'प्रकाशेन' प्रकाश्यते ॥१॥

१ प्रकरणारम्भे, स्वकृतेर्निर्विघ्नपरिसमाप्त्यर्थम्, शिष्टाचारपरिपालनार्थम्, शिष्यशिक्षार्थम्, नास्तिकतापरिहारार्थम्, कृतज्ञताप्रकाशनार्थं वा प्रकरणकारः श्रीमदभिनवधर्मभूषणनामा यतिः स्वेष्टदेवतानमस्कारात्मकं मङ्गलं विदधाति—**श्रीवर्द्धमानेति** ।

श्रीवर्द्धमानमर्हन्तं चतुर्विंशतितमं तीर्थंकरं महावीरम्। अथवा, श्रिया —अनन्तचतुष्टयस्वरूपान्तरङ्गलक्षणया समवसरणादिबहिरङ्गस्वभावया च लक्ष्म्या—, **वर्द्धमानः**—वृद्धेः परमप्रकर्षं प्राप्तः, अर्हन् परमार्हत्समूहः। **नत्वा** प्रणम्य, कायवाङ्मनसां त्रिशुद्ध्या प्रणम्येत्यर्थः। **बालानां** मन्दबुद्धीनाम्। बालास्त्रिविधाः प्रोक्ताः—मतिकृताः, कालकृताः, शरीरपरिमाणकृताश्चेति। तत्रेह मतिकृता बालाः गृह्यन्ते नान्ये, तेषां व्यभिचारात्। कश्चिदष्टवर्षीयोऽपि निखिलज्ञानसंयमोपपन्नः सर्वज्ञः, कुब्जको वा सकलशास्त्रज्ञो भवति। न च तौ व्युत्पाद्यौ। अथ मतिकृता अपि बालाः किंलक्षणा इति चेत्; उच्यते; अव्युत्पन्न-संदिग्ध-विपर्यस्तास्तत्त्वज्ञानरहिता बालाः। अथवा, ये यत्रानभिज्ञास्ते तत्र बालाः। अथवा, ग्रहणधारणपटवो बालाः, न स्तनन्धयाः। अथवा, अधीतव्याकरण-काव्य-कोशा अनधीतन्यायशास्त्रा बालाः। तेषां **प्रबुद्धये** प्रकर्षेण सशयादिव्यवच्छेदेन बोधार्थम्। **मितो** मानयुक्तः परिमितो वा। **स्पष्टो** व्यक्तः। **सन्दर्भो** रचना यस्यां सा चासौ **'न्यायदीपिका'**—प्रमाण-नयात्मको न्यायस्तस्य दीपिका प्रकाशिका। समासतो न्यायस्वरूपव्युत्पादनपरो ग्रन्थो **'न्यायदीपिका'** इति भावः। **विरच्यते** मया **धर्मभूषणयतिना** इति क्रियाकारकसम्बन्धः।

ननु मङ्गलं न करणीयं निष्फलत्वात्। न हि तस्य किञ्चित्फलमुपलभ्यते। न च निर्विघ्नपरिसमाप्तिस्तत्फलमुपलभ्यत एवेति वाच्यम् समाप्तेर्मङ्गलफलत्वानुपपत्तेः। तथा हि—मङ्गलं समाप्तिं प्रति न कारणम्, अन्वय-व्यतिरेकव्यभिचाराभ्याम्। सर्वत्र ह्यन्वयव्यतिरेकविधया कार्यकारणभावः समधिगम्यते। कारणसत्त्वे कार्यसत्त्वमन्वयः, कारणाभावे कार्याभावो व्यतिरेकः। न चेमौ प्रकृते सम्भवतः, मङ्गलसत्त्वेऽपि **मोक्षमार्गप्रकाशादौ** समाप्त्यदर्शनात्। मङ्गलाभावेऽपि च **परीक्षामुखादौ** समाप्तिदर्शनात्। अतोऽन्वयव्यभिचारो व्यतिरेकव्यभिचारश्च। कारणसत्त्वे कार्यासत्त्वमन्वयव्यभिचारः। कारणाभावे कार्यसत्त्वं च व्यतिरेकव्यभिचार इति न चेतसि विधेयम्; मङ्गलस्य सफलत्वसिद्धेः निष्फलत्वानुपपत्तेः। तथा—

मङ्गलं सम्पलब्धं शिष्याचारविशुद्धत्वात् अतद्धेतुकत्वेन मङ्गलम् । साध्यधर्मिसिद्धेः, तत्त्वं फलं ग्रन्थारम्भे कर्तुर्हृदि 'आरब्धमिदं कार्यं निर्विघ्नतया परिसमाप्यताम्' इति कामनाया अवश्यम्भावित्वात्—निर्विघ्नसमाप्तिः फलत्वेन । यच्चोक्तम्—अन्वय-व्यतिरेकव्यभिचारसम्भवीति, तदयुक्तम्; **मोक्षमार्गप्रकाशादौ** विघ्नबाहुल्येन मङ्गलस्य च स्तोकत्वेन समाप्त्यदर्शनात् । प्रचुरस्यैव हि मङ्गलस्य प्रचुरविघ्ननिराकरणकारणत्वम् । किञ्च, यावन्साधनसामग्र्यभावान्न तत्र समाप्तिदर्शनम् । 'सामग्री जनिका हि कार्यस्य नैकं कारणम्' इति । तथा चोक्तं श्रीवादिराजाचार्यैः—समग्रस्यैव हेतुत्वात् । असमग्रस्य व्यभिचारेऽपि दोषाभावात् । अन्यथा न पावकस्यापि धूमहेतुत्वमार्द्रेन्धनादिविकलस्य व्यभिचारात् । तस्मात् —

आर्द्रेन्धनादिसहकारिसमग्रतायां
यद्वत्करोति नियमादिह धूममग्निः ।
तद्वद्विशुद्ध्यतिशयादिसमग्रतायां
निर्विघ्नतादि विदधाति जिनस्तवोऽपि ॥'

—न्यायविनिश्चयवि० लि० प० २

अतो **मोक्षमार्गप्रकाशादौ** कारणान्तराभावान्न परिसमाप्तिः । ततो नान्वयव्यभिचारः । नापि **परीक्षामुखादौ** व्यतिरेकव्यभिचारः, तत्र वाचिकस्य निबद्धरूपस्य मङ्गलस्याकरणेऽप्यनिबद्धस्य वाचिकस्य मानसिकस्य कायिकस्य वा तस्य सम्भवात् । मङ्गलं हि मनोवचःकायभेदात् त्रिधा भिद्यते । वाचिकमपि निबद्धाऽनिबद्धरूपेण द्विविधम् । यत्तैरेवोक्तम्—'नाप्यसति तस्मिन् तद्भवस्तस्य निबद्धस्याभावेऽप्यनिबद्धस्य तस्य परमगुरुगुणानुस्मरणात्मनो मङ्गलस्यावश्यम्भावात् तदस्तित्वस्य च तत्कार्यादेवानुमानात् । धूमादेः प्रदेशादिव्यवहितपावकाद्यनुमानवत् । मङ्गलसामग्रीवैकल्यस्य च क्वचित्तत्कार्यस्य वैकल्यादेवानुमानाद्धूमाभावात् तदुत्पादनसमर्थदहनाभावानुमानवत् ।'—न्यायविनिश्चयवि. लि. प. २ । विद्यानन्दस्वामिभिरप्युक्तम्—'तस्य (मङ्गलस्य) शास्त्रे निबद्धस्यानिबद्धस्य वा वाचिकस्य

[प्रमाण-नय-विवेचनस्य पीठिका]

§ १ "प्रमाणनयैरधिगमः" इति महाशास्त्रतत्त्वार्थसूत्रम्[1] [१-६]। तत्खलु परमपुरुषार्थ[2]निःश्रेयससाधनसम्यग्दर्शनादि[3]-विषयभूतजीवादि[4]तत्त्वाधिगमोपायनिरूपणपरम्। प्रमाणनयाभ्यां हि[5] विवेचिता[6] जीवादयः सम्यगधिगम्यन्ते[7]। तद्व्यतिरेकेण[8] जीवाद्यधिगमे प्रकारान्तरासम्भवात्[9]। तत[10] एव जीवाद्यधिगमोपायभूतौ प्रमाणनयावपि विवेक्तव्यौ[11]। तद्विवेचनपराः[12] प्राक्तनग्रन्थाः[13] सन्त्येव, तथापि ते2 केचिद्विस्तृताः[14], केचिद्

मानसस्य वा विस्तरतः संक्षेपतो वा शास्त्रकारैरवश्यंकरणात्। तदकरणे तेषां तत्कृतोपकारविस्मरणादसाधुत्वप्रसङ्गात्। साधूनां कृतस्योपकारस्याविस्मरणप्रसिद्धेः। 'न हि कृतमुपकारं साधवो विस्मरन्ति' इति वचनात्।' —आप्तपरी० पृ० ३। परमेष्ठिगुणस्तोत्ररूपस्य मङ्गलस्य पुण्यावाप्तिरधर्मप्रध्वंसः फलमिति तु तत्त्वम्। अतो ग्रन्थादौ मङ्गलमवश्यमाचरणीयमिति।

१ मोक्षशास्त्रापरनामधेयम्। २ सूत्रम्। ३ चत्वारः पुरुषार्थाः—धर्मार्थकाममोक्षाः, तेषु परमः पुरुषार्थो मोक्षः, स एव निःश्रेयसमित्युच्यते। सकलप्राणिभिर्मुख्यसाध्यत्वेनाभीष्टत्वान्मोक्षस्य परमपुरुषार्थत्वमिति भावः। ४ आदिपदेनात्र सम्यग्ज्ञानं सम्यक्चारित्रं च गृह्यते। ५ अत्रादिपदेनाऽजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षतत्त्वानि गृहीतव्यानि। ६ पृथक्कृताः विश्लेषिता इत्यर्थः। ७ ज्ञायन्ते। ८ प्रमाणनयाभ्यां विना। ९ प्रमाणनयातिरिक्त-तृतीयादिप्रकारस्याभावात्। १० प्रकारान्तरासम्भवादेव। ११ व्याख्यातव्यौ। १२ प्रमाण-नयव्याख्यानतत्पराः। १३ अकलङ्कादिप्रणीता न्यायविनिश्चयादयः। प्रमेयकमलमार्तण्ड-न्यायकुमुद-

---

1 द आ प्रत्योः 'हि' पाठो नास्ति। 2 प भ मु प्रतिषु 'ते' पाठो नास्ति।

गम्भीरा[1] इति न तत्र बालाना[2]मधिकारः[3]। ततस्तेषां सुखोपायेन[4] प्रमाण-नयात्मकन्याय[5]स्वरूपप्रतिबोधकशास्त्राधिकारसम्पत्तये [6]प्रकरण[7]मिदमारभ्यते[8]।

[त्रिविधायाः प्रकरणप्रवृत्तेः कथनम्]

§ २ इह[9] हि प्रमाण-नयविवेचनमुद्देश-लक्षणनिर्देश-परीक्षाद्वारेण[10] क्रियते। अनुद्दिष्टस्य[11] लक्षणनिर्देशानुपपत्तेः। अनिर्दिष्टलक्षणस्य परीक्षितुमशक्यत्वात्। अपरीक्षितस्य विवेचनायोगात्। लोकशास्त्रयोरपि तथैव[12] वस्तुविवेचनप्रसिद्धेः।

§ ३ तत्र[13] विवेक्तव्यनाममात्रकथन[14]मुद्देशः। व्यतिकीर्ण-

चन्द्र-न्यायविनिश्चयविवरणादयः।

१ न्यायविनिश्चय-प्रमाणसंग्रहश्लोकवार्तिकादयः। २ प्रोक्तलक्षणानाम्। ३ प्रवेशः। ४ अक्लेशेन। ५ निपूर्वादिणगताविति[illegible]स्माद्धातोः करणे घञ्प्रत्यये सति न्यायशब्दसिद्धिः, नितरामियते ज्ञायतेऽर्थोऽनेनेति न्यायः, अर्थपरिच्छेदकोपायो न्याय इत्यर्थः। स च प्रमाण-नयात्मक एव 'प्रमाणनयैरधिगमः' इत्यभिहितत्वादिति, लक्षण-प्रमाण-नय-निक्षेपचतुष्टयात्मको न्याय इति च। लक्षण-प्रमाणाभ्यामर्थसिद्धिरित्यतो लक्षणप्रमाणे न्याय इत्यन्ये। प्रमाणैरर्थपरीक्षणं न्याय इत्येके। पञ्चावयववाक्यप्रयोगो न्याय इत्यपि केचित्। ६ न्यायदीपिकाख्यम्। ७ अत्र प्रकरणे। ८ अत्रेदं बोध्यम्—उद्देशस्य प्रयोजनं विवेचनीयस्य वस्तुनः परिज्ञानम्। लक्षणस्य व्यावृत्तिर्व्यवहारो वा प्रयोजनम्। परीक्षायाश्च लक्षणे दोषपरिहारः प्रयोजनम्। अत एव शास्त्रकारा उद्देशलक्षणनिर्देश-परीक्षाभिः शास्त्रप्रवृत्तिं कुर्वाणा दृष्टाः। ९ अकृतोद्देशस्य पदार्थस्य। १० उद्देशादिद्वारेण। ११ उद्देशादिषु मध्ये। १२ विवेचन-

वस्तुव्यावृत्तिहेतुर्लक्षणम्[1] : तथाहुर्वार्तिककाराद्याः[2] "परस्पर-व्यतिकरे[3] सति 'येनान्यत्वं लक्ष्यते तल्लक्षणम्" [तत्त्वार्थ-वा० २-८] इति ।

§ ४ द्विविधं[4] लक्षणम्[2], आत्मभूतमनात्मभूतं चेति । तत्र यद्वस्तुस्वरूपानुप्रविष्टं तदात्मभूतम्[5], यथाग्नेरौष्ण्यम् । औष्ण्यं ह्यग्नेः स्वरूपं [6]सदग्निमवादिभ्यो[7] व्यावर्तयति । 'तद्विपरीतम-[8]नात्मभूतम्[4], यथा दण्डः पुरुषस्य । दण्डिनमानयेत्युक्ते हि दण्डः पुरुषाननुप्रविष्ट एव पुरुषं [9]व्यावर्तयति । [5]यद्भाव्यम् "तत्रानि-

---

योग्यस्य नामभात्रनिरूपणम्, यथा घटमित्यवचनप्रारम्भे घट एव विवेक्तव्यो भवति ।

१ परस्परमिलितानां वस्तूनां व्यावृत्तिजनकं यत् तल्लक्षणमिति भावः । अत्र लक्षणं लक्ष्यं, इदं तस्य लक्षणम् । २ तत्त्वार्थवार्तिककाराः श्रीमद्भट्टाकलङ्कदेवाः । "पात्रः भट्टारको देवः प्रव्याज्या, पुरुदेवामतः ।" आ० प० १ । ३ समानधर्माधारतया परस्परविषयगमने व्यतिकर इति, एवं यत्रान्योन्यव्यतिकरे सति, इति भावः । ४ परस्परमिलितपदार्थव्या-वृत्तिकारकेण । ५ तथोक्तेऽर्थे । ६ कथञ्चिदविष्वग्भावात्मतादात्म्यसम्बन्धा-वच्छिन्नधर्मस्यात्मभूतलक्षणत्वम् । ७ जलादिभ्यः । ८ यद्वस्तुस्वरूपानु-प्रविष्टं तदनात्मभूतम् । भवति हि दण्डः पुरुषस्य लक्षणम्, स च नाऽऽत्मभूतः, पुरुषादन्यत्राऽप्युपलभ्यमानत्वात् । अत एवात्मभूतलक्षणाद-नात्मभूतलक्षणस्य भेदः । ९ कथञ्चिद्विष्वग्भावात्मतायोगादिसम्बन्धा-वच्छिन्नस्यानात्मभूतलक्षणत्वम् । १० अदण्डिनः सकाशात् पृथक्करोति ।

---

1 'लक्षविषम्' इति आ प्रतिपाठः । 2 'लक्षण' इति पाठः आ प्रतौ नास्ति । 4 'चेति' द प्रतौ पाठः । 3, 5 'तद्' म प मु प्रतिषु पाठः ।

भूतमग्नेरौष्ण्यमनात्मभूतं देवदत्तस्य दण्डः" [राजवा० भा० २-८] इति ।

§ ५ 'असाधारणधर्मवचनं लक्षणम्' इति केचित्[1]; तदनुपपन्नम्[2]; लक्ष्यधर्मिवचनस्य लक्षणधर्मवचनेन सामानाधिकरण्याभावप्रसङ्गात्[3], दण्डादेरतद्धर्मव्याप्तेः[4] लक्षणत्वाच्च । किञ्चाव्याप्ताभिधानस्य लक्षणाभासस्यापि[5] तथात्वात्[6] । तथा हि—त्रयो लक्षणाभासभेदाः, अव्याप्तमतिव्याप्तमसम्भवि चेति । तत्र लक्ष्यैकदेशवृत्त्यव्याप्तम्, यथा गोः शाबलेयत्वम् । 'लक्ष्यालक्ष्यवृत्त्यतिव्याप्तम्, यथा तस्यैव पशुत्वम् । बाधितलक्ष्यवृत्त्यसम्भवि, यथा नरस्य विषाणित्वम् । अत्र हि लक्ष्यैकदेशवर्तिनः पुनरव्याप्तस्या-

१ नैयायिकाः, हेमचन्द्राचार्या वा । २ तदयुक्तम्, सदोषत्वात् । यत्र हि लक्षणस्य लक्षणे त्रयो दोषाः सम्भवन्ति—अव्याप्तिरतिव्याप्तिरसम्भवश्चेति । तत्र लक्ष्यधर्मिवचनादिनाऽसम्भवो दोष उक्तः । दण्डादेरित्यादिनाऽव्याप्तिः प्रदर्शिता । किञ्चेत्यादिना चातिव्याप्तिः कथिता । एतच्च परिशिष्टे स्पष्टम् । अत्रासाधारणत्वं तदितरावृत्तित्वं ग्राह्यम्, लक्ष्येतरावृत्तित्वमित्यर्थः । ३ सामानाधिकरण्यं द्विधा—आर्थं शाब्दञ्च । तत्रैकाधिकरणवृत्तित्वमार्थम्, यथा रूपरसयोः । शाब्दं त्वेकार्थप्रतिपादकत्वे सति समानविभक्तिकत्वं भिन्नप्रवृत्तिनिमित्तानामेकस्मिन्नर्थे वृत्तित्वरूपं वा, यथा नीलं कमलमित्यत्र । प्रकृते शाब्दं सामानाधिकरण्यं ग्राह्यं वचनशब्दप्रयोगात् । वचनेन हि वचनस्य शाब्द-सामानाधिकरण्यम् । तच्चासाधारणधर्मवचनस्य लक्षणत्वेऽसम्भवि । शेषं परिशिष्टे द्रष्टव्यम् । ४ पुरुषानसाधारणधर्मस्थापि—दण्डादिर्न पुरुषस्यासाधारणधर्मस्तथापि लक्षणं भवतीति भावः । ५ सदोषलक्षणं लक्षणाभासम् । ६ असाधारणधर्मत्वात् । ७ यस्य लक्षणं क्रियते तल्लक्ष्यं तद्भिन्नमलक्ष्यं ज्ञेयम् ।

1 'असाधारणधर्मो लक्षणम्' इति म प प्रत्योः पाठः ।

साधारणधर्मत्वमस्ति, न तु लक्ष्यभूत[1]गोमात्रे व्यावर्त्तकत्वम्। तस्माद्यथोक्तमेव[2] लक्षणम्, तस्य कथनं लक्षणनिर्देशः।

§ ६ विरुद्धनानायुक्तिप्राबल्यदौर्बल्यावधारणाय प्रवर्तमानो विचारः परीक्षा[3]। सा खल्वेवं चेदेवं स्यादेवं चेदेवं न स्यादित्येव[2] प्रवर्त्तते।

§ ७ प्रमाणनययोरप्युद्देशः सूत्र[4] एव कृतः। लक्षणमिदानीं निर्देष्टव्यम्। परीक्षा च 'यथौचित्यं[3] भविष्यति। 'उद्देशानुसारेण[6] लक्षणकथनम्' इति न्यायात्प्रधानत्वेन[7] प्रथमोद्दिष्टस्य प्रमाणस्य तावल्लक्षणमनुशिष्यते[8]।

---

उक्त लक्षणको इन्द्रिय, लिङ्ग, शब्द और धारावाहिक ज्ञानमें अतिव्याप्तिका निराकरण कर देनेसे निर्विकल्पक सामान्यावलोकनरूप दर्शनमें भी अतिव्याप्तिका परिहार हो जाता है; क्योंकि दर्शन अनिश्चयस्वरूप होनेसे प्रमितिके प्रति करण नहीं है। दूसरी बात यह है, कि दर्शन निराकार (अनिश्चयात्मक) होता है और निराकारमें ज्ञानपना नहीं होता। कारण, "दर्शन निराकार (निर्विकल्पक) होता है और ज्ञान साकार (सविकल्पक) होता है।" ऐसा आगमका वचन है। इस तरह प्रमाणका 'सम्यक् ज्ञान' यह लक्षण अतिव्याप्त नहीं है। और न अव्याप्त है; क्योंकि प्रत्यक्ष और परोक्ष-रूप अपने दोनों लक्ष्योंमें व्यापकरूपसे विद्यमान रहता है। तथा असम्भवी भी नहीं है, क्योंकि लक्ष्य (प्रत्यक्ष और परोक्ष) में उसका रहना बाधित नहीं है—वहाँ वह रहता है। अतः प्रमाणका उपर्युक्त लक्षण बिल्कुल निर्दोष है।

प्रमाणके प्रामाण्यका कथन—

शङ्का—प्रमाणका यह प्रामाण्य क्या है, जिससे 'प्रमाण' प्रमाण कहा जाता है, अप्रमाण नहीं ?

समाधान—जाने हुए विषयमें व्यभिचार (अन्यथापन) का न होना प्रामाण्य है। अर्थात् ज्ञानके द्वारा पदार्थ जैसा जाना गया है वह वैसा ही सिद्ध हो, अन्य प्रकारका सिद्ध न हो, यही उस ज्ञानका प्रामाण्य (सत्यापन) है। इसके होनेसे ही ज्ञान प्रमाण कहा जाता है और इसके न होनेसे अप्रमाण कहलाता है।

शङ्का—प्रामाण्यकी उत्पत्ति किस प्रकार होती है ?

समाधान—मीमांसक कहते हैं कि 'स्वतः' होती है। 'स्वतः उत्पत्ति' कहनेका मतलब यह है कि ज्ञान जिन कारणोंसे पैदा होता है उन्हीं कारणोंसे प्रामाण्य उत्पन्न होता है—उसके लिए भिन्न कारण (गुणादि) अपेक्षित नहीं होते। कहा भी है 'ज्ञानके कारणोंसे अभिन्न कारणोंसे उत्पन्न होना उत्पत्तिमें स्वतस्त्व है।' पर उनका यह कहना विचारपूर्ण नहीं है; क्योंकि ज्ञानसामान्यकी उत्पादक सामग्री (कारण) संशय आदि मिथ्याज्ञानोंमें भी रहती है। हम तो इस विषयमें यह कहते हैं कि ज्ञानसामान्यकी सामग्री सम्यग्ज्ञान और मिथ्याज्ञान दोनोंमें समान होनेपर भी 'संशयादि अप्रमाण हैं और सम्यग्ज्ञान प्रमाण है, यह विभाग (भेद) बिना कारणके नहीं हो सकता है। अतः जिस प्रकार संशयादिमें अप्रमाणताको उत्पन्न करनेवाले काचकामलादि दोष और काकचिक्य आदिको ज्ञानसामान्यकी सामग्रीके अलावा कारण मानते हैं। उसी प्रकार प्रमाणमें भी प्रमाणताके उत्पादक कारण ज्ञानकी सामान्यसामग्रीसे भिन्न निर्मलता आदि गुणोंको अवश्य मानना चाहिये। अन्यथा प्रमाण और अप्रमाणका भेद नहीं हो सकता है।

शङ्का—प्रमाणता और अप्रमाणताके भिन्न कारण सिद्ध हो भी जायें तथापि अप्रमाणता परसे होती है और प्रमाणता तो स्वतः ही होती है ?

समाधान—ऐसा कहना भी ठीक नहीं है। क्योंकि यह बात तो विपरीत पक्षमें भी समान है। हम यह कह सकते हैं कि 'अप्रमाणता तो स्वतः होती है और प्रमाणता परसे होती है'। इसलिए अप्रमाणता-की तरह प्रमाणता भी परसे ही उत्पन्न होती है। जिस प्रकार वस्त्र-सामान्यकी सामग्री लाल वस्त्रमें कारण नहीं होती—उसके लिए दूसरी ही सामग्री आवश्यक होती है उसी प्रकार ज्ञानसामान्यकी सामग्री प्रमाणज्ञानमें कारण नहीं हो सकती है; क्योंकि दो भिन्न कार्य अवश्य ही भिन्न भिन्न कारणोंसे होते हैं।

शङ्का—प्रामाण्यका निश्चय कैसे होता है ?

समाधान—अभ्यस्त विषयमें तो स्वतः होता है और अनभ्यस्त विषयमें परसे होता है। तात्पर्य यह है कि प्रामाण्यकी उत्पत्ति तो सर्वत्र परसे ही होती है, किन्तु प्रामाण्यका निश्चय परिचित विषयमें स्वतः और अपरिचित विषयमें परतः होता है।

शङ्का—अभ्यस्त विषय क्या है ? और अनभ्यस्त विषय क्या है ?

समाधान—परिचित—कई बार जाने हुए अपने गाँवके तालाबका जल वगैरह अभ्यस्त विषय हैं और अपरिचित—नहीं जाने हुए दूसरे गाँवके तालाबका जल वगैरह अनभ्यस्त विषय हैं।

शंका—स्वतः क्या है और परतः क्या है !

समाधान—ज्ञानका निश्चय करानेवाले कारणोंके द्वारा ही प्रामाण्यका निश्चय होना 'स्वतः' है और उससे भिन्न कारणोंसे होना 'परतः' है।

उनमेंसे अभ्यस्त विषयमें 'जल है' इस प्रकार ज्ञान होनेपर ज्ञानस्वरूपके निश्चयके समयमें ही ज्ञानगत प्रामाणताका भी निश्चय अवश्य हो जाता है। नहीं तो दूसरे ही क्षणमें जलमें सन्देहरहित प्रवृत्ति नहीं होती, किन्तु जलज्ञानके बाद ही सन्देहरहित प्रवृत्ति अवश्य होती है। अतः अभ्यासदशामें तो प्रामाण्यका निश्चय

स्वतः ही होता है। पर अनभ्यासदशामें जलज्ञान होनेपर 'जल-ज्ञान मुझे हुआ' इस प्रकारसे ज्ञानके स्वरूपका निश्चय हो जाने पर भी उसके प्रामाण्यका निश्चय अन्य (अर्थक्रियाज्ञान अथवा संवादज्ञान) से ही होता है। यदि प्रामाण्यका निश्चय अन्यसे न हो—स्वतः ही हो तो जलज्ञानके बाद सन्देह नहीं होना चाहिये। पर सन्देह अवश्य होता है कि 'मुझको जो जलका ज्ञान हुआ है वह जल है या बालूका ढेर ?'। इस सन्देहके बाद ही कमलों-की गन्ध, ठण्डी हवाके आने आदिसे जिज्ञासु पुरुष निश्चय करता है कि 'मुझे जो पहले जलका ज्ञान हुआ है वह प्रमाण है—सच्चा है, क्योंकि जलके बिना कमलकी गन्ध आदि नहीं आ सकती है।' अतः निश्चय हुआ कि अपरिचित दशामें प्रामाण्यका निर्णय परसे ही होता है।

नैयायिक और वैशेषिकों की मान्यता है कि उत्पत्तिकी तरह प्रामाण्यका निश्चय भी परसे ही होता है। इसपर हमारा कहना है कि प्रामाण्यकी उत्पत्ति परसे मानना ठीक है। परन्तु प्रामाण्य-का निश्चय 'परिचित विषयमें स्वतः ही होता है' यह जब सयुक्तिक निश्चित हो गया तब 'प्रामाण्यका निश्चय परसे ही होता है' ऐसा अवधारण (स्वतस्त्वका निराकरण) नहीं हो सकता है। अतः यह स्थिर हुआ कि प्रमाणताकी उत्पत्ति तो परसे ही होती है, पर ज्ञप्ति (निश्चय) कभी (अभ्यस्त विषयमें) स्वतः और कभी (अनभ्यस्त विषयमें) परतः होती है। यही प्रमाणपरीक्षामें ज्ञप्तिको लेकर कहा है :—

"प्रमाणसे पदार्थोंका ज्ञान तथा अभिलषितकी प्राप्ति होती है और प्रमाणाभाससे नहीं होती है। तथा प्रमाणताका निश्चय अभ्यास-दशामें स्वतः और अनभ्यासदशामें परतः होता है।"

इस तरह प्रमाणका लक्षण सुव्यवस्थित होनेपर भी जिस

लोगोंका यह भ्रम है कि बौद्धादिकोंका भी माना हुआ प्रमाणका लक्षण वास्तविक लक्षण है। उनके उपकार के लिए यहाँ उनके प्रमाण-लक्षणोंकी परीक्षा की जाती है :

बौद्धोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा—

'जो ज्ञान अविसंवादी है—विसंवादरहित है वह प्रमाण है' ऐसा बौद्धोंका कहना है, परन्तु उनका यह कहना ठीक नहीं है। इसमें असम्भव दोष आता है। वह इस प्रकारसे है—बौद्धों ने प्रत्यक्ष और अनुमान ये दो ही प्रमाण माने हैं। न्यायबिन्दुमें कहा है "सम्यग्ज्ञान (प्रमाण) के दो भेद हैं—१ प्रत्यक्ष और २ अनुमान।" उनमें न प्रत्यक्षमें अविसंवादीपना सम्भव है, क्योंकि वह निर्विकल्पक होनेसे अपने विषयका निश्चायक न होनेके कारण संशयादिरूप समारोपका निराकरण नहीं कर सकता है। और न अनुमानमें भी अविसंवादीपना सम्भव है, क्योंकि उनके मतके अनुसार वह भी अवास्तविक सामान्यको विषय करनेवाला है। इस तरह बौद्धोंका वह प्रमाणका लक्षण असम्भव दोषसे दूषित होनेसे सम्यक् लक्षण नहीं है।

भाट्टोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा—

'जो पहले नहीं जाने हुए यथार्थ अर्थका निश्चय करानेवाला है वह प्रमाण है' ऐसा भाट्ट-मीमांसकों की मान्यता है; किन्तु उनका भी यह लक्षण अव्याप्ति दोषसे दूषित है। क्योंकि उन्होंके द्वारा प्रमाणरूपमें माने हुए धारावाहिकज्ञान अपूर्वार्थग्राही नहीं हैं। यदि यह आशंका की जाय कि धारावाहिक ज्ञान अगले अगले क्षणसे सहित अर्थको विषय करते हैं इसलिए अपूर्वार्थविषयक ही हैं। तो यह आशंका करना भी ठीक नहीं है। कारण, क्षण अत्यन्त सूक्ष्म हैं उनको लक्षित करना—जानना

सम्भव नहीं है। अतः धारावाहिकज्ञानोंमें उक्त लक्षणकी अव्याप्ति निश्चित है।

प्राभाकरोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा—

प्राभाकर—प्रभाकरमतानुयायी 'अनुभूतिको प्रमाणका लक्षण' मानते हैं; किन्तु उनका भी यह लक्षण युक्तिसङ्गत नहीं है; क्योंकि 'अनुभूति' शब्दको भावसाधन करनेपर करणरूप प्रमाणमें और करण-साधन करनेपर भावरूप प्रमाणमें अव्याप्ति होती है। कारण, करण और भाव दोनों को ही उनके यहाँ प्रमाण माना गया है। जैसा कि शालिकानाथने कहा है—

'जब प्रमाण शब्दको 'प्रमितिः प्रमाणम्' इस प्रकार भावसाधन किया जाता है उस समय 'ज्ञान' ही प्रमाण होता है और 'प्रमीयतेऽनेन' इस प्रकार करणसाधन करनेपर 'आत्मा और उसका सन्निकर्ष' प्रमाण होता है।' अतः अनुभूति (अनुभव) को प्रमाणका लक्षण माननेमें अव्याप्ति दोष स्पष्ट है। इसलिए यह लक्षण भी सुलक्षण नहीं है।

नैयायिकोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा—

'प्रमाके प्रति जो करण है वह प्रमाण है' ऐसी नैयायिकोंकी मान्यता है। परन्तु उनका भी यह लक्षण निर्दोष नहीं है; क्योंकि उनके द्वारा प्रमाणरूपमें माने गये ईश्वरमें ही वह अव्याप्त है। कारण, महेश्वर प्रमाका आश्रय है, करण नहीं है। ईश्वरको प्रमाण माननेका यह कथन हम अपनी ओरसे आरोपित नहीं कर रहे हैं। किन्तु उनके प्रमुख आचार्य उदयनने स्वयं स्वीकार किया है कि 'तन्मे प्रमाणं शिवः' अर्थात् 'वह महेश्वर मेरे प्रमाण हैं'। इस अव्याप्ति दोषको दूर करनेके लिये कोई इस प्रकार व्याख्यान करते हैं कि 'जो प्रमाका साधन हो अथवा प्रमाका आश्रय हो वह प्रमाण है।' मगर उनका यह व्याख्यान युक्तिसङ्गत नहीं है।

क्योंकि प्रमासाधन और प्रमाश्रयमें से किसी एकको प्रमाण माननेपर लक्षणकी परस्परमें अव्याप्ति होती है। 'प्रमासाधन' रूप जब प्रमाणका लक्षण किया जायगा तब 'प्रमाश्रय' रूप प्रमाणलक्ष्यमें लक्षण नहीं रहेगा और जब 'प्रमाश्रय' रूप प्रमाणका लक्षण माना जायगा तब 'प्रमासाधन' रूप प्रमाणलक्ष्यमें लक्षण घटित नहीं होगा। तथा प्रमाश्रय और प्रमासाधन दोनोंको सभी लक्ष्योंका लक्षण माना जाय तो कहीं भी लक्षण नहीं जायगा। सन्निकर्ष आदि केवल प्रमासाधन हैं, प्रमाणके आश्रय नहीं हैं और ईश्वर केवल प्रमाका आश्रय है प्रमाका साधन नहीं है क्योंकि उसकी प्रमा (ज्ञान) नित्य है। प्रमाका साधन भी हो और प्रमाका आश्रय भी हो ऐसा कोई प्रमाणलक्ष्य नहीं है। अतः नैयायिकोंका भी उक्त लक्षण सुलक्षण नहीं है।

और भी दूसरोंके द्वारा माने गये प्रमाणके सामान्य लक्षण हैं। जैसे सांख्य 'इन्द्रियव्यापार' को प्रमाणका लक्षण मानते हैं। जरन्नैयायिक 'कारकसाकल्य' को प्रमाण मानते हैं, आदि। पर ये सब विचार करनेपर सुलक्षण सिद्ध नहीं होते। अतः उनकी यहाँ उपेक्षा कर दी गई है। अर्थात् उनकी परीक्षा नहीं की गई।

अतः यही निष्कर्ष निकला कि अपने तथा परका प्रकाश करनेवाला सविकल्पक और अपूर्वार्थग्राही सम्यग्ज्ञान ही पदार्थोंके अज्ञानको दूर करनेमें समर्थ है। इसलिए वही प्रमाण है। इस तरह जैनमत सिद्ध हुआ।

इस प्रकार श्रीजैनाचार्य धर्मभूषण यति विरचित न्यायदीपिकामें
प्रमाणका सामान्य लक्षण प्रकाश करनेवाला पहला प्रकाश
पूर्ण हुआ।

—०—

दूसरा प्रकाश

●

प्रमाणविशेषका स्वरूप बतलानेके लिये यह दूसरा प्रकाश प्रारम्भ किया जाता है।

प्रमाणके भेद और प्रत्यक्षका लक्षण—

प्रमाणके दो भेद हैं :—१ प्रत्यक्ष और २ परोक्ष। विशद प्रतिभास (स्पष्ट ज्ञान) को प्रत्यक्ष कहते हैं।' यहाँ 'प्रत्यक्ष' लक्ष्य है, 'विशदप्रतिभासत्व' लक्षण है। तात्पर्य यह कि जिस प्रमाणभूत ज्ञानका प्रतिभास (अर्थप्रकाश) निर्मल हो वह ज्ञान प्रत्यक्ष है।

शङ्का—'विशदप्रतिभासत्व' किसे कहते हैं ?

समाधान—ज्ञानावरणकर्मके सर्वथा क्षयसे अथवा विशेष-क्षयोपशमसे उत्पन्न होनेवाली और शब्द तथा अनुमानादि प्रमाणों से नहीं हो सकनेवाली जो अनुभवसिद्ध निर्मलता है वही निर्मलता 'विशदप्रतिभासत्व' है। किसी प्रामाणिक पुरुषके 'अग्नि है' इस प्रकारके वचनसे और 'यह प्रदेश अग्निवाला है, क्योंकि धुआँ है, इस प्रकारके धूमादि लिङ्गसे उत्पन्न हुए ज्ञानकी अपेक्षा 'यह अग्नि है' इस प्रकारके उत्पन्न इन्द्रियज्ञानमें विशेषता (अधिकता) देखी जाती है। वही विशेषता निर्मलता, विशदता और स्पष्टता इत्यादि शब्दों द्वारा कही जाती है। अर्थात् ये उसी विशेषताके बोधक पर्याय नाम हैं। तात्पर्य यह कि विशेषप्रतिभासनका नाम विशद-प्रतिभासत्व है। भगवान् भट्टाकलङ्कदेवने भी 'न्यायविनिश्चय' में कहा है :—

स्पष्ट, यथार्थ और सविकल्पक ज्ञानको प्रत्यक्षका लक्षण कहा है।' इसका विवरण (व्याख्यान) स्याद्वादविद्यापति श्रीवादिराजने

'न्यायविनिश्चयविवरण' में इस प्रकार किया है कि "निर्मलप्रतिभासत्व ही स्पष्टत्व है और वह प्रत्येक विचारकके अनुभवमें आता है। इसलिये इसका विशेष व्याख्यान करना आवश्यक नहीं है"। अतः विशदप्रतिभासात्मक ज्ञानको जो प्रत्यक्ष कहा है वह बिल्कुल ठीक है।

बौद्धोंके प्रत्यक्ष-लक्षणका निराकरण—

बौद्ध 'कल्पना-पोढ—निर्विकल्पक और अभ्रान्त—भ्रान्तिरहित ज्ञानको प्रत्यक्ष' मानते हैं। उनका कहना है कि यहाँ प्रत्यक्षके लक्षणमें जो दो पद दिये गये हैं। उनमें 'कल्पनापोढ' पदसे सविकल्पककी और 'अभ्रान्त' पदसे मिथ्याज्ञानोंकी व्यावृत्ति की गई है। फलितार्थ यह हुआ कि जो समीचीन निर्विकल्पक ज्ञान है वह प्रत्यक्ष है। किन्तु उनका यह कथन बालचेष्टामात्र है—सयुक्तिक नहीं है। क्योंकि निर्विकल्पक संशयादिरूप समारोपका विरोधी (निराकरण करनेवाला) न होनेसे प्रमाण ही नहीं हो सकता है। कारण, निश्चयस्वरूप ज्ञानमें ही प्रमाणता व्यवस्थित (सिद्ध) होती है। तब वह प्रत्यक्ष कैसे हो सकता है ? अर्थात् नहीं हो सकता है।

शङ्का—निर्विकल्पक ही प्रत्यक्ष प्रमाण है, क्योंकि वह अर्थसे उत्पन्न होता है। परमार्थसत्—वास्तविक है और स्वलक्षणजन्य है। सविकल्पक नहीं, क्योंकि वह अपरमार्थभूत सामान्यको विषय करनेसे अर्थजन्य नहीं है ?

समाधान—नहीं; क्योंकि अर्थ प्रकाशकी तरह ज्ञानमें कारण नहीं हो सकता है। इसका खुलासा इस प्रकार है :—

अन्वय (कारणके होनेपर कार्यका होना) और व्यतिरेक (कारणके अभावमें कार्यका न होना) से कार्यकारण भाव जाना

जाता है। इस व्यवस्थाके अनुसार प्रकाश ज्ञानमें कारण नहीं है क्योंकि उसके अभावमें भी रात्रिमें विचरनेवाले बिल्ली, चूहे आदिको ज्ञान पैदा होता है और उसके सद्भावमें भी उल्लू वगैरह-को ज्ञान उत्पन्न नहीं होता है। अतः जिस प्रकार प्रकाशका ज्ञानके साथ अन्वय और व्यतिरेक न होनेसे वह ज्ञानका कारण नहीं हो सकता है उसी प्रकार अर्थ (पदार्थ) भी ज्ञानके प्रति कारण नहीं हो सकता है। क्योंकि अर्थके अभावमें भी केशमशकादिज्ञान उत्पन्न होता है। (और अर्थके रहनेपर भी उपयोग न होनेपर अन्यमनस्क या सुप्तादिकों को ज्ञान नहीं होता) ऐसी दशामें ज्ञान अर्थजन्य कैसे हो सकता है ? अर्थात् नहीं हो सकता है। परीक्षा-मुखमें भी कहा है—'अर्थ और प्रकाश ज्ञानके कारण नहीं हैं'। दूसरी बात यह है कि प्रमाणतामें कारण अर्थाव्यभिचार (अर्थके अभावमें ज्ञानका न होना) है, अर्थजन्यता नहीं। कारण, स्वसंवेदन प्रत्यक्ष विषयजन्य न होनेपर भी प्रमाण माना गया है। यहां यह नहीं कहा जा सकता कि स्वसंवेदन प्रत्यक्ष चूंकि अपनेसे उत्पन्न होता है इसलिए वह भी विषयजन्य ही है, क्योंकि कोई भी वस्तु अपनेसे ही पैदा नहीं होती। किन्तु अपनेसे भिन्न कारणोंसे पैदा होती है।

शङ्का—यदि ज्ञान अर्थ से उत्पन्न नहीं होता तो वह अर्थका प्रकाशक कैसे हो सकता है ?

समाधान—दीपक घटादि पदार्थोंसे उत्पन्न नहीं होता फिर भी वह उनका प्रकाशक है, यह देखकर आपको सन्तोष कर लेना चाहिये। अर्थात् दीपक जिस प्रकार घटादिकोंसे उत्पन्न न होकर भी उन्हें प्रकाशित करता है उसी प्रकार ज्ञान भी अर्थसे उत्पन्न न होकर उसे प्रकाशित करता है।

शङ्का—ज्ञानका विषयके साथ यह प्रतिनियम कैसे बनेगा कि

घटज्ञान का घट ही विषय है, पट नहीं है ? हम तो ज्ञान को अर्थजन्य होने के कारण अर्थजन्यता को ज्ञानमें विषयका प्रतिनियामक मानते हैं और जिससे ज्ञान पैदा होता है उसीको विषय करता है, अन्य को नहीं, इस प्रकार व्यवस्था करते हैं। किन्तु उसे आप नहीं मानते हैं ?

समाधान – हम योग्यता को विषय का प्रतिनियमक मानते हैं। जिस ज्ञान में जिस अर्थ के ग्रहण करने की योग्यता (एक प्रकार की शक्ति) होती है वह ज्ञान उस ही अर्थ को विषय करता है—अन्य को नहीं।

शंका—योग्यता किसे कहते हैं ?

समाधान—अपने आवरण (ज्ञानको ढकने वाले कर्म) के क्षयोपशमको योग्यता कहते हैं। कहा भी है :—'अपने आवरण कर्म के क्षयोपशमरूप योग्यता के द्वारा ज्ञान प्रत्येक पदार्थ की व्यवस्था करता है'। तात्पर्य यह हुआ कि आत्मा में घटज्ञानावरण कर्म के हटने से उत्पन्न हुआ घटज्ञान घट को ही विषय करता है, पट को नहीं। इसी प्रकार दूसरे पटादिज्ञान भी अपने अपने क्षयोपशम को लेकर अपने अपने ही विषयों को विषय करते हैं। अतः ज्ञान को अर्थजन्य मानना अनावश्यक और अयुक्त है।

'ज्ञान अर्थ के आकार होने से अर्थ को प्रकाशित करता है।' यह मान्यता भी उपर्युक्त विवेचन से खंडित हो जाती है। क्योंकि दीपक, मणि आदि पदार्थों के आकार न होकर भी उन्हें प्रकाशित करते हुये देखे जाते हैं। अतः अर्थाकारता और अर्थजन्यता ये दोनों ही प्रमाणता में प्रयोजक नहीं हैं। किन्तु अर्थाव्यभिचार ही प्रयोजक है। पहले जो सविकल्पक के विषयभूत सामान्य को अपरमार्थ बता कर सविकल्पक का खण्डन किया है वह भी ठीक नहीं है; क्योंकि किसी

प्रमाणसे बाधित न होने के कारण सविकल्प का विषय परमार्थ (वास्तविक) ही है। बल्कि बौद्धों के द्वारा माना गया स्वलक्षण ही आपत्ति के योग्य है। अतः प्रत्यक्ष निर्विकल्पकरूप नहीं है—सविकल्पकरूप ही है।

नैयायिक-वैशेषिक सन्निकर्ष का निराकरण --

नैयायिक और वैशेषिक सन्निकर्ष (इन्द्रिय और पदार्थ का सम्बन्ध) को प्रत्यक्ष मानते हैं। पर वह ठीक नहीं है; क्योंकि सन्निकर्ष अचेतन है। वह प्रमिति के प्रति करण कैसे हो सकता है ? प्रमिति के प्रति जब करण नहीं, तब प्रमाण कैसे ? और जब प्रमाण ही नहीं, तो प्रत्यक्ष कैसे ?

दूसरी बात यह है, कि चक्षु इन्द्रिय रूपका ज्ञान सन्निकर्ष के बिना ही कराती है, क्योंकि वह अप्राप्य है। इसलिए सन्निकर्ष के अभाव में भी प्रत्यक्ष ज्ञान होने से प्रत्यक्ष में सन्निकर्षरूपता ही नहीं है। चक्षु इन्द्रिय को जो यहाँ अप्राप्यकारी कहा गया है वह असिद्ध नहीं है। कारण, प्रत्यक्ष से चक्षु इन्द्रिय में अप्राप्यकारिता ही प्रतीत होती है।

शंका—यद्यपि चक्षु इन्द्रिय की प्राप्यकारिता (पदार्थ को प्राप्त करके प्रकाशित करना) प्रत्यक्ष से मालूम नहीं होती तथापि उसे परमाणु की तरह अनुमान से सिद्ध करेंगे। जिस प्रकार परमाणु प्रत्यक्ष से सिद्ध न होने पर भी 'परमाणु है, क्योंकि स्कन्धादि कार्य अन्यथा नहीं हो सकते' इस अनुमान से उसकी सिद्धि होती है उसी प्रकार 'चक्षु इन्द्रिय पदार्थ को प्राप्त करके प्रकाश करने वाली है, क्योंकि वह बहिरिन्द्रिय है (बाहर से देखी जाने वाली इन्द्रिय है) जो बहिरिन्द्रिय है वह पदार्थ को प्राप्त करके ही प्रकाश करती है, जैसे स्पर्शन इन्द्रिय' इस अनुमान से चक्षु में

प्राप्यकारिता की सिद्धि होती है और प्राप्यकारिता ही सन्निकर्ष है। अतः चक्षु इन्द्रिय में सन्निकर्ष की अव्याप्ति नहीं है। अर्थात् चक्षु इन्द्रिय भी सन्निकर्ष के होने पर ही रूपज्ञान कराती है। इसलिए सन्निकर्ष को प्रत्यक्ष मानने में कोई दोष नहीं है ?

समाधान—नहीं; यह अनुमान सम्यक् अनुमान नहीं है—प्रत्युत 5 मानाभास है। वह इस प्रकार है :—

इस अनुमान में 'चक्षु' पदसे कौनसी चक्षु को पक्ष बनाया है ? लौकिक (गोलकरूप) चक्षुको अथवा अलौकिक (किरणरूप) चक्षुको ? पहले विकल्प में, हेतु कालात्ययापदिष्ट (बाधितविषय) नामका हेत्वाभास) है; क्योंकि गोलकरूप लौकिक चक्षु विषय के पास जाती हुई 10 किसी को भी प्रतीत न होने से उसकी विषय-प्राप्ति प्रत्यक्ष से बाधित है। दूसरे विकल्प में, हेतु आश्रयासिद्ध है; क्योंकि किरणरूप अलौकिक चक्षु अभी तक सिद्ध नहीं है। दूसरी बात यह है, कि वृक्ष की शाखा और चन्द्रमा का एक ही काल में ग्रहण होने से चक्षु अप्राप्यकारी ही प्रसिद्ध होती है। अतः उपर्युक्त अनुमानगत हेतु कालात्ययापदिष्ट 15 और आश्रयासिद्ध होने के साथ ही प्रकरणसम (सत्प्रतिपक्ष) भी है। इस प्रकार सन्निकर्ष के बिना भी चक्षु के द्वारा रूपज्ञान होता है। इसलिए सन्निकर्ष अव्याप्त होने से प्रत्यक्ष का स्वरूप नहीं है, यह बात सिद्ध हो गई।

इस सन्निकर्ष के अप्रमाण्य का विस्तृत विचार प्रमेयकमलमार्तण्ड 20 में [१–१ तथा २–४] अच्छी तरह किया गया है। संग्रहग्रन्थ होने के कारण इस लघु प्रकरण न्याय-दीपिका में उसका विस्तार नहीं किया। इस प्रकार न बौद्धाभिमत निर्विकल्पक प्रत्यक्ष है और न यौगों का इन्द्रियार्थसन्निकर्ष। तो फिर प्रत्यक्ष का लक्षण क्या है ? विशदप्रतिभासस्वरूप ज्ञान ही प्रत्यक्ष है, यह भले प्रकार सिद्ध 25 हो गया।

प्रत्यक्ष के दो भेद करके सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष का लक्षण और उसके भेदों का निरूपण—

वह प्रत्यक्ष दो प्रकार का है—१ सांव्यवहारिक और २ पारमार्थिक। एकदेश स्पष्ट ज्ञान को सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहते हैं। तात्पर्य यह कि जो ज्ञान कुछ निर्मल है वह सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष है। उसके चार भेद हैं—१ अवग्रह, २ ईहा, ३ अवाय और ४ धारणा। इन्द्रिय और पदार्थ के सम्बन्ध होने के बाद उत्पन्न हुए सामान्य अवभास (दर्शन) के अनन्तर होने वाले और अवान्तरसत्ता-जाति से युक्त वस्तु को ग्रहण करने वाले ज्ञानविशेष को अवग्रह कहते हैं। जैसे 'यह पुरुष है'। यह ज्ञान संशय नहीं है, क्योंकि विषयान्तर का निराकरण करके अपने विषय का ही निश्चय कराता है। और संशय उससे विपरीत लक्षण वाला है। जैसा कि राजवार्तिक में कहा है—"संशय नानार्थविषयक, अनिश्चयात्मक और अन्य का अव्यवच्छेदक होता है। किन्तु अवग्रह एकार्थविषयक, निश्चयात्मक और अपने विषय से भिन्न विषय का व्यवच्छेदक होता है।" राजवार्तिकभाष्य में भी कहा है—"संशय निर्णय का विरोधी है, परन्तु अवग्रह नहीं है।" फलितार्थ यह निकला कि संशयज्ञानमें पदार्थ का निश्चय नहीं होता और अवग्रह में होता है। अतः अवग्रह संशयज्ञान से पृथक् है।

अवग्रह से जाने हुये अर्थमें उत्पन्न संशयको दूर करने के लिये ज्ञाताका जो अभिलाषात्मक प्रयत्न होता है उसे ईहा कहते हैं। जैसे अवग्रह ज्ञानके द्वारा 'यह पुरुष है' इस प्रकार का निश्चय किया गया था, इससे यह 'दक्षिणी' है अथवा 'उत्तरीय' इस प्रकार के सन्देह होने पर उसको दूर करने के लिये 'यह दक्षिणी होना चाहिये' ऐसा ईहा नाम का ज्ञान होता है।

भाषा, वेष और भूषा आदि के विशेष को जानकर यथार्थता का निश्चय करना अवाय है। जैसे 'यह दक्षिणी ही है'।

अवाय से निश्चित किये गये पदार्थ को कालान्तर में न भूलने की शक्ति से उसी का ज्ञान होना धारणा है। जिससे भविष्य में भी 'वह' इस प्रकार का स्मरण होता है। तात्पर्य यह कि पदार्थका निश्चय होने के बाद जो उसको न भूलने रूप से संस्कार (वासना) स्थिर हो जाता है और जो स्मरण का जनक होता है वही धारणाज्ञान है। अतएव धारणा का दूसरा नाम संस्कार भी है[1]।

शङ्का—ये ईहादिक ज्ञान पहले पहले ज्ञान से ग्रहण किये हुये पदार्थ को ही ग्रहण करते हैं, अतः धारावाहिक ज्ञान की तरह अप्रमाण हैं?

समाधान—नहीं; भिन्न विषय होने से अगृहीतार्थग्राही हैं। अर्थात् —पूर्व में ग्रहण नहीं किये हुये विषय को ही ग्रहण करते हैं। यथा— जो पदार्थ अवग्रह ज्ञान का विषय है वह ईहा का नहीं है। और जो ईहा का है वह अवाय का नहीं है। तथा जो अवाय का है वह धारणा का नहीं है। इस तरह इनका विषयभेद बिल्कुल स्पष्ट है और उसे बुद्धिमान अच्छी तरह जान सकते हैं।

ये अवग्रहादि चारों ज्ञान जब इन्द्रियों के द्वारा उत्पन्न होते हैं तब इन्द्रियप्रत्यक्ष कहे जाते हैं। और जब अनिन्द्रिय—मन के द्वारा पैदा होते हैं तब अनिन्द्रियप्रत्यक्ष कहे जाते हैं। इन्द्रियाँ पाँच हैं—१ स्पर्शन, २ रसना, ३ घ्राण, ४ चक्षु, और ५ श्रोत्र। अनिन्द्रिय

---

१ 'स्मृतिहेतुर्धारणा, संस्कार इति यावत्—लघी०स्वोपज्ञविवृ०का० ६। वैशेषिकदर्शन में इसे (धारणाको) भावना नामका संस्कार कहा है और उसे स्मृतिजनक माना है।

केवल एक मन है। इन दोनों के निमित्त से होनेवाला यह अवग्रहादिरूप ज्ञान लोकव्यवहार में 'प्रत्यक्ष' प्रसिद्ध है। इसलिये यह सांव्यवहारिकप्रत्यक्ष कहा जाता है। परीक्षामुख में भी कहा है—"इन्द्रिय और मन के निमित्त से होने वाले एक देश स्पष्ट ज्ञान को सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहते हैं।" और यह सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष अमुख्य प्रत्यक्ष है—गौणरूपसे प्रत्यक्ष है, क्योंकि उपचार से सिद्ध होता है। वास्तव में तो मतिज्ञान ही है। सारांश यह मतिज्ञान है और मतिज्ञान परोक्ष है।

शङ्का—मतिज्ञान परोक्ष कैसे है ?

समाधान—"आद्ये परोक्षम्" [त० सू० १-११] ऐसा सूत्र है—आगम का वचन है। सूत्र का अर्थ यह है कि प्रथम के दो ज्ञान —मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्ष प्रमाण हैं। यहाँ सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष को जो उपचार से प्रत्यक्ष कहा गया है उस उपचार में निमित्त 'एकदेश स्पष्टता' है। अर्थात्—इन्द्रिय और अनिन्द्रिय जन्य ज्ञान कुछ स्पष्ट होता है, इसलिये उसे प्रत्यक्ष कहा गया है। इस सम्बन्ध में और अधिक विस्तार की आवश्यकता नहीं है। इतना विवेचन पर्याप्त है।

पारमार्थिक प्रत्यक्ष का लक्षण और उसके भेदों का कथन—

सम्पूर्णरूप से स्पष्ट ज्ञान को पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहते हैं। जो ज्ञान समस्त प्रकार से निर्मल है वह पारमार्थिक प्रत्यक्ष है। उसी को मुख्य प्रत्यक्ष कहते हैं।

उसके दो भेद हैं—एक सकल प्रत्यक्ष और दूसरा विकल प्रत्यक्ष। उनमें से कुछ पदार्थों को विषय करने वाला ज्ञान विकल पारमार्थिक है। उसके भी दो भेद हैं—१ अवधिज्ञान और २ मनःपर्ययज्ञान। अवधिज्ञानावरण और वीर्यान्तरायकर्म के क्षयोप-

क्षयसे उत्पन्न होने वाले तथा मूर्तिक द्रव्य मात्रको विषय करने वाले ज्ञान को अवधि ज्ञान कहते हैं। मनःपर्ययज्ञानावरण और वीर्यान्तरायकर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न हुये और दूसरे के मन में स्थित पदार्थ को जाननेवाले ज्ञान को मनःपर्ययज्ञान कहते हैं। मतिज्ञान की तरह अवधि और मनःपर्ययज्ञान के भी भेद और प्रभेद हैं, उन्हें तत्त्वार्थ- 5
राजवार्तिक और श्लोकवार्तिकभाष्य से जानना चाहिये।

समस्त द्रव्यों और उनकी समस्त पर्यायों को जानने वाले ज्ञान को सकल प्रत्यक्ष कहते हैं। वह सकल प्रत्यक्ष ज्ञानावरण आदि घातियाकर्मों के सम्पूर्ण नाश से उत्पन्न केवलज्ञान ही है। क्योंकि "समस्त द्रव्यों और समस्त पर्यायों में केवल ज्ञान की प्रवृत्ति है" ऐसा तत्त्वार्थ- 10
सूत्र का उपदेश है।

इस प्रकार अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान ये तीनों ज्ञान सब तरह से स्पष्ट होने के कारण पारमार्थिक प्रत्यक्ष हैं। सब तरह से स्पष्ट इसलिये हैं कि ये मात्र आत्मा की अपेक्षा लेकर उत्पन्न होते हैं—इन्द्रियादिक पर पदार्थ की अपेक्षा नहीं लेते। 15

शङ्का—केवलज्ञान को पारमार्थिक कहना ठीक है, परन्तु अवधि और मनःपर्यय को पारमार्थिक कहना ठीक नहीं है। कारण, वे दोनों विकल (एकदेश) प्रत्यक्ष हैं?

समाधान—नहीं; सकलपना और विकलपना यहां विषय की अपेक्षा से है, स्वरूपतः नहीं। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है— 20
चूंकि केवलज्ञान समस्त द्रव्यों और पर्यायों को विषय करने वाला है, इसलिये वह सकल प्रत्यक्ष कहा जाता है। परन्तु अवधि और मनःपर्यय कुछ पदार्थों को विषय करते हैं, इसलिये वे विकल कहे जाते हैं। लेकिन इतने से उनमें पारमार्थिकता को हानि नहीं होती। क्योंकि पारमार्थिकता का कारण सकलार्थविषयता नहीं है—पूर्ण 25

निर्मलता है और वह पूर्ण निर्मलता केवलज्ञान की तरह अवधि और मनःपर्यय में भी अपने विषय में विद्यमान है। इसलिये वे दोनों भी पारमार्थिक ही हैं।

अवधि आदि तीनों ज्ञानों को अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष न हो सकने की शङ्का और उसका समाधान—

शङ्का—अक्ष नाम चक्षु आदि इन्द्रियों का है, उनकी सहायता लेकर जो ज्ञान उत्पन्न होता है उसे ही प्रत्यक्ष कहना ठीक है, अन्य (इन्द्रियनिरपेक्ष अवधिज्ञानादिक) को नहीं ?

समाधान—यह शङ्का ठीक नहीं है ; क्योंकि आत्मा मात्र की अपेक्षा रखने वाले और इन्द्रियों की अपेक्षा न रखने वाले भी अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान को प्रत्यक्ष कहने में कोई विरोध नहीं है। कारण, प्रत्यक्षता का प्रयोजक स्पष्टता ही है, इन्द्रिय-जन्यता नहीं। और वह स्पष्टता इन तीनों ज्ञानोंमें पूर्णरूप से है। इसीलिये मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल इन पाँच ज्ञानों में 'आद्ये परोक्षम्' [त० सू० १–११] और 'प्रत्यक्षमन्यत्' [त० सू० १–१२] इन दो सूत्रों द्वारा प्रथम के मति और श्रुत इन दो ज्ञानों को परोक्ष तथा अवधि, मनःपर्यय और केवल इन तीनों ज्ञानों को प्रत्यक्ष कहा है।

शङ्का—फिर ये प्रत्यक्ष शब्द के वाच्य कैसे हैं ? अर्थात् इनको प्रत्यक्ष शब्द से क्यों कहा जाता है ? क्योंकि अक्ष नाम तो इन्द्रियों का है और इन्द्रियों की सहायता से होने वाला इन्द्रियजन्य ज्ञान ही प्रत्यक्ष शब्द से कहने योग्य है ?

समाधान—हम इन्हें रूढि से प्रत्यक्ष कहते हैं। तात्पर्य यह कि प्रत्यक्ष शब्द के व्युत्पत्ति (यौगिक) अर्थ की अपेक्षा न करके अवधि आदि ज्ञानों में प्रत्यक्ष शब्द की प्रवृत्ति होती है और प्रवृत्ति में

निमित्त[1] स्पष्टता है। और वह उक्त तीनों ज्ञानों में मौजूद है। अतः जो ज्ञान स्पष्ट है वह प्रत्यक्ष कहा जाता है।

अथवा, व्युत्पत्ति अर्थ भी इनमें मौजूद है। 'अक्ष्णोति व्याप्नोति जानातीति अक्ष आत्मा' अर्थात्—जो व्याप्त करे—जाने उसे अक्ष कहते हैं और वह आत्मा है। इस व्युत्पत्ति को लेकर अक्ष शब्द का अर्थ आत्मा भी होता है। इसलिये उस अक्ष—आत्मा मात्रकी अपेक्षा लेकर उत्पन्न होने वाले ज्ञान को प्रत्यक्ष कहने में क्या बाधा है? अर्थात् कोई बाधा नहीं है।

शङ्का—यदि ऐसा माना जाय तो इन्द्रियजन्य ज्ञान अप्रत्यक्ष कहलायेगा?

समाधान—हमें खेद है कि आप भूल जाते हैं। हम कह आये हैं कि इन्द्रियजन्य ज्ञान उपचार से प्रत्यक्ष है। अतः वह वस्तुतः अप्रत्यक्ष हो, इसमें हमारी कोई हानि नहीं है।

इस उपर्युक्त विवेचन से 'इन्द्रियनिरपेक्ष ज्ञानको परोक्ष' कहने-की मान्यता का भी खण्डन हो जाता है। क्योंकि अविशदता (अस्पष्टता) को ही परोक्ष का लक्षण माना गया है। तात्पर्य यह

१ व्युत्पत्तिनिमित्त से प्रवृत्तिनिमित्त भिन्न हुआ करता है। जैसे गो-शब्दका व्युत्पत्तिनिमित्त 'गच्छतीति गौः' जो गमन करे वह गौ है, इस प्रकार 'गमनक्रिया' है और प्रवृत्तिनिमित्त 'गोत्व' है। यदि व्युत्पत्तिनिमित्त (गमनक्रिया) को ही प्रवृत्तिमें निमित्त माना जाय तो बैठी या खड़ी गाय में गोशब्दकी प्रवृत्ति नहीं हो सकती और गमन कर रहे मनुष्यादिमें भी गोशब्दकी प्रवृत्ति का प्रसङ्ग आयेगा। अतः गोशब्दकी प्रवृत्तिमें निमित्त व्युत्पत्तिनिमित्तसे भिन्न 'गोत्व' है। उसी प्रकार प्रकृत में प्रत्यक्ष शब्दकी प्रवृत्तिमें व्युत्पत्तिनिमित्त 'अक्षाश्रितत्व'से भिन्न 'स्पष्टत्व' है। अतः अवधि आदि तीनों ज्ञानों को प्रत्यक्ष कहनेमें कोई बाधा नहीं है।

कि जिस प्रकार इन्द्रियसापेक्षता प्रत्यक्षता में प्रयोजक नहीं है। उसी प्रकार इन्द्रियनिरपेक्षता परोक्षता में भी प्रयोजक नहीं है। किन्तु प्रत्यक्षता में स्पष्टताकी तरह परोक्षता में अस्पष्टता कारण है।

शङ्का—'अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष है' यह कहना बड़े साहस की बात है; क्योंकि वह असम्भव है। यदि असम्भव की भी कल्पना करें तो आकाश के फूल आदि की भी कल्पना होनी चाहिए ?

समाधान—नहीं; आकाश के फूल आदि अप्रसिद्ध हैं। परन्तु अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध है। वह इस प्रकार से है—'केवलज्ञान' जो कि अतीन्द्रिय है, अल्पज्ञानी कपिल आदि के असम्भव होने पर भी अरहन्तके अवश्य सम्भव है ; क्योंकि अरहन्त भगवान् सर्वज्ञ हैं।

प्रसङ्गवश शङ्का-समाधान पूर्वक सर्वज्ञ की सिद्धि—

शङ्का—सर्वज्ञता ही जब अप्रसिद्ध है तब आप यह कैसे कहते हैं कि 'अर्हन्त भगवान् सर्वज्ञ हैं' ? क्योंकि जो सामान्यतया कहीं भी प्रसिद्ध नहीं है उसका किसी खास जगह में व्यवस्थापन नहीं हो सकता है ?

समाधान—नहीं; सर्वज्ञता अनुमान से सिद्ध है। वह अनुमान इस प्रकार है—सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थ किसी के प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि अनुमान से जाने जाते हैं। जैसे अग्नि आदि पदार्थ। स्वामी समन्तभद्र ने भी महाभाष्य[1] के प्रारम्भ में आप्तमी-

---

१ महाभाष्यसे सम्भवतः ग्रन्थकार का आशय गन्धहस्तिमहाभाष्य से जान पड़ता है क्योंकि श्रुतश्रुति ऐसी है कि स्वामी समन्तभद्रने 'तत्त्वार्थ-सूत्र' पर 'गन्धहस्तिमहाभाष्य' नामकी कोई बृहद् टीका लिखी है और आप्तमीमांसा जिसका आदिम प्रकरण है। पर उसके अस्तित्वमें विद्वानोंका मतभेद है। इसका कुछ विचार प्रस्तावनामें किया है। पाठक वहाँ देखें।

मांसा प्रकरण में कहा है—"सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थ किसीके प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि वे अनुमानसे जाने जाते हैं। जैसे अग्नि आदि। इस अनुमान से सर्वज्ञ भले प्रकार सिद्ध होता है।"

सूक्ष्म पदार्थ वे हैं जो स्वभाव से विप्रकृष्ट हैं—दूर हैं, जैसे परमाणु आदि। अन्तरित वे हैं जो काल से विप्रकृष्ट हैं, जैसे राम आदि। दूर वे हैं जो देश से विप्रकृष्ट हैं, जैसे मेरु आदि। ये 'स्वभाव काल और देश से विप्रकृष्ट पदार्थ' यहाँ धर्मी (पक्ष) हैं। 'किसी के प्रत्यक्ष हैं' यह साध्य है। यहाँ 'प्रत्यक्ष' शब्द का अर्थ 'प्रत्यक्षज्ञान के विषय' यह विवक्षित है, क्योंकि विषयी (ज्ञान) के धर्म (जानना) का विषय में भी उपचार होता है। 'अनुमान से जाने जाते हैं' यह हेतु है। 'अग्नि आदि' दृष्टान्त है। 'अग्नि आदि' दृष्टान्त में 'अनुमान से जाने जाते हैं' यह हेतु 'किसी के प्रत्यक्ष हैं' इस साध्य के साथ पाया जाता है। अतः वह परमाणु वगैरह सूक्ष्मादि पदार्थों में भी किसी की प्रत्यक्षता को अवश्य सिद्ध करता है। तात्पर्य यह कि जिस प्रकार अग्नि आदि अनुमान से जाने जाते हैं। अतएव वे किसी के प्रत्यक्ष भी होते हैं। उसी प्रकार सूक्ष्मादि अतीन्द्रिय पदार्थ चूंकि हम लोगों के द्वारा अनुमान से जाने जाते हैं अतएव वे किसी के प्रत्यक्ष भी हैं और जिसके प्रत्यक्ष हैं वही सर्वज्ञ है। परमाणु आदि में 'अनुमान से जाने जाते हैं' यह हेतु असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि उनको अनुमान से जानने में किसी को विवाद नहीं है। अर्थात्—सभी मतवाले इन पदार्थों को अनुमेय मानते हैं।

शङ्का—सूक्ष्मादि पदार्थों को प्रत्यक्ष सिद्ध करने के द्वारा किसी के सम्पूर्ण पदार्थों का प्रत्यक्षज्ञान हो, यह हम मान सकते हैं। परन्तु वह अतीन्द्रिय है—इन्द्रियों की अपेक्षा नहीं रखता है, यह कैसे ?

समाधान—इस प्रकार से—यदि वह ज्ञान इन्द्रियजन्य हो तो

सम्पूर्ण पदार्थों को जानने वाला नहीं हो सकता है; क्योंकि इन्द्रियाँ अपने योग्य विषय[1] (सन्निहित और वर्तमान अर्थ) में ही ज्ञान को उत्पन्न कर सकती हैं। और सूक्ष्मादि पदार्थ इन्द्रियों के योग्य विषय नहीं हैं। अतः वह सम्पूर्ण पदार्थ विषयक ज्ञान अनैन्द्रियिक ही है—इन्द्रियों की अपेक्षा से रहित अतीन्द्रिय है, यह बात सिद्ध हो जाती है। इस प्रकार से सर्वज्ञ के मानने में किसी भी सर्वज्ञवादी को विवाद नहीं है। जैसा कि दूसरे भी कहते हैं—"पुण्य-पापादिक किसी के प्रत्यक्ष हैं; क्योंकि वे प्रमेय हैं।"

सामान्य से सर्वज्ञ को सिद्ध करके अर्हन्त के सर्वज्ञता की सिद्धि—

शङ्का—सम्पूर्ण पदार्थों को साक्षात् करने वाला अतीन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान सामान्यतया सिद्ध हो; परन्तु वह अरहन्त के है यह कैसे ? क्योंकि 'किसी के' यह सर्वनाम शब्द है और सर्वनाम शब्द सामान्य का वाचक होता है ?

समाधान—सत्य है। इस अनुमान से सामान्य सर्वज्ञ की सिद्धि की है। 'अरहन्त सर्वज्ञ हैं' यह हम अन्य अनुमान से सिद्ध करते हैं। वह अनुमान इस प्रकार है—'अरहन्त सर्वज्ञ होने के योग्य हैं, क्योंकि वे निर्दोष हैं, जो सर्वज्ञ नहीं है वह निर्दोष नहीं है, जैसे रथ्यापुरुष (पागल)।' यह केवलव्यतिरेकी हेतु जन्य अनुमान है।

आवरण और रागादि ये दोष हैं और इनसे रहित का नाम निर्दोषता है। वह निर्दोषता सर्वज्ञता के बिना नहीं हो सकती है। क्योंकि जो किञ्चिज्ज्ञ है—अल्पज्ञानी है उसके आवरणादि दोषों का अभाव नहीं है। अतः अरहन्त में रहने वाली यह निर्दोषता उनमें

---

१ 'सम्बद्धं वर्तमानं च गृह्यते चक्षुरादिना'—मी०श्लो०सूत्र ४ श्लोक ८४।

सर्वज्ञता को अवश्य सिद्ध करती है। और यह निर्दोषता अरहन्त परमेष्ठी में उनके युक्ति और शास्त्र से अविरोधी वचन होने से सिद्ध होती है। युक्ति और शास्त्र से अविरोधी वचन भी उनके द्वारा माने गये मुक्ति, संसार और मुक्ति तथा संसार के कारण तत्त्व और अनेकधर्मयुक्त चेतन तथा अचेतन तत्त्व के प्रत्यक्षादि प्रमाण से बाधित न होने से अच्छी तरह सिद्ध होते हैं। तात्पर्य यह कि अरहन्त के द्वारा उपदेशित तत्त्वों में प्रत्यक्षादि प्रमाणों से कोई बाधा नहीं आती है। अतः वे यथार्थवक्ता हैं। और यथार्थवक्ता होने से निर्दोष हैं। तथा निर्दोष होने से सर्वज्ञ हैं।

शङ्का—इस प्रकार अरहन्त के सर्वज्ञता सिद्ध हो जाने पर भी वह अरहन्त के ही हैं, यह कैसे ? क्योंकि कपिल आदि के भी यह सम्भव है ?

समाधान—कपिल आदि सर्वज्ञ नहीं हैं; क्योंकि वे सदोष हैं। और सदोष इसलिए हैं कि वे युक्ति और शास्त्र से विरोधी कथन करने वाले हैं। युक्ति और शास्त्र से विरोधी कथन करने वाले भी इस कारण हैं कि उनके द्वारा माने गये मुक्ति आदिक तत्त्व और सर्वथा एकान्त तत्त्व प्रमाण से बाधित हैं। अतः वे सर्वज्ञ नहीं हैं। अरहन्त ही सर्वज्ञ हैं। स्वामी समन्तभद्र ने ही कहा है—"हे अर्हन् ! वह सर्वज्ञ आप ही हैं, क्योंकि आप निर्दोष हैं। निर्दोष इसलिये हैं कि युक्ति और आगम से आपके वचन अविरुद्ध हैं—युक्ति तथा आगम से उनमें कोई विरोध नहीं आता। और वचनों में विरोध इस कारण नहीं है कि आपका इष्ट (मुक्ति आदि तत्त्व) प्रमाण से बाधित नहीं है। किन्तु तुम्हारे अनेकान्त मतरूप अमृत का पान नहीं करने वाले तथा सर्वथा एकान्त तत्त्व का कथन करने वाले और अपने को आप्त समझने के अभिमान से दग्ध हुए एकान्तवादियों का इष्ट (अभिमत तत्त्व) प्रत्यक्ष से बाधित है।"

तस्व तथा इन दो कारिकाओं के द्वारा परीक्षित तत्त्व में बाधा और स्वाभिमत तत्त्व में अबाधा इन्हीं दो के समर्थन को लेकर 'भावैकान्ते' इस कारिका के द्वारा प्रारम्भ करके 'स्यात्कारः सत्यलाञ्छनः' इस कारिका तक आप्तमीमांसा की रचना की गई है। अर्थात्—अपने द्वारा माने गये तत्त्व में कैसे बाधा नहीं है? और एकान्तवादियों के द्वारा माने तत्त्व में किस प्रकार बाधा है? इन दोनों का विस्तृत विवेचन स्वामी समन्तभद्र ने 'आप्तमीमांसा' में 'भावैकान्ते' इस कारिका ९ से लेकर 'स्यात्कारः सत्यलाञ्छनः' इस कारिका ११२ तक किया है। अतः यहाँ और अधिक विस्तार नहीं किया जाता।

इस प्रकार अतीन्द्रिय केवलज्ञान अरहन्त के ही है, यह सिद्ध हो गया। और उनके वचनों के प्रमाण होने से उनके द्वारा प्रतिपादित अतीन्द्रिय अवधि और मनःपर्ययज्ञान भी सिद्ध हो गये। इस तरह अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष निर्दोष (निर्बाध) है—उसके मानने में कोई दोष या बाधा नहीं है। अतः प्रत्यक्ष के सांव्यवहारिक और पारमार्थिक ये दो भेद सिद्ध हुये।

इस प्रकार श्रीजैनाचार्य धर्मभूषण यति विरचित न्यायदीपिकामें
प्रत्यक्ष प्रमाणका प्रकाश करनेवाला पहला प्रकाश
पूर्ण हुआ।

—०—

तीसरा प्रकाश

दूसरे प्रकाश में प्रत्यक्ष प्रमाण का निरूपण करके इस प्रकाश में परोक्ष प्रमाण का निरूपण प्रारम्भ किया जाता है।

परोक्ष प्रमाण का लक्षण —

अविशद प्रतिभास को परोक्ष कहते हैं। यहाँ 'परोक्ष' लक्ष्य है, 'अविशदप्रतिभासत्व' लक्षण है। तात्पर्य यह कि जिस ज्ञान का प्रतिभास विशद—स्पष्ट नहीं है वह परोक्ष प्रमाण है। विशदता का लक्षण पहले बतला आये हैं, उससे भिन्न अविशदता है। उसी को अस्पष्टता कहते हैं। यह अविशदता भी विशदता की तरह अनुभव से आती जाती है।

'जो ज्ञान केवल सामान्य को विषय करे वह परोक्ष है' ऐसा कोई (बौद्ध) परोक्ष का लक्षण करते हैं। परन्तु वह ठीक नहीं है; क्योंकि प्रत्यक्ष की तरह परोक्ष भी सामान्य और विशेषरूप वस्तु को विषय करता है। और इसलिये वह लक्षण असम्भव दोष युक्त है। जिस प्रकार प्रत्यक्ष घटादि पदार्थों में प्रवृत्त होकर उनके घटत्वादिक सामान्याकार को और घट व्यक्तिरूप व्यवच्छेदात्मक विशेषाकारको एक साथ ही विषय करता हुआ उपलब्ध होता है उसी प्रकार परोक्ष भी सामान्य और विशेष दोनों आकारों को विषय करता हुआ उपलब्ध होता है। इस कारण 'केवल सामान्य को विषय करना' परोक्ष का लक्षण नहीं है, अपि तु अविशदता ही परोक्ष का लक्षण है। सामान्य और विशेष में से किसी एक को विषय करने वाला मानने पर तो प्रमाणता ही नहीं बन सकती है। क्योंकि सभी प्रमाण सामान्य और विशेष दोनों स्वरूप वस्तु को विषय करने वाले माने गये हैं। कहा भी है—"सामान्य और विशेष-

रूप वस्तु प्रमाणका विषय है।" अतः अविशद (अस्पष्ट) प्रतिभास को जो परोक्ष का लक्षण कहा है वह बिल्कुल ठीक है।

परोक्ष प्रमाण के भेद और उनमें ज्ञानान्तर की सापेक्षता का कथन—

उस परोक्ष प्रमाण के पाँच भेद हैं—१ स्मृति, २ प्रत्यभिज्ञान, ३ तर्क, ४ अनुमान और ५ आगम। ये पाँचों ही परोक्ष प्रमाण ज्ञानान्तर की अपेक्षा से उत्पन्न होते हैं। स्मरण में पूर्व अनुभव की अपेक्षा होती है, प्रत्यभिज्ञान में स्मरण और अनुभव की, तर्क में अनुभव, स्मरण और प्रत्यभिज्ञान की, अनुमान में लिङ्गदर्शन, व्याप्ति स्मरण आदि की और आगम में शब्दश्रवण, सङ्केतग्रहण (इस शब्द का यह अर्थ है, इस प्रकार के संकेत के ग्रहण) आदि की अपेक्षा होती है। किन्तु प्रत्यक्ष प्रमाण में ज्ञानान्तर की अपेक्षा नहीं होती, वह स्वतन्त्र रूप से—ज्ञानान्तर निरपेक्ष ही उत्पन्न होता है। स्मरण आदि की यह ज्ञानान्तरापेक्षा उनके अपने अपने निरूपण के समय बतलायी जायगी।

प्रथमतः उद्दिष्ट स्मृति का निरूपण—

स्मृति किसे कहते हैं? 'वह' इस प्रकार से उल्लिखित होने वाले और पहले अनुभव किये हुये पदार्थ को विषय करने वाले ज्ञान को स्मृति कहते हैं। जैसे 'वह देवदत्त'। यहाँ पहले अनुभव किया हुआ ही देवदत्त 'वह' शब्द के द्वारा जाना जाता है। इसलिये यह ज्ञान 'वह' शब्द से उल्लिखित होने वाला और अनुभूत पदार्थ को विषय करने वाला है। जिसका अनुभव नहीं किया उसमें यह ज्ञान नहीं होता। इस ज्ञान का जनक अनुभव है और वह अनुभव धारणारूप ही कारण होता है; क्योंकि पदार्थ में अवग्रहादिक ज्ञान हो जाने पर भी धारणा के अभाव में स्मृति उत्पन्न नहीं होती। कारण, धारणा

आत्मा में उस प्रकार का संस्कार पैदा करती है, जिससे वह कालान्तर में भी उस अनुभूत विषय का स्मरण करा देती है। इसलिये धारणाके विषय में उत्पन्न हुआ 'वह' शब्द से उल्लिखित होने वाला यह ज्ञान स्मृति है, यह सिद्ध होता है।

शङ्का—यदि धारणा के द्वारा ग्रहण किये विषय में ही स्मरण उत्पन्न होता है तो गृहीतग्राही होने से उसके अप्रमाणता का प्रसङ्ग आता है ?

समाधान—नहीं; ईहा आदिक की तरह स्मरणमें भी विषयभेद मौजूद है। जिस प्रकार अवग्रहादिक के द्वारा ग्रहण किये हुए अर्थ को विषय करने वाले ईहादिक ज्ञानों में विषयभेद होने से अपने विषय-सम्बन्धी संशयादिरूप समारोप को दूर करने के कारण प्रमाणता है उसी प्रकार स्मरण में भी धारणा के द्वारा ग्रहण किये गये विषय में प्रवृत्त होने पर भी प्रमाणता ही है। कारण, धारणा का विषय इदन्ता से युक्त अर्थात् 'यह' है—'यह' शब्द के प्रयोग पूर्वक उल्लिखित होता है और स्मरण का तत्ता से युक्त अर्थात् 'वह' है—'वह' शब्द के द्वारा निर्दिष्ट होता है। तात्पर्य यह है कि धारणा का विषय तो वर्तमान कालीन है और स्मरण का विषय भूतकालीन है। अतः स्मरण अपने विषय में उत्पन्न हुये अस्मरण आदि समारोपको दूर करने के कारण प्रमाण ही है—अप्रमाण नहीं। प्रमेयकमलमार्त्तण्ड में भी कहा है—"विस्मरण, संशय और विपर्ययरूप समारोप है और उस समारोप को दूर करने से यह स्मृति प्रमाण है।"

'स्मरण अनुभूत विषय में प्रवृत्त होता है' इतने से यदि वह अप्रमाण हो तो अनुमान से आती हुई अग्नि को जानने के लिये पीछे प्रवृत्त हुआ प्रत्यक्ष भी अप्रमाण ठहरेगा। अतः स्मरण किसी भी प्रकार अप्रमाण सिद्ध नहीं होता।

प्रत्यक्षादिककी तरह स्मृति अविसंवादी है—विसंवाद रहित है, इसलिए भी वह प्रमाण है। क्योंकि स्मरण करके यथास्थान रक्खी हुई वस्तुओं को ग्रहण करने के लिए प्रवृत्त होने वाले व्यक्ति को स्मरण के विषय (पदार्थ) में विसंवाद—भूल जाना या अन्यत्र प्रवृत्ति करना नहीं होता। जहाँ विसंवाद होता है वह प्रत्यक्षाभास की तरह स्मरणाभास है। उसे हम प्रमाण नहीं मानते। इस तरह स्मरण नामका पृथक् प्रमाण है, यह सिद्ध हुआ।

प्रत्यभिज्ञान का लक्षण और उसके भेदों का निरूपण—

अनुभव और स्मरणपूर्वक होने वाले जोड़रूप ज्ञानको प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। 'यह' का उल्लेख करने वाला ज्ञान अनुभव है और 'वह' का उल्लेखी ज्ञान स्मरण है। इन दोनों से पैदा होने वाला तथा पूर्व और उत्तर अवस्थाओं में वर्त्तमान एकत्व, सादृश्य और वैलक्षण्य आदि को विषय करने वाला जो जोड़रूप ज्ञान होता है वह प्रत्यभिज्ञान है, ऐसा समझना चाहिए। जैसे वही यह जिनदत्त है, गौ के समान गवय (जङ्गली पशुविशेष) होता है, गाय से भिन्न भैंसा होता है, इत्यादिक प्रत्यभिज्ञान के उदाहरण हैं।

यहाँ पहले उदाहरण में, जिनदत्त की पूर्व और उत्तर अवस्थाओंमें रहने वाली एकता प्रत्यभिज्ञान का विषय है। इसीको एकत्व-प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। दूसरे उदाहरण में, पहले अनुभव की हुई गाय को लेकर गवय में रहने वाली सदृशता प्रत्यभिज्ञान का विषय है। इस प्रकार के ज्ञान को सादृश्यप्रत्यभिज्ञान कहते हैं। तीसरे उदाहरण में, पहले अनुभव की हुई गाय को लेकर भैंसा में रहने वाली विसदृशता प्रत्यभिज्ञान का विषय है। इस तरह का ज्ञान वैसादृश्य-प्रत्यभिज्ञान कहलाता है। इसी प्रकार और भी प्रत्यभिज्ञान के भेद अपने अनुभव से स्वयं विचार लेना चाहिये। इन सभी प्रत्य-

विज्ञानों में अनुभव और स्मरण की अपेक्षा होने से उन्हें अनुभव और स्मरणहेतुक माना जाता है।

किन्हीं का कहना है कि अनुभव और स्मरण से भिन्न प्रत्यभिज्ञान नहीं है। (क्योंकि पूर्व और उत्तर अवस्थाओं को विषय करने वाला एक ज्ञान नहीं हो सकता है। कारण, विषय भिन्न है। दूसरी बात यह है कि 'वह' इस प्रकार से जो ज्ञान होता है वह तो परोक्ष है और 'यह' इस प्रकार से जो ज्ञान होता है वह प्रत्यक्ष है—इसलिये भी प्रत्यक्ष और परोक्षरूप एक ज्ञान नहीं हो सकता है, किन्तु वे अनुभव और स्मरणरूप दो ज्ञान हैं।) यह कहना ठीक नहीं है; क्योंकि अनुभव तो वर्त्तमानकालीन पर्याय को ही विषय करता है और स्मरण भूतकालीन पर्याय का द्योतन करता है। इसलिये ये दोनों अतीत और वर्त्तमान पर्यायों में रहने वाली एकता, सदृशता आदि को कैसे विषय कर सकते हैं? अर्थात्—नहीं कर सकते हैं। अतः स्मरण और अनुभव से भिन्न उनके बाद में होने वाला तथा उन एकता, सदृशता आदि को विषय करने वाला जो जोड़रूप ज्ञान होता है वही प्रत्यभिज्ञान है।

अन्य (दूसरे वैशेषिकादि) एकत्वप्रत्यभिज्ञान को स्वीकार करके भी उसका प्रत्यक्ष में अन्तर्भाव कल्पित करते हैं। वह इस प्रकार से है—जो इन्द्रियों के साथ अन्वय और व्यतिरेक रखता है वह प्रत्यक्ष है। अर्थात्—जो इन्द्रियों के होने पर होता है और उनके अभाव में नहीं होता वह प्रत्यक्ष है, यह प्रसिद्ध है। और इन्द्रियों का अन्वय तथा व्यतिरेक रखने वाला यह प्रत्यभिज्ञान है, इस कारण वह प्रत्यक्ष है। उनका भी यह कथन ठीक नहीं है; क्योंकि इन्द्रियाँ वर्त्तमान पर्याय मात्र के विषय करने में ही उपक्षीण (चरितार्थ) हो जाने से वर्त्तमान और अतीत अवस्थाओं में रहने वाले

एकत्वको विषय नहीं कर सकती हैं। इन्द्रियों की अविषय में प्रवृत्ति मानना योग्य नहीं है। अन्यथा चक्षु के द्वारा रसादि का भी ज्ञान होने का प्रसङ्ग आवेगा।

शङ्का—यह ठीक है कि इन्द्रियाँ वर्त्तमान पर्याय मात्र को ही विषय करती हैं तथापि वे सहकारियों की सहायता से वर्त्तमान और अतीत अवस्थाओं में रहने वाले एकत्व में भी ज्ञान करा सकती हैं। जिस प्रकार अञ्जन के संस्कार से चक्षु व्यवधान प्राप्त (ढके हुये) पदार्थ को भी जान लेती है। यद्यपि चक्षु के व्यवहित पदार्थ को जानने की सामर्थ्य (शक्ति) नहीं है। परन्तु अञ्जन संस्कार की सहायता से वह उसमें देखी जाती है। उसी प्रकार स्मरण आदि की सहायता ले इन्द्रियाँ ही दोनों अवस्थाओं में रहने वाले एकत्व को जान लेंगी। अतः उसको जानने के लिए एकत्वप्रत्यभिज्ञान नाम के प्रमाणान्तर की कल्पना करना अनावश्यक है?

समाधान—यह कहना भी सम्यक् नहीं है; क्योंकि हजार सहकारियों के मिल जाने पर भी अविषय में—जिसका जो विषय नहीं है, उसकी उसमें—प्रवृत्ति नहीं हो सकती है। चक्षु के अञ्जन संस्कार आदि सहायक उसके अपने विषय रूपादि में ही उसको प्रवृत्त करा सकते हैं, रसादिक विषय में नहीं। और इन्द्रियों का अविषय है पूर्व तथा उत्तर अवस्थाओं में रहने वाला एकत्व। अतः उसे जानने के लिये पृथक् प्रमाण मानना ही होगा। सभी जगह विषय-भेद के द्वारा ही प्रमाण के भेद स्वीकार किये गये हैं।

दूसरी बात यह है कि 'वही यह है' यह ज्ञान अस्पष्ट ही है—स्पष्ट नहीं है। इसलिए भी उसका प्रत्यक्ष में अन्तर्भाव नहीं हो सकता है। और यह निश्चय ही जानना चाहिये कि चक्षु आदिक इन्द्रियों में एकत्वज्ञान उत्पन्न करने की सामर्थ्य नहीं है।

अन्यथा लिङ्गदर्शन (धूमादि का देखना) और व्याप्ति के स्मरण आदि की सहायता से चक्षुरादिक इन्द्रियाँ ही अग्नि आदिक लिङ्गि (साध्य) का ज्ञान उत्पन्न कर दें। इस तरह अनुमान भी पृथक् प्रमाण न हो। यदि कहा जाय, कि चक्षुरादिक इन्द्रियाँ तो अपने विषय धूमादि के देखने मात्र में ही चरितार्थ हो जाती हैं, वे अग्नि आदि परोक्ष अर्थ में प्रवृत्त नहीं हो सकतीं, अतः अग्नि आदि परोक्ष अर्थों का ज्ञान करने के लिये अनुमान प्रमाण को पृथक् मानना आवश्यक है, तो प्रत्यभिज्ञान ने क्या अपराध किया? एकत्व को विषय करने के लिए उसको भी पृथक् मानना जरूरी है। अतः प्रत्यभिज्ञान नामका पृथक् प्रमाण है, यह स्थिर हुआ।

'सादृश्यप्रत्यभिज्ञान उपमान नाम का पृथक् प्रमाण है' ऐसा किन्हीं (नैयायिक और मीमांसकों) का कहना है। पर वह ठीक नहीं है; क्योंकि स्मरण और अनुभवपूर्वक जोड़रूप ज्ञान होने से उसमें प्रत्यभिज्ञानता (प्रत्यभिज्ञानपना) का उल्लंघन नहीं होता—वह उसमें रहती है। अतः वह प्रत्यभिज्ञान ही है। अन्यथा (यदि सादृश्य-विषयक ज्ञानको उपमान नाम का पृथक् प्रमाण माना जाय तो) 'गाय से भिन्न भैंसा है' इत्यादि विसदृशता को विषय करने वाले वैसादृश्यज्ञान को और 'यह इससे दूर है' इत्यादि आपेक्षिक ज्ञान को भी पृथक् प्रमाण होना चाहिए। अतः जिस प्रकार वैसादृश्यादि-ज्ञानों में प्रत्यभिज्ञान का लक्षण पाया जाने से वे प्रत्यभिज्ञान हैं उसी प्रकार सादृश्यविषयक ज्ञान में भी प्रत्यभिज्ञान का लक्षण पाया जाने से वह प्रत्यभिज्ञान ही है—उपमान नहीं। यही प्रामाणिक परम्परा है।

तर्क प्रमाण का निरूपण—

प्रत्यभिज्ञान प्रमाण हो। तर्क का क्या स्वरूप है? व्याप्ति के

ज्ञानको तर्क कहते हैं। साध्य और साधन में गम्य और गमक (बोध्य और बोधक) भाव का साधक और व्यभिचार की गन्ध से रहित जो सम्बन्धविशेष है उसे व्याप्ति कहते हैं। उसी को अविनाभाव भी कहते हैं। उस व्याप्ति के होने से अग्न्यादिक को धूमादिक ही जनाते हैं, घटादिक नहीं। क्योंकि घटादिक की अग्न्यादिक के साथ व्याप्ति (अविनाभाव) नहीं है। इस अविनाभावरूप व्याप्ति के ज्ञान में जो साधकतम है वह यह तर्क नाम का प्रमाण है। श्लोकवार्तिक भाष्य में भी कहा है—"साध्य और साधन के सम्बन्धविषयक अज्ञान को दूर करने रूप फल में जो साधकतम है वह तर्क है।" 'ऊहा' भी तर्क का ही दूसरा नाम है। वह तर्क उक्त व्याप्तिको सर्वदेश और सर्वकाल की अपेक्षा से विषय करता है।

शङ्का—इस तर्क का उदाहरण क्या है ?

समाधान—'जहाँ जहाँ धूम होता है वहाँ वहाँ अग्नि होती है' यह तर्क का उदाहरण है। यहाँ धूम के होने पर अनेक बार अग्नि की उपलब्धि और अग्नि के अभाव में धूम की अनुपलब्धि पाई जाने पर 'सब जगह और सब काल में धूआँ अग्नि का व्यभिचारी नहीं है—अग्नि के होने पर ही होता है और अग्नि के अभाव में नहीं होता' इस प्रकार का जो सर्वदेश और सर्वकालरूप से अविनाभाव को ग्रहण करने वाला बाद में ज्ञान उत्पन्न होता है वह तर्क नाम का प्रत्यक्षादिक से भिन्न ही प्रमाण है। प्रत्यक्ष निकटवर्ती ही धूम और अग्नि के सम्बन्ध का ज्ञान कराता है, अतः वह व्याप्ति का ज्ञान नहीं करा सकता। कारण, व्याप्ति सर्वदेश और सर्वकाल को लेकर होती है।

शङ्का—यद्यपि प्रत्यक्षसामान्य (साधारण प्रत्यक्ष) व्याप्ति को विषय करने में समर्थ नहीं है तथापि विशेष प्रत्यक्ष उसको विषय

करने में समर्थ है ही। वह इस प्रकार से—रसोईशाला आदि में धूम और अग्नि को सबसे पहले देखा, यह एक प्रत्यक्ष हुआ। इसके बाद अनेकों बार और कई प्रत्यक्ष हुये; पर वे सब प्रत्यक्ष व्याप्ति को विषय करने में समर्थ नहीं हैं। लेकिन पहले पहले के अनुभव किये धूम और अग्नि का स्मरण तथा तत्सजातीय के अनुसन्धानरूप प्रत्यभिज्ञान से सहित होकर कोई प्रत्यक्ष-विशेष सर्वदेश-काल को भी लेकर होने वाली व्याप्ति को ग्रहण कर सकता है। और इसलिये स्मरण तथा प्रत्यभिज्ञान से सहित प्रत्यक्ष-विशेष ही जब व्याप्ति को विषय करने में समर्थ है, तब तर्क नामके पृथक् प्रमाण के मानने की क्या आवश्यकता है ?

समाधान—ऐसा कथन उनकी न्याय-मार्ग की अनभिज्ञता को प्रकट करता है; क्योंकि 'हजार सहकारियों के मिल जाने पर भी अविषय में प्रवृत्ति नहीं हो सकती है' यह हम पहले कह आये हैं। इस कारण प्रत्यक्ष के द्वारा व्याप्ति का ग्रहण बतलाना सङ्गत नहीं है। किन्तु यह सङ्गत प्रतीत होता है कि स्मरण, प्रत्यभिज्ञान और अनेकों बार का हुआ प्रत्यक्ष ये तीनों मिल कर एक ऐसे ज्ञान को उत्पन्न करते हैं जो व्याप्ति के ग्रहण करने में समर्थ है और वही तर्क है। अनुमान आदि के द्वारा तो व्याप्ति का ग्रहण होना सम्भव ही नहीं है। तात्पर्य यह कि अनुमान से यदि व्याप्ति का ग्रहण माना जाय तो यहाँ दो विकल्प उठते हैं—जिस अनुमान की व्याप्ति का ग्रहण करना है उसी अनुमान से व्याप्ति का ग्रहण होता है या अन्य दूसरे अनुमान से ? पहले विकल्प में अन्योन्याश्रय दोष आता है, क्योंकि व्याप्ति का ज्ञान जब हो जाय, तब अनुमान अपना स्वरूप लाभ करे और अनुमान जब स्वरूप लाभ कर ले, तब व्याप्तिका ज्ञान हो, इस तरह दोनों परस्परापेक्ष हैं। अन्य दूसरे अनुमान से

व्याप्ति का ज्ञान मानने पर अनवस्था दोष आता है, क्योंकि दूसरे अनुमान को व्याप्ति का ज्ञान अन्य तृतीय अनुमान से मानना होगा, तृतीय अनुमान की व्याप्ति का ज्ञान अन्य चौथे अनुमान से माना जायगा, इस तरह कहीं भी व्यवस्था न होने से अनवस्था नाम का दोष प्रसक्त होता है। इसलिए अनुमान से व्याप्ति का ग्रहण सम्भव नहीं है। और न अन्यमादिक प्रमाणों से भी सम्भव है, क्योंकि उन सबका विषय भिन्न भिन्न है। और विषयभेद से प्रमाणभेद की व्यवस्था होती है। अतः व्याप्ति को ग्रहण करने के लिए तर्क प्रमाण का मानना आवश्यक है।

'निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के अनन्तर जो विकल्प पैदा होता है वह व्याप्ति को ग्रहण करता है' ऐसा बौद्ध मानते हैं; उनसे हम पूछते हैं कि वह विकल्प अप्रमाण है अथवा प्रमाण? यदि अप्रमाण है, तो उसके द्वारा गृहीत व्याप्ति में प्रमाणता कैसे? और यदि प्रमाण है, तो वह प्रत्यक्ष है अथवा अनुमान? प्रत्यक्ष तो हो नहीं सकता; क्योंकि वह अस्पष्टज्ञान है और अनुमान भी नहीं हो सकता; कारण, उसमें लिङ्गदर्शन आदि की अपेक्षा नहीं होती। यदि इन दोनों से भिन्न ही कोई प्रमाण है, तो वही तो तर्क है। इस प्रकार तर्क नाम के प्रमाण का निर्णय हुआ।

अनुमान प्रमाण का निरूपण—

अब अनुमान का वर्णन करते हैं। साधन से साध्य का ज्ञान होने को अनुमान कहते हैं। यहाँ 'अनुमान' यह लक्ष्य-निर्देश है और 'साधन से साध्य का ज्ञान होना' यह उसके लक्षण का कथन है। तात्पर्य यह कि साधन—धूमादि लिङ्ग से साध्य—अग्नि आदिक लिङ्गी में जो ज्ञान होता है वह अनुमान है। क्योंकि वह साध्य ज्ञान ही अग्नि आदि के अज्ञान को दूर करता है। साधनज्ञान अनुमान

नहीं है, क्योंकि वह तो साधन सम्बन्धी अज्ञान के ही दूर करने में चरितार्थ हो जाने से साध्य सम्बन्धी अज्ञान को दूर नहीं कर सकता है। अतः नैयायिकों ने अनुमान का जो लक्षण कहा है कि "लिङ्गज्ञान अनुमान है" वह सङ्गत नहीं है। हम तो स्मरण आदि की उत्पत्ति में अनुभव आदि की तरह व्याप्ति स्मरण से सहित लिङ्गज्ञान को अनुमान प्रमाण की उत्पत्ति में कारण मानते हैं। इसका खुलासा इस प्रकार है—जिस प्रकार धारणा नाम का अनुभव स्मरण में कारण होता है, तात्कालिक अनुभव तथा स्मरण प्रत्यभिज्ञान में और साध्य तथा साधनविषयक स्मरण, प्रत्यभिज्ञान और अनुभव तर्क में कारण होते हैं उसी प्रकार व्याप्तिस्मरण आदि से सहित होकर लिङ्गज्ञान अनुमान की उत्पत्ति में कारण होता है—वह स्वयं अनुमान नहीं है। यह कथन सुसङ्गत ही है।

शङ्का—आपके मतमें—जैनदर्शनमें साधनको ही अनुमानमें कारण माना है, साधन के ज्ञान को नहीं, क्योंकि "साधन से साध्य के ज्ञान होने को अनुमान कहते हैं।" ऐसा पहले कहा गया है ?

समाधान—नहीं; 'साधन से' इस पद का अर्थ 'निश्चय पथ प्राप्त धूमादिक से' यह विवक्षित है। क्योंकि जिस धूमादिक साधन का निश्चय नहीं हुआ है। अर्थात्—जिसे जाना नहीं है वह साधन ही नहीं हो सकता है। इसी बात को तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक में कहा है—"साधन से साध्य के ज्ञान होने को विद्वानों ने अनुमान कहा है।" इस वार्तिक का अर्थ यह है कि साधन से—अर्थात् जाने हुए धूमादिक लिङ्ग से साध्य में अर्थात्—अग्नि आदिक लिङ्गी में जो ज्ञान होता है वह अनुमान है। क्योंकि जिस धूमादिक लिङ्ग को नहीं जाना है उसको साध्य के ज्ञान में कारण मानने पर सोये हुये अथवा जिन्होंने धूमादिक लिङ्ग को ग्रहण नहीं किया उनको भी

अग्नि आदि का ज्ञान हो जावेगा। इस कारण जाने हुये साधन से होने वाला साध्य का ज्ञान ही साध्यविषयक अज्ञान को दूर करने से अनुमान है, लिङ्गज्ञानादिक नहीं। ऐसा अकलङ्कादि प्रामाणिक विद्वान कहते हैं। तात्पर्य यह है कि अनुमान प्रमाण को अनुमान में कारण प्रतिपादन करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि जैन दर्शन में साधन को अनुमान में कारण नहीं माना, अपितु साधनज्ञान को ही कारण माना है।

साधन का लक्षण –

वह साधन क्या है, जिससे होने वाले साध्य के ज्ञान को अनुमान कहा है ? अर्थात्—साधन क्या लक्षण है ? इसका उत्तर यह है—जिसकी साध्य के साथ अन्यथानुपपत्ति (अविनाभाव) निश्चित है उसे साधन कहते हैं। तात्पर्य यह कि जिसकी साध्य के अभाव में नहीं होने रूप व्याप्ति, अविनाभाव आदि नामों वाली साध्यान्यथानुपपत्ति—साध्य के होने पर ही होना और साध्य के अभाव में नहीं होना—तर्क नाम के प्रमाण द्वारा निर्णीत है वह साधन है। श्री कुमारनन्दी भट्टारक ने भी कहा है—"अन्यथानुपपत्तिमात्र जिसका लक्षण है उसे लिङ्ग कहा गया है।"

साध्य का लक्षण—

वह साध्य क्या है, जिसके अविनाभाव को साधन का लक्षण प्रतिपादन किया है। ? अर्थात्—साध्य का क्या स्वरूप है ? सुनिये—शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध को साध्य कहते हैं। शक्य वह है जो प्रत्यक्षादि प्रमाणों से बाधित न होने से सिद्ध किया जा सकता है। अभिप्रेत वह है जो वादी को सिद्ध करने के लिए अभिमत है—इष्ट है। और अप्रसिद्ध वह है जो सन्देहादिक से युक्त होने से अनिश्चित है, इस तरह जो शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध है वही साध्य है।

यदि अशक्य (बाधित) को साध्य माना जाय, तो अग्नि में अनुष्णता (उष्णता का अभाव) आदि भी साध्य हो जायगी। अनभिप्रेत को साध्य माना जाय, तो अतिप्रसङ्ग नामका दोष आवेगा। तथा प्रसिद्ध को साध्य माना जाय, तो अनुमान व्यर्थ हो जायगा, क्योंकि साध्य की सिद्धि के लिये अनुमान किया जाता है और वह साध्य पहले से प्रसिद्ध है। अतः शक्यादिरूप ही साध्य है। न्यायविनिश्चय में भी कहा है :—

साध्यं शक्यमभिप्रेतमप्रसिद्धं ततोऽपरम्।
साध्याभासं विरुद्धादि साधनाविषयत्वतः ॥१७२॥

इसका अर्थ यह है कि जो शक्य है, अभिप्रेत है और अप्रसिद्ध है वह साध्य है और जो इससे विपरीत है वह साध्याभास है। वह साध्याभास कौन है ? विरुद्धादिक हैं। प्रत्यक्षादि से बाधित को विरुद्ध कहते हैं। 'आदि' शब्द से अनभिप्रेत और प्रसिद्ध का ग्रहण करना चाहिए। ये तीनों साध्याभास क्यों हैं ? क्योंकि ये तीनों ही साधन के विषय नहीं हैं। अर्थात्—साधन के द्वारा ये विषय नहीं किये जाते हैं। इस प्रकार यह अकलङ्कदेव के अभिप्राय का संक्षेप है। उनके सम्पूर्ण अभिप्राय को तो स्याद्वादविद्यापति श्री वादिराज जानते हैं। अर्थात्—अकलङ्कदेव की उक्त कारिका का विशद एवं विस्तृत व्याख्यान श्री वादिराज ने न्यायविनिश्चय के व्याख्यानभूत अपने न्यायविनिश्चयविवरण में किया है। अतः अकलङ्कदेव के पूरे आशय को तो वे ही जानते हैं। यहाँ सिर्फ उनके अभिप्राय के अंशमात्र को दिया है। साधन और साध्य दोनों को लेकर श्लोकवार्तिक में भी कहा है—"जिसका अन्यथानुपपत्तिमात्र लक्षण है, अर्थात्—जो न त्रिलक्षणरूप है और न पञ्चलक्षणरूप है, केवल अविनाभावविशिष्ट है वह साधन है। तथा जो शक्य है, अभिप्रेत है

और अप्रसिद्ध है उसे साध्य कहा गया है।"

इस प्रकार अविनाभाव निश्चयरूप एक लक्षण वाले साधन से शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्धरूप साध्य के ज्ञान को अनुमान कहते हैं, यह सिद्ध हुआ।

यह अनुमान दो प्रकारका है—१ स्वार्थानुमान और २ परार्थानुमान। उनमें स्वयं ही जाने हुए साधन से साध्य के ज्ञान होने को स्वार्थानुमान कहते हैं। अर्थात्—दूसरे के उपदेश (प्रतिज्ञादिवाक्यप्रयोग) की अपेक्षा न करके स्वयं ही निश्चित किये और पहले तर्क प्रमाण से जाने गये तथा व्याप्ति के स्मरण से सहित धूमादिक साधन से पर्वत आदिक धर्मों में अग्नि आदि साध्य का जो ज्ञान होता है वह स्वार्थानुमान है। जैसे—यह पर्वत अग्निवाला है; क्योंकि धूम पाया जाता है। यद्यपि स्वार्थानुमान ज्ञानरूप है तथापि समझाने के लिये उसका यह शब्द द्वारा उल्लेख किया गया है। जैसे 'यह घट है' इस शब्द के द्वारा प्रत्यक्ष का उल्लेख किया जाता है। 'पर्वत अग्निवाला है, क्योंकि धूम पाया जाता है' इस प्रकार अनुमाता जानता है—अनुमिति करता है, इस तरह स्वार्थानुमान की स्थिति है। अर्थात्—स्वार्थानुमान इस प्रकार प्रवृत्त होता है, ऐसा समझना चाहिए।

स्वार्थानुमान के अङ्गों का कथन—

इस स्वार्थानुमान के तीन अङ्ग हैं—१ धर्मी, २ साध्य और ३ साधन। साधन साध्य का गमक (ज्ञापक) होता है, इसलिए वह गमकरूप से अङ्ग है। साध्य साधन के द्वारा गम्य होता है—जाना जाता है, इसलिए वह गम्यरूप से अङ्ग है। और धर्मी साध्य-धर्म का आधार होता है, इसलिए वह साध्यधर्म के आधार रूप से अङ्ग है। क्योंकि किसी आधारविशेष में साध्य की सिद्धि

करना अनुमान का प्रयोजन है। केवल धर्म की सिद्धि तो व्याप्ति-निश्चय के समय में ही हो जाती है। कारण, जहाँ जहाँ धूम होता है वहाँ वहाँ अग्नि होती है' इस प्रकार की व्याप्ति के ग्रहण समय में साध्यधर्म—अग्नि ज्ञात हो ही जाती है। इसलिए केवल धर्म की सिद्धि करना अनुमान का प्रयोजन नहीं है। किंतु 'पर्वत अग्नि-वाला है' अथवा 'रसोईशाला अग्निवाली है' इस प्रकार 'पर्वत' या 'रसोईशाला' में वृत्तिरूप से अग्नि का ज्ञान अनुमान से ही होता है। अतः आधारविशेष (पर्वतादिक) में रहने रूप से साध्य (अग्न्यादिक) की सिद्धि करना अनुमान का प्रयोजन है। इसलिए धर्मी भी स्वार्थानुमान का अङ्ग है।

अथवा स्वार्थानुमान के दो अङ्ग हैं—१ पक्ष और २ हेतु। क्योंकि साध्य-धर्म से युक्त धर्मी को पक्ष कहा गया है। इसलिए पक्ष के कहने से धर्म और धर्मी दोनों का ग्रहण हो जाता है। इस तरह स्वार्थानुमान के धर्मी, साध्य और साधन के भेद से तीन अङ्ग अथवा पक्ष और साधन के भेद से दो अङ्ग हैं, यह सिद्ध हो गया। यहाँ दोनों जगह विवक्षा का भेद है। जब स्वार्थानुमान के तीन अङ्ग कथन किये जाते हैं तब धर्मी और धर्म के भेद की विवक्षा है और जब दो अङ्ग कहे जाते हैं तब धर्मी और धर्म के समुदाय की विवक्षा है। तात्पर्य यह कि स्वार्थानुमान के तीन या दो अङ्गों के कहने में कुछ भी विरोध अथवा अर्थभेद नहीं है। केवल कथन का भेद है। उपर्युक्त यह धर्मी प्रसिद्ध ही होता है—अप्रसिद्ध नहीं। इसी बात को दूसरे विद्वानों ने कहा है—"प्रसिद्धो धर्मी" अर्थात् धर्मी प्रसिद्ध होता है।

धर्मी की तीन प्रकार से प्रसिद्धि का निरूपण—

धर्मी की प्रसिद्धि कहीं तो प्रमाण से, कहीं विकल्प से और

कहीं प्रमाण तथा विकल्प दोनों से होती है। प्रत्यक्षादिक प्रमाणों में से किसी एक प्रमाण से धर्मी का निश्चय होना 'प्रमाणसिद्ध धर्मी' है। जिसकी प्रमाणता या अप्रमाणता का निश्चय नहीं हुआ है ऐसे ज्ञान से जहाँ धर्मी की सिद्धि होती है उसे 'विकल्पसिद्ध धर्मी' कहते हैं। और जहाँ प्रमाण तथा विकल्प दोनों से धर्मी का निर्णय किया जाता है वह 'प्रमाणविकल्पसिद्ध धर्मी' है।

प्रमाणसिद्ध धर्मी का उदाहरण—'धूम से अग्नि की सिद्धि करने में पर्वत' है। क्योंकि वह प्रत्यक्ष से जाना जाता है।

विकल्पसिद्ध धर्मी का उदाहरण इस प्रकार है—'सर्वज्ञ है, क्योंकि उसके सद्भाव के बाधक प्रमाणों का अभाव अच्छी तरह निश्चित है, अर्थात्—उसके अस्तित्व का कोई बाधक प्रमाण नहीं है।' यहाँ सद्भाव सिद्ध करने में 'सर्वज्ञ' रूप धर्मी विकल्पसिद्ध धर्मी है। अथवा 'खरविषाण नहीं है, क्योंकि उसको सिद्ध करने वाले प्रमाणों का अभाव निश्चित है' यहाँ अभाव सिद्ध करने में 'खरविषाण' विकल्पसिद्ध धर्मी है। 'सर्वज्ञ' सद्भाव सिद्ध करने के पहले प्रत्यक्षादिक किसी भी प्रमाणसे सिद्ध नहीं है, किन्तु केवल प्रतीति (कल्पना) से सिद्ध है, इसलिए वह विकल्पसिद्ध धर्मी है। इसी प्रकार 'खरविषाण' असद्भाव सिद्ध करने के पहले केवल कल्पना से सिद्ध है, अतः वह भी विकल्पसिद्ध धर्मी है।

उभयसिद्ध धर्मी का उदाहरण—'शब्द परिणमनशील है, क्योंकि वह किया जाता है—तालु आदि की क्रिया से उत्पन्न होता है।' यहाँ शब्द है। कारण, वर्त्तमान शब्द तो प्रत्यक्ष से जाने जाते हैं, परन्तु भूतकालीन और भविष्यत्कालीन शब्द केवल प्रतीति से सिद्ध हैं और वे समस्त शब्द यहाँ धर्मी हैं, इसलिए 'शब्द' रूप धर्मी प्रमाण तथा विकल्प दोनों से सिद्ध अर्थात्—उभयसिद्ध धर्मी है। प्रमाण-

सिद्ध और उभयसिद्ध धर्मों में साध्य यथेच्छ होता है—उसमें कोई नियम नहीं होता। किन्तु विकल्पसिद्ध धर्मों में सद्भाव और असद्भाव ही साध्य होते हैं, ऐसा नियम है। कहा भी है—"विकल्पसिद्ध धर्मों में सत्ता और असत्ता ये दो ही साध्य होते हैं।" इस प्रकार दूसरे के उपदेश की अपेक्षा से रहित स्वयं जाने गये साधन से पक्ष में रहने रूप से साध्य का जो ज्ञान होता है वह स्वार्थानुमान है, यह दृढ़ हो गया। कहा भी है—"परोपदेश के बिना भी दृष्टा को साधन से जो साध्य का ज्ञान होता है उसे स्वार्थानुमान कहते हैं।'

परार्थानुमान का निरूपण—

दूसरे के उपदेश की अपेक्षा लेकर जो साधन से साध्य का ज्ञान होता है उसे परार्थानुमान कहते हैं। तात्पर्य यह कि प्रतिज्ञा और हेतु-रूप परोपदेश की सहायता से श्रोता को जो साधन से साध्य का ज्ञान होता है वह परार्थानुमान है। जैसे—'यह पर्वत अग्निवाला होने के योग्य है, क्योंकि धूम वाला है।' ऐसा किसी के वाक्य-प्रयोग करने पर उस वाक्य के अर्थ का विचार और पहले ग्रहण की हुई व्याप्ति का स्मरण करने वाले श्रोता को अनुमान ज्ञान होता है। और ऐसे अनुमान ज्ञान का ही नाम परार्थानुमान है।

'परोपदेश वाक्य ही परार्थानुमान है। अर्थात् जिस प्रतिज्ञादि पञ्चावयवरूप वाक्य से सुनने वाले को अनुमान होता है वह वाक्य ही परार्थानुमान है।' ऐसा किन्हीं (नैयायिकों) का कहना है। पर उनका यह कहना ठीक नहीं है। हम उनसे पूछते हैं कि वह वाक्य मुख्य अनुमान है अथवा गौण अनुमान? मुख्य अनुमान तो हो ही नहीं सकता, क्योंकि वाक्य अज्ञानरूप है। यदि वह गौण अनुमान है, तो उसे हम मानते हैं, क्योंकि परार्थानुमान ज्ञान के कारण—परार्थानुमान वाक्य में परार्थानुमान का व्यपदेश हो सकता है। जैसे—'घी आयु

हैं' इत्यादि व्यपदेश होता है। तात्पर्य यह कि परार्थानुमान वाक्य परार्थानुमान ज्ञान के उत्पन्न करने में कारण होता है, अतः उसको उपचार से परार्थानुमान माना गया है।

परार्थानुमान की अङ्गसम्पत्ति और उसके अवयवों का प्रतिपादन—

इस परार्थानुमान के अङ्गों का कथन स्वार्थानुमान की तरह जानना चाहिए। अर्थात्—उसके भी धर्मी, साध्य और साधन के भेद से तीन अथवा पक्ष और हेतु के भेद से दो अङ्ग हैं। और परार्थानुमान में कारणीभूत वाक्य के दो अवयव हैं—१ प्रतिज्ञा और २ हेतु। धर्म और धर्मी के समुदाय रूप पक्ष के कहने को प्रतिज्ञा कहते हैं। जैसे—'यह पर्वत अग्नि वाला है।' साध्य के अविनाभावी साधन के बोलने को हेतु कहते हैं। जैसे—धूम वाला अन्यथा हो नहीं सकता' अथवा 'अग्नि के होने से ही धूम वाला है।' इन दोनों हेतु-प्रयोगों में केवल कथन का भेद है। पहले हेतु-प्रयोग में तो 'धूम अग्नि के बिना नहीं हो सकता' इस तरह निषेधरूप से कथन किया है और दूसरे हेतु-प्रयोग में 'अग्नि के होने पर ही धूम होता है' इस तरह सद्भावरूप से प्रतिपादन किया है। अर्थ में भेद नहीं है। दोनों ही जगह अविनाभावी साधन का कथन समान है। इसलिए उन दोनों हेतुप्रयोगों में से किसी एक को ही बोलना चाहिए। दोनों के प्रयोग करने में पुनरुक्ति आती है। इस प्रकार पूर्वोक्त प्रतिज्ञा और इन दोनों हेतु-प्रयोगों में से कोई एक हेतु-प्रयोग, ये दो ही परार्थानुमान वाक्य के अवयव हैं—अङ्ग हैं; क्योंकि व्युत्पन्न (समझदार) श्रोता को प्रतिज्ञा और हेतु इन दो से ही अनुमिति—अनुमान ज्ञान हो जाता है।

नैयायिकाभिमत पाँच अवयवों का निराकरण—

नैयायिक परार्थानुमान वाक्य के उपर्युक्त प्रतिज्ञा और हेतु

इन दो अवयवों के साथ उदाहरण, उपनय तथा निगमन इस तरह पाँच अवयव कहते हैं। जैसा कि वे सूत्र द्वारा प्रकट करते हैं :—

"प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनान्यवयवाः" [न्यायसू० १।१।३२]

अर्थात्—प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन ये पाँच अवयव हैं। उनके वे लक्षणपूर्वक उदाहरण भी देते हैं—पक्ष के प्रयोग करने को प्रतिज्ञा कहते हैं। जैसे—यह पर्वत अग्नि वाला है। साधनता (साधनपना) बतलाने के लिए पञ्चमी विभक्ति रूप से लिङ्ग के कहने को हेतु कहते हैं। जैसे—क्योंकि धूमवाला है। व्याप्ति को दिखलाते हुए दृष्टान्त के कहने को उदाहरण कहते हैं। जैसे—जो जो धूमवाला है वह वह अग्निवाला है। जैसे—रसोई का घर। यह साधर्म्य उदाहरण है। जो जो अग्निवाला नहीं होता वह वह धूमवाला नहीं होता। जैसे—तालाब। यह वैधर्म्य उदाहरण है। उदाहरण के पहले भेद में हेतु की अन्वयव्याप्ति (साध्य की मौजूदगी में साधन की मौजूदगी) दिखाई जाती है और दूसरे भेद में व्यतिरेक-व्याप्ति (साध्य की गैर मौजूदगी में साधन की गैर मौजूदगी) बतलाई जाती है। जहाँ अन्वयव्याप्ति प्रदर्शित की जाती है उसे अन्वय दृष्टान्त कहते हैं और जहाँ व्यतिरेकव्याप्ति दिखाई जाती है उसे व्यतिरेक दृष्टान्त कहते हैं। इस प्रकार दृष्टान्त के दो भेद होने से दृष्टान्त के कहने रूप उदाहरण के भी दो भेद जानना चाहिए। इन दोनों उदाहरणों में से किसी एक का ही प्रयोग करना पर्याप्त (काफी) है, अन्य दूसरे का प्रयोग करना अनावश्यक है। दृष्टान्त की अपेक्षा लेकर पक्ष में हेतु के दोहराने को उपनय कहते हैं। जैसे—इसीलिए यह पर्वत धूमवाला है। हेतुपुरस्सर पक्ष के कहने को निगमन कहते हैं। जैसे—धूमवाला होने से यह अग्निवाला है। ये पाँचों अवयव परामर्शानुमान प्रयोग के हैं। इनमें से कोई भी एक न हो तो

वीतराग कथा में और विजिगीषुकथा में अनुमिति उत्पन्न नहीं होती, ऐसा नैयायिकों का मानना है।

पर उनका यह मानना सारविचारपूर्ण है; क्योंकि वीतरागकथा में शिष्यों के अभिप्राय को लेकर अधिक भी अवयव बोले जा सकते हैं। परन्तु विजिगीषुकथा में प्रतिज्ञा और हेतुरूप दो ही अवयव बोलना पर्याप्त है, अन्य अवयवों का बोलना वहां अनावश्यक है। इसका खुलासा इस प्रकार है—

वादी और प्रतिवादी में अपने पक्ष को स्थापित करने के लिए जीत-हार होने तक जो परस्पर (आपस) में वचनप्रवृत्ति (चर्चा) होती है वह विजिगीषुकथा कहलाती है। और गुरु तथा शिष्यों में अथवा रागद्वेष रहित विशेष विद्वानों में तत्त्व (वस्तुस्वरूप) के निर्णय होने तक जो आपस में चर्चा की जाती है वह वीतरागकथा है। इनमें विजिगीषुकथा को वाद कहते हैं। कोई (नैयायिक) वीतरागकथा को भी वाद कहते हैं। पर वह स्वयंहमान्य ही है, क्योंकि लोक में गुरु-शिष्य आदि की सौम्यचर्चा को वाद (शास्त्रार्थ) नहीं कहा जाता। हां, हार-जीत की चर्चा को अवश्य वाद कहा जाता है। जैसे स्वामी समन्तभद्राचार्य ने सभी एकान्तवादियों को वाद में जीत लिया। अर्थात्—विजिगीषुकथा में उन्हें विजित कर लिया। और उस वाद में परार्थानुमान वाक्य के प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अवयव कार्यकारी हैं, उदाहरणादिक नहीं। इसका भी स्पष्टीकरण इस प्रकार है—सबसे पहले लिङ्गवचनरूप हेतु अवश्य होना चाहिये, क्योंकि लिङ्ग का ज्ञान न हो, तो अनुमिति ही उत्पन्न नहीं हो सकती है। इसी प्रकार पक्ष-वचनरूप प्रतिज्ञा का भी होना आवश्यक है। नहीं तो, अपने इष्ट साध्य का किसी आधारविशेष में निश्चय नहीं होने पर साध्य के सन्देह वाले श्रोता को अनुमिति पैदा नहीं हो

सकती। कहा भी है—"एतद्वयमेवानुमानाङ्गम्" [परीक्षा० ३-३७] इसका अर्थ यह है कि प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अनुमान अर्थात् परार्थानुमान के अङ्ग (अवयव) हैं। यहाँ सूत्र में 'वावे' शब्द को और जोड़ लेना चाहिए। जिसका तात्पर्य यह है कि विजिगीषुकथा में परार्थानुमान के प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अङ्ग हैं। यहाँ सूत्र में अवधारणार्थक एवकार शब्द के प्रयोग द्वारा उदाहरणादिक का व्यवच्छेद किया गया है। अर्थात् उदाहरण आदिक परार्थानुमान के अवयव नहीं हैं, यह प्रकट किया गया है। क्योंकि वाद (शास्त्रार्थ) का अधिकार व्युत्पन्न को ही है और व्युत्पन्न केवल प्रतिज्ञा तथा हेतु के प्रयोग से ही जाने जानेवाले उदाहरण आदि के प्रतिपाद्य अर्थ को जानने में समर्थ है। उसको जानने के लिए उदाहरणादिक की आवश्यकता नहीं है। यदि गम्यमान (जाना जानेवाले) अर्थ का भी पुनः कथन किया जाये, तो पुनरुक्तता का प्रसङ्ग आता है। तात्पर्य यह कि प्रतिज्ञा और हेतु के द्वारा जान लेने पर भी उस अर्थ के कथन के लिए उदाहरणादिक का प्रयोग करना पुनरुक्त है। अतः उदाहरणादिक परार्थानुमान के अङ्ग नहीं हैं।

शङ्का—यदि ऐसा है तो प्रतिज्ञा के कहने में भी पुनरुक्तता आती है; क्योंकि प्रतिज्ञा द्वारा कहा जाने वाला पक्ष भी प्रकरण, व्याप्ति-प्रदर्शन आदि के द्वारा ज्ञात हो जाता है। इसलिए लिङ्गवचनरूप एक हेतु का ही विजिगीषुकथा में प्रयोग करना चाहिये।

समाधान—बौद्धों का यह कथन ठीक नहीं है। इस प्रकार कहकर वे अपनी जड़ता को प्रकट करते हैं; क्योंकि केवल हेतु के प्रयोग करने पर व्युत्पन्न को भी साध्य के सन्देह की निवृत्ति नहीं हो सकती है। इस कारण प्रतिज्ञा का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। कहा भी है—"साध्य (साध्यधर्म के आधार) का सन्देह दूर करने के

लिए प्रकरण आदि के द्वारा आता नया भी पक्ष बोलना चाहिए।" इस प्रकार वाद की अपेक्षा से परार्थानुमान के प्रतिज्ञा और हेतुरूप दो ही अवयव हैं, न कम हैं और न अधिक, यह सिद्ध हुआ। इस तरह अवयवों का यह संक्षेप में विचार किया, विस्तार से पत्रपरीक्षा से जानना चाहिए।

वीतरागकथा में अधिक अवयवों के बोले जाने के औचित्य का समर्थन—

वीतरागकथा में तो शिष्यों के आशयानुसार प्रतिज्ञा और हेतु ये दो भी अवयव हैं। प्रतिज्ञा, हेतु और उदाहरण ये तीन भी हैं। प्रतिज्ञा हेतु, उदाहरण और उपनय ये चार भी हैं तथा प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन ये पाँच भी हैं। इस तरह यथायोग रूप से प्रयोगों की यह व्यवस्था है। इसी बात को श्रीकुमारनन्दि भट्टारक ने कहा है कि प्रयोगों के बोलने की व्यवस्था प्रतिपाद्यों के अभिप्रायानुसार करनी चाहिये—जो जितने अवयवों से समझ सके उसे उतने अवयवों का प्रयोग करना चाहिये।"

इस प्रकार प्रतिज्ञा आदिरूप परोपदेश से उत्पन्न हुआ ज्ञान परार्थानुमान कहलाता है। कहा भी है—"जो दूसरे के प्रतिज्ञादिरूप उपदेश की अपेक्षा लेकर श्रोता को साधन से साध्य का ज्ञान होता है वह परार्थानुमान माना गया है।"

इस तरह अनुमान के स्वार्थ और परार्थ ये दो भेद हैं और ये दोनों ही अनुमान साध्य के साथ जिसका अविनाभाव निश्चित है ऐसे हेतु से उत्पन्न होते हैं।

बौद्धों के त्रैरूप्य हेतु का निराकरण—

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से यह प्रसिद्ध हो जाता है कि अन्यथानुपपत्ति विशिष्ट हेतु अनुमिति में कारण है। तथापि इस-

का विचार न करके दूसरे (बौद्धादिक) अन्य प्रकार भी हेतु का लक्षण कहते हैं। उनमें बौद्ध पक्षधर्मत्व आदिक तीन लक्षण-वाले हेतु से अनुमान की उत्पत्ति बतलाते हैं। वह इस प्रकार से है—पक्ष-धर्मत्व, सपक्ष-सत्त्व और विपक्ष-व्यावृत्ति ये तीन हेतु के रूप (लक्षण) हैं। उनमें साध्यधर्म से विशिष्ट धर्मी को पक्ष कहते हैं। जैसे अग्नि के अनुमान करने में पर्वत पक्ष होता है। उस पक्ष में व्याप्त होकर हेतुका रहना पक्षधर्मत्व है। अर्थात् – हेतु का पहला रूप यह है कि उसे पक्ष में रहना चाहिये। साध्य के समान धर्म-वाले धर्मी को सपक्ष कहते हैं। जैसे अग्नि के अनुमान करने में ही महानस (रसोई का घर) सपक्ष होता है। उस सपक्ष में सब जगह अथवा एक जगह हेतु का रहना सपक्ष-सत्त्व है। यह हेतु का दूसरा रूप है। साध्य से विरोधी धर्म वाले धर्मों को विपक्ष कहते हैं। जैसे अग्नि के अनुमान करने में ही तालाब विपक्ष है। उन सभी विपक्षों से हेतु का व्यावृत्त होना अर्थात् उनमें नहीं रहना विपक्ष-व्यावृत्ति है। यह हेतु का तीसरा रूप है। ये तीनों रूप मिल कर हेतु का लक्षण है। यदि इनमें से कोई एक भी न हो तो वह हेत्वाभास है—असम्यग् हेतु है।

उनका यह वर्णन सङ्गत नहीं है; क्योंकि पक्ष-धर्मत्व के बिना भी कृत्तिकोदयादिक हेतु शकटोदयादि साध्य के ज्ञापक देखे जाते हैं। वह इस प्रकार से—'शकट नक्षत्र का एक मुहूर्त्त के बाद उदय होगा, क्योंकि इस समय कृत्तिका नक्षत्र का उदय हो रहा है।' इस अनुमान में 'शकट नक्षत्र' धर्मी (पक्ष) है, 'एक मुहूर्त्त के बाद उदय' साध्य है और 'कृत्तिका नक्षत्र का उदय' हेतु है। किन्तु 'कृत्तिका नक्षत्र का उदय' रूप हेतु पक्षभूत 'शकट' नक्षत्र में नहीं रहता, इसलिए वह पक्षधर्म नहीं है। अर्थात्—'कृत्तिका नक्षत्र का उदय' रूप हेतु पक्षधर्म से

रहित है। फिर भी वह अन्यथानुपपत्ति के होने से (कृत्तिका के उदय हो जाने पर ही शकट का उदय होता है और कृत्तिका के उदय न होने पर शकट का उदय नहीं होता है) शकट के उदयरूप साध्य का ज्ञान कराता ही है। अतः बौद्धों के द्वारा माना गया हेतु का त्रैरूप्य लक्षण अव्याप्ति दोष सहित है।

नैयायिकसम्मत पंचरूप्य हेतु का कथन और उसका निराकरण—

नैयायिक पंचरूपता को हेतु का लक्षण कहते हैं। वह इस तरह से है—पक्षधर्मत्व, सपक्षसत्त्व, विपक्षव्यावृत्ति, अबाधितविषयत्व और असत्प्रतिपक्षत्व ये पांच रूप हैं। उनमें प्रथम के तीन रूपों के लक्षण कहे जा चुके हैं। शेष दो के लक्षण यहाँ कहे जाते हैं। साध्य के अभाव को निश्चय कराने वाले बलिष्ठ प्रमाणों का न होना अबाधितविषयत्व है और साध्य के अभाव को निश्चय कराने वाले समान बल के प्रमाणों का न होना असत्प्रतिपक्षत्व है। इन सबको उदाहरण द्वारा इस प्रकार समझिये—यह पर्वत अग्निवाला है, क्योंकि धूमवाला है, जो जो धूम वाला होता है वह वह अग्निवाला होता है, जैसे—रसोईघर, जो जो अग्निवाला नहीं होता, वह वह धूमवाला नहीं होता, जैसे—तालाब, चूंकि यह धूमवाला है, इसलिए अग्निवाला जरूर ही है। इस पाँच अवयवरूप अनुमान प्रयोग में अग्निरूप साध्यधर्म से युक्त पर्वतरूप धर्मी पक्ष है, 'धूम' हेतु है। उसके पक्षधर्मता है, क्योंकि वह पक्षभूत पर्वत में रहता है। सपक्षसत्त्व भी है, क्योंकि सपक्षभूत रसोईघर में रहता है।

शङ्का—किन्हीं सपक्षों में धूम नहीं रहता है, क्योंकि अङ्गारस्प अग्निवाले स्थानों में धूआँ नहीं होता। अतः सपक्षसत्त्व हेतु का रूप नहीं है।

समाधान—नहीं; सपक्ष के एक देश में रहने वाला भी हेतु है। क्योंकि पहले कह आये हैं कि [illegible] जगह हेतु का रहना सपक्षसत्त्व है।' इसलिए अङ्गाररूप अग्नि-वाले स्थानों में धूम के न रहने पर भी रसोई घर आदि सपक्षों में रहने से उसके सपक्षसत्त्व रहता ही है। विपक्षव्यावृत्ति भी उसके है, क्योंकि धूम तालाब आदि सभी विपक्षों से व्यावृत्त है—वह उनमें नहीं रहता है। अबाधितविषयत्व भी है, क्योंकि धूमहेतु का जो अग्निरूप साध्य विषय है वह प्रत्यक्षादिक प्रमाणों से बाधित नहीं है। असत्प्रतिपक्षत्व भी है, क्योंकि अग्नि के अभाव का साधक तुल्य बल वाला कोई प्रमाण नहीं है। इस प्रकार पाँचों रूपों का सद्भाव ही धूम हेतु के अपने साध्य की सिद्धि करने में प्रयोजक (कारण) है। इसी तरह सभी सम्यक् हेतुओं में पाँचों रूपों का सद्भाव समझना चाहिए।

इनमें से किसी एक रूप के न होने से ही असिद्ध, विरुद्ध, अनैकान्तिक, कालात्ययापदिष्ट और प्रकरणसम नाम के पाँच हेत्वाभास आपन्न होते हैं। इसका खुलासा इस प्रकार है—

१. पक्ष में जिसका रहना अनिश्चित हो वह असिद्ध हेत्वाभास है। जैसे—'शब्द अनित्य (नाशवान्) है, क्योंकि चक्षु इन्द्रिय से जाना जाता है।' यहाँ 'चक्षु इन्द्रिय से जाना जाना' हेतु पक्षभूत शब्द में नहीं रहता है। कारण, शब्द श्रोत्रेन्द्रिय से जाना जाता है। इसलिए पक्षधर्मत्व के न होने से 'चक्षु इन्द्रिय से जाना जाना' हेतु असिद्ध हेत्वाभास है।

२. साध्य से विपरीत—साध्याभाव के साथ जिस हेतु की व्याप्ति हो वह विरुद्ध हेत्वाभास है। जैसे—'शब्द नित्य है, क्योंकि वह कृतक है—किया जाता है' यहाँ 'किया जाना' रूप हेतु अपने साध्यभूत

नित्यत्व से विपरीत अनित्यत्व के साथ रहता है और सपक्ष आकाशादि में नहीं रहता। अतः विरुद्ध हेत्वाभास है।

३. जो हेतु व्यभिचार सहित (व्यभिचारी) हो—साध्य के अभाव में भी रहता हो वह अनैकान्तिक हेत्वाभास है। जैसे—'शब्द अनित्य है, क्योंकि वह प्रमेय है' यहाँ 'प्रमेयत्व'—प्रमेयपना हेतु अपने साध्य—अनित्यत्व का व्यभिचारी है। कारण, आकाशादिक विपक्ष में नित्यत्व के साथ भी वह रहता है। अतः विपक्ष से व्यावृत्ति न होने से अनैकान्तिक हेत्वाभास है।

४. जिस हेतुका विषय—साध्य प्रत्यक्षादि प्रमाणों से बाधित हो वह कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास है। जैसे—'अग्नि ठण्डी है, क्योंकि वह पदार्थ है' यहाँ 'पदार्थत्व' हेतु अपने विषय 'ठण्डापन' में, जो कि अग्नि की गर्मी को ग्रहण करने वाले प्रत्यक्ष से बाधित है, प्रवृत्त है। अतः अबाधित विषयता न होने के कारण 'पदार्थत्व' हेतु कालात्ययापदिष्ट है।

५. विरोधी साधन जिसका मौजूद हो वह हेतु प्रकरणसम अथवा सत्प्रतिपक्ष हेत्वाभास है। जैसे—'शब्द अनित्य है, क्योंकि वह नित्यधर्मरहित है' यहाँ 'नित्यधर्मरहितत्व' हेतु का प्रतिपक्षी साधन मौजूद है। वह प्रतिपक्षी साधन कौन है? 'शब्द नित्य है, क्योंकि वह अनित्य के धर्मों से रहित है' इस प्रकार नित्यता का साधन करना, उसका प्रतिपक्षी साधन है। अतः असत्प्रतिपक्षता के न होने से 'नित्य-धर्मरहितत्व' हेतु प्रकरणसम हेत्वाभास है।

इस कारण पांचरूपता हेतु का लक्षण है। उनमें से किसी एक के न होने पर हेतुके हेत्वाभास होने का प्रसङ्ग आयेगा, यह ठीक ही कहा गया है। क्योंकि जो 'हेतु के लक्षण से रहित हों और हेतु के समान प्रतीत होते हों वे हेत्वाभास हैं। पांच रूपों में से किसी एक के

न होने से हेतुलक्षण से रहित है और कुछ रूपों के होने से हेतु के समान प्रतीत होते हैं ऐसा वचन है।

नैयायिकों के द्वारा माना गया हेतु का यह पाँचरूपता लक्षण भी युक्तिसङ्गत नहीं है, क्योंकि पक्षधर्म से शून्य भी कृत्तिका का उदय शकट के उदयरूप साध्य का हेतु देखा जाता है। अतः पाँचरूपता अव्याप्ति दोष से सहित है।

दूसरी बात यह है, कि नैयायिकों ने ही केवलान्वयी और केवलव्यतिरेकी इन दोनों हेतुओं को पाँचरूपता के बिना भी गमक (ज्ञापक) स्वीकार किया है। वह इस प्रकार से है—उन्होंने हेतु के तीन भेद माने हैं—१ अन्वयव्यतिरेकी, २ केवलान्वयी और ३ केवलव्यतिरेकी।

१. उनमें जो पाँच रूपों से सहित है वह अन्वयव्यतिरेकी है। जैसे—'शब्द अनित्य है, क्योंकि कृतक है—किया जाता है, जो जो किया जाता है वह वह अनित्य है, जैसे घड़ा, जो जो अनित्य नहीं होता वह वह किया नहीं जाता, जैसे—आकाश, और किया जाता है यह शब्द, इसलिए अनित्य ही है।' यहाँ शब्द को पक्ष करके उसमें अनित्यता सिद्ध की जा रही है। अनित्यता के सिद्ध करने में 'किया जाना' हेतु है। वह पक्षभूत शब्द का धर्म है। अतः उसके पक्षधर्मत्व है। सपक्ष घटादिकों में रहने और विपक्ष आकाशादिक में न रहने से सपक्षसत्त्व और विपक्षव्यावृत्ति भी है। हेतु का विषय साध्य (अनित्यत्व) किसी प्रमाण से बाधित न होने से अबाधितविषयत्व और प्रतिपक्षी साधन न होने से असत्प्रतिपक्षत्व भी विद्यमान है। इस तरह 'किया जाना' हेतु पाँचों रूपों से विशिष्ट होने के कारण अन्वयव्यतिरेकी है।

२. जो पक्ष और सपक्ष में रहता है तथा विपक्ष से रहित है वह

केवलान्वयी है। जैसे—'अदृष्ट (पुण्य-पाप) आदिक किसी के प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि वे अनुमान से जाने जाते हैं। जो जो अनुमान से जाने जाते हैं वे वे किसी के प्रत्यक्ष हैं, जैसे—अग्नि आदि।' यहाँ 'अदृष्ट आदिक' पक्ष है, 'किसी के प्रत्यक्ष' साध्य है, 'अनुमान से जाना जाना' हेतु है, 'अग्नि आदि' अन्वय दृष्टान्त है। 'अनुमान से जाना जाना' हेतु पक्ष बनाये गये 'अदृष्ट आदिक' में रहता है और सपक्ष किये 'अग्नि आदि' में रहता है। अतः पक्षधर्मत्व और सपक्षसत्त्व है। तथा विपक्ष यहाँ कोई है नहीं, क्योंकि सभी पदार्थ पक्ष और सपक्ष के भीतर आ लिए हैं। इस कारण विपक्षव्यावृत्ति है ही नहीं। कारण, व्यावृत्ति अवधि (सीमा) को लेकर होती है और व्यावृत्ति की अवधि विपक्ष है, वह यहाँ है नहीं। बाकी कथन अन्वयव्यतिरेकी की तरह समझना चाहिए।

३. जो पक्ष में रहता है, विपक्ष में नहीं रहता और सपक्ष से रहित है वह हेतु केवलव्यतिरेकी है। जैसे—'जिन्दा शरीर जीव-सहित होना चाहिए, क्योंकि वह प्राणादि वाला है। जो जो जीव सहित नहीं होता वह वह प्राणादि वाला नहीं होता, जैसे—लोष्ट (मिट्टी का ढेला)। यहाँ 'जिन्दा शरीर' पक्ष है, 'जीवसहितत्व' साध्य है, 'प्राणादि' हेतु है और 'लोष्टादिक' व्यतिरेकदृष्टान्त है। 'प्राणादि' हेतु पक्षभूत 'जिन्दा शरीर' में रहता है और विपक्ष लोष्टादिकसे व्यावृत्त है—वहाँ वह नहीं रहता है। तथा सपक्ष यहाँ है नहीं, क्योंकि सभी पदार्थ पक्ष और विपक्षके अन्तर्गत हो गये। बाकी कथन पहले की तरह जानना चाहिये।

इस तरह इन तीनों हेतुओं में अन्वयव्यतिरेकी हेतु के ही पांचरूपता है। केवलान्वयी हेतु के विपक्षव्यावृत्ति नहीं है और केवलव्यतिरेकीके सपक्षसत्त्व नहीं है। अतः नैयायिकोंके मतानु-

सार ही पांचरूप्य हेतुका लक्षण अव्याप्त है। पर अन्यथानुपपत्ति सभी (केवलान्वयी आदि) हेतुओं में व्याप्त है—रहती है। इसलिये उसे ही हेतुका लक्षण मानना ठीक है। कारण उसके बिना हेतु अपने साध्यका गमक (ज्ञापक) नहीं हो सकता है।

जो यह कहा गया था कि 'असिद्ध आदिक पांच हेत्वाभासोंके निवारण करनेके लिये पांच रूप हैं, वह ठीक नहीं है; क्योंकि अन्यथानुपपत्ति विशिष्टरूपसे निश्चितपना हो, जो हमने हेतुलक्षण माना है, उन असिद्धादिक हेत्वाभासोंका निराकरण करनेवाला सिद्ध होता है। तात्पर्य यह कि केवल एक अन्यथानुपपत्तिको ही हेतु का लक्षण मानने से असिद्धादिक सभी दोषों का वारण हो जाता है। वह इस प्रकार से है :—

जो साध्य का अविनाभावी है—साध्य के होने पर ही होता है और साध्य के बिना नहीं होता तथा निश्चयपथ को प्राप्त है अर्थात् जिसका ज्ञान हो चुका है वह हेतु है, क्योंकि "जिसका साध्यके साथ अविनाभाव निश्चित है वह हेतु है" ऐसा वचन है और यह अविनाभाव असिद्धके नहीं है। शब्दकी अनित्यता सिद्ध करने के लिये जो 'चक्षु इन्द्रियका विषय' हेतु बोला जाता है वह शब्द का स्वरूप ही नहीं है। अर्थात् शब्दमें चक्षु इन्द्रिय की विषयता ही नहीं है तब उसमें अन्यथानुपपत्तिविशिष्टरूपसे निश्चयपथप्राप्ति अर्थात्—अविनाभावका निश्चय कैसे हो सकता है? अर्थात्—नहीं हो सकता है। अतः साध्य के साथ अविनाभाव का निश्चय न होने से ही 'चक्षु इन्द्रिय का विषय' हेतु असिद्ध हेत्वाभास है, न कि पक्षधर्मता के अभाव होने से। कारण, पक्षधर्मता के बिना भी कृत्तिकोदयादि हेतुओं को उक्त अन्यथानुपपत्तिरूप हेतुलक्षण के रहने से ही सद्धेतु—सम्यक् हेतु कहा गया है। और

विरुद्धादिक हेत्वाभासों में अन्यथानुपपत्ति का अभाव प्रकट ही है। क्योंकि स्पष्ट ही विरुद्ध, व्यभिचारी, बाधितविषय और सत्प्रतिपक्ष के अविनाभाव का निश्चय नहीं है। इसलिए जिस हेतु के अन्यथानुपपन्नत्व का योग्य देश में निश्चय है वही सम्यक् हेतु है उससे भिन्न हेत्वाभास है, यह सिद्ध हो गया।

दूसरे, 'गर्भ में स्थित मंत्री का पुत्र श्याम (काला) होना चाहिए, क्योंकि वह मंत्री का पुत्र है, अन्य मौजूद मंत्री के पुत्रों की तरह।' यहाँ हेत्वाभास के स्थान में भी बौद्धों के त्रैरूप्य और नैयायिकों के पाञ्चरूप्य हेतुलक्षण की अतिव्याप्ति है, इसलिए त्रैरूप्य और पाञ्चरूप्य हेतु का लक्षण नहीं है। इसका स्पष्टीकरण निम्न प्रकार है :—

मंत्री के मौजूद पाँच पुत्रों में कालेपन को देखकर मंत्री के गर्भस्थ पुत्र को भी—जो कि विवादग्रस्त है, पक्ष करके उसमें कालेपन को सिद्ध करने के लिए जो 'मंत्री का पुत्रपना' हेतु प्रयुक्त किया जाता है वह हेत्वाभास है—सम्यक् हेतु नहीं है, यह प्रसिद्ध ही है। क्योंकि उसमें गोरेपन की भी सम्भावना की जा सकती है। और वह सम्भावना 'कालेपन' के साथ 'मंत्री का पुत्रपना' की अन्यथानुपपत्ति (अविनाभाव) न होने से होती है। अन्यथानुपपत्ति का अभाव इसलिए है कि कालेपन के साथ मंत्री के पुत्रपने का न तो सहभाव नियम है और न क्रमभाव नियम।

जिस धर्म का जिस धर्म के साथ सहभाव नियम—एक साथ होने का स्वभाव होता है वह उसका ज्ञापक होता है। अर्थात्—वह उसे जनाता है। जैसे शिंशपात्व का वृक्षत्व के साथ सहभाव नियम है, इसलिए शिंशपात्व हेतु वृक्षत्व को जनाता है। और जिसका जिसके साथ क्रमभाव नियम—क्रम से होने का स्वभाव होता है वह

उसका ज्ञान कराता है। जैसे—धूएँ का अग्नि के बाद होने का नियम है, इसलिए धूआँ अग्नि का ज्ञान कराता है। प्रकृत में 'मंत्री के पुत्रपने' हेतु का 'कालेपन' साध्य के साथ न तो सहभाव नियम है और न क्रमभाव नियम है जिससे कि 'मंत्री का पुत्रपना' हेतु 'कालेपन' साध्य का ज्ञान कराये।

यद्यपि विद्यमान मंत्री के पुत्रों में 'कालेपन' और 'मंत्री का पुत्रपन' का सहभाव है—दोनों एक साथ उपलब्ध होते हैं, पर वह सहभाव नियत नहीं है—नियमरूप में नहीं है, क्योंकि कोई यदि यह कहे कि गर्भस्थ पुत्र में 'मंत्री का पुत्रपन' तो हो, किन्तु 'कालापन' न हो, तो इस प्रकार विपक्ष (व्यभिचारशङ्का) में कोई बाधक नहीं है—उक्त व्यभिचार की शङ्का को दूर करने वाला अनुकूल तर्क नहीं है। अर्थात् यहाँ ऐसा तर्क नहीं है कि 'यदि कालापन न हो तो मंत्री का पुत्रपन' भी नहीं हो सकता है' क्योंकि मंत्रीपुत्र में 'मंत्री के पुत्रपन' के रहने पर भी 'कालापन' सन्दिग्ध है। और विपक्ष में बाधक प्रमाणों—व्यभिचारशङ्कानिवर्तक अनुकूल तर्कों के बल से ही हेतु और साध्य में व्याप्ति का निश्चय होता है। तथा व्याप्ति के निश्चय से सहभाव अथवा क्रमभाव का निर्णय होता है। क्योंकि "सहभाव और क्रमभाव नियम को अविनाभाव कहते हैं" ऐसा वचन है। विवाद में पड़ा हुआ पदार्थ वृक्ष होना चाहिए, क्योंकि वह शिंशपा (शीशम) है, जो जो शिंशपा होती है वह वह वृक्ष होता है। जैसे—शाल शिंशपा वृक्ष। यहाँ यदि कोई ऐसी व्यभिचार-शङ्का करे कि हेतु (शिंशपा) रहे साध्य (वृक्षत्व) न रहे तो सामान्य-विशेषभाव के नाश का प्रसङ्गरूप बाधक मौजूद है। अर्थात् उस व्यभिचारशङ्का को दूर करने वाला अनुकूल तर्क विद्यमान है। यदि वृक्षत्व न हो तो शिंशपा नहीं हो सकती; क्योंकि वृक्षत्व

सामान्य है और शिंशपा उसका विशेष है और विशेष सामान्य के बिना नहीं हो सकता है। इसलिए यहां सामान्य-विशेषभाव के भङ्ग होने का प्रसङ्गरूप बाधक मौजूद है। किन्तु 'मंत्री का पुत्रपन हो कालापन न हो' ऐसा कहने में (व्यभिचारशङ्का प्रकट करने में) कोई बाधक नहीं है, अर्थात्—उस व्यभिचारशङ्का को दूर करने वाला कोई अनुकूल तर्क—कि यदि कालापन न हो तो मंत्री का पुत्रपन नहीं हो सकता है—नहीं है, क्योंकि गोरेपन के साथ भी मंत्री के पुत्रपन का रहना सम्भव है। अतः 'मंत्री का पुत्रपन' हेतु हेत्वाभास ही है। अर्थात्—वह सन्दिग्धानैकान्तिक है। उसके पक्षधर्मता है, क्योंकि पक्षभूत गर्भस्थ मैत्रीपुत्र में रहता है। सपक्ष किये गये मौजूद मंत्रीपुत्रों में रहने से सपक्ष-सत्त्व भी है। और विपक्ष गोरे वंश के पुत्रों से व्यावृत्त होने से विपक्षव्यावृत्ति भी है। कोई बाधा नहीं है, इसलिए अबाधितविषयता भी है, क्योंकि गर्भस्थ पुत्र का कालापन किसी प्रमाण से बाधित नहीं है। असत्प्रतिपक्षता भी है, क्योंकि विरोधी समान बल वाला प्रमाण नहीं है। इस प्रकार 'मंत्री के पुत्रपन' में पाँचों रूप विद्यमान हैं। तीन रूप तो 'हजार में सौ' के न्याय से स्वयं सिद्ध हैं। अर्थात्—जिस प्रकार हजार में सौ आ ही जाते हैं उसी प्रकार मंत्री पुत्रपन में पांच रूपों के बिना देने पर तीन रूप भी प्रदर्शित हो जाते हैं।

अन्यथानुपपत्ति को ही हेतु-लक्षण होने की सिद्धि—

यहां यदि कहा जाय कि केवल पांचरूपता हेतु का लक्षण नहीं है, किन्तु अन्यथानुपपत्ति से विशिष्ट ही पांचरूपता हेतु का लक्षण है। तो उसी एक अन्यथानुपपत्ति को ही हेतु का लक्षण मानिये; क्योंकि अन्यथानुपपत्ति के अभाव में पांचरूपता के रहने पर भी 'मंत्री का पुत्रपन' आदि हेतुओं में हेतुता नहीं है और उसके सद्भाव-

में पांचरूपता के न होने पर भी 'कृत्तिकोदय' आदि में हेतुता है। कहा भी है :—

"अन्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र त्रयेण किम् ।
नान्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र त्रयेण किम् ॥" [ ]

जहां अन्यथानुपपत्ति है वहां तीन रूपों के मानने से क्या ? और जहां अन्यथानुपपत्ति नहीं है वहां तीन रूपों के सद्भाव से भी क्या ? तात्पर्य यह कि त्रैरूप्य अन्यथानुपपत्ति के बिना अभिमत फल का सम्पादक नहीं है—व्यर्थ है। यह त्रैरूप्य को मानने वाले बौद्धों के लिए उत्तर है। और पांच रूपों को मानने वाले नैयायिकों के लिए तो निम्न उत्तर है :—

"अन्यथानुपपन्नत्वं यत्र किं तत्र पञ्चभिः ।
नान्यथानुपपन्नत्वं यत्र किं तत्र पञ्चभिः[1] ॥" [प्रमाणप० पृ० ७२]

जहां अन्यथानुपपत्ति है वहां पांच रूपों के मानने से क्या ? और जहां अन्यथानुपपत्ति नहीं है वहां पांच रूपों के सद्भाव से भी क्या ? मतलब यह कि अन्यथानुपपत्ति के बिना पांच रूप सर्वथा अन्यथासिद्ध हैं—निष्फल हैं—

हेतु के भेदों और उपभेदों का कथन—

यह अन्यथानुपपत्ति के निश्चयरूप एक लक्षण वाला हेतु संक्षेप में दो तरह का है— १ विधिरूप और २ प्रतिषेधरूप। विधिरूप हेतु के भी दो भेद हैं—१ विधिसाधक और २ प्रतिषेध-

---

१ यह कारिका प्रमाण-परीक्षा में कुछ परिवर्तनके साथ निम्न प्रकार उपलब्ध है :—

अन्यथानुपपन्नत्वं रूपैः किं पञ्चभिः कृतम् ।
नान्यथानुपपन्नत्वं रूपैः किं पञ्चभिः कृतम् ॥

साधक। इनमें से पहले विधिसाधक के अनेक भेद हैं—(१) कोई कार्यरूप है, जैसे—'यह पर्वत अग्निवाला है, क्योंकि धूमवाला अन्यथा नहीं हो सकता' यहाँ 'धूम' कार्यरूप हेतु है। कारण, धूम अग्नि का कार्य है और वह उसके बिना न होता हुआ अग्नि का ज्ञान कराता है। (२) कोई कारणरूप है, जैसे—'वर्षा होगी, क्योंकि विशेष बादल अन्यथा हो नहीं सकते' यहाँ 'विशेष बादल' कारण हेतु है। क्योंकि विशेष बादल वर्षा के कारण है और अपने कार्यभूत वर्षा का बोध कराते हैं।

शङ्का—कार्य तो कारण का ज्ञापक हो सकता है, क्योंकि कारण के बिना कार्य नहीं होता। किन्तु कारण कार्य के अभाव में भी सम्भव है, जैसे—धूम के बिना भी अग्नि देखी जाती है। अतएव अग्नि धूम की ज्ञापक नहीं होती। अतः कारणहेतु को मानना ठीक नहीं है?

समाधान—नहीं; जिस कारण की शक्ति प्रकट है—अप्रतिहत है वह कारण कार्य का व्यभिचारी नहीं होता—नियम से कार्य का जनक होता है। अतः ऐसे कारण को कार्य का ज्ञापक हेतु मानने में कोई विरोध नहीं है। (३) कोई विशेषरूप है, जैसे—'यह वृक्ष है, क्योंकि शिंशपा अन्यथा हो नहीं सकती।' यहाँ 'शिंशपा' विशेष रूप हेतु है। क्योंकि शिंशपा वृक्षविशेष है, वह अपने सामान्यभूत वृक्ष का ज्ञापन कराती है। कारण वृक्षविशेष वृक्षसामान्य के बिना नहीं हो सकता है। (४) कोई पूर्वचर है, जैसे—'एक मुहूर्त के बाद शकट का उदय होगा; क्योंकि कृत्तिका का उदय अन्यथा हो नहीं सकता'। 'यहाँ कृत्तिका का उदय' पूर्वचर हेतु है; क्योंकि कृत्तिका के उदय के बाद मुहूर्त के अन्त में नियम से शकट का उदय होता है। और इसलिए कृत्तिका का उदय पूर्वचर हेतु

होता हुआ शकट के उदय को जनाता है। (५) कोई उत्तरचर है, जैसे—एक मुहूर्त के पहले भरणिका उदय हो चुका; क्योंकि इस समय कृत्तिका का उदय अन्यथा हो नहीं सकता' यहाँ 'कृत्तिका का उदय उत्तरचर हेतु है। कारण, कृत्तिका का उदय भरणि के उदय के बाद होता है और इसलिए वह उसका उत्तरचर होता हुआ उसको जनाता है। (६) कोई सहचर है, जैसे—[illegible] रूपवान् होना चाहिए, क्योंकि रसवान् अन्यथा हो नहीं सकता' यहाँ 'रस' सहचर हेतु है। कारण, रस नियम से रूप का सहचारी है—साथ में रहने वाला है और इसलिए वह उसके अभाव में नहीं होता हुआ उसका ज्ञापन कराता है।

इन उदाहरणों में सद्भावरूप ही अग्न्यादिक साध्य को सिद्ध करने वाले धूमादिक साधन सद्भावरूप ही हैं। इसलिए ये सब विधिसाधक विधिरूप हेतु हैं। इन्हीं को अविरुद्धोपलब्धि कहते हैं। इस प्रकार विधिरूप हेतु के पहले भेद विधिसाधक का उदाहरणों द्वारा निरूपण किया।

दूसरा भेद निषेधसाधक नामका है। विरुद्धोपलब्धि भी उसी का दूसरा नाम है। उसका उदाहरण इस प्रकार है—'इस जीव के मिथ्यात्व नहीं है, क्योंकि आस्तिकता अन्यथा हो नहीं सकती'। यहाँ 'आस्तिकता' निषेधसाधक हेतु है, क्योंकि आस्तिकता सर्वज्ञ वीतराग के द्वारा प्रतिपादित तत्त्वार्थों के श्रद्धानरूप है। वह श्रद्धान मिथ्यात्व वाले (मिथ्यादृष्टि) जीव के नहीं हो सकता, *इसलिए वह विवक्षित जीव में मिथ्यात्व के अभाव को सिद्ध करता* है। अथवा, इस हेतु का दूसरा उदाहरण यह है—'वस्तु में सर्वथा एकान्त नहीं है, क्योंकि अनेकान्तात्मकता अन्यथा हो नहीं सकती' यहाँ 'अनेकान्तात्मकता' निषेधसाधक हेतु है। कारण,

अनेकान्तात्मकता वस्तु में अबाधितरूप से प्रतीत होती है और इसलिए वह बौद्धादिकल्पित सर्वथा एकान्त के अभाव को अवश्य सिद्ध करती है।

शङ्का—यह अनेकान्तात्मकता क्या है, जिसके बल से वस्तु में सर्वथा एकान्त के अभाव को सिद्ध किया जाता है ?

समाधान—सभी जीवादि वस्तुओं में जो भाव-अभावरूपता एक-अनेकरूपता और नित्य-अनित्यरूपता इत्यादि अनेक धर्म पाये जाते हैं उसी को अनेकान्तात्मकता अथवा अनेकान्तरूपता कहते हैं। इस तरह विधिरूप हेतु का दिग्दर्शन किया।

प्रतिषेधरूप हेतु के भी दो भेद हैं— १ विधिसाधक और २ प्रतिषेधसाधक। उनमें विधिसाधक का उदाहरण इस प्रकार है— 'इस जीव में सम्यक्त्व है, क्योंकि मिथ्या अभिनिवेश नहीं है।' यहाँ 'मिथ्या अभिनिवेश नहीं है' यह प्रतिषेधरूप हेतु है और वह सम्यग्दर्शन के सद्भाव को साधता है, इसलिए वह प्रतिषेधरूप विधिसाधक हेतु है।

दूसरे प्रतिषेधरूप प्रतिषेधसाधक हेतु का उदाहरण यह है— 'यहाँ धूम्र नहीं है, क्योंकि अग्नि का अभाव है।' यहाँ 'अग्नि का अभाव' स्वयं प्रतिषेधरूप है और वह प्रतिषेधरूप ही धूम के अभाव को सिद्ध करता है, इसलिए 'अग्नि का अभाव' प्रतिषेधरूप प्रतिषेधसाधक हेतु है। इस तरह विधि और प्रतिषेधरूप से दो प्रकार के हेतु के कुछ प्रभेदों का उदाहरण द्वारा वर्णन किया। विस्तार से परीक्षामुख से जानना चाहिए। इस प्रकार पूर्वोक्त लक्षण वाले ही हेतु साध्य के गमक हैं, अन्य नहीं। अर्थात्—जो अन्यथानुपपत्ति लक्षण वाले नहीं हैं वे साध्य के गमक नहीं हैं, क्योंकि वे हेत्वाभास हैं।

हेत्वाभास का लक्षण और उनके भेद—

हेत्वाभास किन्हें कहते हैं ? जो हेतु के लक्षण से रहित हैं किन्तु हेतु जैसे प्रतीत होते हैं उन्हें हेत्वाभास कहते हैं। वे चार प्रकार के हैं—१ असिद्ध, २ विरुद्ध, ३ अनैकान्तिक और ४ अकिञ्चित्कर।

(१) असिद्ध—जिसकी साध्य के साथ व्याप्ति अनिश्चित है वह असिद्ध हेत्वाभास है। हेतु की यह अनिश्चितता हेतु के स्वरूप के अभाव का निश्चय होने से और स्वरूप में संशय होने से होती है। स्वरूपाभाव के निश्चय में स्वरूपासिद्ध है और स्वरूप के सन्देह में सन्दिग्धासिद्ध है। उनमें पहले का उदाहरण यह है—'शब्द परिणमनशील है, क्योंकि यह चक्षु इन्द्रिय का विषय है।' यह 'चक्षु इन्द्रिय का विषय' हेतु स्वरूपासिद्ध है। क्योंकि शब्द श्रोत्रेन्द्रिय का विषय है, चक्षु इन्द्रिय का नहीं। अतः शब्द में चक्षु इन्द्रिय की विषयता का अभाव निश्चित है इसलिए वह स्वरूपासिद्ध है। दूसरे का उदाहरण यह है—धूम अथवा भाप आदि के निश्चय किये बिना ही कोई यह कहे कि 'यह प्रदेश अग्नि वाला है, क्योंकि वह धूम वाला है।' यहाँ 'धूम' हेतु सन्दिग्धासिद्ध है। कारण, उसके स्वरूप में सन्देह है।

(२) विरुद्ध—जिस हेतु की साध्य से विरुद्ध (साध्याभाव) के साथ व्याप्ति हो वह विरुद्ध हेत्वाभास है। जैसे—'शब्द अपरिणमनशील है, क्योंकि किया जाता है' यहाँ 'किया जाना' हेतु की व्याप्ति अपरिणमनशील से विरुद्ध परिणमनशीलता के साथ है। अतः वह विरुद्ध हेत्वाभास है।

(३) अनैकान्तिक—जो पक्ष, सपक्ष और विपक्ष में रहता है वह अनैकान्तिक हेत्वाभास है। वह दो प्रकारका है—१ निश्चित-विपक्षवृत्ति और २ शङ्कितविपक्षवृत्ति। उनमें पहले का उदाहरण

यह है—'यह प्रदेश धूमवाला है, क्योंकि वह अग्निवाला है।' यहाँ 'अग्नि' हेतु पक्षभूत सन्दिग्ध धूमवाले सामने के प्रदेश में रहता है और सपक्ष धूम वाले रसोईघर में रहता है तथा विपक्ष धूमरहित रूप से निश्चित अङ्गारस्वरूप अग्नि वाले प्रदेश में भी रहता है, ऐसा निश्चय है। अतः वह निश्चितविपक्षवृत्ति अनैकान्तिक है। दूसरे शङ्कितविपक्षवृत्ति का उदाहरण यह है—'गर्भस्थ मैत्री का पुत्र श्याम होना चाहिए, क्योंकि मैत्री का पुत्र है, मैत्री के दूसरे पुत्रों की तरह' यहाँ 'मैत्री का पुत्रपना' हेतु पक्षभूत गर्भस्थ मैत्री के पुत्र में रहता है, सपक्ष दूसरे मैत्रीपुत्रों में रहता है, और विपक्ष अश्याम—गोरे पुत्र में भी रहे इस शङ्का की निवृत्ति न होने से अर्थात् विपक्ष में भी उसके रहने की शङ्का बनी रहने से वह शङ्कितविपक्षवृत्ति है। शङ्कितविपक्षवृत्ति का दूसरा भी उदाहरण है—'अरहन्त सर्वज्ञ नहीं होना चाहिए, क्योंकि वे वक्ता हैं, जैसे—'रथ्यापुरुष'। यहाँ 'वक्तापन' हेतु जिस प्रकार पक्षभूत अरहन्त में और सपक्षभूत रथ्यापुरुष में रहता है उसी प्रकार सर्वज्ञ में भी उसके रहने की सम्भावना की जाय, क्योंकि वक्तापन और ज्ञातापन का कोई विरोध नहीं है। जिसका जिसके साथ विरोध होता है वह उस वाले में नहीं रहता है और वचन तथा ज्ञान का लोक में विरोध नहीं है, बल्कि ज्ञान वाले (ज्ञानी) के ही वचनों में चतुराई अथवा सुन्दरता स्पष्ट देखने में आती है। अतः विशिष्ट ज्ञानवान् सर्वज्ञ में विशिष्ट वक्तापन के होने में क्या आपत्ति है ? इस तरह वक्तापन की विपक्षभूत सर्वज्ञ में भी सम्भावना होने से वह शङ्कितविपक्षवृत्ति नाम का अनैकान्तिक हेत्वाभास है।

(४) अकिञ्चित्कर—जो हेतु साध्यकी सिद्धि करनेमें अप्रयोजक—असमर्थ है उसे अकिञ्चित्कर हेत्वाभास कहते हैं। उसके दो

भेद हैं—१ सिद्धसाधन और २ बाधितविषय। उनमें पहले का उदाहरण यह है—'शब्द श्रोत्रेन्द्रिय का विषय होना चाहिए, क्योंकि वह शब्द है'। यहाँ 'श्रोत्रेन्द्रिय की विषयता' रूपसाध्य शब्द में आत्म-प्रत्यक्ष से ही सिद्ध है। अतः उसको सिद्ध करने के लिए प्रयुक्त किया गया 'शब्दपना' हेतु सिद्धसाधन नाम का अकिञ्चित्कर हेत्वाभास है। बाधितविषय नामका अकिञ्चित्कर हेत्वाभास अनेक प्रकार का है। कोई प्रत्यक्षबाधितविषय है। जैसे—'अग्नि अनुष्ण—ठंडी है, क्योंकि वह द्रव्य है'। यहाँ 'द्रव्यत्व' हेतु प्रत्यक्ष-बाधितविषय है। कारण उसका जो ठंडापन विषय है वह द्रव्य-ग्राहक स्पर्शनेन्द्रिय जन्य प्रत्यक्ष से बाधित है। अर्थात्—अग्नि को छूने पर वह उष्ण प्रतीत होती है, ठंडी नहीं। अतः 'द्रव्यत्व' हेतु कुछ भी साध्यसिद्धि करने में समर्थ न होने से अकिञ्चित्कर है। कोई अनुमानबाधितविषय है। जैसे—'शब्द अपरिणामी है, क्योंकि वह किया जाता है' यहाँ 'किया जाना' हेतु 'शब्द परिणामी है, क्योंकि वह प्रमेय है' इस अनुमान से बाधितविषय है। इस-लिये वह अनुमानबाधितविषय नामका अकिञ्चित्कर हेत्वाभास है। कोई आगमबाधितविषय है। जैसे—'धर्म परलोक में दुःख का देने वाला है, क्योंकि वह पुरुष के आश्रय से होता है, जैसे—अधर्म' यहाँ 'धर्म सुख का देने वाला है' ऐसा आगम है, इस आगम से उक्त हेतु बाधितविषय है। कोई स्ववचनबाधितविषय है। जैसे—मेरी माता वन्ध्या है, क्योंकि पुरुष का संयोग होने पर भी गर्भ नहीं रहता है। जिसके पुरुष का संयोग होने पर भी गर्भ नहीं रहता है वह वन्ध्या कही जाती है, जैसे—प्रसिद्ध वन्ध्या स्त्री। यहाँ हेतु अपने वचन से बाधितविषय है, क्योंकि स्वयं मौजूद है और माता भी मान रहा है फिर भी यह कहता है कि मेरी माता वन्ध्या है। अतः हेतु स्ववचनबाधितविषय नामका

अकिञ्चित्कर हेत्वाभास है। इसी प्रकार और भी अकिञ्चित्कर के भेद स्वयं विचार लेना चाहिए। इस तरह हेतु के प्रसङ्ग से हेत्वाभासों का निरूपण किया।

उदाहरण का निरूपण—

यद्यपि व्युत्पन्न ज्ञाता के लिए प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अवयव पर्याप्त हैं तथापि अव्युत्पन्नों के ज्ञान के लिए उदाहरणादिक को भी आचार्यों ने स्वीकृत किया है। यथार्थ दृष्टान्त के कहने को उदाहरण कहते हैं। यह दृष्टान्त क्या है ? जहाँ साध्य और साधन की व्याप्ति दिखलाई (जानी) जाती है उसे दृष्टान्त कहते हैं। और साध्य- -अग्नि आदिक के होने पर ही साधन—धूमादिक होते हैं तथा उनके नहीं होने पर नहीं होते हैं, इस प्रकार के साहचर्यरूप साध्य-साधन के नियम को व्याप्ति कहते हैं। इस व्याप्ति को ही साध्य के बिना साधन के न होने से अविनाभाव कहते हैं। वादी और प्रतिवादी की बुद्धिसाम्यता को व्याप्ति की सम्प्रतिपत्ति कहते हैं और यह सम्प्रतिपत्ति (बुद्धिसाम्यता) जहाँ सम्भव है वह सम्प्रतिपत्ति प्रवेश कहलाता है, जैसे—रसोईशाला आदि अथवा तालाब आदि। क्योंकि यहाँ 'धूमादिक के होने पर नियम से अग्न्यादिक पाये जाते हैं और अग्न्यादिक के अभाव में नियम से धूमादिक नहीं पाये जाते' इस प्रकारकी सम्प्रतिपत्ति—बुद्धिसाम्यता सम्भव है। उनमें रसोईशाला आदि अन्वयदृष्टान्त हैं, क्योंकि वहाँ साध्य और साधन के सद्भावरूप अन्वयबुद्धि होती है। और तालाब आदि व्यतिरेकदृष्टान्त हैं, क्योंकि वहाँ साध्य और साधन के अभावरूप व्यतिरेक का ज्ञान होता है। ये दोनों ही दृष्टान्त हैं, क्योंकि साध्य और साधनरूप अन्त—अर्थात् धर्म जहाँ देखे जाते हैं वह दृष्टान्त कहलाता है, ऐसा 'दृष्टान्त' शब्द का अर्थ उनमें पाया जाता है।

इस उपर्युक्त दृष्टान्त का जो सम्यक् वचन है—प्रयोग है वह उदाहरण है। केवल 'वचन' का नाम उदाहरण नहीं है, किन्तु दृष्टान्तरूप से जो वचन-प्रयोग है वह उदाहरण है। जैसे—'जो जो धूमवाला होता है वह वह अग्नि वाला होता है, जैसे—रसोई घर, और जहाँ अग्नि नहीं है वहाँ धूम भी नहीं है, जैसे—तालाब।' इस प्रकार से वचन के साथ ही दृष्टान्त का दृष्टान्तरूप से प्रतिपादन होता है।

उदाहरण के प्रसङ्ग से उदाहरणाभास का कथन—

जो उदाहरण के लक्षण से रहित है किन्तु उदाहरण जैसा प्रतीत होता है वह उदाहरणाभास है। उदाहरण के लक्षण की रहितता (अभाव) दो तरह से होती है—१ दृष्टान्त का सम्यक् वचन न होना और २ जो दृष्टान्त नहीं है उसका सम्यक् वचन होना। उनमें पहले का उदाहरण इस प्रकार है—'जो जो अग्नि वाला होता है वह वह धूम वाला होता है, जैसे—रसोईघर। जहाँ जहाँ धूम नहीं है वहाँ वहाँ अग्नि नहीं है, जैसे—तालाब।' इस तरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत (उल्टा) कथन करना दृष्टान्त का असम्यग्वचन है।

शङ्का—व्याप्य और व्यापक किसे कहते हैं?

समाधान—साहचर्य नियमरूप व्याप्ति क्रिया का जो कर्म है उसे व्याप्य कहते हैं, क्योंकि 'वि' पूर्वक 'आप्' धातु से 'कर्म' अर्थ में 'ण्यत्' प्रत्यय करने पर 'व्याप्य' शब्द निष्पन्न होता है। तात्पर्य यह कि 'जहाँ जहाँ धूम होता है वहाँ वहाँ अग्नि होती है' इस प्रकारके साथ रहने के नियम को व्याप्ति कहते हैं, और इस व्याप्ति का जो कर्म है—विषय है वह व्याप्य कहलाता है। वह व्याप्य धूमादिक है, क्योंकि धूमादिक अनुमानादि के द्वारा

व्याप्त (विषय) किये जाते हैं। तथा इसी व्याप्ति क्रियाका जो कर्ता है उसे व्यापक कहते हैं, क्योंकि 'वि' पूर्वक 'आप्' धातु से कर्ता अर्थ में 'ण्वुल' प्रत्यय करने पर 'व्यापक' शब्द सिद्ध होता है। वह व्यापक अग्न्यादिक हैं। इसीलिए अग्नि धूम को व्याप्त करती है, क्योंकि 'जहां जहां धूम होता है वहां वहां अग्नि नियम से होती है' इस तरह धूम वाले सब स्थानों में नियम से अग्नि पायी जाती है। किन्तु धूम अग्नि को वैसा व्याप्त नहीं करता, क्योंकि अंगारापन्न अग्नि धूम के बिना भी रहती है। कारण, जहां 'अग्नि है वहां नियम से धूम भी है' ऐसा सम्भव नहीं है

शङ्का—धूम गीले ईन्धन वाली अग्नि को व्याप्त करता ही है। अर्थात् वह उसका व्यापक होता है, तब आप कैसे कहते हैं कि धूम अग्नि का व्यापक नहीं होता ?

समाधान—गीले ईन्धनवाली अग्नि का धूम को व्यापक मानना हमें इष्ट है। क्योंकि जिस तरह 'जहां जहां अविच्छिन्नमूल धूम होता है वहां वहां अग्नि होती है' यह सम्भव है उसी तरह जहां जहां गीले ईन्धन वाली अग्नि होती है वहां वहां धूम होता है' यह भी सम्भव है। किन्तु अग्निसामान्य धूमविशेष का व्यापक ही है—व्याप्य नहीं; कारण कि 'पर्वत अग्नि वाला है, क्योंकि वह धूम वाला है' इस अनुमान में अग्नि-सामान्य की ही अपेक्षा होती है आर्द्रेन्धन वाली अग्नि या महानसीय, पर्वतीय, खत्वरीय और गोष्ठीय आदि विशेष अग्नि की नहीं। इसलिये धूम अग्नि का व्यापक नहीं है, अपितु अग्नि ही धूम की व्यापक है। अतः 'जो जो धूमवाला होता है वह अग्निवाला होता है, जैसे—रसोई का घर' इस प्रकार दृष्टान्त का सम्यक् वचन बोलना चाहिए। किन्तु इससे विपरीत वचन बोलना दृष्टान्ताभास है। इस तरह यह

असम्यक् वचनरूप अन्वय दृष्टान्ताभास (अन्वय उदाहरणाभास) है। व्यतिरेकव्याप्ति में तो व्यापक—अग्न्यादिक का अभाव व्याप्य होता है और व्याप्य—धूमादिक का अभाव व्यापक होता है। अतएव 'जहां जहां अग्नि का अभाव है वहां वहां धूम का अभाव है, जैसे—तालाब' इस प्रकार दृष्टान्त का सम्यक् वचन बोलना चाहिए। इससे विपरीत कथन करना असम्यक् वचनरूप व्यतिरेक उदाहरणाभास है। 'अदृष्टान्तवचनम' (जो दृष्टान्त नहीं है उसका सम्यक् वचन होना) नाम का दूसरा उदाहरणाभास इस प्रकार है—अन्वयव्याप्ति में व्यतिरेक दृष्टान्त कह देना और व्यतिरेकव्याप्ति में अन्वय दृष्टान्त बोलना, उदाहरणाभास है। इन दोनों के उदाहरण स्पष्ट हैं।

शङ्का—'गर्भस्थ मंत्री का पुत्र श्याम होना चाहिये, क्योंकि वह मंत्री का पुत्र है, जो जो मंत्री का पुत्र है वह वह श्याम है, जैसे उसके दूसरे पुत्र' इत्यादि अनुमानप्रयोग में अन्वयदृष्टान्त स्वरूप पांच मंत्रीपुत्रों में 'जहां जहां मंत्री का पुत्रपना है वहां वहां श्यामता है' यह अन्वयव्याप्ति है और व्यतिरेक दृष्टान्तस्वरूप गौरवर्ण अमंत्रीपुत्रों में सब जगह 'जहां जहां श्यामता नहीं है वहां वहां मंत्री का पुत्रपना नहीं है' यह व्यतिरेकव्याप्ति सम्भव है। अतः गर्भस्थ मंत्रीपुत्ररूप पक्ष में जहां कि साधन निश्चितरूप से है, साध्यभूत श्यामता का सन्देह गौण है और इसलिए यह अनुमान भी सम्यक् हो जावेगा—अर्थात् दृष्टान्त का उपयुक्त लक्षण मानने पर मंत्रीतनयत्वहेतुक श्यामत्वसाध्यक प्रस्तुत अनुमान भी समीचीन अनुमान कहा जावेगा, कारण कि उसके अन्वय दृष्टान्त और व्यतिरेक दृष्टान्त दोनों ही सम्यक् दृष्टान्तवचनरूप हैं?

समाधान—नहीं; प्रकृत दृष्टान्त अन्य विचार से बाधित है।

